॥ श्रीरघुनाथोजयति स्वतोमित्वातत्त्वंश्रुतिरपियदीयंभगवतीगुहारूढंप्रो चे सकलपुरुषार्थाद्यइहयःविचारैस्वैसक्तान् विशदमतिदानेनसदयम् सध र्म्मोस्मान्दीनान्बहुलमनुगृह्णातुभगवान् १ अथाधिकारिकर्त्तव्यताकां क्षायां परिषत्प्रकरणं लिख्यते ॥ तत्रादावैहिकामुष्मिक भद्रप्रातिद्वंद्विमहा पातकादिनाशकप्रायश्चित्तोपदेशाय तन्माहात्म्यंवर्ण्यते ॥ अंगिराः ॥ उद्य च्छन्यद्वदादित्यस्तमः सर्वंव्यपोहति तद्वत्कल्याणमातिष्ठन्सर्वंपापंव्यपोहति १ पापंचेत्पुरुषः कृत्वाकल्याणमभिपद्यते ॥ मुच्यतेपातकैःसर्वैर्महाभ्रैरिवचं द्रमाः २ कल्याणं प्रायश्चित्तंतस्यावश्यकर्त्तव्यत्वमाह ॥ यमः ॥ तपसांतेवि शुद्ध्यंतिकर्मणांचपरिक्षयात् तस्मात्कर्त्तव्यमेतैस्तुप्रायश्चित्तंविशुद्धये १ कर्म णांभोगेनपरिक्षयादित्यर्थः

संपूर्ण पापोंको दूरकरताहै १ पापमिति जैकरपुरुष पापको करके प्रायश्चित्तकोंकरे तो संपूर्णपापों से रहितहोताहै और निर्म्मलहोकर शोभताहै जैसेमहामेघोंसे रहितहुवा२ चंद्रमा शुद्ध प्रकाशताहै एह अभिप्रायहै चंद्रमावत् शुद्धहोताहै २ कल्याणनाम प्रायश्चित्तकाहै तस्येति तिसकी अवश्य कर्त्तव्यता कों कहतेहैं यमजीतपेति तपकर्के अंतविषें शुद्धहोतेहैं तप कर्के क्या प्रायश्चित्त कर्के दुष्कृत कर्मोंके नाशहोणेसें अर्थात् प्रायश्चित्त करणेसें उपरंत पुरुष शुद्धिकों प्राप्तहोतेहैं तिसकारणथें प्रायश्चित्त करणयोग्यहै निष्पापहोणेके लिये इसीका अर्थ कहते हैं भोगकर्के कर्मोंका क्षय होणेथेंएह अर्थहै १

इसीको दृष्टांत करके कहतेहैं यथेति जैसे पाषाणविषें स्थितजो जलसो वायुकरकेऔर सूर्यके तेज करके सूखताहै तैसे सभाविषे स्थितजो बुद्धिमान् तिन्होंकी आज्ञासें पुछणवालेपापिका पाप नष्ट होताहै २ इसीका अर्थस्पष्टकरके कहतेहैं नैवेति सो पाप पापकरणे वालेकोंनहींप्राप्तहोता और न सभाकोप्राप्तहोताहै वोहपाप वायुसूर्यके संयोगसे जलकी न्याई नष्ट होताहै ३ ॥ इसीकोंचतुर्विंशतिके मतविषें कहतेहैं जैसे सूर्यके तेजहोयां २ पृथ्वीमें जल सूकताहै तैसे सभाकरके कर्णोके द्वारा श्रवण कियाहुवा पापीका पाप नष्टहोताहै १ इसीको प्रष्णोत्तरकरके कहतेहैं ? प्रश्न ? प्रायश्चित्तके कीतयांहोयां ब्राह्मणकों निष्पापहोणेसें तबमैं संपूर्णकों पूछताहुं सो पाप स्वरूपकरके कहांरहताहै २ ? उत्तर ? नैवेति पापनहींकर्ताकों

यथाश्मनिस्थितंतोयं मारुतार्केणशुष्यति एवंपरिषदादेशान्नाशयेत्तत्रदुष्कृतम् २ नैवगच्छतिकर्त्तारं नैवगच्छतिपरिषदं मारुतार्कादिसंयोगात्पापंनश्यतितोयवदिति ३ चतुर्विंशतिमते॥यथाभूमिगतंतोयंघर्मपातेविनश्यतिएवंहि परिषद्दृष्टंनश्यत्येतस्यदुष्कृतमिति १ एतदेव प्रष्णोत्तराभ्यांविशदीकरोतिप्रेति प्रायश्चित्तेयदाचीर्णेब्राह्मणेदग्धकिल्विषे सर्वंपृच्छामितत्त्वेनतत्पापंक्वनुतिष्ठति २ नैवगच्छतिकर्त्तारंनैवगच्छति परिषदम् मारुतार्कसमायोगात् जलवत्संप्रलीयते ३ यथाश्मनिस्थितंतोयं नाशयेतेऽर्कमारुतौ तद्वत्कर्त्तरितत्पापंनाशयेत्परिषद्विधिः ४ तेषांनेत्राग्निदग्धंतत्पापंतस्यतुधीमतः नश्यतेनात्रसंदेहः सूर्य्यदृष्टंहिमंयथेति ५ प्रायश्चित्तानंतरं पुनःपापरतिर्नस्यादित्याह।मनुः। अज्ञानाद्यादिवाज्ञानात्कृत्वाकर्मविगर्हितम् ॥ तस्माद्विमुक्तिमन्विच्छन् द्वितीयंनसमाचरेदिति

प्राप्त होता और न सभाकोंप्राप्तहोताहै वायु और सूर्यके तेजकरके जलकीन्याई नष्टहोताहै ३ पूर्वेअर्थकोही स्पष्टकरके कहतेहैं यथेति जैसे पाषाण विषे स्थितजोजलहै तिसकों सूर्य और वायु नाशकरतेहैं तिसीप्रकार कर्त्ताविषे स्थितपापको सभाकी कहीहुई विधीदूरकरतीहै ४ तेषामिति तिन सभास्थित बुद्धिमानोंके नेत्रोंकी अग्निकरकेदग्धहुवा २ तिसबुद्धि मानकासोपाप दूरहोताहै इसविषें संशय नहीं तिसविषें दृष्टांतहै सूर्यकरके देखीहुईबर्फजैसेनष्टहोतीहै ५ इत्थेपापिको बुद्धिमान् इसकरके किहाहै किपापके हटाणे वास्ते उसने यत्नकीताहै प्रायश्चित्तकरणेसे पीछे पाप करणे विषेंरुचि न करे ऐसे मनुजी कहतेहैं अज्ञानेति अज्ञानथें वा ज्ञानसेंपापकर्मको करके पीछे तिस पापके दूरकरणेकी इच्छा वालाजो पुरुषहै सो फेरदूसरी वार पापकोनकरे इति

प्रायश्चित्तके करणेकी इच्छावाले जोपुरुषहैं तिन्हकों सभाविषे प्राप्तहोणा इसको अंगिराजी कहतेहैं अतइति इसथें उपरंत उपस्थानके लक्षणकों कहतेहैं न्याय करके क्यानम्रता नमस्कारा दि करके उपस्थितक्या सभाविषे प्राप्त हुवा हुवा व्रतके ग्रहण कर्णेके योग्य होताहै १ स द्यः क्या शीघ्रही पापका संशय दूर करणा चाहिये संशयसे रहित पापके होयां २ अ नुपास्थितक्या सभाविषे पाप कहनेके विना तात्काल न भक्षण करे जेकर भक्षण करे तां पा पकों अधिक कर्ताहै क्या अधिक पापको प्राप्तहोताहै और जेकर सभा उहांन होवे तद विना उपस्थितिके भी भोजनकरे उपस्थिति अर्थात् सभाको श्रवण कराणा २ सभा बिषे असत्यको कहताहुवा पापको बधाताहै एह पाठ विद्वन्मनोहरा विषे कहाहै ॥ संशेति पापके संशय हो यां २ पापनिश्चय करणेसे विना नहीं भक्षण करणे योग्य और जैसे निःसंशय पाप विषे

प्रायश्चित्तकामानांपरिषदुपसर्पणमाहांगिराः ॥ अतऊर्ध्वंप्रवक्ष्यामिउप स्थानस्यलक्षणं उपस्थितोहिन्यायेनव्रतादेशनमर्हति १ सद्योनिःसंशयेपा पेनभुंजीतानुपस्थितः भुंजानोवर्धयेत्पापं पर्षद्यत्रनविद्यते २ असत्यंपर्ष दिब्रुवन्निितिविद्वन्मनोहरास्थः पाठः ॥ संशयेतुनभोक्तव्यं यावत्कार्यविनि श्चयः प्रसादश्चनकर्त्तव्योयथैवासंशयेतथा ३ कृत्वापापंनगूहेत गू ह्यमानंविवर्धते स्वल्पंवाथप्रभूतंवा धर्मविद्भ्योनिवेदयेत् ४ अयमर्थः यत्पा पंप्रकाशकृतं तत्साकल्येनैव सभायां प्रकाशनीयं नतुकिंचिदपि ततोगो पनीयं यत्तुकर्तृव्यतिरिक्तेन केनाप्यदृष्टं रहस्यंपापं रहस्यप्रायश्चित्तार्हं तस्याप्रकाशनेपि न दोषः तेहिपापकृतांवैद्याहंतारश्चैवपाप्मनां व्या धितस्ययथावैद्याबुद्धिमंतोरुजापहाः १ प्रायश्चित्तेसमुत्पन्ने धीमान्सत्य परायणः

दया करणे योग्य नहीं तैसे संशय युक्त विषेभी दया नहीं करणे योग्य ३ पापकों कर के गुप्त न करे क्यों कि छपाया हुवा पाप वृद्ध होताहै थोडा वा बहुत जो पाप कियाहै सो ध र्मवेत्ताओंके ताई कथनकरे ४ इसका अर्थ विस्तार करके कहतेहां जोपाप प्रकट करके कीताहै सो संपूर्ण सभाविषे प्रकट कथन करे किंचितभी तिस पापकोंन छपावे ४ और जो पाप करणवाले से विना किसे नहीं देखया गुप्त होयाहै तिसका प्रायश्चित्त गुप्त करणे योग्यहै तिसके न प्रकट करणे विषे दोष नहीं इति अब सभास्थित विद्वानोंकी प्रशंसा करतेहां त इति जो पुरुष पापोंके नाशकरणे वाले हैं सोही पापकरणे वालोंके वैद्यकहेहैं जैसे रोगके दू र करणे वाले बुद्धिमान रोगियोंके वैद्यहैं १ अब तिस पापीको जैसा उचितहै तैसा क हतेहैं प्रायइति पापके होयां २ बुद्धिमान सदा सत्य कहणे वाला

मृद्विति नम्र और निर्छलहुवा २ शुद्धिकीयाचनाकरेपुरुष २ और मौनकोंधारकरवस्त्रोंके सहितस्नानकरके आर्द्रवस्त्रोंके साथ अर्थात् गिल्लेवस्त्रोंकेसाथ भलेप्रकारास्थितहोवे क्षत्री अथवा वैश्यतिसथें अनंतरसभाकोप्राप्तहोवें ३ सर्वेति सवही ब्राह्मण धर्मके निश्चय करणवाले और रक्षाकरणे वाले द्विजश्रेष्टमेरेदेहकी शुद्धीकोकरें ४ मयेतिमैने जानकर्के वा नजानकर्के महापाप कियाहै सोमेरे पर कृपाकरो और शुभजो शुद्धिकीआज्ञाहै सोदेवो ५ पूजने योग्यजो तुमहोआपके अनुग्रहसे मैं पवित्रकियाहुवाहोयां इसप्रकारसभाकोप्राप्तहोकर असाकहकर पीछे शीघ्रही पापके भय कर्के पीडितहुवा २ पृथ्वीपरसंपूर्ण अंगोंको लगाकर ६ और सिरकर्केनमस्कारकरेवाणीकरकेउच्चारण

मृदुतार्जवसंपन्नः शुद्धिंयाचेतमानवः २ सचैलंवाग्यतःस्नात्वाक्लिन्नवासाः समाहितः क्षत्रियोवाथवैश्योवाततःपर्षदमाव्रजेत् ३ सर्वेधर्मविवेक्तारो गोप्तारस्सकलाद्विजाः ममदेहस्यसंशुद्धिंकुर्वंतुद्विजसत्तमाः ४ मयाकृतंमहाघोरं ज्ञातमज्ञातकिल्विषं प्रसादःक्रियतांमह्यं शुभानुज्ञांप्रयच्छथ ५ पूज्यैः कृतःपवित्रोहंभवेयंद्विजसत्तमैः उपस्थायततःशीघ्रमार्त्तिमान्धरणींव्रजेत् ६ गात्रैश्चशिरसाचैव नचकिंचिदुदाहरेदिति क्षत्रियवैश्यग्रहणं प्रायश्चित्ताधिकारिमात्रोपलक्षणम् वक्ष्यमाणलक्षणरहितानांपरिषद्योग्यत्वाभावबोधनाय ते ब्राह्मणाःकैश्चिद्विशेषणैर्विशेष्यंतेपराशरेण ॥ वेदवेदांगविदुषांधर्मशास्त्रंविजानताम् ॥स्वकर्मरतविप्राणांस्वकंपापंनिवेदयेदिति ॥

कुछ न करे इति ॥ इसमें क्षत्रिय वैश्यकाग्रहण इसकर्केहै कि ब्राह्मणलोक पठन पाठनके व्यवहारकरके प्रायश्चित्ती थोडेहैं और शूद्रोंको प्रायश्चित्तही थोडाहै वहुधा क्षत्रिय वैश्य विषें प्रायश्चित्तका प्रयोगहै अथवा इसविषें क्षत्रिय वैश्यका ग्रहण कियाहै सो प्रायश्चित्तके अधिकारिमात्रके कथनकेलियेहै ॥ वक्ष्यमाणेति आगेजोकथनकरनेहैं लक्षण तिन्होंसें रहितजोहैं तिन्होंकोसभाविषें अयोग्यता जनानेंवास्ते कुछक विशेषणों करके ब्राह्मणोंको कहतेहैं पराशरजी वेदेति वेदांगके जाननेंवाले और धर्म्मशास्त्रके और अपने कर्मोंविषें युक्तजो ब्राह्मणहैं तिन्होंके आगे अपने पापको कथन करे इति

यद्यपीति यद्यपि मन्वादिकों करके कहे जो धर्मशास्त्र तिन्होंके जानने मात्रकर्के ब्राह्मण प्राय-श्चित्तके करवाणेको समर्थहैं तथापि श्वानकर्के उच्छिष्ट हविः जैसे त्यागीदीहैं इस न्यायसे तै-से नहि अध्ययन किया वेद जिनोंने और अपने धर्म कर्मके करणेसें जो रहितहैं तिन्होंने क-हा जो प्रायश्चित्त सो पापके दूर करणेविषें नहीं समर्थहोता तिसकारणसें धर्म कर्मके करणे विषें जो-युक्तहैं और वेदके पारको जो प्राप्त हुवेहैं तिनके समीप प्राप्तहोकर करणे योग्य जो प्रायश्चित्त ति-सका निमित्त जो पाप तिसकों संपूर्णता कर्के निवेदन करे सो एह सभाविषें प्राप्तहोणेकी वि-धीहै ऐसे माधव और नंद पंडितोंने कहाहै॥ परिषदिति सभाके योग्यजोहैं तिन्होंके परिशेष क-रणे वास्ते अर्थात् योसभाकेयोग्यहै तिनेस्वीकारके अर्थ सभाके अयोग्यजोब्राह्मणहैं तिनको पराशरजी कहतेहैं सेति श्रीसूर्य नारायणका मंत्रजो गायत्रीहै और संध्याका.

यद्यपि मन्वादिधर्मशास्त्रज्ञानमात्रेण ब्राह्मणाःप्रायश्चित्तंविधातुं समर्था स्तथापि शुनालीढंहविर्यथेतिन्यायेनाऽनधीतवेदैः स्वधर्मानुष्ठानरहितै र्निर्दिष्टं प्रायश्चित्तं न पापापनोदनक्षमं तस्माद्धर्मनिष्ठान्वेदपारंगतानुपेत्य तेषामग्रेचिकीर्षितप्रायश्चित्तनिमित्तं पापमशेषेण निवेदयेत् सेयंपरिषदु पसत्तिरिति माधवनंदपंडितौ परिषद्योग्यानांपरिशेषयितुंपरिषदयो ग्यानाह पराशरः साविन्याश्चापिगायत्र्याःसंध्योपास्त्यग्निकार्ययोः अ ज्ञानात्कृषिकर्तारो ब्राह्मणानामधारका इति १ सवितुःसूर्यस्येयंसावित्री वरेण्यमित्यत्र णकारयकारविश्लेषेण चतुर्विंशत्यक्षरत्वाद्गायत्री चतुर्विं शत्यक्षरागायत्रीतिश्रुतेरितिमाधवः नंदपंडितास्तु पुनरुपनयने उप देश्या तत्सवितुर्वृणीमहे इतिसावित्रीविवक्षिता ॥

उपासन और अग्निहोत्र कर्म इनकें न जाननेसें और खेतीके करणेवाले जो ब्राह्मणहैं सो केवल नाम कर्केहैं कोई यथार्थब्राह्मणनहि १ इसीका अर्थ स्पष्टकरके कहतेहैं सवितुरिति सविता-जो सूर्यहै तिसकी जो होवे सो सावित्री कहीहै सूर्यसावित्री विषे वरेण्य जो पदहै तिस विषे ण-कार और यकारकों भिन्नगिणने कर्के चौबी २४ अक्षर होणेसें तिसका नाम गायत्री कहाहै श्रुति विषेभी कहाहै चौबीहैं अक्षर जिस विषे सो गायत्री कथन कीहै ऐसे माधवजी कहतेहैं और जो नंदपंडितहैं सो दूसरी वार उपनयन विषे सावित्री उपदेश करणे योग्यहै तिस सावित्रीका स्वरूप (तत्सवितुर्वृणीमहे) इति इह सावित्री कथनकीहै ॥

तदिति श्रौर तत्सवितुर्वरेण्यं एह गायत्री कहीहै भेद कर्के उपन्यास होणेथें ऐसें कहतेहैं प्रथम उपनयन विषेभी क्षत्रियादिकों त्रिष्टुभादिसावित्रीकों पक्षभेदकर्के विधान होणेसें तिनके ग्रहणके वास्ते सावित्रीका भिन्न ग्रहणहै एहभी जाणलेणा परंतु एभी ध्यान रक्खोकि (तत्सवितुर्वृणीमहे) (तत्सवितुर्वरेण्यं) एहदोनो प्रतीकहै कोईसारामंत्रनहि अगलेके साथ सारा जन्नणा ॥ ❀ ॥ गायत्रीति जो ब्राह्मण गायत्री आदिककों नहि जाणते सो केवल नाम कर्के ब्राह्मण हैं क्या सो अमुख्यहैं अतइति इसकारणसे तिनको जो विकावारो कृषिकर्महे यज्ञ किसेकों कराणा इत्यादिकर्म्ममे न समर्थ होणेसें यथेति जैसें काष्टका हस्ती चर्मका मृग विद्यासें रहित ब्राह्मण एहत्रयही केवल नाममात्र कर्केहें १ यथेति जैसें स्त्रियों

तत्सवितुर्वरेण्यमितिचगायत्रीविवक्षिता भेदेनोपन्यासादित्याहुः प्रथमोपनयनेपिक्षत्रियादेस्त्रिष्टुभादिसावित्र्याः पक्षभेदेनविधानात्तत्संग्रहाय सावित्र्याः पृथगुपादानमित्यपिबोध्यम् गायत्र्यादीनामज्ञानात्तेब्राह्मणानामधारका अमुख्याइत्यर्थः अतस्तेषां याजनादेरसंभवाज्जीवनार्थंकृषिकर्तृत्वमिति यथाकाष्ठमयोहस्तीयथाचर्ममयोमृगः ब्राह्मणस्त्वनधीयानस्त्रयस्तेनामधारकाः १ यथाषंडोऽफलःस्त्रीषुयथागौरूषराऽफला ॥ यथाचाज्ञेऽफलंदानं तथाविप्रोऽनृचोऽफलः २ ग्रामस्थानंयथाशून्यंयथाकूपस्तुनिर्जलः यथाहुतमनग्नौचअमंत्रोब्राह्मणस्तथा ३ व्यासः ॥ ब्रह्मबीजसमुत्पन्नोब्रह्मसंस्कारवर्जितःजातिमात्रोपजीवियः सभवेन्नामधारकः १ ब्राह्मणब्रुवसंज्ञा चतुर्विंशतिमते ॥ गर्भाधानादिसंस्कारैर्वेदोपनयनैर्युतः नाध्यापयतिनाधीते सभवेद्ब्राह्मणब्रुवइति इमे न पारिषद्योग्या इत्याह पराशरः

विषे नपुंसक और कल्लरवालीपृथ्वी और अज्ञकों क्या मूर्खकों दानदेणा एह जैसे निष्फलहैं तैसे वेदसेंरहित ब्राह्मणभी निष्फलहै २ ग्रामेति जैसे ग्रामस्थान धर्मसें शून्यहै और जलसें रहित खूवा अग्निसे विना हवन निष्फलहै तैसे मंत्रसें रहित ब्राह्मण अफल कहाहै ३ इसमे व्यासजीका वचनहै ब्रह्मेति जो ब्रह्म बीजसें उत्पन्नहुवाहै और ब्रह्म संस्कारसें रहितहै सो केवल जातिमात्रकर्के उपजीविका कर्ताहै सो नामधारक कहाहै १ ब्राह्मणब्रुवसंज्ञा चतुर्विंशतिके मतविषें कहीहै गर्भेति गर्भाधानादि संस्कारोंकरके वेद और उपनयनकर्के जोयुक्तहै और न किसीकों विद्यापढाताहै औरन आप पढताहै सो ब्राह्मणब्रुव कहीदाहै एह सभाके योग्य नहिहैं ऐसे पराशरजी कहतेहैं

अव्रतेति प्राजापत्यादि व्रतोंसे हीन और वेदसेंभी रहित केवल ब्राह्मणजातिकर्के उपजीविका करणे वाले जो हजारोंभी एकत्र होण तथापि तिनकोधर्मसभा विषे अधिकारनहींकहा १ अध्ययनादिसें रहित पुरुषोंकीन्याईं नास्तिकोंकोभी सभाधिकारनहीं॥ तैसे चतुर्विंशतिमतविषेकहाहै वेदेतिवेदपठनसें रहित और जोधर्मशास्त्रसेंभीरहितहैं तिनोंकोसभाकाअधिकार नहींकहा और नास्तिकोंको विशेषकर्केनहीं १ अनाहितेतिअग्निहोत्रसें रहित और अज्ञानीकेवल वेदपाठकेजानने वाले और पीछेंनिंदा करणेवाले और क्रूरकर्मोंकेकरणेवाले जोहैं तिनको परिषत् काअधिकार नहींकहा २ अत्र और सभाकेअनधिकारियोंकोंकहतेहै शास्त्रेति शास्त्रकेंजाननेवालेभीहैं परंतु दुष्टकर्मोंकेकरणे वाले और प्रतिकूल क्या उलटेस्वभाववाले और असूयकक्या निंदक और हेतुक

अव्रतानाममंत्राणांजातिमात्रोपजीविनां सहस्रशःसमेतानां परिषत्त्वंनविद्यते इति १ अव्रताःप्राजापत्यादिव्रतहीना अमंत्रा वेदरहिताःअध्ययनादिहीनवन्नास्तिकादीनामपि परिषत्त्वंनास्ति॥ तथाचतुर्विंशतिमते॥ वेदपारमतीताये धर्मशास्त्रविवर्जिताःपरिषत्त्वनतेषांस्यान्नास्तिकानांविशेषतः १ अनाहिताग्नयोऽज्ञानाःकेवलांवेदपारगाः॥ पिशुनाःक्रूरकर्माणःपरिषत्त्वंनविद्यते २ शास्त्रज्ञादुष्टकर्माणःप्रतिकूलास्त्वसूयकाः॥ हैतुकाभिन्नमर्यादास्तेचपरिषद्विवर्जिता इति ३ हैतुकाहेतुवादेनसद्धर्मनिंदकाः॥ पाराशरोपि॥ शत्रवोदुष्टकर्म्माणः प्रतिकूलाःसदैवतु हिंसकाभिन्नमर्य्यादास्तेवैपर्षद्विवर्जिता इति १ एवंपूर्वोक्तानांप्रायश्चित्तकथने दोषमाह। पराशरः। यद्वदंतितमोमूढामूर्खाधर्ममतद्विदः तत्पापंशतधाभूत्वातद्वक्तृन्नाधिगच्छति १ अज्ञात्वाधर्म्मशास्त्राणि प्रायश्चित्तंददातियः प्रायश्चित्तीभवेत्पूतः किल्विषंपरिषद्व्रजे दिति २

क्याहेतुओंकरके शास्त्रकी निंदा करणे वाले और धर्ममर्यादाके दूरकरण वाले जोहैं सो सभासे वर्जितकहेहैं इति ३ इसीअर्थकोपाराशरजीस्पष्टकरकेकहतेहैं शत्रवइतिहिंसाकरणेवाले ऐसेयोंने जो प्रायश्चित्त कथन करणाहै तिसविषें दोषकों पराशरजीकहतेहैं यादिति जो कहतेहैं अज्ञानी मूर्ख धर्मको और आपकैसेंहै अतद्विदः क्या धर्म्मको नहीं जाणते किंतु अधर्मजानने वाले हैं सो पाप शतप्रकारका होकर ऐसे कथनकरणेवाले अज्ञानियोंको प्राप्त होताहै १ अज्ञात्वेति धर्मशास्त्रोंको नजान कर्के जो प्रायश्चित्तको देताहै तिससेभी प्रायश्चित्ती शुद्धहोताहै और सभा पापको प्राप्तहोतीहै इति २

अनेति इन वचनोंके अर्थको माधवजी कहतेहैं सतीति हैभी धर्मशास्त्रके पाठका और तिसके अर्थकाज्ञान तथापितिसकोन्यायकर्के निर्णय विषे चातुर्य्यताके अभावकर्के प्रसंगविषे प्राप्तहुवाजो सूक्ष्म प्रायश्चित्तविशेष तिसका नजानणा एह एकवचनहै और धर्मशास्त्रके परिज्ञानके होवां २ धर्मशास्त्रका भलीप्रकार न विचारणा एह दूसरा वचनहै तत्रेति तिनदोनोंमेंसे एकभी जिसजगा जो प्रायश्चित्त उपदेशकरीदाहै तदसो पाप सौप्रकारका होकर प्रायश्चित्तकेकेहणे वालोंको प्राप्तहोताहै ॥ अब इसमें और विचारकरतेहैं तत्रेति तहां पूर्व कहाजो आपका अज्ञान तिसके होयां २ पापीभी विधि पूर्वक प्रायश्चित्तके नकरणेसें नहींशुद्धहोता इसपक्षमें दोनोंको दोषहै दूसरे अज्ञान विषे पापीने यथाविधि प्रायश्चित्तके विधान करणेसें शुद्धहोवीदाहै और कहनेवाला दो

अनयोश्चवचनयोरेवमर्थमाह माधवः सत्यपि धर्मशास्त्रपाठेन्यायनिर्णये कौशलाभावेन प्रकृतस्य सूक्ष्मस्य प्रायश्चित्तविशेषस्याज्ञानमेकं सत्यपि परिज्ञानेधर्मशास्त्रापरिशीलनमपरं तत्रान्यतरवतापि यत्रप्रायश्चित्तमुपदिश्यते तत्र तत्पापंशतधाभूत्वावक्तृनेवप्राप्नोति तत्राद्यज्ञानेकिल्विषिणोऽपि यथाविधिप्रायश्चित्तानुष्ठानात्सनपूयते परत्राज्ञानेच किल्विषिणायथाविधिप्रायश्चित्तविधानात्पूयते वक्तातुदुष्यति पाठपूर्वकज्ञानेसतितदुपदेशस्यैव पापनाशकत्वेनस्मरणात् ऋषिवक्त्रोद्गतान्धर्मान् गायंतोवेदवित्तमाइति वचःपूर्वमुदाहार्य्यंयथोक्तंधर्मवक्तृभिः पश्चात्कार्यानुसारेण शक्ताः कुर्युरनुग्रहमितिच १ विद्वन्मनोहरायांतुपूर्वोक्ताद्विविधाज्ञानवताप्युपदिष्टेनप्रायश्चित्तेन किल्विषी न पूयतेयद्विनाधर्मशास्त्रेणप्रायश्चित्तंविधीयते नैवशुद्धिमवाप्नोतिप्रायश्चित्तकृतेऽपिसइति २ वृद्धशातातपस्मरणात्

षको प्राप्तहोताहै इतना भेदहै अबइसमें हेतु कहतेहां पाठेति पाठपूर्वक ज्ञानके होयां २ तिस प्रायश्चित्तके उपदेशकों हि पापनाशकता कर्के स्मरणहोणेसें तिनवचनोंको कहतेहैं ऋषीति ऋषियोंके मुखसे उच्चारणहुवे जो धर्म तिनको गायन कर्तेहुवे वेदवेत्ता एक एह वचनहै और ऐसे वचनपूर्वक कथनकरे जैसे धर्मवेत्ताओंने कहाहै और पीछे कर्मानुसार कर्के समर्थहैं प्रायश्चित्त करवाणेको एह और वचनहै १ ॥ विद्वन्मनोहरा ग्रंथविषे इनवचनोंको ऐसेलगायाहै पूर्व कहा जो दोप्रकारका अज्ञान तिसवालेकर्के उपदिष्ट हुवा जो प्रायश्चित्त तिसकर्के पापीनहीं शुद्धिको प्राप्तहोता इसमें हेतुदिखातेहैं यदिति जोधर्मशास्त्रसे विना प्रायश्चित्त विधान करीदा है सो पुरुष प्रायश्चित्तके कीतेहोयांभी शुद्धिकोंनहीं प्राप्तहोता २ इसवृद्धशातातपजीके स्मरणसें

अन्विति अनुवादककोंक्या प्रायश्चित्तकेसुनाणे वालेकोंपाठपूर्वकज्ञानआवश्यकहै एह प्रयोजन अज्ञात्वाधर्मशास्त्राणि)इत्यादिश्लोककर्केकहाहै क्याधर्मशास्त्रकों न जानकर जो प्रायश्चित्तकहता है सो पाप कहनेवालेकोप्राप्तहोताहै और पापीशुद्धहोताहै धर्मशास्त्र पाठ और न्यायकर्के निर्णय एहदोनों सभाविषे स्थित होनेवालेंकों उचितहैं एह प्रयोजन पहिले कहेहुवे श्लोककर्के अर्थात् यद्वदंतीत्यादिश्लोककर्केग्रहणकीताहै एहनिर्णयहै ॥अब विचारांतरकहतेहैं धर्म्मेतिधर्म्मशास्त्रके ज्ञान होयां २ और न्यायनिर्णयक्या चतुराईके भी होयां २ ननिश्चयहोणाइत्यादिक चित्तविषे प्राप्तहुई जो दोषकी आशंका तिसके दूर करणेवास्ते अपने तुल्यजो चार बुद्धिमान्हैं तिनके साथ संवाद

अनुवादकस्यापि पाठपूर्वकज्ञानवत्त्वमावश्यकमितित्वज्ञात्वाधर्मशास्त्राणी तिवचनेनाभिधीयते पाठन्यायनिर्णयोभयवत्त्वंचपर्षदः पूर्वश्लोकेनैवसंगृह्यतेइत्युक्तं धर्मशास्त्रपरिज्ञानस्य न्यायनिर्णयकौशलस्य सद्भावेप्यनवधानादिचित्तदोषाशंकाव्युदासायस्वसमानैश्चतुरैःसहसंवादोऽपेक्षित इत्याहपाराशरः॥ चत्वारोवात्रयोवापियंब्रूयुर्वेदपारगाःसधर्मइतिविज्ञेयोनेतरैस्तुसहस्रशइति १ सत्यपि त्रिचतुराणांपरस्परसंवादेविप्रकीर्णेष्वनेकेषु धर्मशास्त्रेषुक्वापिकस्यचिद्विशेषस्य संभवात्प्रायश्चित्तनिर्देशवेलायांपुनः शास्त्राणिपर्य्यालोच्यैव निर्देष्टव्यमित्याह पाराशरः प्रमाणमार्गंमार्गंतो यंधर्मंप्रवदंतिवै तेषामुद्विजतेपापंसद्भूतगुणवादिनामिति २

करणे योग्यहै ऐसेहीपाराशरजी कहतेहैं चत्वार इति चार वा तीन वेदकेजानने वाले मिलके जिसधर्म्मको कहैं सोही धर्म्म जानने योग्यहै इससें इतर हजार भी मिलकर्के कहैं सो नहीं धर्म्म जानणा १ सतीति सभाविषेहोणेवालेजो तीन वा चारहैं तिनकेआपसविषें संवादके होयां२ भी विवादवाले जो अनेकधर्म्मशास्त्र तिनोंमें से किसे स्थानविषे किसीप्रायश्चित्तविशेषकर्कें तिस पापके दूर करणे वास्ते विद्यमान होणेसें प्रायश्चित्तके कथनसमयविषें फेर शास्त्रोंको विचारकर्केंदिखाने योग्यहै इसीको पाराशरजी कहतेहैं प्रमेति पापको निवृत्तकरणेवाला जो प्रायश्चित्त ऐसेप्रमाण मार्गको ढूंडतेहुवे जो धर्मकोकहतेहैं तिन श्रेष्ठगुणवादियोंका पाप दूर होताहै इति२

विद्वन्मनोहराबिषें तुपुनः प्रायश्चित्तके विधान करणे वाले जो शास्त्र तिनकर्के सभाविषें निर्णीत हुवा जो अर्थ तिसविषें विवाद कैसे करणे योग्यहै इहप्रमाणमार्गमित्यादिआकांक्षा वाक्य कर्के दूरहुई एह कहागया ॥ अब कथन करणेवालोंकों उत्साहदेतेहैं उक्तेति कहाहै लक्षण जिनका ऐसे जो सभा विषें रहणेवाले तिनकर्के कथन किया जो प्रायश्चित्ततिस कर्के पाप दूर होताहै फे रसभाको नही प्राप्तहोता ऐसें पराशरजी कहतेहैं यथेति जैसेपृथ्वी विषें जल सूर्यकी किरणोंसें शुद्धहोताहै अर्थात् नष्ट होताहै इसजगा शुद्धि अभावका नामहै तिसप्रकार पुरुषका पाप सभाके देखनेसें नष्ट होताहै १ नेतिसोपाप न कर्त्ताको और न सभाको प्राप्त होताहै वायु और सूर्यकीकिरणोंके संयोगकर्के जलकी न्याई नष्टहोताहै २ अब प्रायश्चित्त कहणे वालोंको भी प्रायश्चित्त कहतेहैं आत्मेति तिसथें उपरंत आत्मकृच्छ्रकों करे

विद्वन्मनोहरायांतु विधायकैरपिपर्षन्निर्णीतेऽर्थैसंवादःकथंकार्य इत्याकांक्षा ऽनेनशाम्यत इत्युक्तं उक्तलक्षणैःसभ्यैरुपदिष्टेनप्रायश्चित्तेनपापंनश्यत्ये वनपुनःसभ्यादीन् प्रति संक्रामतीत्याहपराशरः॥ यथाभूमिगतंतोयमर्कपा तेनशुध्यति एवंहिपरिषद्दृष्टं नश्यत्येतस्यदुष्कृतम् १ नैवगच्छतिकर्त्तारं नै वगच्छतिपर्षदं मारुतार्कादिसंयोगात्पापंनश्यतितोयवदिति २ आत्मकृच्छ्रं ततःकुर्यात् जपेद्वावेदमातरमिति पर्षत्प्रायश्चित्तविधानंतु प्रायश्चित्तोपदे शनिमित्तकपापांतरनाशायेति नतेनाऽस्यविरोधः॥ कार्य्यतारतम्येन पर्ष दोमुख्यानुकल्पभेदानाहपराशरः।चत्वारोवात्रयोवापिवेदवंतोऽग्निहोत्रिणः ब्राह्मणानांसमर्थायेपरिषत्साविधीयते १ अनाहिताग्नयोयेऽन्ये वेदवेदांग पारगाः पंचत्रयोवाधर्मज्ञाःपरिषत्साप्रकीर्त्तिता २ मुनीनामात्मविद्यानां द्विजानांयज्ञयाजिनाम् ॥ वेदव्रतेषुस्नातानामेकोपिपरिषद्भवेत् ३

अथवा गायत्रीकों जपे इति पर्षत्कों जो प्रायश्चित्तका विधानहै सो प्रायश्चित्तके उपदेशके निमित्तकर्के हुवा जो पापांतर तिसके नाशवास्तेकहाहै तिसकर्के प्रायश्चित्त विधानका (नैवगच्छतिपर्षदं) इसके साथ कोई विरोधनहींहै ॥ ❀ ॥ अबकार्य्यकी न्यूनता औ॰ अधिकता होणे कर्के पर्षत्के मुख्य और अनुकल्प भेदोंको पराशरजी कहतेहैं चत्वारइति चार वा तीन वेदके जानने वाले अग्निहोत्री होण तिनोंकर्के परिषत् कहीहै परंतु इसमे ऐसा विचार है कि जो तीन कहेहैं सो कर्म कांड कर्के युक्त होवें तद पर्षत् केयोग्यहोतेहैं १ अनेति और जो निरग्निक वेदवेदांगके जाननेवाले पंच वा त्रय धर्मज्ञहैं तिनोंकर्के भी सभाकथन कीहै २ मुनीति मुनीजो आत्मविद्याविषें और यज्ञके करणे वाले ब्राह्मण वेदव्रत विषें संपन्न तिनमेंसे एकभी परिषत् होताहै क्या सभाके योग्यहोताहै ३

पंचेति पूर्वमैंने पंच कथनकियेहैं और पांचोंकेअभावविषें तीनकहेहैं जो श्रेष्टजीविका करकेंयुक्तहैं ऐसे तीनककेंभी सभाकहीहै ४ (स्ववृत्तिपरितुष्टाये) एह विद्वन्मनोहराविषें पाठकहाहै इसका अर्थ एह है ॥ किजो अपणी बृत्ति जिसको विहितहै तिसककेंपरितुष्टहैं ॥ और पूर्वोक्तकाहि अर्थ कहतेहैं ग्रामेति जो ग्रामादिकों विषे वेदविद्यादिक गुणोंककें युक्त हैं ब्राह्मण तिनोंविषेंभी अत्यंत जो समर्थहैं ऐसे चारभी होवेंतो तिनों ककें भी सभाकहीहै चारके अभाव विषे तीनकी परिषत् कहीहै एह पक्ष दो २ साग्निककें विषे कहेहैं साग्निकोंके अभाव विषें निरग्निक ब्राह्मणोंकी सभाग्रहण करणी निरग्निकोंविषें पंच ग्रहण करणेएह मुख्यपक्षहै और तीनभी जानने इनदोनोंपक्षोंके अभावविषें मुनियोंके विषे एककोभी

पंचपूर्वमयाप्रोक्तास्तेषांचाऽसंभवेत्रयः सुवृत्तिपरिपुष्टायेपरिषत्साप्रकीर्तिता ४ अत्रस्ववृत्तिपरितुष्टाये इति विद्वन्मनोहराधृतःपाठः ग्रामादौवेदविद्यादिगुणसंपन्नायेब्राह्मणास्तत्रापि येऽत्यंतंसमर्थास्ते चत्वारो मुख्या परिषत् तदभावे त्रयोवा परिषत् पक्षद्वयमेतदाहिताग्निष्वभिहितं तदसंभवेऽनाहिताग्नयोवा ग्राह्याः तत्रापि पंचेतिमुख्यः कल्पः त्रयइत्यनुकल्पः एतत्पक्षद्वयासंभवे एकस्यापिपरिषत्त्वंमुनीनामित्यादिनोक्तम् आत्मनि ब्रह्मणि विद्यानुभवोयेषां तेआत्मविद्याः यज्ञैरिष्टवंतोयज्ञयाजिनः वेदानामृगादीनां चतुर्णामध्ययनादावनुष्ठितानि वेदव्रतानि तद्व्रतसहितेषु वेदेषु समाप्तेषु यथाविधिस्नाताः यद्वा शिरोव्रतेषु स्नातानामितिपाठः॥ आथर्वणिकानांहिवेदव्रतेषु शिरोव्रतमेव मुख्यंव्रतं तथाचाथर्वणिका आमनंति ॥ क्रियावन्तः श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठाः

सभाका अधिकार इसककेंकहागया ॥ आत्माविषेक्या ब्रह्मविषे अनुभवहै जिनोंकोसो आत्मविद्य कहेहैं औरयज्ञोककें जो पूजितेहुवे सो यज्ञयाजीहैं औरऋग्वेदसें आदलेके जो चार वेदहैं तिनके अध्ययन करणेविषे अनुष्ठान करणे योग्य जो व्रत तिनव्रतोंके साथ वेदोंके समाप्त होयां विधिपूर्वक कियाहै स्नान जिनोंने यद्वा(शिरोव्रतेषुस्नातानां)एहपाठ जानना शिरोव्रतेष्विति शिरोव्रतविषे कियाहै स्नानजिनोंने और अथर्ववेदके जानने वाले जो ऋषीहैं तिनको वेदव्रतों विषे शिरोव्रत ही मुख्यव्रतहै तैसेंही अथर्ववेदके जानने वाले शिरोव्रतकों मानतेहैं औरकर्मोंके करणे वाले और श्रोत्रियक्या वेदविद्याके जाननें वाले और ब्रह्मविषेहैंश्रुतिस्मृतिके अनुसार स्थितिजिनोंकी

स्वेति आपही ऐसेजो एकऋषिनामअग्निकों श्रद्धयन्तः क्या श्रद्धाकर्तेहुवे हवनकर्तेहैं तिनकेताईं इस ब्रह्मविद्याको कहे जिनोने विधिपूर्वक शिरोव्रत कियाहै औरोंको नहीं कहणा इति पूर्व जैसे कहेहैं संपूर्णगुण तिनकरके युक्त जो ब्राह्मणहैं तिनब्राह्मणोमेंसे एकभीहोवे तो सभाके योग्यहै ऐसे चपुनः पंचपक्षकहेहैं दो दो पक्ष साग्नि और निरग्नियां विषे जानणे और एकपक्ष अध्यात्म विद्याविषे जो युक्तहै तिसविषेजानणाइसप्रकार पंचपक्ष जानणे एनां संपूर्णांके अभाव विषे जो कोई अपनीजीविकाकरकेंसंतोषीहैं और विपत् कालविषे भीनिषिद्धजीविकाकेनाग्रहणाकरणे करके

स्वयंजुहृवंत एकऋषिं श्रद्धयंतस्तेषामेवैतांब्रह्मविद्यांवदेत शिरोव्रतं विधिवद्यैस्तुचीर्णमिति यथोक्तगुणसंपन्नब्राह्मणेष्वेकोपि परिषद्भवति एवं चपंचपक्षाःप्रोक्ताः साग्न्यनग्निकानां द्वौ द्वौ अध्यात्मविदस्त्वेकइति एषां सर्वेषामभावे ये वा के वा स्ववृत्तिपरितुष्टा आपत्कालेप्यापद्वृत्त्यनाश्रय णेनयथाकथंचिद्विहितप्रतिग्रहादिभिरेवकृतनिर्वाहास्तेत्रयोऽपिपर्षत्संज्ञांल भंते। बृहस्पतिरपि। लोकवेदांगतत्त्वज्ञाःसप्तपंचत्रयोपिवा यत्रोपविष्टावि प्रास्स्युःसायज्ञसदृशीसभेति अंगिरसाप्यत्रप्रदर्शिताविकल्पाः॥ चत्वारो वात्रयोवापिवेदवंतोऽग्निहोत्रिणः॥ हेतौसम्यक्श्रिताविप्राःकार्य्याकार्य्य विनिश्चिताः १ प्रायश्चित्तप्रणेतारःसप्ततेचप्रकीर्त्तिताः एकविंशतिभि श्चान्यैःपरिषत्त्वंसमागतैः २

जैसे कैसे श्रेष्ठप्रतिग्रहकरकेंकीता है निर्वाहजिनोंनें अयसे त्रयभी सभाकीयोग्यताकों प्राप्तहोंतेहैं बृहस्पतिजीका भीवचनहै लोकेति लोकमर्यादा और वेद और वेदांगकों जो यथार्थजानतेहैं सप्त वापंचवा त्रय जिस सभा विषेहोंण सो सभा यज्ञकेतुल्य जानणी॥ अंगिराऋषिनेंभी इस विषे वि कल्पदिखायाहै चेति चार वात्रयकहेहैं जो वेदविद्या और अग्निहोत्र विषे युक्त सो पापकेदूरकरणे वाले कारण विष भली प्रकार युक्तहें और कार्य अकार्यके निर्णयकरणे वाले १ अयसे प्रायश्चित्त केकहनेवाले सप्तकहेहैं इनां लक्षणोंसें अन्य जो ब्राह्मणहैं तिनां इकीयां २१ करके सभाकहीहै

सेतिकेवल सावित्रीके जानणे वाले और कीताहैवेदव्रतजिनोंनें अयसें इकीयां २१ ब्राह्मणोंककें सभाहोतीहै एहपिचले श्लोककेसाथ जान्नणा और यति और अग्यूविद्यक्यामीमांसाके पढेहोए और वेदकेपढानेवाले और आत्माकें पूजनेंवालें ३ और शिरोव्रतोंककेंकीता हैस्नान जिनांन तिनांके मध्यविषे एककर्कें भी सभा होतीहै एहसभा लघुकार्य्यविषे जानणी और मध्यमकार्यांविषे मध्यमजानणी और महापातकांके चिंतनकरणेविषे बहुतयांके मिलनेकर्कें सभाहोतीह सो भी बहुतवार करणी चाहिए ४ अवमनुजीका वाक्यहै त्रैविद्यइति वेदत्रयके संबंधि जो शाखात्रय तिनांके जानणे वाले तीन ३ और हैतुक क्या मीमांसाके जानणेवाले ४ और नैयायिक ५ और यास्कादि कर्केंरचयाजोशास्त्र तिसके पाठक

सावित्रीमात्रसारैस्तुचीर्णवेदव्रतैर्द्विजैः यतीनामग्र्यविद्यानांध्यायिनामात्म याजिनाम् ३ शिरोव्रतैश्चस्नातानामेकोपिपरिषद्भवेत् एषालाघवकार्येषु मध्यमेषुतुमध्यमा महापातकचिंतासु शतशोभूयएवचेतिशतशः पूर्वोक्ताब्राह्मणाःपर्षत् तत्रापि भूयःपर्षदनंतरंपर्षदित्यर्थः ४ मनुः त्रैविद्योहैतुकस्तर्की नैरुक्तोधर्मपाठकः। त्रयश्चाश्रमिणःपूर्वे पर्षदेपादशावरा १ त्रैविद्यइतिवेद त्रयसंबंधिशाखात्रयाध्येतारः३ हैतुकोमीमांसकः४तर्की ५ नैरुक्तोयास्कादि प्रणीतशास्त्रपाठी ६ धर्मपाठकोमानवादिधर्मशास्त्रवेदी ७त्रयश्चाश्रमिणो ब्रह्मचारिगृहस्थवानप्रस्थाः१०अंगिरः पराशरौ चातुर्विद्योविकल्पीच अंग विद्धर्मपाठकः॥ त्रयश्चाश्रमिणोवृद्धाःपर्षदेपादशावरा १ अंगिराः॥ एकविं शतिसंख्यातैर्मीमांसान्यायपारगैः वेदांतकुशलैरेवपर्षत्त्वंतुप्रकल्पयेत् १ यमः॥ एकोद्वौवात्रयोवापियद्ब्रूयुर्धर्मपाठकाः सधर्मइतिविज्ञेयोनेतरेषांसह स्रशइति १ इतरेषांधर्म्मपाठहीनानांसहस्रशःसमेतानामपिकथनान्नध र्म्मसिद्धिरित्यर्थः

रणेवाले ६ और मनुआदिकोकर्के कहेजोधर्मशास्त्र तिनांके जानणेवाले ७ चपुनः त्रय आश्रमी एक ब्रह्मचारी और दूसरा गृहस्थ और तीसरावानप्रस्थ इनांकी सभादस्सा १० कोहोई इसी कर्कें अवराक्याछोटीहै १ अवअंगिरा और पराशरजी कहतेहैं चारवेदकेजानणेवाला और नैयायिक और वेदांगके जानणेवाला और धर्मशास्त्रकापाठक और त्रय आश्रमी एहदस्सां१० की पर्षत् कहीहै १ अवअंगिरसऋषिकहतेहैं मीमांसा न्यायके जानणे वाले और वेदांतशास्त्र विषे चतुर अयसे इकीयां कर्कें सभाकोंकल्पनकरे एह बडेकार्य्यविषे जान्नणी १ यमजीकावचनहै एक १ वा दो २ वात्रय धर्मशास्त्र क जानणेवाले जो कहण सोधर्म जानणेयोग्यहै इनांते इतर हजार भी एकत्र होकरकहण तदभी सोधर्म्म नहिजान्नणा १

मनुजीने त्र्यवरा क्या तीनतक भी सभाकहीहै धर्म संशयके निर्णयकरण विषेसो दिखाईदीहै इस जगा आद्यशब्द कर्के चार पांच आदिभी सभा होतीहै ऋगिति ऋग्वेदके जानणे वाला और यजुर्वेद और सामवेदके जानणे वाला इनां कर्के त्र्यवरानाम सभाजानणे योग्य है १ अब होर छोटा पक्ष कहतेहैं एक इति एक भी वेदके जानणेवाला उत्तमब्राह्मण जिस धर्मनूं निश्चयकरे सोहि परमधर्म जानणे योग्य है अज्ञ क्या मूर्ख हजारोंभी होण तिनोंकर्के कहेहोयेको यथार्थ नहि जानणा २ अव्रतेतिजोव्रत और मंत्ररहित केवल जातिमात्रकर्के उपजीविकाकेकरणेवाले हजारांभी एकत्र होण तथापि तिनांकी सभानहिकही ३ धर्मविवृतिग्रंथविषेकहाहै पातकविषेसो १०० कर्के और महापापविषे

त्र्यवराद्यापिपर्षन्मनुनाप्रोक्ता ऋग्वेदविद्यजुर्विच्चसामवेदविदेवच त्र्यवरापरिषद्ज्ञेयाधर्मसंशयनिर्णये १ एकोपिवेदविद्धर्मंयंव्यवस्येद्द्विजोत्तमः सविज्ञेयःपरोधर्मोनाज्ञानामुदितोयुतैः २ अव्रतानाममंत्राणांजातिमात्रोपजीविनाम् सहस्रशःसमेतानांपरिषत्वंनविद्यते ३ धर्मविवृतौ ॥ पातकेषुशतंपर्षत्सहस्रंमहदादिषु ॥ उपपापेषुपंचाशत्स्वल्पेस्वल्पातथाभवेत् १ क्षत्रियवैश्ययोः प्रायश्चित्तिस्त्वेविशेषमाहांगिराः॥ पर्षद्याब्राह्मणानांतुसाराज्ञांद्विगुणामता वैश्यानांत्रिगुणाप्रोक्तापर्षद्वत्तु व्रतंस्मृतम् १ ब्राह्मणो ब्राह्मणानांतु क्षत्रियाणांपुरोहितः वैश्यानांयाजकश्चैवतएवव्रतदाःस्मृताः २ अगुरुः क्षत्रियाणांचवैश्यानांचाप्ययाजकः प्रायश्चित्तंसमादिश्य तप्तकृच्छ्रंसमाचरेदिति ३

सहस्र१००० कर्के और उपपातकविषे पर्जा ५० कर्के और अल्पपापविषेअल्पकर्केसभाकहीहै १ क्षत्री औरवैश्यकेतांई प्रायश्चितकहनेविषेविशेषकोअंगिरसऋषिकहताहै पर्षेति जो सभाब्राह्मणांकेतांई प्रायश्चितकहणेविषेकहीहै सो क्षत्रियोंकेतांई दूणीजानणी और वैश्यांकेतांई त्रीणीकहीहै और सभाकी न्यांई व्रतभी कहाहै १ ब्राह्मणांतांई प्रायश्चित्तकों ब्राह्मण कहे और क्षत्रियांकेतांई पुरोहित और वैश्यांकेतांइ याजक व्रतकों कहण २ अग्विति क्षत्रीयांका नहि जो पुरोहित और वैश्यांकाजो अयाजकहै क्यानहियज्ञकरवाणेवालासोप्रायश्चित्तकोकथनकरेतांतप्तकृच्छ्रव्रतकोंकरे ३

भविष्यपुराण विषे कहाहै चेति शूद्रांके तांइ महात्माऋषियांनें चतुर्गुण सभाकहीहै और व्रतभी पापकर्मांकी शुद्धि वास्ते चतुर्गुण कहाहै १ इसमें व्यवस्थाकर्तेहैं एह द्विगुणआदिक व्रतकाविधान उत्तमजातिकी हत्याविषे जान्नणा इतरजातिविषे व्रतकों थोडाकहणा तैं तैसे चतुर्विंशतिके मत विषे दिखायाहै प्रेति जो प्रायश्चित्त ऋषियांनें ब्राह्मणकों कथनकीताहै क्षत्री तिसके त्रयपादकरे और वैश्य दो पाद औरशूद्रएकपाद करे संपूर्णपापविषे इति १ चतुर्विंशति मतविषे सभाकालक्षण कहाहै श्रौतेति श्रुति प्रोक्त अग्निके धारणवाले औरवेदके पठनविषे युक्त औरपंचयज्ञांके करणे वाले ऐसेब्राह्मणसभाके योग्यकहेहैं १ स्वेति औरअपनेसंबंधियांविषे औरदूसरे

भविष्ये चतुर्गुणातुशूद्राणांपर्षत्प्रोक्तामहात्मभिः पर्षद्वच्चव्रतंप्रोक्तं शुद्धये पापकर्मणामिति १ इयंचव्रतवृद्धिरुत्तमजातिहननेद्रष्टव्या इतरवधेव्रतह्रासस्यविधानात् तथाचचतुर्विंशतिमतेदर्शितम् प्रायश्चित्तंयदाम्नातं ब्राह्मणस्यमहर्षिभिः ॥ पादोनंक्षत्रियःकुर्यादर्धंवैश्यःसमाचरेत् १ शूद्रःसमाचरेत्पादमशेषेष्वपिपाप्मास्विति श्रौताग्निधारकाविप्राःश्रुताध्ययनशालिनः पंचयज्ञपरायेचपार्षदास्तेप्रकीर्त्तिताः १ स्वजनेपरजनेवापिसमाः सर्वेषु जंतुषु शत्रुष्वपिसमायेच तेषुपर्षत्प्रशस्यते २ वेदपूर्णमुखाविप्राधर्मशास्त्रसमन्विताः ज्ञानिनःकृतकर्माणस्तेषांपर्षत्प्रशस्यते ३ गायत्रीसारमात्रायेधर्मशास्त्रवहुश्रुताः मुनिमार्गानुयातारोज्ञानिनोयाज्ञिकारतथा ४ वेदव्रतेषुयेस्नाताधर्मशास्त्रानुयायिनः गोब्राह्मणहितायेचतेषांपर्षत्प्रशस्यते ५

विषे जो समहैं और संपूर्ण जीवांविषे औरशत्रुयोंविषेभी जो सम हैं तिनांकी सभाश्रेष्ठकहीहै २ वेदेति वेदकरकें पूर्णहै मुखजिनांका और धर्मशास्त्रके जानणेवाले और ज्ञानीऔर शुभ कर्मांके करणेवाले जोहैं तिनांकी सभाश्रेष्ठकहीहै ३ गायेति और गायत्री सारके जानणे वाले और वहुत श्रवणकीताहै धर्मशास्त्रजिनोनें और मुनियोंकी न्याईं धर्मके करणे वाले और ज्ञानी और यज्ञके करवाणवाले ४ वेदेति वेदव्रतां विषे स्नात और धर्मशास्त्रकेअनुसार वर्त्तनवाले औरगौयों और ब्राह्मणांकेहितकरणे विषे युक्त जो ब्राह्मणहैं तिनकी सभा श्रेष्ठ कहीहै ५

पंचेति पंचपक्षमैंनें पूर्व कहेहैं और जो अन्यपक्षहैं वा अपरहैं अर्थात् तिन पांचोंमें से जो और मतकहेहैं तिनसभनांमेंसे जोपुरुष नहीं प्रवृत्ति विषे युक्त क्या सर्व वस्तुके त्यागकरके ही प्रसन्नहैं सो सभाविषें कथन करनें चाहिये अथवा पंचपक्षशोकगुणसे हीन ये होरहैं सो जेकर निवृत्तिपर होणा तांउनकोंभी सभा जाननी ६ क्षत्रियादिकों सभाकाअधिकारनहींहै एह कहा है धर्मविवृतिविषें क्षत्रेति क्षत्रिय और वैश्य और शूद्र कदाचित् भी प्रायश्चित्तके विधानकों न करे अर्थात् ब्राह्मण विना उपदेश नहोवे ऐसा बुद्धिमान् कहतेहैं १ अव्रतेति जो पुरुष व्रतोंसें रहितहैं और मंत्रसे रहितहैं और जातिमात्र करके उपजीविका करणे वालेहैं ऐसे हजारांभी एकत्र होवें तिनको सभाका अधिकार नहींकहा अव्रतानां इत्यादिकों विषे ब्राह्मण पदका अध्याहार करलेना २ शूद्रकों निषेध चतुर्विंशतिमतविषेंभी कहाहै श्वेति जैसे श्वानचर्मस्थित दु

पंचपूर्वंमयाप्रोक्तायेचान्येवापरेपरे निवृत्तिपरितुष्टायेपार्षदस्तेप्रकीर्तिताः ६ क्षत्रियादीनांपरिषत्त्वंनास्तीत्युक्तंधर्मविवृत्तौ क्षत्रियोह्यथवैश्योवा शूद्रोवानकथंचन प्रायश्चित्तविधानंहिकुर्वीतेतिविदुर्बुधाः १ अव्रतानाममंत्राणांजातिमात्रोपजीविनां सहस्रशःसमेतानां परिषत्त्वंनविद्यतइति २ अव्रतानामित्यादिषु ब्राह्मणानामितिशेषः ॥ शूद्रस्यनिषेधश्चतुर्विंशतिमते ऽपि श्वचर्मणियथाक्षीरमपेयंब्राह्मणादिभिः तद्वत्शूद्रमुखाद्वाक्यं नश्रोतव्यंकथंचन १ पंडितस्यापिशूद्रस्य शास्त्रज्ञानरतस्यच वचनंतस्यनग्राह्यं शुनोच्छिष्टंहविर्यथा २ शूद्रोज्ञानावलेपेन ब्राह्मणान्भाषतेयदि सयाति नरकंघोरं यावदाभूतसंप्लवमिति ३ पाराशरेणापि दुःशीलोऽपिद्विजः पूज्योनतुशूद्रोजितेंद्रियः ॥ कःपरित्यज्यगांदुष्टांदुहेच्छीलवतींखरी मिति १

ग्धहोवे सो ब्राह्मणादिकोंको पानकरने योग्यनहीं तिसी प्रकार शूद्रके मुखसें वाक्य कदाचित्भी श्रवणकरणेंयोग्य नहीं अर्थात् धर्मका उपदेश शूद्रसे नहीं श्रवण करना चाहिये १ पंडितेति पंडितभी होवे और शास्त्र ज्ञान विषभी युक्तहोवे तोभी तिस शूद्रका वचन नहींग्रहणकरणेयोग्य जैसे श्वानका उच्छिष्ट हवि ग्रहण करणे योग्य नहीं२ शूद्रेतिजो शूद्र ज्ञानके मदकरके ब्राह्मणों कोंवचनकहे सोप्रलयपर्यंतघोरनरककोंप्राप्तहोताहै इति ३ पाराशरजीनेभीकहाहै दुश्शीलेति ब्राह्मणदुष्टस्वभाव वालाभीपूजनें योग्यहै और शूद्र जितेंद्रियभी अपूज्यहै इसमें दृष्टांत कहतेहैं कइति कौण पुरुष दुष्ट गौको त्यागकर उत्तम शीलवाली गधीकों दोहदाहै इति १

इमेति एह ब्राह्मण प्रायश्चित्तके अर्थवाले ने पूजने योग्यहैं उपस्थानके अर्थ ब्राह्मणोंको वस्त्रादि कों करके प्रसन्नकरे इसप्रकार प्रायश्चित्तकरणे योग्यहै और महापापों विषें राजाभी पूजनेयोग्यहै तैसेही देवलजीका वाक्यहै स्वयमिति अल्पदोष विषे ब्रह्मणोंने आपही प्रायश्चित्त कहणा और महांपापोंविषें राजाने ब्राह्मणोंकेसाथ परीक्षाकर्के तिनों पापोंविषें कृच्छ्रव्रत करवाणे योग्यहै इसी मेपराशरजीकावचनहै पापमितिपापीपुरुष गौ और वृषकोंदेकरपापकोंकथनकरे १ इदमितिएह गौ और वृषभकादान प्राजापत्यव्रतसें अधिक प्रायश्चित्तविषे जानणा प्राजापत्य व्रततक प्रायश्चित्त विषें दानकों विष्णुजीकहतेहैं पादेति पादव्रतविषेंवस्त्रदान और कृच्छ्रकेदोपाद व्रत विषे तिल और स्वर्णदान और तीनपाद व्रतविषें एक गोदान और संपूर्ण कृच्छ्रव्रतविषे गौ और वैल

इमेहि प्रायश्चित्तार्थिनोपस्थेयाः उपस्थानंचब्राह्मणान् वस्त्रादिनासंतोष्य कर्त्तव्यम् महापापेषु राजाप्युपस्थेयः तथाचदेवलः स्वयंवाब्राह्मणैःकृच्छ्र मल्पदोषेविधीयते ॥राज्ञाचब्राह्मणैश्चैवमहत्सुसुपरीक्ष्यचेति १ कृच्छ्रंतत्त त्पापेषुक्रियमाणंव्रतं।पराशरः।पापंप्रख्यापयेत्पापी दत्त्वाधेनुंतथावृषमिति इदंगोवृषदानं प्राजापत्याधिकप्रायश्चित्तविषयम् प्राजापत्यपर्यंतं ॥ विष्णु राह ॥ पादव्रतेवस्त्रदानंकृच्छ्रार्धेतिलकांचनं पादहीनेतुगामेकां कृच्छ्रेगो मिथुनंस्मृतमिति १ इदंगोवृषदानमुपपातकविषयम् महापापादिष्वधि कंकल्प्यमितिमिताक्षरायां अल्पपापेष्वपितत्रैव तस्माद्द्विजः प्रत्यवार्यो प्रायःसंकल्प्यवारिणा विख्याप्यपापंवक्तृभ्यः किंचिद्दत्त्वाव्रतंचरेत् १ किंचि द्दत्वापापंविख्याप्यव्रतंचरेदित्यन्वयः एतत्प्रकीर्णकविषयमिति मदनरत्ने ज्ञात्वाप्रायश्चित्ताकथने दोषआप्तानामित्यादिना प्रथमप्रकरणांते प्रोक्तः

दान कहतेहैं इति १ एह गौ और वैलका दान उपपातकके प्रायश्चित्त विषें जानना और महा पापों विषे अधिकदान करणे योग्यहै एह मिताक्षराविषेंकहाहै और अल्पपापों विषे जो व्रतका प्रकारहै सो मिताक्षराविषेंहीकहाहै तस्मेति तिसकारणसें पापके करणेवाला प्रायश्चित्तकेकहणे वा लोंको कुछदेकर पापकों प्रकटकरे और जलसाथ संकल्प करके देवे पीछे व्रतको करे एह प्रकीर्णक प्रायश्चित्त विषे जानना ऐसे मदन रत्नविषे कहाहै जो धर्मशास्त्रको जाणकर प्रायश्चित्त के पूछणेको आयेहुवे दुःखीको प्रायश्चितकों न कहें तिनको दोषहै सो प्रथम प्रकर णकेअंतविषेंकहाहै

प्रायश्चित्तेति प्रायश्चित्तके उपदेशकी विधिकों अंगिरस ऋषिकहतेहैं वचइति धर्मवेत्ताओंने प्रथम प्रायश्चित्तका धर्मशास्त्रोक्त वचन कहनेयोग्यहै पीछेसमर्थताकों देखकर पापकीन्यूनता अधिकताके अनुसार अनुग्रहकों करें क्या प्रायश्चित्तकी न्यूनताकों करें १ और सभाका वचन सबको प्रमाण करणा चाहिये एह कहतेहैं नहीति तिन महात्माओंके वचनोंको उछंघन करके अतिशय करके है एहज्ञान जिनको असेविद्वानोंनेंभी और कथनकरणा उचित नहीं २ फेर अंगिरस ऋषिका वचनहै ततइति तिसकारणसे सो महात्मा वृद्ध आगे नमस्कारकर्के और हाथ जोडकर नम्रता पूर्वक वैठेहुवे को पूछतेहैं हमारे साथ तेरा क्या प्रयोजनहै ३ कहीं क्यों

प्रायश्चित्तोपदेशविधिमाहांगिराः वचःपूर्वमुदाहार्यं यथोक्तंधर्मवक्तृभिः पश्चात्कार्यानुसारेण शक्त्याकुर्युरनुग्रहम् १ वचःप्रायश्चित्तविधायकं अनुग्रहः प्रायश्चित्तन्यूनता नहितेषामतिक्रम्यवचनानिमहात्मनां प्रज्ञानैरपिविद्वद्भिः शक्यमन्यत्प्रभाषितुमिति २ पुनःसएव ॥ ततस्तेप्रणिपातेनदृष्ट्वातंसमुपस्थितम् वृद्धाःपृच्छंतिकिंकार्य्यमुपविश्याग्रतःस्थितम् ३ किंतेकार्य्यंवदास्माभिःकिंवामृगयसेद्विजान् तत्वतोब्रूहितत्सर्वंसत्यंहिगतिरात्मनः ४ सत्येनद्योततेराजासत्येनद्योततेरविः सत्येनद्योततेवह्निः सर्वंसत्येप्रतिष्ठितम् ५ भूर्भुवःस्वस्त्रयोलोकास्तेपिसत्येप्रतिष्ठिताः अस्माकंचैवसर्वेषां सत्यमेवपरंबलम् ६ यदिवक्ष्यसिसत्यंनियतंप्राप्स्यसेशुभम् यद्यागतोस्यसत्येननत्वंशुद्ध्यसिकर्हिचित् ७ एवंतैःसमनुज्ञातःसर्वंब्रूयादशेषतइति ८ उपदेशस्तुपरिषद्गंतर्गतैनैकेनैवकार्य्यः

ब्राह्मणोंकों दूढताहैं यथार्थता करके संपूर्णसत्यकरकेकहो सत्यहीआत्माकास्वरूपहै ४ सत्यकर्के चंद्रमा और सूर्य और अग्नि प्रकाशते हैं सभकुछ सत्यविषें स्थितहै ५ भूर्भुवेति पृथ्वी लोक और आकाश और स्वर्ग एह तीनलोकभी सत्यकर्के ही स्थितहैं हमारे संपूर्णोंका भी उत्कृष्टबल सत्यहीहै ६ जद तूं सत्यकहेंगा तो निश्चयकरके शुभको प्राप्तहोवेंगा जेकर असत्यका अंगीकार करके आयाहैं तबतूं कदाचितूभी शुद्धीको न प्राप्त होवेंगा ७ इस प्रकार तिनब्राह्मणोंकी आज्ञाकों प्राप्तहुवा २ सभाविषें संपूर्ण सत्यही कहे ८ अब कहतेहैं कि चाहे सभामें कितने होण परंतु एकब्राह्मणनें ही प्रायश्चित्तका उपदेश कथन करणे योग्यहै

इस विषे अंगिरस ऋषिकावचनहै आहूयेति जो ब्राह्मण प्रायश्चित्त उपदेशके कथनवास्तेसभाने नियत कियाहै सोब्राह्मण प्रायश्चित्तीकों बुलाकर कथन करे क्या हे ब्राह्मण श्रवण कर जो व्रत मैनेतेरेको कथन करीदाहै सो तैने यत्न करके करणेयोग्यहै जेकर न करेंगा तो तेरा सभकृत्य वृथाहिहै २ अब असमर्थविषेदेवलजीकावाक्यहै प्रेति शास्त्रानुसार किहा जो प्रायश्चित्त तिसके करणे विषे असमर्थ होवे तो तिसकी सामर्थ्यके अनुसार अनुग्रह करे क्योंकि तिसने किया जो पूजा इत्यादि तिसकोअनुग्रहका कारण होणेसें १ प्रायश्चित्त देशकालादिक देखकर देणेयोग्यहै तैसेही बौधायन ऋषि भी कहतेहैं शरीरमिति शरीरकी कृशता स्थूलतादि और कृशता आदिविषेभी बल निर्बलको और वय जो बाल्यादिअवस्था तिसविषे भी सोलां वर्षों तक बाल कहाहै सोकितने वर्षोंका है ऐसे कहकर निर्णय करे और काल शीतादि और क्या कर्म कर.

अंगिराः ॥आहूयश्रावयेदेकःपर्षदायोनियोजितः शृणुष्वभोइदंविप्रयच्चत्र्या दिश्यतेव्रतम् १ तत्तद्यत्नेनकर्त्तव्यमन्यथातेवृथाभवेदिति २ देवलः॥प्रायश्चित्तं यथोद्दिष्टमशक्त्यातद्वशात्पुनः इष्यतेनुग्रहश्चापिपूजानुग्रहकारणात् १ प्रायश्चित्तंदेशकालादिपूर्वकंदातव्यम् तथाह॥बौधायनः॥ शरीरंबलमायुश्चव यःकालंचकर्मच समीक्ष्यधर्मविद्बुध्याप्रायश्चित्तंप्रकल्पयेदिति १ इदंचा चिंतैर्ब्राह्मणैर्देयमित्याह सएव अनर्चितैरनाहूतैरपृष्टैश्चैवसंसदि प्रायश्चित्तंनवक्तव्यं जानद्भिरपिचद्विजैः २ न्यायतोमार्गमाणस्य क्षत्रियादेः प्रणामिनः अंतराब्राह्मणंकृत्वाव्रतमेतत्समादिशेत् ३ हारीतः ॥ यथावयोयथाकालं यथाप्राणंचब्राह्मणे ॥ प्रायश्चित्तंप्रदातव्यंब्राह्मणैर्वेदपाठकैः १ वयोबाल्यादि कालः शीतादिः प्राणः कार्श्यमांसलत्वादिर्बोध्यः तदनतिक्रमेणदातव्यमित्यर्थः

ताहै इस संपूर्णको धर्म वेत्ता बुद्धिपूर्वक विचार कर प्रायश्चित्तको कथनकरे १ पूजाको प्राप्तहुवे जो ब्राह्मण तिनोंने इह प्रायश्चित्तदेणे योग्यहै इसको बौधायनजी कहतेहैं अनर्चितेति प्रायश्चित्तको जाणते जो ब्राह्मण सो सभाविषे नहीं पूजे और बुलायेभी नहीं और पूछेभीनाहितिनोंने प्रायश्चित्त नहीं कहने योग्य २ अब क्षत्रियादि विषे कहतेहैं न्यायेति तिस कारणसें नीतिपूर्वक पापके दूर करणे लिये ढूंढते और नमस्कारकरते जो क्षत्रियादि तिनको मध्यविषे ब्राह्मण बैठाकर प्रायश्चित्त कथन करे अर्थात् क्षत्रियादि ब्राह्मणको साथ लेकर व्रतको पूछे और तैसे ही करे ३ अवहारीत ऋषिका वचनहै यथेति वेदपाठी ब्राह्मणोंने ब्राह्मणके ताईं प्रायश्चित्त वय बाल्यादिअवस्था काल शीतादि प्राण कृशस्थूलादि एह सब देखकरदेणे योग्यहै १

तस्मेति तिसकारणथें सामर्थ्यको देखकर कृच्छ्रका अर्ध वा पाद क्या कृच्छ्रका चतुर्थांश विधि बलनिर्बलकों और शीतादि कालकों जानकर प्रायश्चित्तकों कथनकरे २ असमर्थ पुरुष कि अनुग्रहकोंपराशरजीकहतेहैं दुर्बलेति निर्बलपुरुषविषे तैसे बाल और वृद्धाविषे अनुग्रहकरणेयोग्य इतोंते अन्यविषे अनुग्रहकरे तो दोषहोताहै तिसकारणसें और विषे अनुग्रहक्या प्रायश्चित्तकीन्यू नताकरे १ सोई कहतेहैं वृद्धेति वृद्धादिकों विषें अर्ध प्रायश्चित्तकहाहै जो अस्सी ८० वर्षका सो वृद्धजानणा और बाल सोलां १६ वर्षसेन्यूनजानना और स्त्रियां और रोगीइनकोअर्द्धप्रायश्चित्तकहाहै २ अबप्रायश्चित्तकेदेशकोंपराशरजी कहतेहैं प्रेति सर्वदाही देवताके मंदिरकेसन्मुख प्रायश्चित्तकोंदेव देवतायतनकहणे करके पवित्रक्षेत्र और तीर्थादिकोंका भी ग्रहणकरणा प्रायश्चित्तदा

तस्मात्कृच्छ्रमथाप्यर्द्धंपादंवापिविधानतः ज्ञात्वाबलाबलंकालं प्रायश्चित्तंप्रकल्पयेत् २ अशक्तावनुग्रहमाहपराशरः॥ दुर्बलेऽनुग्रहः कार्यस्तथैवाशिशुवृद्धयोः अतोऽन्यथाभवेद्दोषस्तस्मान्नानुग्रहोभवेत् १ वृद्धादौत्वर्धंप्रायाश्चित्तं अशीतिर्यस्यवर्षाणि बालोवाप्यूनषोडशः प्रायश्चित्तार्द्धमर्हंतिस्त्रियोरोगिणएवच २ प्रायश्चित्तदेशमुपदिशतिपराशरः। प्रायश्चित्तंसदादद्याद्देवतायतनाग्रतः॥ इदंपुण्यक्षेत्रतीर्थादेरुपलक्षणम् प्रायश्चित्तदानोत्तरंप्रायश्चित्तनिर्देष्टृणां जप्यमाह हारीतः॥ प्रायश्चित्तंतुनिर्दिश्यकथंपापात्प्रमुच्यते यत्पवित्रंविजानीयाजपेद्वावेदमातरम् १ वेदमाता गायत्री अनुग्राहकस्वरूपमाहांगिराः॥ कृत्वापूर्वमुदाहारं यथोक्तंधर्मकर्तृभिः पश्चात्कार्य्यानुसारेणशत्त्याकुर्युरनुग्रहम् १ प्रायश्चित्तंयथोद्दिष्टमशक्यंदुर्बलादिभिः इष्यते नुग्रहस्तेषां लोकसंग्रहकारणात् २

नसें पीछे प्रायश्चित्तके कहनेवालोंको जो जपने योग्यहै तिसकोंहारीत ऋषिकहतेहैं प्रेति प्रायश्चित्तकों कहकर आप कैसें पापसें रहितहोताहै सो कथन करतेहैं जिसकों पवित्रजाने तिसकोंजपे वा वेदमाता जो गायत्री तिसकोंजपे १ अनुग्रहकरणे योग्यजोहैं तिसके अर्थ अंगिरस ऋषि कहतेहैं कृत्वेति धर्मकरणवाले अथवाधर्मकहणेवाले ऋषियोंने जैसे पापके दूरकरणे वास्ते प्रायश्चित्त चांद्रायणादि कहाहै तिसकों प्रायश्चित्ती को पूर्वकहकर पीछे पापके अनुसार तिनकी सामर्थ्यकों देखकरअनुग्रहकोंकरें (धर्मवक्तृभिः) ऐसाभी किसे पुस्तकमेंपाठहै १ निर्बल पुरुषोंने यथोक्त प्रायश्चित्तकरणे को अशक्यहै तो तिनोंपर अनुग्रह करणे योग्यहै जिसप्रकार लोक प्रायश्चित्तकों करें भय करके त्याग न करें इसी कारणथें २

एकइति और अनुग्रह करणे को एकब्राह्मण योग्यनहींहै चाहे सहित अंगोंके वेदके जाननेवा लाभीहोवे धर्मके जाननेवाले बहुत ब्राह्मण इकठेहोकर अनुग्रहकरणेको योग्यहैं ३ जिसस्था नमें अनुग्रह कहाहै तिस जगासें विना जो अनुग्रहकरतेहैं तिनके वास्ते पराशरजी दोषकहतेहैं स्नेहति प्रीतिसैं लोभसें और भयसें और अज्ञानसें प्रायश्चित्तीके ऊपर जो अनुग्रह करतेहैं तिस पापीका पाप अनुग्रह करणेवालों विषे प्राप्तहोताहै १ जैसे समर्थकेऊपर अनुग्रहकिये होयां दो षहै इसीप्रकार असमर्थके ऊपरनहीं अनुग्रहमे दोषहोताहै एहवाक्य पराशरजी कहतेहैं शरीरस्ये ति शरीरका नाश प्राप्तहोयां २ असमर्थको जो नियमकहतेहैं और समर्थके बडे पापविषे जो नियम नहीं कहतें सो तिनोंके पापके भागी होतेहैं २ अथेति प्रायश्चित्त करणेको समर्थ जो पुरु

एकोनार्हतितत्कर्तुमनूचानोप्यनुग्रहम् धर्मज्ञावहवोविप्राःकर्तुमर्हत्यनुग्रह मिति ३ उक्तातिरेकेणानुग्रहे प्रत्यवायं विशदयति ॥ पराशरः ॥ स्नेहा द्वायदिवालोभाद्भयादज्ञानतोपिवा कुर्वंत्यनुग्रहंयेतु तत्पापंतेषुगच्छति १ यथा समर्थानुग्रहे प्रत्यवायस्तथा दुर्बलाननुग्रहेऽपीत्याह ॥ पराशरः ॥ श रीरस्यात्ययेप्राप्ते वदंतिनियमंतुये महाकार्योपरोधेच नस्वस्थस्यकदाच नेति २ पततिनरकेशुचौ इत्यनेनसंवंधः अथप्रायश्चित्ताचरणक्षमस्य प्रतिनिधिर्नकारयितव्य इत्याह ॥ पराशरः ॥ स्वस्थस्यमूढाः कुर्वंतिवदं तिनियमंचये ॥ तेतस्यविघ्नकर्त्तारःपततिनरकेऽशुचौ ३ प्रतिनिधिनियामकं शास्त्ररहस्यमजानंतो ये स्वस्थस्यापिप्रातिनिधिंकुर्वंति यश्चप्रातिनिध्येन प्रायश्चित्तंकरोति सर्वेपि तेतस्यनिमित्ततः पापनिवृत्तौ विघ्नंकुर्वंतीत्यशुचौ नरकेपतंतीत्यर्थः ३

ष तिसका प्रतिनिधि अर्थात् प्रायश्चित्त करणे वास्ते दूसरा पुरुष नहीं स्वीकारकरणा एहपराशर जीकावाक्यहै स्वस्थस्येति स्वस्थक्या समर्थ पुरुषके प्रायश्चित्तके वास्ते प्रतिनिधिको जो मूढ अ र्थात् शास्त्ररहित पुरुष करतेहैं और असमर्थको नियमहीकहतेहैं अर्थात् प्रतिनिधि को नहींकरते सो तिसके विघ्न कर्ताहैं और अतिशोक युक्तहुवे २ नरकमे पडतेहैं ३ प्रतिनिधीति इसीका अर्थमूलमें स्पष्टकर्के कहाहै जो पुरुष समर्थ पुरुषके प्रायश्चित्तके वास्ते प्रतिनिधिको स्वीकार करते हैं सोप्रतिनिधिके नियमकरणे वाला जो शास्त्रकारहस्य तिसको नहीं जानतेहैं और जो प्रतिनिधि करकेप्रायश्चित्त करताहै सो सभ अर्थात् दो २ निमित्तसें पाप निवृत्तिके विषे विघ्नकरते हैं और अशुचि नरकके विषे पडतेहैं ३

अथेति अब प्रायश्चित्त करणे वालेको जो योग्यहै सो विष्णु ऋषिकहताहै सर्वेति प्रायश्चि
करणेकी इच्छा होवे तो संपूर्ण पापोंके निमित्त संपूर्णव्रतोंका विधिपूर्वक ग्रहणकरणा तिसको क
थनकरताहूं १ दिनेतिक्या दिनांते अर्थात् सायंकाल विषे नखरोमोंको कटवा करके स्नान करे
भस्म गोमय मृत्तिका और जल और पंचगव्य इनोंकरके मलको दूरकरे शरीरको शुद्धिवास्ते २
दंतधावनेति दंतधावनकरके और पंचगव्य पान करके सायंकालविषे तारयोंका दर्शन करके व्रत
ग्रहण करणेयोग्यहै ३ आचम्येति आचमनकरके मौन धारकर अपने पापका चिंतनकरे औ
मनके संताप करणे वाला जो शोक तिसकोंकरे अंतःकरणसें ४ रोमेति रोमशब्दकरके श्मश्रु
अर्थात् दाडीका ग्रहणहै और आदिशब्दकरकें केशोंका ग्रहण करणा वाह्यशौच अर्थात् पाप

अथेतिकर्त्तव्यतामाहविष्णुः ॥ सर्वपापेषुसर्वेषांव्रतानांविधिपूर्वकम् ग्रहणंसं
प्रवक्ष्यामिप्रायश्चित्तेचिकीर्षिते १ दिनांतेनखरोमादीन् प्रवाप्यस्नानमा
चरेत् भस्मगोमयमृद्वारि पंचगव्यादिकल्पितैः ॥ मलापकर्षणंकार्य्यं
वाह्यशौचविवृद्धये २ दंतधावनपूर्वेणपंचगव्येनसंयुतम् व्रतंनिशामुखेग्राह्यं
वहिस्तारकदर्शने ३ आचम्यातःपरंमौनीध्यायन्दुष्कृतमात्मनः मनःसं
तापनंतीव्रमुद्वहेच्छोकमंततइति ४ रोम श्मश्रु आदिना केशग्रहणं बाह्यशौ
चं पापनिर्हरणं ॥ व्रतं होमशेषरूपमिति महार्णवे व्रतंनामप्रायश्चित्तसंक
ल्पः ॥ इतिमाधवः ४ मनुरप्याह ॥ ख्यापनेनाऽनुतापेनतपसाऽध्ययनेनच
पापकृन्मुच्यतेपापात्तथादानेनचापदि १ अध्ययनंश्रवणोपलक्षणं आपदी
त्यनेनाऽध्ययनतपसोर्दानमनुकल्प्यमित्युक्तं हिंसातिरिक्तविषयकमिदम्

का दूरकरणा और व्रतशब्दकरके हवनकरणा एह महार्णव ग्रंथका मतहै और व्रतनाम प्रायश्चि
त्तका संकल्प करणा एह माधवजीका मतहै ४ और मनुजीभी इसी मतको पुष्ट करतेहैं ख्यापने
ति पापकरणे वाला जो पुरुष सो महात्माओंके पास तिस पापको कथनकरके और अनुता
प और तप और वेदके पडने करके पापसें रहित होताहै और आपत् कालविषे दान करके
पापसे रहित होताहै १ और अध्ययनशब्दकरके श्रवणकाभी ग्रहणहै और आपदकालविषे अ
ध्ययन और तपका संभव नहीं होताहै इसवास्ते तिनकी जगा दानकरे एहअनुकल्प अर्थात् ल
घुपक्षहै और सोदान हिंसासे अतिक्ति विषयक करणे विषे लघुपक्षहोताहै

और हिंसा स्वरूप पापकी निवृत्तिके वास्ते दानही मुख्यपक्षहै सो कहाहै भविष्य पुराण विषे हिंसेति हिंसात्मक अर्थात् हिंसास्वरूप सभप्रायश्चित्तोंके समूहजो ऋषिओंने कहेहैं तिनोंके दूर करणे वास्ते दान करणा प्रथम कल्पहै अर्थात् मुख्य कहीदाहै १ तैसे ही मनुजीने कहाहै वधमिति सर्पादिकोंके वधसे उत्पन्नहुवा जो पाप तिसको दानकर्के दूरकरणेको असमर्थहोवे जो द्विज सो पापकी निवृत्तिके वास्ते एक २ वधके प्रति एक २ कृच्छ्रकरे अर्थात् जितने सर्पादि मारे होन उतनेही कृच्छ्र करे १ और इस श्लोककी व्याख्या क्या अर्थ उपपातक प्रकरण विषे करदियाहै और संवर्त्तजीने कहा जो सामान्य प्रायश्चित्त तिसमें जैसे कहाहै सो कहतेहैं हिरण्येति हिरण्यदान अर्थात् सुवर्णदान और गोदान भूमिदान एह जो दानहैं सो सामान्य पापोंको और महापातकीकेसंसर्गसें उत्पन्न हुवे जो पाप तिनकोभी दूरकरतेहैं १ और यमजीभी इसी

हिंसायांतुदानंमुख्यं तदुक्तंभविष्ये हिंसात्मकानांसर्वेषां कीर्त्तितानांमनीषिभिः प्रायश्चित्तकदंबानां दानंप्रथमउच्यते १ तथाचमनुः ॥ वधंदानेननिर्णेक्तुं सर्पादीनामशक्नुवन् एकैकशश्चरेत्कृच्छ्रंद्विजःपापापनुत्तये १ व्याख्यातोऽयंश्लोक उपपातकप्रकरणे ॥ संवर्त्तप्रोक्ते सामान्यप्रायश्चित्तेयथा ॥ हिरण्यदानंगोदानं भूमिदानंतथैवच नाशयंत्याशुपापानि महापातकजान्यपि १ यमोपि ॥ शोषणेनशरीरस्य तपसाध्ययनेनच पापकृन्मुच्यतेपापाद्दानेनच दमेनच १ तथाचमनुः ॥ कृत्वापापंहिसंतप्यतस्मात्पापात्प्रमुच्यते ॥ नैतत्कुर्य्यांपुनरिति निवृत्त्यापूयतेतुसः १ विष्णुपुराणे ॥ प्रायश्चित्तान्यशेषाणितपःकर्मात्मकानिवै ॥ यानितेषामशेषाणां कृष्णानुस्मरणंपरम् १

पक्षको पुष्टकरतेहैं शोषणेति पापके करणे वाला जो पुरुष सोशरीरके सुकाणे करके अर्थात् व्रतकरणेंकरके और तपकरणे करके और वेदपढने करके और दानकरणेसे और दमन करके अर्थात् इंद्रियोंके जीतने करके पापोंसे रहित होताहै १ और मनुजीभी इसीपक्षको दृढकरतेहैं कृत्वेति जोपुरुष पापको करके फेर मनमें बहुतसंताप करे तो पापसे रहित होताहै फेरमें ऐसा पाप नहीं करूंगा इसनिवृत्तिसें वोह पुरुष पवित्र होजाताहै १ और विष्णुपुराण विषे पाप निवृत्तिके वास्ते और प्रकार कहाहै प्रायश्चित्तानीति संपूर्ण पापोंकी निवृत्तिकेवास्ते जो सभ तपस्वरूप और कर्मस्वरूप प्रायश्चित्तहैं तिनके मध्यविषे विष्णुका स्मरणरूप प्रायश्चित्त परहै अर्थात् श्रेष्ठहै १ इसीका अर्थ मूलमें स्पष्ट करके कहाहै

यानीति और इसके अर्थका बिस्तार साधारण प्रकरणविषें जान लेणा और एह साधारण प्रकरणविषें कहेजों प्रायश्चित्त सो अनादेश विषें अर्थात् जिस पापके वास्ते प्रायश्चित्त नहीं कहा उसपापकी लाघवता और गौरवताकी तारतम्यताको देख करके अर्थात् वोह पाप थोडा होवे वा वडाहोवे इसवातको देखकर कहने योग्यहैं जैसे अल्प पाप होवें तो कुछ थोडाजैसा सुवर्णदानकरवाणा उससें अधिकहोवें तो गोदान करे ॥ फेर यहीप्रकार विष्णुपुराणविषें भी कहाहै एवमिति हेपुत्र ऐसेही विषय भेदसें संपूर्ण छोटे वडे जो प्रायश्चित्तहैं तिनोंकी व्यवस्था क्यास्थिति करवाणीयोग्यहै सो कहतेहैं थोडे पापके वास्ते थोडा प्रायश्चित्त कथनकरणा और वडे पापके वास्ते वडाप्रायश्चित्तकथनकरणा १ जेकर हे महावाहो ऐसा नकरे तो थोडे पापकेवास्ते जो वडे पापका करणाहै सो निष्फलताको प्राप्तहोताहै २ विषयेति और जिस

यानि तपःप्रभृतीनि प्रायश्चित्तानि तेषांसर्वेषांमध्येविष्णुस्मरणं श्रेष्ठमित्यर्थः विस्तरस्तुसाधारणप्रकरणेबोध्यः एतान्यनादेशविषय एनसो लाघवगौरवतारतम्यपर्यालोचनयाविकल्पेन योज्यानि तत्रैव एवंविषयभेदाद्व्यवस्थाप्यानिपुत्रक प्रायश्चित्तानिसर्वाणिगुरूणिचलघूनिच १ अन्यथाहि महाबाहोलघूनामुपदेशतः॥ गुरूणामुपदेशोहिनिष्प्रयोजनतांव्रजेदिति २ विषयविवेकाभावेसाधारणं प्रायश्चित्तं प्रयोज्यं ॥ महाभारते ॥ यद्यकार्यशतंकृत्वाकृतंगंगाभिषेचनम् सर्वंदहतिगंगांभस्तूलराशिमिवानलः १ तथा शुद्धिकराणिव्रतानिविश्वामित्रप्रोक्तानिविषयव्यवस्थायै साधारणप्रकरणतोऽवगंतव्यानि ॥ जाबालिः ॥ आरंभेसर्वकृच्छ्राणांसमाप्तौचविशेषतः आज्येनैववहिशालाग्नौ जुहुयाद्व्याहृतीःपृथक् १ विष्णुः ॥ श्राद्धंकुर्याद्व्रतांतेच गोहिरण्यादिदक्षिणामिति

पापका विषय ज्ञान नहींहै उस पापके वास्तेसाधारण प्रायश्चित्त कहणायोग्यहै ॥ महाभारत विषेंभी पापकी निवृत्ति वास्ते और प्रकार कहाहै यदीबि जो पुरुष सैकडे पाप करके फेर गंगाजीका स्नान करे सो गंगाजीका जल उसके संपूर्ण पापोंको दग्धकरताहै जैसे रूंके समूहको अग्नि दग्धकरताहै १ तथेति तैसेही शुद्धीके करणे वाले व्रत जो विश्वामित्रजीने कहेहैं सो विषय व्यवस्थाके वास्ते साधारण प्रकरणसे जानने योग्यहैं ॥ अब जावालि ऋषि प्रायश्चित्तके आरंभका प्रकार कहतेहैं आरंभेति संपूर्ण व्रतोंके आरंभमे और समाप्तिमें विशेषतासें घृतकरके अग्निशालाविषे व्याहृतियोंके अधिष्ठाता जो देवताहैं तिनोंकेवास्तेभिन्न २ हवन करे १ विष्णुजी कहतेहैं श्रेति श्राद्ध और व्रतकेअंतमें गौ और सुवर्णसेआदलेकर आचार्यकेताई दक्षिणादेवे

और इसी वाक्यका अर्थ मूलमें स्पष्ट करके कहाहै आदिना इति आदिशब्दकरके दशदानों का ग्रहण करणा और चकार पठनसें क्या जानतेहैं कि व्रतके आदविषे भी श्राद्धका ग्रहणाहै ॥ विष्णुजीने ऐसे कहाहै वीति अपनी कामनाकरके संकल्पविधीकरके वैष्णवश्राद्धकरे और पिण्डदान नकरे यह स्वरूपवैष्णवश्राद्धकाहै और कैयोंके मतविषे सपिंडभी एहश्राद्धहै फेर ब्राह्मणोंके ताईं गोदान देवे और यथाशक्तिसें दक्षिणाभी देवे १ और संकल्प श्राद्धविषे कितनेक पदार्थ त्यागेहैं जो श्राद्धचंद्रिका विषेकहेहैं सो तिसी श्राद्धचंद्रिकासें जानलेने ॥ और वपन विषें अर्थात् मुंडनविषें वासिष्ठजीने विशेष कहाहै कृच्छ्राणामिति और व्रतरूप जो प्रायश्चित्त तिनके वास्ते श्मश्रुक्या दाढी और केश तिनको कटावे परंतु नेत्रोंके रोम और शिखाको वर्जक

आदिना दशदानानि ग्राह्याणि चकाराद्व्रतादावपि श्राद्धं विष्णुदेवताकंकार्यमित्याह। विष्णुः॥विधायवैष्णवंश्राद्धं सांकल्प्यंनिजकाम्यया धेनुंदद्याद्द्विजेभ्योऽपिदक्षिणांचस्वशक्तितइति १ सांकल्प्यश्राद्धेकेचित्पदार्थास्त्यक्ताः श्राद्धचंद्रिकायां ततएवबोध्याः वपनेविशेषोवसिष्ठेनोक्तः।कृच्छ्राणांव्रतरूपाणांश्मश्रुकेशादिवापयेत् अक्षिरोमशिखावर्जमितिस्मृत्यंतरमपि १ उपपक्षश्मश्रुकेशान्वापयेतक्रमात्सदा॥शिखाप्रकोष्ठभ्रूपस्थान्वर्जयित्वाद्विजोत्तमइति २ कृच्छ्राणांप्रायश्चित्तरूपाणां प्रारंभे वपनं विधेयं पुण्यार्थंकरणेतुनविधेयमितिभावः अतएवगोवधे पराशरः॥ प्राजापत्यंचरेत्कृच्छ्रं गोघातीव्रतमुत्तमम् सशिखंवपनंकुर्यात् त्रिसंध्यमवगाहनमिति १

रके और इसी पक्षकोपुष्टकरणे वाली औरभी स्मृतिहै सो कहतेहैं १ उपपक्षेति ब्राह्मण उपपक्ष क्या शिरके दोनों पार्श्वोंके रोम श्मश्रुक्या दाडी और केश तिनको क्रमसे सदाकटवावे शिखा और प्रकोष्ठ क्या हाथका उपरिभाग अर्थात् बांहां और भ्रूक्या नेत्रोंके भवहे उपस्थ क्या लिंग तिनोंके रोमोंकोवर्जकरके अर्थात् इनकेरोम मुंडन विषें न कटवावे २ कृच्छ्राणामिति और प्रायश्चित्तरूप जो व्रत तिनके प्रारंभमें वपन अर्थात् मुंडन करणायोग्यहै और पुण्यवास्ते जो व्रत करणाहै तिस विषे मुंडन न करवावे ३ इसी कारणसें गोवधमें पराशरजीने कहाहै प्राजापत्यमिति घारादिनका प्राजापत्य जो अत्युत्तमव्रतहै तिस व्रतको गोघाती अर्थात् गोहत्या करणे वाला जो पुरुष सो करे और सहित शिखाके मुंडन करवावे और तीन काल स्नानकरे १

ओर संवर्त्तजीके स्मरण विषें विशेष कहाहै पादइति ओर पादविषें अर्थात् तीन दिनकेव्रतविषें अंगोके रोमही कटवावे ओर किसी जगासें न कटवावे ओर किसी जगामें पाद करकेचा रदिनका व्रतभी कहाहै ओर द्विपाद विषें अर्थात् छे दिनके व्रत विषें श्मश्रु अर्थात् दाढी भी कटवावे ओर त्रिपादव्रत विषें शिखाको वर्ज करके मुंडन करवावे ओर निपात विषें अर्थात् संपूर्ण व्रतविषें साशिख मुंडनकरवावें अर्थात् सहित शिखाके १ ओर इसजगा कृच्छ्रग्रहण करणे करके बारांदिनोंकरके साध्यजो व्रत तिसके अधिकारी जो पुरुष तिनको वपन क्या सारा मुंडन कहाहै ओर बारां दिनसे न्यून होवें तो संपूर्ण मुंडन न करवावे २ ओर हारीतजीने केशोंके न वपन करवाणे विषें विशेष कहाहै राजेति राजा ओर राजाका पुत्र ओर बहुतशास्त्रोंको पडाहुवा जो ब्राह्मण एह सब केशोका वपन करवा करके फेर व्रत करण १ ओर जवकेश रहनेदेनेहोवें तो केशोंकीरक्षा वास्ते द्विगुण व्रत अर्थात् चौवी दिनका

॥ ५ ॥ अर्थात् राजाकायकृच्छ्रकरे और ब्राह्मणजप करे और सुवर्ण धेनुके दान विषे और सुवर्णके अश्व दानविषे पूर्वकी न्यांई सप्त ७ वर्षतक आपस विषे न देखें इसमेभी जेकर देखे तो कृच्छ्रादि व्रतपूर्वकी न्यांई जानणा ॥ ६ ॥ सुवर्णके अश्व कर्के युक्त जो रथ है तिस विषें और सुवर्णके हस्ति कर्के युक्त जो रथ है तिस दान विषें और पृथ्वी दान विषें और काल पुरुष दान विषे और कालचक्र दान विषे ॥ ७ ॥ तैसें और तिल धेनु दानविषें और राशि चक्र दानविषे दाता और प्रतिग्रहीता आपस विषे पंच वर्ष पर्यंत नदेखें जेकर देवकर्के आपस विषें देखणेतां दाता अतिकृच्छ्रव्रतकों करे ॥ ८ ॥

पुनरिति ब्राह्मणपटगर्भ विधानतें फेर संस्कारके करणेतें शुद्धिकों प्राप्तहोंताहै ऐसें न करे तां दो षकों प्राप्तहोताहै और दाताका दान निष्फलहोताहै ९ और कहतेहैं कोटीति कोटि होमविषे और लक्ष होमविषें और पाप पुरुषके प्रतिग्रहविषें दाता आचार्यके मुखकों न देखें १० जेकर दैवतें दर्शनकरे तिसविषेंभी दाताकों अतिकृच्छ्रव्रतकहाहै और इतर क्या आचार्यआदिकांकों फेर संस्कार शुद्धिके निमित्त कहाहै इसमें वाशब्दसें पूर्वोक्त ५ वर्ष तक निषेध जानणा ॥ श्वेत अश्व दानकों जो ग्रहण कर्त्ताहै और मृतपुरुषके निमित्त जो शय्या दान तिसको जो ग्रहण कर्त्ताहै और हाथि दानकों जो ग्रहण कर्त्ताहै तिसके मुखकों त्रय ३ वर्ष पर्यंत दाता न देखे ॥ ११ ॥ और जेकर दैवतें तीर्थआदिविषें देखे तां दाता अति कृच्छ्र व्रतकरे और ब्राह्मण पटगर्भ विधितें संस्कार करणेतें शुद्धिको प्राप्तहोताहै ॥ १२ ॥ और

पुनस्संस्कारभृद्विप्रःपटगर्भविधानतः अन्यथादोषमाप्नोतिदाताविफलमश्नुते ॥ ९ ॥ कोटिहोमेलक्षहोमेपापपुरुषप्रतिग्रहे आचार्य्यस्यमुखंदातादैवाद्यानावलोकयेत् ॥ १० ॥ तत्राप्यतिकृच्छ्रंदातुरितरेषांपुनःसंस्कारः श्वेताश्वमृतशय्यायांगजदानप्रतिग्रहे त्र्यब्दंहितन्मुखंदातादैवाद्यानावलोकयेत् ॥ ११ ॥ अतिकृच्छ्रीचदातास्याद्ब्राह्मणःपटगर्भतः १२ आर्द्रकृष्णाजिनेचैवसप्तशैलप्रतिग्रहे द्वित्र्यब्दंतन्मुखंदातापूर्ववन्नावलोकयेत् ॥ १३ ॥ ब्रह्मकृच्छ्रंचरेद्दाताइतरेपटगर्भतः शुद्ध्यंतिसततंविप्राःशातातपवचो यथा ॥ १४ ॥ ब्रह्मकृच्छ्रंप्राजापत्यमित्यर्थः ॥ कपिलाद्विमुखीदानेदासीगृहपरिग्रहे अब्दमेकंद्विजंदातापूर्ववन्नावलोकयेत् ॥ १५ द्विमुखीउभयमुखीत्यर्थः ॥ पर्णकृच्छ्रंततःप्रोक्तमितरेषांहिपूर्ववत् तुलादिसप्तदानेषु ऋत्विजोहोतृकानपि द्वारस्थान्नावलोकेद्दाफलकृच्छ्रमुदाहृतम् १६ मासत्रयमित्यर्थः

कृष्ण मृगके आर्द्र क्या गिल्लेचर्मके दानविषे दोवर्ष और सप्त७पर्वत दानकें ग्रहणविषे त्रयवर्ष पर्यंत दाता दानकें ग्रहण करणवालेके मुखकों न देखे १३ जेकर दैवतें देखे तां दाता प्राजापत्यकृच्छ्र व्रतकों करे और इतर जो आचार्य्यआदि सो पटगर्भ विधितें शुद्धहोतेहैं एह शातातपका वचनसत्यहै १४ और कपिलागौकें दानविषें और उभयमुखी गौके दानविषें और दासी और गृहदानविषे दाता एकवर्षपर्यंत दानग्रहीताके मुखको पूर्वकीन्याईं नदेखे १५ जेकर दैवतें देखे तां दाता पर्णकृच्छ्र व्रतकों करे और आचार्य्य आदिकांकी शुद्धि पूर्वकी न्याईं पटगर्भ विधानतें होतीहै और तुला आदिसप्त७दानां विषें दाता द्वारविषे स्थित जो ऋचांकों पठनवाले तिनांकों न देखे त्रयमास ३ पर्यंत जेकर देखे तां फल कृच्छ्र करके शुद्ध होताहै ॥ १६ ॥

सर्वेषामिति संपूर्ण ऋत्विजजोहैं तिनांकेदर्शनविषे दाता आदरकर्के गायत्रीका एक हजारज पकरे और आज्य और भूषण और धेनुइनांके दानविषे और वळद आदिके दानविषे १७ ॥ और महिषी और बकरी और भेड इनांके दान विषे एकमासपर्यंत निरंतरदर्शन न करे जेकर करे तां ऋत्विजांको एकशत १००गायत्रीकाजपकहाहै और जोदानकरणे वालाहै सो तिसदोष केदूर करणे वास्ते धेनुदान करे १८अब इसमे विशेषकहतेहैं सात्त्विकेति सात्त्विक क्या चवी यां२४ अवतारांकीयांमूर्त्तियांके दान ग्रहण करणेवाला जो पुरुष है तिसके दर्शनकरणेमे दोष नहिजानणा ॥ अब इसीविषे गालवजीकावचनहै हेब्राह्मणांके प्यारे चवीयां अवतारांकीयांमूर्त्ती आदिकके दानविषे और दशां १०अवतारांके मूर्त्तिदानविषे और हेंप्रभो लक्ष्मीनारायण प्रतिमा आदि दानविषे दाता और दानके ग्रहण करणवालेकों परस्परमुखके देखणेविषे दोषनहि १॥ और अर्द्धनारीश्वर शब्दका अर्थ कहतेहैं क्या पार्वती शिवांकी प्रतिमादिकके दान विषे और

सर्वेषामृत्विजांप्रोक्तंसहस्रजपमादरात् आज्यालंकारधेनूनामनडुवाहा दिसंग्रहे ॥ १७ ॥ महिषीछागवस्तानांमासमेकंनिरंतरम् ऋत्विजां शतगायत्रींदाताधेनुंसमाचरेत् ॥ १८॥ सात्त्विकदानेषुचतुर्विंशति मूर्त्यादिदानावलोकने न दोषः ॥ गालवः चतुर्विंशतिमूर्त्यादिदानेषुद्वि जवल्लभ दशावतारदानेषु अर्द्धनार्य्यादिषुप्रभो मुखावलोकनंदातृग्रहीत्रो र्नतुदोषभाक् ॥ १ ॥ अर्द्धनारीश्वरं लक्ष्मीनारायणप्रतिमा ॥ उमामहेश्व रप्रतिमादानेषु कृष्णाजिनतिलविरहितेषु दातृप्रतिग्रहीत्रोर्मुखावलोकनं न दोषहेतुः ॥

कृष्ण हरिणका चर्म और तिल इनांते रहित जो दानहैं तिनांविषे दाता और ग्रहीताकों परस्पर देखणेमे पूर्वोक्तदोष नहि ॥जेडीयां २४ मूर्त्तियां दानवास्ते वनाईआंजातीयांहैं सो पांचतांत्रविषे लिखतेहैं सशक्तिकाय केशवायनमः १ नारायणायनमः २ माधवायनमः ३ गोविंदायनमः ४ विष्णवेनमः ५ मधुसूदनायनमः ६ त्रिविक्रमायनमः ७ वामनायनमः ८ श्रीधराय नमः ९ हृषीकेशायनमः १० पद्मनाभायनमः ११ दामोदरायनमः१२इत्यादिमंत्रोंकर्के जों वारां मूर्त्ती हैं सों शक्तिके साथ गिणनेतें २४ जाणनीयां और दशावतारोंके दानमे मत्स्य १ कूर्म २ वराह ३ नरसिंह ४ वामन ५ रामचंद्र ६ पर्शुराम ७ बलदेव ८ बुद्ध ९ कल्की १० इसनामकीयां स्वर्णादिमयमूर्त्तियां जाणनीयां ॥ और जो पिछे पटगर्भ विधि कहीहै सों वस्त्रका गर्भ वनाके तिसकीयोनिसे निकालना एह संस्कार विशेष गोमुखप्रसवकी न्याईं जानणा

कृष्णेतिश्रीर काले हरिणका चर्म श्रौर तिल इनांतें रहित श्रेष्ठ प्रतिमाश्रादिदानके ग्रहणकरणे विषे विशेष जाबालिऋषिकहताहै दशेति इनांदस्सां १० अवतारांके दानके योगांविषे तिल चर्मादिदानांविषे चाहे पूर्वोक्तमूर्त्तिभी साथहोवे तांभी तिसजगाभोजनकरणे वाले ब्राह्मणकों दाता छेःमहीने तक न देखे ॥ १ ॥ उत्क्रांतिरिति मरणसमयविषे आतुरदानकों श्रौर वैतरिणी दान कों श्रौर पुतलादाह विषे जो ब्राह्मण दानकों ग्रहण कर्त्ताहै श्रौर प्रेतके निमित्त जो दान है तिसकों जो ग्रहण कर्त्ताहैं श्रौर प्राणिके मरणेतें यारमें ११ दिन विषे जो तिसके गृहविषे अन्नकों भक्षण कर्त्ताहै ॥ २ ॥ उग्रशांतियां क्या बालकांके जन्म विषे अभुक्तमूलादि

कृष्णाजिनतिलरहितेप्रधानप्रतिमाप्रतिग्रहे विशेषमाह जाबालिः ॥ दश स्वेतेषुयोगेषुभुक्तवत्सुद्विजोत्तमान् तिलाजिनप्रधानेषुषण्मासंनाऽवलोकयेत् १ उत्क्रांतिवैतरण्योश्चतथाप्रतिकृतौनृप अन्नप्रतिग्रहेतातएकाहभोजनेतथा २ । उग्रशान्तिषुसर्वत्रतथामाहिषसंग्रहे कर्त्तानालोकयेद्विप्रंकायकृच्छ्रमथाचरेत् ३ ॥ उत्क्रांतिर्मरणोपयोगिसमयः। प्रतिकृतिः पर्णशरदाहसमयः ॥ अन्नप्रतिग्रहः प्रेतान्नग्रहः ॥ एकाहभोजनं एकादशाहभोजनम् ॥ उग्रशान्तयः शिशूनांजनने अभुक्तमूलादयःस्पष्टमन्यत् । ⊛ कायकृच्छ्रंलक्षयतिमरीचिः ॥ चत्वार्य्यहानिग्रासाःस्युरेकैकंप्रत्यहंप्रति निराहारस्तथातेषुचतुर्ष्वासायभोजनम् ॥ १ ॥ तदंतेव्रतिभिर्देयागौरेकाचान्द्रभूषणा कायकृच्छ्रमिदंप्रोक्तंमुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ २ ॥ चतुर्षुदिवसेषु प्रत्यहमेकैकग्रासभोजनम् ततश्चतुर्षूपवासः ततश्चतुर्षुसायंभोजनमिति द्वादशाहनिर्वर्त्योयं कायकृच्छ्र इत्यर्थः ॥

तिनांविषे जो दानकों ग्रहण कर्त्ताहै श्रौर तैसे माहिषदानको जो ब्राह्मण ग्रहण कर्त्ताहै तिसकों दाता न देखे जेकर देखे तां कायकृच्छ्रव्रतकों शुद्धिवास्ते करे ३ ⊛ अवकायकृच्छ्र विधिके करणे वाला न देखे जेकर देखे तां कायकृच्छ्रव्रतकों शुद्धिवास्ते करे ३ ⊛ अवकायकृच्छ्र व्रतकों मरीचि ऋषिजीदखातेंहैं चेति चारदिन पर्यंत दिन दिनविषे एक एक ग्रास भक्षणकरे श्रौर तिसतें पछि चार दिन कुछ न भक्षणकरे श्रौर तिसतें पीछे चार दिन रात्रि विषे भोजनकरे श्रैसे बारां दिनांकर्के कायकृच्छ्रव्रतकों करे ॥ १ ॥ श्रौर व्रतकी समाप्तिविषे व्रतिपुरुषांनें रजत भूषण युक्त एक गौ देणेयोग्यहै एह काय कृच्छ्र व्रत यथार्थधर्मके देखणवालयां मुनियांनें कहाहै ॥ २ ॥

अवप्रजापतिका वचनहै चार ४ दिनां विषें चारहि ग्रास दिनविषें भक्षणकरे और चारदिन कुछ न भक्षण करे और चार ४ दिन रात्रिविषें भक्षणकरे एह वारांदिनांका परम श्रेष्ठ कायकृच्छ्रनाम व्रतहोताहै १ विधिवास्ते मरीचिऋषिकावाक्यहै प्रातःकालतेंलेके संध्याकालपर्यंत जैसेविधिहै तैसे ब्राह्मण स्नानकों करे गंधपुष्पआदिककें विष्णुका पूजनकरे जद सूर्य्यअस्तहोवे तांवुद्धिमान् १ विष्णुतांई निवेद्य देककें ग्रासका भक्षणकरे और पीछे हथपादशुद्धकर्के दोंआचमनकरे और नारायणकों स्मरणकर्त्ता होया समीपहि शयनकरे फेर दूसरे दिन प्रातःसमय उठके पूर्वकीन्यांई नियमकरे ३ तिस दिनविषेभी ग्रासभक्षणकरे ऐसे चारदिन ग्रास भक्षण कर्के तिसतें परे चार दिन

प्रजापतिः । चतुर्ष्वहस्सुग्रासाःस्युर्निराहारस्तथापुनः चतुर्ष्वासायभक्ष्यः स्यात्कायकृच्छ्रमिदंपरम् १ तद्विधिमाह मरीचिः। आसायंप्रातरारभ्यस्नात्वाविप्रोयथाविधि अभ्यर्च्यगन्धपुष्पाद्यैरविरस्तंगतोयदा १ तदाग्रासंसमश्नीयाद्विष्णवार्पितममुंसुधीःप्रक्षाल्यपूर्ववत्सर्वंद्विराचम्यशुचिस्तथा २ ॥ स्वपेद्देवसमीपेतुनारायणमनुस्मरन् पुनःप्रातःसमुत्थायकृत्वानियमपूर्वकम् ॥ ३ ॥ तत्रापिभक्षयेद्ग्रासमेवंचतुरहंप्रति ततःपरंनिराहारस्तथा चतुर्ष्वभोजनम्॥४॥ अभोजनमेकाहारइत्यर्थः॥ गोदानंव्रतपूर्त्यर्थं पंचगव्यंपिवेत्ततः कायकृच्छ्रमिदंदेवाद्विजानांपावनंस्मृतम् ॥ ५ ॥ अथकायकृच्छ्रप्रत्याम्नायः ॥ तत्रदेवलः ॥ शृणुरामप्रवक्ष्यामिकायकृच्छ्रस्यधीमतः प्रत्याम्नायंमहापुण्यंशृण्वतांपापनाशनम् ॥ १ ॥ दशगावःप्रदातव्याः सवत्साभूषिताअपि पयस्विन्यःसुशीलाश्चस्वर्णशृंग्योमहत्तराः ॥ २ ॥

उपवासकरे वैसे चार दिनां विषे रात्रिविषें एक आहारकरे ४ और व्रतकेंपूर्णफलकी प्राप्तिवास्ते गोंदानकरे और पंचगव्यका पानकरे एहकायकृच्छ्र ब्राह्मण आदि वर्णकों पवित्रकरणेवाला कहाहै ५ ॥ अवकायकृच्छ्रका प्रत्याम्नायहै तिसविषे देवलजीका वाक्यहै हेराम कायकृच्छ्रकें वुद्धिके देणे वाले वदलेंनू श्रवणकर कैसा वदलाहै महापुण्यहै क्या वहुतपवित्रहै और जो श्रवणकर्तेहैं तिनांके पापकों दूरकरणे वालाहै १ दश १० गौवां सहित वच्छयांके दुग्धकर्केयुक्त सुशीला स्वर्णके शृंगांककें युक्त और पूजित देणे योग्यहैं वदले विषे ॥ २ ॥

इसी विषयमे गालवजीका वचन है सर्वेति संपूर्ण पापांके दूर करणे वाला जो कायकृच्छ्र व्रत है हेराजन् तिसका प्रत्याम्नाय एह है कि सहित बच्छयांके दश १० गौयां तिनांके दानकरणे करके साधुस्वभाववाला पुरुष कायकृच्छ्र व्रतके फल कों प्राप्त होताहै ॥ १ ॥ अब कण्वऋषिका वचन है कायेति संपूर्ण पापांके नाशकरणे वाला कायकृच्छ्र जो संपूर्ण व्रत है तिसका वदलाराजयांके संपूर्ण पापांके नाश करणे वाला और महादानके ग्रहणकरणे वाले जो पुरुषहै तिनांके संपूर्ण पापांके नाशकरणे वाला कहाहै अथवा राजयांते प्रति ग्रहउठाणे वालयांके पापको दूर कर्चाहै ॥ १ ॥ स्नात्वेति पुण्यदिन विषे ब्राह्मण पूर्वकी न्याई संकल्पकों करके तिलक और पुष्प आदिकांकर्के दशां ब्राह्मणांकों

॥ गालवः ॥ सर्वपापहरस्यास्यकायकृच्छ्रस्यवैनृप प्रत्याम्नायोदशगवांसवत्साः साधुवृत्तिमान् एतदाचरणेनैवकायकृच्छ्रफलंलभेत् ॥ १ ॥ कण्वः ॥ कायकृच्छ्रस्यसर्वस्यसर्वपापहरस्यच राज्ञांप्रतिग्रहीतृणां सर्वपापहरंपरम् ॥ १ ॥ स्नात्वापुण्यदिनेविप्रः सुसंकल्प्यैवपूर्ववत् विप्रानभ्यर्च्यगन्धाद्यैर्दशधेनूःपृथक्पृथक् ॥ २ ॥ दद्यात्प्रत्याम्नायभूताः सर्वपापापनुत्तये एतस्याचरणेपूर्णेकायकृच्छ्रफलंलभेत् ॥ ३ ॥ ❀ अथौदुम्बरकृच्छ्रम् ॥ तत्रदेवलः ॥ औदुम्वरस्यकृच्छ्रस्यलक्षणंवच्मितत्त्वतः कृच्छ्रं महत्तरंभूपसर्वपापहरंपरम् ॥ १ ॥ पितृमातृपरित्यागःस्वदाराणांह्यनागसाम् भगिनीभागिनेयार्थिगर्भिण्यातुरकन्यका ॥ २ ॥ वालश्चकुलवृद्धश्च अतिथिश्चागतःप्रभो सामर्थ्येसतिवन्धूनांत्यागेदोषोमहत्तरः ॥ ३ ॥ ब्रह्महत्यामवाप्नोतियद्युपेक्षापरायणः ॥

१० पूजके भिन्न भिन्न एक एककों प्रसूतहोई गौंदेवे ऐसें दश १० गौवां दानकरे ॥ २ ॥ एह प्रत्याम्नाय संपूर्णपापांके नाशकरणवास्ते कहाहै इसके करणेकरके कायकृच्छ्रके फलनूं प्राप्तहोताहै ॥ ३ ॥ ❀ इसतें उपरंत औदुम्वरकृच्छ्रहै तिसविषे देवलजीका वाक्यहै आविति औदुम्वरकृच्छ्रके लक्षणनूं यथार्थकर्के कहतांहां एह कृच्छ्र वहुत श्रेष्ठहै हेराजन् संपूर्ण पापांकेनाशकरणे वालाहै ॥ १ ॥ अब इसकर्के दूरहोणेवाले पापोंको कहतेहां पीति पिता और माता और अपराधतें विना स्त्रीयां इनांका जो त्यागहै और भैण और भनेवां और अर्थी और गर्भिणी और रोगी और कन्या ॥ २ ॥ और वालक और कुलमे वृद्ध और अतिथि इनांसंवंधियांके कदाचित् त्याग विषे सामर्थ्यके होयां २ महा दोषहै ॥ ३ ॥ इनांकों सर्वदा त्यागणे वाला पुरुष ब्रह्महत्या पापकों प्राप्त होताहै ॥

भेति भैण और दूसरीमाताकीकन्या और संबंधितेरहितजो स्त्रीहै और जिसकाभर्त्ता विदेशगियाहै और अनाथ जो कन्याहै और विधवास्त्री इनांकों जो पुरुषकारणतें विनात्यागताहै । १ । और पिताकी भैण और माताकी भैण और विदेश गियाभर्त्ता जिसका ऐसी पुत्रतें रहित जो स्त्री है और पूजने योग्य जो स्त्री अर्थात् गुरुआदिकीस्त्री तिनांकों त्यागणे कर्के पुरुषनरककों प्राप्तहोताहै अथवा(अधनीयां)क्याधनतें रहितजो स्त्रीहै ॥ २ ॥ और महाभारतविषेंभी एहविषयकहाहै पितेति कौमार अवस्थाविषे पितारक्षाकरे और भर्त्ताजुवानी अवस्थाविषेरक्षाकरे और पुत्रवृद्ध अवस्थाविषें रक्षाकरे स्त्री अपने अधीन कदाचित् होणेकों योग्यनहिहै ॥ १ ॥ और उन्मत्त और पतित और नपुंसक और काण और बधिर ऐसें पिताकी पुत्र आदिअन्न वस्त्र आदिकांकर्के रक्षाकरे ॥ २ ॥ अवगोत्तमजीकावाक्यहै अरक्षेति रक्षणेयोग्यजोस्त्री नाहि तिसकीरक्षाकरताहै और जो रक्षणेयोग्यहै

भगिनींचस्वसारंह्यनाथांगतभर्तृकाम् पुत्रीमनाथांविधवांयस्त्यजेत्कारणं विना ॥ १ ॥ पितृभगिनींमातृभगिनीमपुत्रांगतभर्तृकाम् अर्चनीयांपरित्य ज्यसवैनरकमश्नुते यद्वाअधनीयामियमधनाइत्येवंज्ञाताम् २ महाभारते पितारक्षतिकौमारेभर्त्तारक्षतियौवने पुत्रस्तुस्थविरेभावेनस्त्रीःस्वातंत्र्यमर्ह ति ॥ १ ॥ उन्मत्तंपतितंक्लीबंकाणंबधिरमेवच पुत्रादिर्यत्नतोरक्षेदन्नवस्त्रा दिभिःशनैः ॥ २ ॥ गौत्तमः ॥ अरक्षणीयांयोरक्षेद्रक्षणीयांपरित्यजेत् सवै नरकमाप्नोतितिर्य्यग्योनिषुजन्यते ॥ १ ॥ किंचवेश्यादासीतन्मातरस्तत्पु त्राःकुण्डगोलकनटविटगायकचार्वाकास्त्वरक्षणीयाः ॥ अनाथगतभर्तृकानि ष्पुत्राःस्त्रियः पितृव्यज्येष्ठभ्रात्रादयोनिष्पुत्रानिर्धनिनः काणकुब्जादयो यत्नतोरक्ष्याः एतेषांपरित्यागेदोषः ॥

तिसकी रक्षा नहि करता सो पुरुषनरककों प्राप्तहोताहै और पशुआदिकजन्मकों प्राप्तहोताहै १ । और विशेषकहतेहै वेश्येति वेश्या और दासी और तिनांकीयांमाता और तिनांकेपुत्र और भर्त्ताके जीवतयांजो जारतें जन्मयाहै ऐसा कुंडपुत्र भर्त्ताके मृतहोयां होयां जो जारतेंजन्मयाहै गोलकपुत्र और नट और विट् क्या व्यभिचारी पुरुषका नौकर और गायक और चार्वाक क्या नास्तिक एह रक्षाकरणे योग्यनहिहैं ॥ और विशेषकहतेंहै अनेति संबंधियांतें रहित और जिसका भर्त्ता विदेश गियाहै और पुत्रातें रहित जो स्त्री है और पिताका भ्राता और पुत्रतें रहित अपणा बडा भ्राता धनतें रहित भी पूर्वोक्त और काणा अक्षि कर्के और कुबेतें आदलेके जो पुरुष वा स्त्रीहोवे सो एह यत्नतें रक्षाकरणे योग्यहैं इनांके त्यागविषे दोषहै ॥

तदिति तिस दोषके दूरकरणे वास्तें प्रायश्चित्तकों मार्कंडेयऋषि कहताहै सामर्थ्यके होयां २ जो
पुरुष इनां अपणे संबंधियांकों त्यागताहै सोकाकजन्मकों प्राप्तहोकर वारंवारदुःखी होताहै १ ॥
एकमास पर्यंत जो त्यागताहै सो पंचगव्यके पीणेकर्के शुद्ध होताहै और जोर पुरुष छे६ मास
पर्यंत संबंधीयांकों त्यागताहै सो स्वर्णकृच्छ्रव्रतकर्के शुद्ध होताहै और वर्ष पर्यंत संबंधियांके त्या
गविषे औदुम्बर कृच्छ्र कहाहै और वर्षतें अधिक त्यागविषे चांद्रायण व्रतकहाहै ॥ २ ॥ अब प
राशरजीकावचनहै औबिति औदुंबर व्रतविषे चावलांकों वासांकीकों जैसे विधिहै कि वारां १२

तत्प्रायश्चित्तमाहमार्कण्डेयः ॥ सतिसामर्थ्येत्यजेद्यस्तुएतान्वन्धुजनान्स्व
कान् सकाकयोनिमासाद्यदुःखीभूयात्पुनःपुनः १ ॥ मासंत्यक्त्वापंचगव्यं
षण्मासान्स्वर्णकृच्छ्रकृत् वत्सरऔदुम्वरंप्रोक्तमर्वाक्चान्द्रायणंपरम्
२ ॥ पराशरः औदुम्बरेतंडुलानांश्यामाकान्वायथाविधि दशद्वेधाविभ
ज्यैवप्रत्यहंपाचयेद्व्रती ॥ १ ॥ दशद्वेधाद्वादशधेत्यर्थः ॥ औदुम्वरैःशुष्क
पर्णैःपाचयेन्नान्यदारुभिः औदुम्वरैश्चपर्णैश्चआर्द्रैःपात्रमुदाहृतम् ॥ २ ॥
तत्रनिक्षिप्यतंग्रासंविष्णवेपूर्वमादिशेत् चतुर्थकालआयातेपूर्ववन्नियमंच
रेत् ॥ ३ ॥ ग्रासवचननियमादिकमित्यर्थः॥ एवंग्रासाद्वादशस्युर्द्वादशाहा
निभक्षयेत् अत्रापिगौःप्रदातव्यापंचगव्यंपिवेत्ततः ॥ ४ ॥

हिस्से करे ॥ १ ॥
विभागकर्के दिन दिनबिषे वारां दिन पर्यंतव्रतीपकावे दशद्वेधा क्या वारां १२ हिस्से करे ॥ १ ॥
गूलरवृक्षके शुष्कपत्रां कर्के पकावे होरी काष्ठ कर्के न पकावे और गूलरपत्रां कर्के मिश्रित जो
पलाहके पत्र तिनां कर्के पात्र बनावे ॥ २ ॥ तिस पात्रविषे तिसग्रासकों रखके विष्णु तांई पह
ले अर्पण करे और पीछे चौथे पहर विषे पूर्वकी न्यांई नियम करे क्या भक्षण करे नियम कर्के
ग्रासादिके भक्षणका विधान जानणा ॥ ३ ॥ इस प्रकार वारां ग्रासहैं वारां १२ दिन वास्तें
और इस विषे भी पंचगव्यका पान करे और एक गौदान करणे योग्यहै ॥ ४ ॥

एवमिति एह औदुम्बर नाम कृच्छ्र व्रतकहाहै सो विशेषकर्के करणे योग्यहै मौनव्रतविषेयुक्तहोके उत्तमग्रासका भक्षण करे ॥ ५ ॥ और हत्थां पादांकोंधोके दोवार आचमन करे विधिकर्के फेर सायंकालविषे कर्मकों करे तिसतें पीछे नारायणके आगें शयन करे ॥ ६ ॥ फेर प्रातःकालविषे निर्मलहोकर दूसरे दिनकीकृत्यकों पूर्वकीन्यांईकरे ऐसें शास्त्रकर्के कहीजो विधि तिसकेकरणेकर्के शुद्धिकों प्राप्त होताहै ॥ ७ ॥ इसतें उपरंत औदुम्बरकृच्छ्रका प्रत्याम्नायकहाहै तिसविषे देवलजी का वचनहै औदुम्बरेति औदुम्बर कृच्छ्रका प्रत्याम्नायपुरुषांकों श्रेष्ठकहाहै तिसके करणेकर्के संपूर्ण फलकोंप्राप्तहोताहै । १ । अब मार्कंडेयजीकावाक्यहै प्रत्येति हेरामपूर्व औदुम्वरकृच्छ्रकाप्रत्याम्नाय

एवमौदुम्बरंकृच्छ्रंकर्तव्यंचविशेषतः भक्षयेदुत्तमंग्रासंमौनव्रतपरायणः ५ ॥ पादौप्रक्षाल्यपाणीचद्विराचम्यविधानतः सायाह्निकंततःकृत्वास्वपेन्नारायणाग्रतः ॥ ६ ॥ पुनःप्रभातेविमलोद्वितीयंपूर्ववच्चरेत् एवंशास्त्रोक्तविधिनाकृत्वाशुद्धिमवाप्नुयात् ॥ ७ ॥ अथौदुम्बरकृच्छ्रप्रत्याम्नायः॥ तत्रदेवलः ॥ औदुम्बरस्यकृच्छ्रस्यप्रत्याम्नायःपरंनृणाम् तस्याचरणमात्रेणसंपूर्णफलमश्नुते ॥ १ ॥ मार्कंडेयः ॥ प्रत्याम्नायःपुरारामजामदग्न्येनभाषितः मातृहत्याविशुद्ध्यर्थंकिमुतान्यस्यपापिनः ॥ १ ॥ राजविजये ॥ कृच्छ्रस्यौदुम्बरस्यास्यप्रत्याम्नायोमहानयम् सर्वपापविशुद्ध्यर्थंसृष्टवान्पद्मभूः पुरा १ ॥ चतुर्विंशतिमते ॥ औदुम्बरस्यकृच्छ्रस्यप्रत्याम्नायस्यलक्षणम् अष्टगावःप्रदातव्याःसालंकाराःसुलक्षणाः १ ॥ हेमशृंग्योरौप्यखुराःकांस्यदोहनसंयुताः सर्वपापविनिर्मुक्तःसंपूर्णफलमाप्नुयात् ॥ २ ॥

मातृहत्याकीशुद्धिवास्ते परशुरामनेंकथनकीताहै अन्यपापीकाक्या कहणाहै । १ । राजविजयग्रंथ विषे कहाहै कृच्छ्रेति इसऔदुम्बरकृच्छ्रकाएहप्रत्याम्नाय श्रेष्टहै संपूर्णपापांकी शुद्धि वास्ते इसकों पूर्वब्रह्माउत्पन्न करताभया ॥ १ ॥ चतुर्विंशति मतविषे कहाहै औदुंवरकृच्छ्रके प्रत्याम्नायकेलक्षण कों कहतेहैं अठ ८ गौयां देणेयोग्यहैं कैसीयां गौयां जो शोभाकर्के युक्तहैं और श्रेष्ट लक्षणा वालियांहैं ॥ १ ॥ और सुवर्णके शृंगों कर्के युक्त और रजत खुरां कर्के युक्त कांस्यके दोहन पात्र कर्के युक्त तिनां गौयांके देणे कर्के संपूर्ण फलकों प्राप्त होता है ॥ २ ॥

इसतें उपरंत माहेश्वरकृच्छ्रका लक्षणकहाहै कृच्छ्रमिति माहेश्वरनामककें जो कृच्छ्रव्रतहै सो संपूर्ण पापांके नाशकरणेवालाहै इसमें गाथाकहतेहैं पूर्वशिवजीक्रोधककें कामदेवकों यद दाहकरते भये तां शिवजीमें बडादोषहोताभया ॥ १ ॥ तिसदोषके दूरकरणेंवास्तेब्रह्माकों पुछताभयाहेदेव कामके दाहकरणेंतें मेरेविषें वहुतदोषस्थितहै तिसदोषकेदूरकरणेवास्तेउपायकहो। २। ब्रह्माजीकहतेभये सर्वेति संपूर्ण दोषांके दूरकरणे वाला और संपूर्ण उपद्रवांके नाशकरणेवाला और पुरुषांकों सं पूर्ण पुण्यके देणेवाला और संपूर्ण स्नानका फलदेणे वाला और वहुत श्रेष्ठहै ॥ ३ ॥ प्रातरिति प्रातः काल विषें दंतधावनकों करकें स्नानको करे और जैसें योग्यहै तैसें संध्या वंदनआदिक

* अथमाहेश्वरकृच्छ्रलक्षणम् ॥ कृच्छ्रंमाहेश्वरंनामसर्वपापप्रणाशनम् पु राकंदर्पदहनेमहान्दोषोभवेद्यदा ॥ १ ॥ तद्दोषपरिहारार्थंब्रह्माणंपर्य्य पृच्छत पंचवाणस्यदहनान्महान्दोषोमयिस्थितः ॥ २ ॥ तद्दोषपरिहा रार्थंनिष्कृतिर्देवकथ्यताम् ॥ ब्रह्मा ॥ सर्वदोषप्रशमनंसर्वोपद्रवनाशनम् सर्वपुण्यप्रदंन्हृणांसर्वस्नानफलंमहत् ॥ ३ ॥ प्रातःस्नात्वायथाचारंदंत धावनपूर्वकम् तावन्नारायणंस्मृत्वापूर्ववत्पापमोचनम् ॥ ४ ॥ यदामंदा यतेभानुस्तदाकापालमुद्वहन् श्रोत्रियाणांचविप्राणांगृहेपुत्रिपुसंख्यया ॥ ५ ॥ शाकंभक्ष्यंफलंवापियथासंभवमादरात् आनयित्वाथदेवायसम र्प्यविधिपूर्वकम् ॥ ६ ॥ भक्षयेत्तानिसर्वाणिवाग्यतोन्नमकुत्सयन् हस्तौ पादौतुप्रक्षाल्यद्विराचम्यशुचिःस्ततः ॥ ७ ॥ सायंकालेस्वपेन्नाथसमीपे नियतावसेत् ततःप्रातःसमुत्थायपूर्ववत्सर्वमाचरेत् ॥ ८ ॥

कर्मांकों करे तां फेर पापांके नाशकरणे वालेजो विष्णु तिनांको पूर्वकीन्याईं स्मरण करे ४ ॥ और यद सूर्यका तेज मंददोवे तद कापालको ग्रहणककें वेदपाठी जो ब्राह्मणतिनांके तीनगृहां विषें संख्याककें ॥ ५ ॥ भक्षण करणेकेयोग्य जो शाकवाथुआदिक और फलकदली आदिकहै जैसें प्रातहोवे भिक्षा तिसकों आदरतेंल्यावे और विधि पूर्वक विष्णुके तांईं अर्पणककें ॥ ६ ॥ भक्षणकरे संपूर्णांनूं मौनधारके अन्न निंदा न करे हत्थ और पादांको शुद्धककें दोवार आचमन करे ऐसें शुद्ध होके ॥ ७ ॥ रात्रिविषे विष्णुके समीप शयन करे इंद्रियांकों रोकके तिसते उपरंत दूसरे दिनबिषे प्रातःकाल उठके पूर्वकी न्यांईं संपूर्ण नियम करे ॥ ८ ॥

गौरिति एकगौ श्रेष्ठब्राह्मणकेतांई देवे कर्मोंके फलकी प्राप्तिवास्ते पीछे पंचगव्यनूं पीवे एह माहेश्वर कृच्छ्रकहाहै। ९। हेभगवन् इसव्रतकों कर संपूर्णदोषांकी शांतिवास्ते और संपूर्ण पापांके दूरकरणेवास्ते और संपूर्णकल्याणांकी प्राप्तिवास्ते। १०। असे श्रवणकर्के महादेव व्रतकों करता भया इसी कर्के इसका नाम माहेश्वर व्रत है महेश्वर जीने प्रकाशित कीताहै और इस माहेश्वर कृच्छ्रके करणेकर्के ब्राह्मण आदि वर्ण पापतें रहितहोताहै। ११ ॐ अब माहेश्वरकृच्छ्रकाप्रत्यात्रायहै तिसविषे देवलजीका वाक्यहै मेति माहेश्वर नामकर्के जो कृच्छ्रव्रत तिसके बदलेनूं श्रवणकर कैसा बदलाहै संपूर्ण पापांके दूर करणे वाला और संपूर्ण कृच्छ्र फलकेदेणे वालाहै १॥

गौरेकाद्विजवर्य्यायदेयाकर्म्मफलाप्तये पंचगव्यंपिवेत्पश्चात्कृच्छ्रंमाहेश्वरं त्विदम् ॥ ९ ॥ कुरुष्वचैनंभगवन्सर्वदोषोपशांतये सर्वपापविनिर्मुक्तैचसर्वश्रेयोभिवृद्धये ॥ १०॥ एवंकृत्वातदादेवीमहेशानस्तथाकरोत् एतस्याचरणेनैवद्विजः पापात्प्रमुच्यते ॥ ११ ॥ ॐ अथमाहेश्वरकृच्छ्रप्रत्याम्नायः ॥ तत्रदेवलः ॥ माहेश्वराख्यकृच्छ्रस्यप्रत्याम्नायमिमंशृणु सर्वपापोपशमनंसर्वकृच्छ्रफलप्रदम् ॥ १ ॥ ब्रह्महत्यादिशमनंसर्वग्रहनिवारणम् तुलाप्रतिग्रहीतॄणांपापनाशनहेतुकम् ॥ २ ॥ संध्यादिनित्यकर्म्माणिपरित्यक्तानिसूरिभिः तेषांविशोधनेदक्षंसर्वपापहरंनृणाम् ॥ ३ ॥ गावोदेयाद्विजातिभ्योह्यर्चितावस्त्रभूषणैः हेमघंटादिभिःशुभ्रैरलंकारैरलंकृताः ॥ ४ ॥ स्वर्णशृंग्योरौप्यखुराःकांस्यदोहनसंयुताः रुद्रसंख्याःसवत्साश्चपयस्विन्यःपृथक् पृथक् ॥ ५ ॥

और ब्रह्महत्यादि पापके दूर करणेवाला और संपूर्ण ग्रह बलके दूर करणेवाला और तुलादानके ग्रहण करणे वाले जो पुरुष हैं तिनांके पापके नाशका हेतुहै ॥ २ ॥ और जिनों बुद्धिमानोनें संध्यावंदनादि कर्मत्यागेहैं तिनांके शुद्धकरणेविषे दक्षहै और पुरुषांके संपूर्णपापांका नाशकहै सो प्रत्यात्राय कहतेहां ॥ ३ ॥ गेति गोयां यारां ११ देणी योग्यहैं ब्राह्मणांकेतांई भिन्नभिन्न कैसीयां गोयां वस्त्र भूषणां कर्के युक्त और सुवर्णके घंटे आदि जो श्वेत अलंकार तिनां कर्के युक्त ४ ॥ और सुवर्णके शृंग और रूपेके खुर और कांस्यका दोहनपात्र तिनांकर्के युक्तसहित वछयांके और दुग्ध देणे वालीयां ॥ ५ ॥

प्रति प्रत्याम्नाय विधिविषे गौयां ११ वहुत श्रेष्टहैं रुद्रसंज्ञाक्यारुद्रहै देवता जिनांकाश्रेसयांहैं कि सवास्तेरुद्रकृच्छ्रके फलकी प्राप्तिवास्ते और संपूर्णपापांके दूरकरणेवास्तेहै ६ एवमिति असें जो द्विज प्रत्याम्नायनूं यथाविधिकरके कर्त्ताहै तिसकों संपूर्णकृच्छ्रका फलप्राप्तहोताहै जो फलमुनियांने कहाहै ॥ ७ ❋ अब ब्रह्मकृच्छ्रका लक्षणहै तिसविषे देवलजीका वाक्यहै हेसंपूर्णमुनीश्वरो अब ण करो ब्रह्मकृच्छ्रके लक्षणनूं निंदित अन्नके भक्षण करणे विषे जो पापहै और दुष्ट दानके ग्रहण करणेविषे जो पापहै ॥ १ ॥ और नहिपीणेयोग्य जो विनावच्छेके गौकादूधआदिवस्तु तिसके पीणेविषे जो पापहै और पूर्वकहि जो उग्रशांति तिसविषे जो अन्न और शूद्रकाअन्न ॥ २ ॥ और मठका स्वामी जो संन्यासी तिसका अन्न और छींवेका अन्न और वृषलीक्याशुद्रीकाव नाथहोया अन्न और ऋतुमतीस्त्रीकावनायाहोया अन्न । ३ । और विधवास्त्रीकके पकाअन्न और

प्रत्याम्नायविधौशस्तारुद्रसंज्ञामहत्तराः रुद्रकृच्छ्रफलप्राप्त्यैसर्वपापापनुत्तये ॥ ६ ॥ एवंकृत्वाद्विजोयस्तु प्रत्याम्नायंयथार्हतः तस्यसम्पूर्णकृच्छ्रस्यफलंमुनिभिरीरितम् ॥ ७ ॥ ❋ अथब्रह्मकृच्छलक्षणम् ॥ तत्रदेवलः ॥ शृणुध्वंमुनयस्सर्वेब्रह्मकृच्छ्रस्यलक्षणम् दुरन्नेनैवयत्पापंपापंदुष्टप्रतिग्रहे ॥ १ ॥ अपेयपानेयत्पापंयत्पापंदुष्टभोजने शांत्यन्नेषुचयत्पापंयत्पापंशूद्रभोजने ॥ २ ॥ संन्यासिनोमठपतेर्भोजनेयद्धवेन्नृणाम् यत्पापंरजकस्यान्नेयत्पापंवृषलीकृते ॥ ३ ॥ यत्पापंपुष्पवत्यन्नेयत्पापंविधवाकृते अमंत्रकेपैतृकान्नेयदनारायणीकृते ॥ ४ ॥ चौलेचपैतृकेचैवदीक्षितस्यैवभोजने सूतकद्वितयेचैवतथादुःपंक्तिभोजने ॥ ५ ॥ तथैवदुष्टसंघान्नेतथाक्रीतान्नभोजने पापंपर्युषितचान्नेतथातद्रसकस्यच ॥ ६ ॥ यत्पापमनृतेप्रोक्तमौपासनविवर्जिते एवमादीनिपापानिलघूनिचमहांतिच सर्वेषांहिविनाशायब्रह्मकृच्छ्रंविकात्थितम् ॥ ७ ॥ शान्त्यन्नमत्रपूर्वोक्तोग्रशान्तिभवंवोध्यम् यदनाराणीकृते नारायणाग्रेऽनिवेदितइत्यर्थः

और चौलक मंत्रतें रहितपितराका अन्न और नारायणकेतांई जो नहिअर्पणकीता अन्न । ४ । और चौलक र्मका अन्न और पितरांके निमित्त जो पहलीक्रियातिसका अन्न और यज्ञकी दीक्षा विषे युक्तका अन्न और सूतक मृतसूतकका अन्न और दुष्टपुरुषांकी पंकि विषे भोजन कीताजो अन्न ५ वा लण और दुष्टांके समूहका अन्न और अन्नके वेचण वालेका अन्न और वासी अन्न और रसके वेचण वालेका अन्न ॥ ६ ॥ इनां संपूर्णके सिद्धहोये होये अन्नकों भक्षण करणे विषे जो पाप है और जो असत्यवाणी विषे पाप है और जो पाप देवताकी उपासनाते रहित पुरुष विषे कहाहै इसते आदिके जो पापहैं थोडे वा वहुत तिनां पापांके दूर करणे वास्ते ब्रह्मकृच्छ्र व्रत कहाहै ॥ ७ ॥

अब मार्कंडेयजीका वचनहै गवितिं गोमूत्रऔर गोमय और दुग्ध और दधि और घृत और कुशा का जल इनांकों पूर्वमानकर्के एकत्र करे शुद्धि कों कर्के सो शुद्धि इस जगा पंचगव्यके मंत्रां कर्के जानणी इसीरीतिसें दिनदिनविषे पानकरे ॥ १ ॥ ऐसे पूर्वकीन्याई स्नानादिको कर्ताहुआ बारां दिनां १२ का कृच्छ्र व्रत करे तिसी विधिको कहतेहैं प्रातरिति प्रातः काल विषे स्नानको कर्के जैसे समाहै तैसें नित्यकर्मकों समाप्तकर्के ॥ २ ॥ देवताके मंदिर विषे तैसे गौयांके स्थान विषे व्रती पंचगव्यका पान करे इसका परिमाण कहतेहैं गविति अठ ८ मासे गोमूत्र और सोलां १६ मासे गोमय ॥ ३ ॥ और अठ ८ मासे दुग्ध और त्रय ३ मासे दधि और त्रय ३ मासेघृत और कुशाका जल ॥ ४ ॥ तिस तिस मंत्र कर्कें

मार्कण्डेयः। गोमूत्रंगोमयंक्षीरंदधिसर्पिःकुशोदकम् संपाद्यपूर्वमानेनप्रत्यहंशुचिपूर्वकम् ॥ १ ॥ द्वादशाहंचरेत्कृच्छ्रंपूर्ववत्स्नानमादितः प्रातःस्नात्वा यथाकालंनित्यकर्मसमाप्यच ॥ २ ॥ देवागारेतथागोष्ठेपंचगव्यंपिवेद्व्रती गोमूत्रंमाषकान्यष्टौगोमयस्यतुषोडश ३ ॥ क्षीरंमाषाष्टकंज्ञेयंदधिमाषत्रयं तथा घृतंमाषत्रयंप्रोक्तंतथैवचकुशोदकम् ४ तत्तन्मंत्रेणसंयोज्यंतत्तन्मंत्रेणहावयेत् होमशेषंपिवेत्पश्चाद्रवौमध्याह्नगेसति ५ आसायंमनसाविष्णुंस्मरन्सर्वेश्वरंप्रभुम् स्वपेद्देवसमीपेतुगन्धताम्बूलवर्जितः ६ ततःप्रातःसमुत्थायपूर्ववद्व्रतमाचरेत् एवंद्वादशरात्राणिचरेद्व्रतमनुत्तमम् ७ महापापंचोपपापंमद्यपानसमंतथा तत्सर्वंविलयंयातिहरिनाम्नोऽसुरायथा ॥ ८ ॥

तिनांकों इकठयां करे और तिस तिस पंचगव्यके मंत्रांकर्के हवनकरे और हवनशेषकों पीवे सूर्य्य के मध्यान्हग होयां २ ॥ ५ ॥ और सायंकालपर्यंत सर्वेश्वर जो विष्णु तिनांकों स्मरणकरे और देवताके समीपविषे शयनकरे और सुगंधि वस्तु और तांबूल इनांकोंत्यागे ॥ ६ ॥ तिसतें उपरंत प्रातः काल विषे उठ कर्के पूर्वकी न्यांई व्रत नूं करे ऐसे उत्तम व्रतकों बारां दिनकरे ॥ ७ ॥ और महापाप और उपपाप और मदिराके पीने के पापके तुल्य जो पाप एह संपूर्ण पाप ब्रह्मकृच्छ्र व्रत कर्केनष्ट होतेहैं जैसे हरिके नामतें दैत्य दूर होतेहैं ॥ ८ ॥

इसतें उपांत ब्रह्म कृच्छ्रका प्रत्याम्नायहै तिस विषे देवल जीका वाक्य है हेब्रह्मनुने तूं ब्रह्मकृच्छ्रके आश्चर्य प्रत्याम्नायनूं श्रवणकर जिसके करणे कर्के महापापां तें और उपपातकांतें रहित होताहै ॥ १ ॥ ब्रह्म कृच्छ्र है नाम जिसका सो महा पापांके दूर करणे वाला है तिसकों करे तिस विषे असमर्थ होवे तां फलकी प्राप्ति वास्ते प्रत्याम्नायनूं करें ॥ २ ॥ प्रत्याम्नाय विषे भी पुरुष महाकृच्छ्रकेफलनूं प्राप्तहोताहै अठ ८ गौयां देणयोग्यहैं पूर्वकी न्यांई स्वर्णके शृंगादिकर्के अलंकृत ॥ ३ ॥ वेदके पठनकरणेविषे युक्त जो ब्राह्मण

* अथब्रह्मकृच्छ्रप्रत्याम्नायः ॥ तत्रदेवलः ॥ शृणुब्रह्ममुनेचित्रंप्रत्याम्नायं प्रजापतेः यत्कृत्वामुच्यतेपापैर्महद्भिरुपपातकैः १ । प्रजापतेर्ब्रह्मकृच्छ्रस्य आचरेद्ब्रह्मकृच्छ्राख्यंमहापातकशोधनम् असमर्थःप्रकुर्वीतप्रत्याम्नायंफलाप्तये ॥ २ ॥ प्रत्याम्नायेमहाकृच्छ्रफलंप्राप्नोतिमानवः अष्टौगावःप्रदातव्या पूर्ववत्स्वर्णभूपिताः ॥ ३ ॥ विप्रेभ्योवेदविद्भ्यश्चपृथक्पृथगलंकृताःपयस्विन्यःशीलवत्यःसर्वदोषविमुक्तये ॥ ४ ॥ मार्कंडेयः ॥ प्रत्याम्नायंतदाकुर्याद्यद्यशक्तःप्रजापतेः अष्टौगावःप्रदातव्याःस्वर्णशृंग्यःपयोमुचः ॥ १ ॥ विप्रेभ्योवेदविद्भ्यश्चसर्वकृच्छ्रफलाप्तये एवंकृत्वाद्विजःसम्यक्फलमाप्नोतिकृत्स्नशः ॥ २ ॥

तिनांके तांई भिन्न भिन्न शोभाकर्के युक्त और दुग्धदेणे वालियां और शीलस्वभाव वालियां संपूर्ण दोषांके दूर करणे वास्ते ॥ ४ ॥ अब मार्कंडेयजी का वचनहै प्रेंति प्रत्याम्नायनूं तां करे जेकर ब्रह्मकृच्छ्रकें करणे विषे असामर्थ्य होवे स्वर्णके शृंगांकर्के युक्त दुग्ध देण वालियां अठ ८ गौयां देणे योग्यहैं ॥ १ ॥ वेदके जानणे वाले जो ब्राह्मण तिनांके तांई संपूर्ण कृच्छ्र ब्रत के फलकी प्राप्ति वास्ते असे करणे कर्के ब्राह्मणआदि वर्ण संपूर्ण फलकों प्राप्त होताहै ॥ २ ॥

अथेति इसते अनंतरधान्यकृच्छ्रका लक्षणहै तिसबिषे देवलजीका वाक्यहै धान्येति तुसांताई धान्य कृच्छ्रका स्वरूप और लक्षण कहताहां संपूर्णकृच्छ्र व्रतांके करणविषे जो असमर्थहै सो पुरुषधान्यकृच्छ्रव्रतकों करे ॥ १ ॥ इसविषे मार्कंडेयकावचनहै तत्तेति तप्त कृच्छ्रव्रतते आदि लेके जो संपूर्ण कृच्छ्र व्रत हैं तिनांके करणेकी इच्छावाला जेकर कोई धनवाला होवे वा राजाहोवे तां धान्य कृच्छ्रव्रतकों करे जोजो मैनें कृच्छ्रव्रत कहाहै तिनां संपूर्णांके करणेकी इच्छावाला जेकर होवेतां ॥ १ ॥ खारीति खारी परिमित जो महाधान्यहै तिसके पांचमें ५ हिस्सेकों ग्रहण करे जो सारेका एक भी भाग है तिसका नाम कृच्छ्र धान्य कहाहै । २ । तिसधान्यकों हिस्सेकर्के देवे

अथ धान्यकृच्छ्रलक्षणम् ॥ तत्रदेवलः ॥ धान्यकृच्छ्रस्वरूपंचलक्षणंप्रवदामिवः सर्वेषामेवकृच्छ्राणामशक्तोधान्यमाचरेत् ॥ १ ॥ मार्कंडेयः ॥ तप्तादिसर्वकृच्छ्राणांकर्तुंयदिमहान्प्रभुः धान्यकृच्छ्रंतदाकुर्याद्यद्यत्कृच्छ्रंमयोदितम् ॥ १ ॥ यद्यद्यत्कृच्छ्रंमयाकथितंतेषांसर्वेषांस्थानेइदमेवकुर्य्यादित्यर्थः ॥ कश्चिन्महान्धनीवाप्रभूराजाकर्तुमिच्छेच्चेत्तदाधान्यकृच्छ्रंकुर्य्यादित्यर्थः । खारीधान्यस्यमहतःपंचधाभागमाहरेत् कृत्स्नस्यैकस्तुयोभागःस कृच्छ्रंधान्यसंज्ञितम् ॥ २ ॥ तद्धान्यंभागशोदद्यात्तत्कृच्छ्रंमुनिभिःस्मृतम् तत्कृच्छ्रमाचरेद्विप्रःसंपूर्णफलमश्नुते धान्यवृद्धेर्महाराज्ञःकृच्छ्रंपापापनुत्तये ॥ ३ ॥ मरीचिः ॥ खारीधान्यस्यपंचांशोधान्यकृच्छ्रमुदाहृतम् अतोन्यूनंनकर्तव्यमन्यथादानमीरितम् ॥ १ ॥

सो मुनियांनें कृच्छ्र व्रत कहाहै इसमें एह अभिप्रायहै कि पंचभागकर्के क्रमतें दान करसा जद समग्र दान हो जावेगा तद कृच्छ्रभी पूरा होवेगा अथवा एक खारीके पंच कृच्छ्र होतेहैं तिस कृच्छ्र धान्यनूं ब्राह्मण करे तां संपूर्ण फलकों प्राप्त होताहै धान्यकी वृद्धि कर्के युक्त जो महाराजाहै तिसकों पापांके दूर करणे वास्ते एह धान्य कृच्छ्र व्रत कहाहै ॥ ३ ॥ अब निर्धन पुरुष वास्ते मरीचिऋषिका वचनहै खारीति खारी परिमाण धान्यका पांचमां हिस्सा धान्य कृच्छ्र कहाहै इसतें न्यून क्या घट नहि करणे योग्य जेकर घट होवे तिसका नाम दान कहाहै ॥ १ ॥

अव इसीमें लोगाक्षिऋषिकावचनहै पंचेति खारी प्रमाण महाधान्यका पंचमां५हिस्सा धान्य कृ
च्छ्रकहाहै इसप्रमाणतें घटहोवे तां धान्यदानकहाहै सो पुण्यके देणवालाहै और कृच्छ्रधान्यकेफल
वालानहिहोता ॥ १ ॥ और इसीकास्पष्टार्थहै संपूर्ण धान्य कृच्छ्रका पंचमां हिस्सा नहि करणा
चाहिए जेकर तिस धान्यतें हीन होवे तां कृच्छ्रकाफल नहि होता ॥ २ ॥ इसमै ऐसा अर्थ है कि
राजादिको सारी खारीके देणेसे धान्यकृच्छ्र हुंदाहै और निर्धनको तिसके पांचमे हिस्सेके देणेसे
एह होता अव कहतेहै कि राजा खारीसे न्यून न करे और दूसरा पांचमांसे थोडा न देवे हे बा
ह्मणांविषे श्रेष्ट इस धान्य कृच्छ्रका वदला नहि कहा स्वर्णकृच्छ्र व्रत और धान्य कृच्छ्र व्रत एह

लौगाक्षिः ॥ पंचमांशोधान्यकृच्छ्रंखारीधान्यस्यभूयसः अन्यथाधान्यदा
नंस्यात्कृच्छ्रशब्दोनपुण्यभाक् ॥ १ ॥ संपूर्णधान्यकृच्छ्रस्यपंचमांशोनावि
द्यते तेनहीनंधान्यदानंनकृच्छ्रफलमश्नुते ॥ २ ॥ कृच्छ्रस्यैतस्यविप्रर्षे
प्रत्याम्नायोनविद्यते स्वर्णकृच्छ्रस्यधान्यस्यसमर्थस्यमहात्मनः ॥ ३ ॥
प्रत्याम्नायोनगदितोमुनिभिर्धर्मवत्सलैः धान्यशब्दोव्रीहिएवकृच्छ्राणां न
धान्यांतरम् । केचिच्छ्यामाकधान्यमितिवदंति ॥ मनुः ॥ नीवाराव्रीहयो
धान्यंश्यामाकाःकृच्छ्रसाधनम् नधान्यांतरमस्तीहप्रभूतकृच्छ्रसाधनमिति
१ ॥ ⊛ अथसुवर्णकृच्छ्रम् ॥ तत्रदेवलः ॥ ब्रह्महत्यादिपापानामितरेषांमु
नीश्वराः तुलादिष्विहदानेषुग्रहीतृणांविशोधनम् ॥ १ ।

दोंव्रत समर्थ पुरुषकों कहने । ३ । इनांकाधर्मं वत्सल जो मुनि तिनांने वदला नाहि कहा धा
न्य शब्द करके व्रीहि कहने कृच्छ्र विषे होर धान्य नाहि कहे कै एक ऋषि श्यामाक धान्यको
कहंतेहैं कि धान्य कृच्छ्रमे सामर्थ्य न होवे तां श्यामाक उसकी जगादेणे इसी बिषे मनुजीका
वाक्यहै नीति सवांक और चावल और सांकी एह कृच्छ्र व्रत विषे कहेहैं होर धान्य कृच्छ्रके
सिद्ध करणे विषे नाहि कहे ॥ १ ॥ ⊛ इसतें अनंतर सुवर्ण कृच्छ्र कहाहै तिस विषे देव
ल जीका वाक्य है वह्मेति व्रह्महत्या आदिक जो पापहैं और इतर जो पापहैं और तुलाआदि
दानांकों जो ग्रहण करण वालेहैं तिनां संपूर्णाकों शुद्ध करणे वाला एह स्वर्ण कृच्छ्र कहाहै १ ॥

महेति महाप्रभुकों वराहपरिमाणसुवर्णकहाहै और मध्यमपुरुषकों वराह परिमाणतेंअद्धा सुवर्ण देणाकहाहै और जोनिर्धनहैं तिनांकों वराहपरिमाणतें चौथाहिस्साकहाहै तिसतेंन्यून न करे २ ॥ क्योंकि तिसतें जो न्यूनहै सो सुवर्ण दानकहाहै तिसकेदेणेवालेकों सुवर्णकृच्छ्रकाफलनाहिहोता ३ । इसमें मरीचिऋषिकावचनहै वेति राजाधनीनिर्धनकों इसव्यवस्थासे वराहपरिमाणसुवर्णहोवे तां सुवर्ण कृच्छ्रकहाहै और तिसतें अद्धभी सुवर्ण कृच्छ्रकहाहै वराहपरिमाणतें चौथाहिस्साभी कृच्छ्र है तिसते न्यून होवे तां सुवर्णदान कहाहै उसमें कृच्छ्रशब्दनहि कहा इहां वराहशब्दका अर्थ मानपरिभाषा विषे देखलेना ॥ १ ॥ और धनी पुरुष वराह परिमाणतें अद्धे सुवर्ण का कृच्छ्र करे जो असमर्थ इसके प्रत्याम्नायकी इच्छा करे तिस वास्ते कहतेहैं प्रभ्वेति इसकाप्रत्या

महाप्रभोर्वराहः स्यात्तदर्धंमध्यमस्यहि तदर्धमितरेषाचततोऽन्यूनंनकारयेत् २ ॥ ततोन्यूनंसुवर्णदानमात्रं न कृच्छ्रशब्दः। मरीचिः। वराहस्यतदर्धंचतदर्द्धंकृच्छ्रमीरितम् ततोन्यूनंदानमात्रंकृच्छ्रशब्दोनगद्यते ॥ १ ॥ वराहशब्दार्थोमानपरिभाषायांद्रष्टव्यः ॥ प्रभुमात्रेतदर्धंस्यात्प्रत्याम्नायोनविद्यते मरणांतप्रायश्चित्तानां ब्रह्महंतॄणामकृतनिष्कृतीनामितरेषांरहस्यकृतपापानामकृतनिष्कृतीनां तुलादिसंग्रहीतॄणां यागादिकरहितानां चतुर्भागव्ययाद्यकृतानां कालपुरुषादिप्रतिग्रहीतॄणांतत्तदुक्तसुवर्णकृच्छ्राचरणेन तत्पापक्षयोभवति॥ राजविजये॥ प्रमादाद्ब्रह्महंतॄणामितरेषांप्रभूयसा प्रायश्चित्तेनहीनानां सुवर्णकृच्छ्रमीरितम् ॥ १ ॥

म्नाय नहि मरण पर्यंतहै प्रायश्चित्त जिनांका ऐसे जो ब्राह्मणके मारणवाले और इतर जो पापीहैं नहि कीती शुद्धि जिनानें ऐसे जो गुप्त पापके करण वाले और तुलाआदि दानके ग्रहण करण वाले और पंचयज्ञ आदि कर्मतें जो रहित हैं और दानकों ग्रहणकर्के जो चतुर्थांश ब्राह्मणके तांई नहि देते और काल पुरुष आदि दानांके जो ग्रहण करण वाले तिनां संपूर्णांका पाप दूर होताहै सुवर्ण कृच्छ्र व्रतके करणेकर्के ॥ अब राज विजय ग्रंथ विषे कहाहै प्रेति प्रमादतें जो पुरुष ब्राह्मणका वध कर्तेहैं और इतर जो पापी हैं और जो वडे प्रायश्चित्त कर्के रहित हैं तिनांकी स्वर्ण कृच्छ्र व्रतकर्के शुद्धि कहीहै ॥ १ ॥

तुलेति तुलाआदिदानांके ग्रहणकरणवाले जो पुरुषहैं और दानके चतुर्थांश देणेकर्के जो शुद्धिहै तिसते रहितहैं तिनांकी शुद्धिवास्ते ब्रह्माने स्वर्णकृच्छ्र प्रायश्चित्त रचयाहै ॥ २ ॥ सुवर्णकी प्रशंसा करतेहैं स्वर्णमिति सुवर्ण ब्रह्मस्वरूपकर्के ब्रह्माजीने रचयाहोयाहै पुरुषोंके स्वर्णकृच्छ्र व्रतके करणेकर्के कौणपापहै जो नहि दूरहोता अर्थात् संपूर्णपाप दूरहोतेहैं ॥ ३ ॥ अब गौतमजीका वाक्यहै रहेति एकांतविषे ब्रह्महत्याके करणवाले जो पुरुष हैं हेराजन् श्रवणकर तिनांकी दशहजार१००००स्वर्णकृच्छ्र दानकर्के शुद्धिहोतीहै ॥ १ ॥ और प्रत्यक्ष जो ब्रह्महत्याके करण वालेहैं तिनकीशुद्धि मरणपर्यंत प्रायश्चित्तकर्के होतीहै परंतु इसजगा अयुतभी चार ४ गुणा जानणा अगले वचनते सो ४००००चालीहजार होवेगा एह स्वर्णकृच्छ्र राजाके योग्यहै होरकोई नाह

तुलादिसंग्रहीतृणांरहितानांविशुद्धिभिः प्रायश्चित्तमिदंकृच्छ्रंब्रह्मणापरिकल्पितम् २ ॥ स्वर्णंब्रह्ममयंप्रोक्तंब्रह्मणानिर्मितंपुरासुवर्णकृच्छ्राचरणेकिमसाध्यंशरीरिणाम् ३ ॥ गौतमः। रहस्यकृतविप्रस्यहत्यायांशृणुपार्थिव अयुतस्वर्णकृच्छ्राणांदानेशुद्धिरवाप्यते ॥ १ ॥ रहस्यकृतपापस्यपापिभिःपरमार्थतः अयुतंपूर्ववज्ज्ञेयमन्यथामरणान्तिकम् २ ॥ प्रकाशकृतब्रह्महत्यानांमरणान्तिकंप्रायश्चित्तम् ॥ तद्रहितानांचतुर्भिरयुतकृच्छ्रैर्विशुद्धिरिति ॥ तदाहमनुः। प्रकाशयविप्रहंतॄणांचतुष्कंपापनाशनम् निमित्ताकृतशुद्धीनांजपयागाभिषेचनैः ॥ १ ॥ निमित्तैः प्रायश्चित्तैरकृताशुद्धिर्येषांते तेषांचतुष्कंचतुर्गुणमयुतमित्यर्थः स्मृत्यन्तरम् ॥ तुलाप्रतिग्रहीतृविषये ॥ नदीस्नानादिनाराजंश्चतुर्भागव्ययेन वा ब्रह्मराक्षसमुक्त्यर्थंचत्वार्यर्युतमाचरेत् १ ॥ चत्वार्ययुतकृच्छ्राणीत्यर्थः ॥

करसक्का इसके रुपैए पूर्वोक्त वराहपरिमाणवाले स्वर्णके मुद्ध ४८०००० के हुंदेहैं मरणांतक प्रायश्चित्तको जो नहि करै सो राजादि चालीहजार४००००स्वर्णकृच्छ्र कर्के शुद्ध होतेहैं २ । तैसे मनुजी कहतेहैं प्रेति प्रकाश्य क्या नहि प्रत्यक्ष जो ब्राह्मणके वधकों कर्तेहैं और गायत्री जपादि प्रायश्चितांकर्के नहि होई शुद्धिजिनांकी तिनांके पापनाश वास्ते चाली हजार पूर्वोक्तस्वर्णकृच्छ्र किहाहै ॥ १ ॥ औरहीस्मृति विषे तुला दानके ग्रहण करणे विषे एहवाक्यहै नदीति हेराजन् नदीविषे स्नानादिकर्के और दानके चौथे हिस्सेके देणेकर्के वा दोष दूर करे अथवा ब्रह्मराक्षसगतिके दूरकरणे वास्ते चाली हजार ४०००० कृच्छ्र व्रतकोंकरे परंतु एह अनेक तुलाग्रहणविषे जानणा प्रायश्चितको वहुत होणेते ॥ १ ॥

प्रति प्रभुकों उत्तमप्रकारकहाहै और मध्यमकों मध्यम और कनीयसकोंक्या छोटेकों पादप्रमाण कहाहै और नहि कीताउक्तप्रायश्चित्त जिनांनेंतिनांकी शुद्धिस्वर्णकृच्छ्रव्रतांके करणेकर्के होतीहै और उपपातकांके मध्यविषे जिस जिसपातकके दूरकरणेवास्ते जो जो कृच्छ्रव्रत कहेहैं तिनांके करण विषे सामर्थ्य न होवे तां तितनैंस्वर्णकृच्छ्रव्रतांकर्के शुद्धिहोतीहै। अबयाज्ञवल्क्यजीकावचनहै उपपति उपपातकांकेसमूहके दूरकरणेवास्तेमुनियांनें जो जो प्रायश्चित्तकहाहै तिसकेकरणविषे समर्थ नहि होवेतां तितनेहि स्वर्ण कृच्छ्रव्रतकरे ॥ १ ॥ अब मरीचिकावाक्यहै समिति संकली करण पाप

प्रभोरुत्तमप्रकारोमध्यमस्यमध्यमप्रकारःकनीयसःपादप्रमाणतः । कृच्छ्राणिकृत्वात्वकृतप्रायश्चित्तानांशुद्धिर्भवति । उपपातकानांयस्ययस्यचपातकस्य यानियानिकृच्छ्राणि प्रतिपदोक्तानि तेषामाचरणाशक्ततया तावद्भिः सुवर्णकृच्छ्रैःकृतैःशुद्धोभवति । याज्ञवल्क्यः । उपपातकजालानांमुनिभिर्यद्युदीरितम् तत्तदाचरणाशक्तःतावत्कृच्छ्रंसमाचरेत् ॥ १ ॥ मरीचिः संकलीकरणेराजन्यस्ययस्ययथोदितम् तदाचरणशक्तस्तुफलमानंत्यमश्नुते ॥ १ ॥ अशक्तस्यद्विजस्यार्थसुवर्णकृच्छ्रमीरितम् यद्यत्पापस्ययत्कृच्छ्रंमुनिभिःपरिभाषितम् ॥ २ ॥ तदाचरणाशक्तानां तावन्तिहिरण्यकृच्छ्राणि प्रभुत्वदारिद्र्यतारतम्येन कृत्वाशुद्धिर्भवतीत्यर्थः ॥ एवंचाण्डालादिगमनेषु कृच्छ्रसंख्यया हिरण्यकृच्छ्राचरणैस्तत्प्रतिपदोक्तैः पूर्वोक्तैः शुद्धोभवति ॥

विषे हेराजन् जिस जिस पापका जो जो प्रायश्चित्त कहाहै तिसके करण विषे जो युक्त है सो अनंत फलकों प्राप्त होताहै ॥ १ ॥ और जो ब्राह्मणादि असमर्थ है तिसकों सुवर्ण कृच्छ्र व्रत कहाहै ॥ २ ॥ इसी अर्थकों स्पष्टकर्के कहतेहैं यदिति और धनी पुरुष और निर्धन पुरुष सुवर्ण कृच्छ्र विषें अधिक और न्यून परिमाण कर्के शुद्धिकों प्राप्त होतेहैं ॥ २ ॥ इसी प्रकार चांडाल आदिकोंयां स्त्रीयांके गमनकरणे विषे शुद्धिके निमित्त कृच्छ्रव्रतांकी संख्याकर्के कहे जो व्रत तिनांके प्रत्याम्नाय वास्ते उतनेहि स्वर्ण कृच्छ्र व्रतांकर्के शुद्ध होताहै ॥

एवमिति इसी प्रकार निंदित अन्नके भक्षण विषे और उद्बंधन और मरणादिकके होयां २ उपनयनादि कर्म्मोंके मुख्यकालके त्याग विषे जो प्रायश्चित्त निरूपण कीताहै तिसके बदले विषे तावत्संख्या कर्के स्वर्ण कृच्छ्र व्रतके करणे कर्के शुद्ध होताहै ऐसे संपूर्ण स्थान विषे आनणे योग्यहै ॥ तुला आदिक दानांके ग्रहण करण वालयां पुरुषांकों विशेष पैठीनसि कहताहै तुलेति तुलादान विषे जो धनकों ग्रहण कर्त्ताहै और तिस दानके चौथेहि सेकों जो ब्राह्मणकेतांई नहि देता और लोकविषे निंदाके भयकर्के अभिषेक और जपभी नहि कर्त्ता तिसकों ब्रह्मराक्षसगतिहोणीहै ब्रह्मराक्षस उसकों कहतेहैं जो ब्राह्मणोंके मारण वाला राक्षस होवे इसमें एह अर्थ है कि राक्षसभावमे भी ब्राह्मणको मारेगा तो निसहत्या

एवं दुरन्नभक्षणोद्बन्धनमरणादिषूपनयनकर्मणां मुख्यकालातिक्रमे प्रायश्चित्तंयन्निरूपितम् तावन्ति हिरण्यकृच्छ्राणि कृत्वा शुद्धोभवतीति सर्व प्रयोजनीयम् । तुलादिप्रतिग्रहीतॄणांविशेषमाह पैठीनसिः । तुलायांधन संधातायागंभागचतुष्टयम् अभिषेकंजपंवापिह्यकृत्वालोकनिंदया ॥ १ ॥ ब्रह्मराक्षसमुक्त्यर्थंकृच्छ्राण्येतानिसर्वशः चतुरयुतंप्रकुर्वीतधर्मशास्त्रोक्तमागतः ॥ २ ॥ पिशाचत्वविमुक्तिःस्यादिहलोकेपरत्रच सुवर्णकृच्छ्ररूपेणसर्वपापैःप्रमुच्यते ॥ ३ ॥ हिरण्यगर्भसंधनेयोधर्मनिष्कृतिंविना चत्वारि कृच्छ्रसाहस्रंकृत्वाशुद्धिमवाप्नुयात् ॥ ४ ॥

कर्के बहुत काल राक्षस हिरहेगा ॥ १ ॥ तिसके दूर करणे वास्ते इतनेहि कृच्छ्र व्रत कहने संपूर्णताकर्के और धर्मशास्त्रकर्के कथनतें चालीहजार४००००सुवर्ण कृच्छ्रव्रतकरे २ ॥ तां पिशाच गति दूर होतीहै इसलोकविषे और परलोक विषे सुवर्ण कृच्छ्रके करणेकर्के संपूर्ण पापांते रहितहोताहै ॥ ३ ॥ और हिरण्य गर्भके प्रतिग्रहविषे जिसने शुद्धिका उपाय नहि कीता सो चारहजार कृच्छ्र व्रत कर्के शुद्ध होताहै । ४ । इसमें ऐसा अर्थहै कि जिसका लिया हुया तुलादान थोडे मुल्लकाहोवे तां ४०००० हजार स्वर्ण कृच्छ्र किसतरह करे गा तो ऐसा करणा चाहिए कि लक्षसे अधिक जिसने तुलादान लियाहोवे उसको इतना प्रायश्चित्तहै और थोडे दान वालेकों लयेहोए दानके चौथे हिस्से अनुसार करणा चाहिए ऐसें आगेभी जानणा

ब्रति जो पुरुष ब्रह्मांड कुंभको ग्रहणकर्त्ताहै और तिसकी शुद्धिनिमित्त प्रायश्चित्ततें रहितहै सो त्रय ३०००हजार कृच्छ्रव्रत करे तां पूर्वकीन्यांई शुद्धिकों प्राप्तहोताहै ॥ ५ ॥ और कल्पवृक्षके दानकों ग्रहण करे तिस दोषको शुद्धिकों न करे तां पंजा५००००हजार स्वर्ण कृच्छ्र व्रतांकर्के शुद्धहोताहै ॥ ६ ॥ और सुवर्णकी धेनुके दानकों जो ग्रहणकर्त्ता है और शास्त्रकी विधिकर्के जिसनें अपणी शुद्धि नहि कीती सोभी पंजा हजार कृच्छ्र व्रतां कर्के पूर्वकन्यांई शुद्ध होताहै ७ ॥ और सुवर्णके अश्व दानकों जो ग्रहण कर्त्ताहै और पूर्व नहि कीती शुद्धिजिसनें सो पंज सउ५००सुवर्णकृच्छ्रव्रतकर्के पूर्वकीन्यांई शुद्धहोताहै ॥ ८ ॥ और सुवर्णके घोडेकर्के युक्त जो रथतिसनूं ग्रहणकर्त्ताहै और रथके ग्रहणकरणेंसे अशुद्ध जो पुरुषहै सो छे सउ ६०० सुवर्ण

ब्रह्मांडकुंभसंधातातन्निष्कृतिपराङ्मुखः त्रिसहस्त्रंचरेत्कृच्छ्रंशुद्धिमाप्नोति पौर्विकीम् ॥ ५ ॥ कल्पवृक्षस्यसंधानेत्यजन्तंनिष्कृतिंपुरा पंचायुतै श्चकृच्छ्रैश्चसुवर्णास्यैर्विशुध्यति ॥ ६ ॥ हिरण्यधेनुसंधाताशास्त्रैरकृतनि ष्कृतिः पंचायुतैश्चकृच्छ्रैश्चशुद्धिमाप्नोतिपौर्विकीम् ॥ ७ ॥ हिरण्याश्वस्य संग्राहीपुरात्वकृतशुद्धिमान् पंचशतैःस्वर्णकृच्छ्रैःशुद्धिमाप्नोतिपूर्ववत् ८ ॥ हिरण्याश्वरथीराजन्नशुचीरथसंग्रहात् षट्शतैःस्वर्णकृच्छ्रैश्चशुद्धोभवतिपू र्ववत् ॥ ९ ॥ हेमहस्तिरथंविप्रःप्रतिगृह्यधनातुरः अकृत्वानिष्कृतिंशा स्त्रमार्गेणाज्ञानपूरितः ॥ १० ॥ षट्शतैर्हेमकृच्छ्रैश्चशुद्धिमानुभयोर्द्विजः पंचलांगलसंग्राहीह्यकृत्वाधर्मनिष्कृतिम् ॥ ११ ॥ अयुतैस्स्वर्णकृच्छ्रैश्चशु द्धोभवतिपूर्वजः अन्यथानिष्कृतिर्नास्तिब्रह्मराक्षसशंकयेति ॥ १२ ॥

कृच्छ्र व्रतकर्के पूर्वकीन्यांई शुद्धहोताहै ॥ ९ ॥ और सुवर्णके हाथी और रथनूं ग्रहणकर्के और शास्त्रके द्वारा तिसकी शुद्धिकों न कर्के धनके ग्रहण करण विषे युक्तहै अज्ञान कर्के पूरित होया २ दोषकर्के युक्त सो ब्राह्मण ॥ १० ॥ छे सउ ६००स्वर्ण कृच्छ्रव्रत कर्के दोनोंदोषोंसें रहित होताहै अथवा सुवर्ण के हाथिआं कर्के युक्त सुवर्णका जो रथ है तिसको ग्रहण कर्के ऐसा अर्थ करणा और (उभयोः) क्या इस लोक विषे और परलोक विषे शुद्ध होताहै ॥ और पंचलांगल दानकों जो ग्रहणकर्त्ताहै और तिसकी शुद्धिकों नाहि कर्त्ता ११ ॥ सो दश हजार १०००० स्वर्ण कृच्छ्र कर्के ब्राह्मण शुद्ध होताहै ब्राह्मणकी शुद्धि अन्यथा नहि कही एह ब्रह्मराक्षसगतिकेंदेणेवाले प्रति ग्रह हैं ॥ १२ ॥

❀ अथेति इसतें अनंतर अघमर्षण कृच्छ्रव्रतमाधवनें कहाहै तिसविषे विष्णुजीका वाक्यहै अब
कृच्छ्र व्रतहैं त्रय३दिन उपवास करे और दिन दिन विषे त्रय३काल स्नान करे और जल विषे
डुब्बी लाके त्रयवार अघमर्षण मंत्रका उच्चारण करे ॥ और दिन विषे खलोवे रात्रि विषे स्थित
होवे और कर्मके अंतविषे दुग्ध देण वाली गौका दान करे एह अघमर्षण कृच्छ्रहै ॥ अब श
खऋषि औरहि प्रकारकर्के अघमर्षणकृच्छ्रनूं कहताहै त्र्यहमिति त्रयदिन त्रयकाल स्नानकों कर्के
मुनि मनकर्के जलविषे त्रयवार अघमर्षणमंत्रकोंजपे और त्रयादिन कुछ न भक्षण करे एह अघ

❀ अथाऽघमर्षणकृच्छ्रं माधवेनोक्तम् ॥ तत्रविष्णुः ॥ अथकृच्छ्राणिभव
न्ति त्र्यहंनाश्नीयात् प्रत्यहंचत्रिषवणंस्नानमाचरेत् जलेमग्नस्त्रिरघमर्षणं
जपेत् दिवातिष्ठेद्रात्रावासीत कर्मणोन्ते पयस्विनींगांदद्यादित्यघमर्षणम्
शंखस्तु ॥ प्रकारान्तरेणाघमर्षणकृच्छ्रमाह ॥ त्र्यहंत्रिषवणस्नायीमुनि
स्स्नात्वाघमर्षणम् मनसात्रिःपठेदप्सुनभुंजीतदिनत्रयम् अघमर्षणमित्ये
तद्व्रतंसर्वाघसूदनमिति ॥ १ ❀ अथयज्ञकृच्छ्रः । तत्रांगिराः ॥ युक्तस्त्रिषवण
स्नायीसंयतोमौनमास्थितः प्रातःस्नानसमारंभंकुर्य्याज्जप्यंचनित्यशः । १ ।
सावित्रींव्याहृतिंचैवजपेदष्टसहस्रकम् ओंकारमादितःकृत्वारूपेरूपेतथां
ततः । २ । भूमौवीरासनेयुक्तःकुर्याज्जप्यंसुसंयतः आसीनश्चस्थितोवापि
पिबेद्गव्यंपयःसकृत् ॥ ३ ॥

मर्षण कृच्छ्र संपूर्ण पापांके नाश करणे वाला कहाहै ॥ १ ॥ ❀ इसतें अनंतर यज्ञकृच्छ्रहै तिसविषे
अंगिराऋषिकावचनहै युक्तइति मौन विषे स्थित होके इंद्रियांकोंरोकके विषयांतें निवृत्त होवे त्रय
दिन त्रय काल स्नान करे और प्रातःकाल विषे स्नानके समय प्रतिदिन जलविषे अघमर्षणकों
जपे । १ । और ओंकारका आदविषे उच्चारण कर्के सहित व्याहृतियांके गायत्रीका अठ ८०००
हजार जप करे २ पृथ्वी विषे वीरासन विषे स्थित होके और इंद्रियांको रोककर जपकरे बैठकर्के
वा उठ कर्के और गौके दुग्धका एकवार पान करे ॥ ३ ॥

गेति दुग्धप्राप्तनहोवें तां गौका दधिपानकरे श्रौर दधिकेश्रभावविषे छाहपीवे श्रौर छाहकेश्रभाव विषे यवांकेकाडेकोंपीवे ४ ॥ इनांविषे जो२ प्राप्तहोवे तिसकापानकरे यवांकापान गोमूत्रकर्के युक्तकरे ॥ ५ ॥ अंगिराजीनें एकदिनकेकृच्छ्रकर्के संपूर्णपापांके नाशकरणेवालायज्ञनामकर्के व्रत वहुतश्रेष्ठकहाहै ॥ ६ ॥ एह यज्ञकृच्छ्रव्रत जो पुरुष पातककर्के युक्तहैं श्रौर उपपातकांकर्के युक्त श्रौर महापापां कर्के युक्त हैं तिनांके शुद्धकरणे वालाहै ॥ ७ ॥ अब देवकृत कृच्छ्रव्रतनूं यमक हताहै यति छे ६ गुणा अधिक जल कर्के पक्के जो यव तिनांकों श्रौर शाककों श्रौर दुग्धकों श्रौर दधिकों उौर घृतकों त्रय त्रय दिनभक्षणकरे श्रौर तिसतें परे त्रयदिन वायु भक्षणकरे १ ॥

गव्यस्यपयसोऽलाभेगव्यमेवभवेद्दधि दध्नोभावेभवेत्तक्रंतक्राभावेतुयावकम् ॥ ४ ॥ एषामन्यतमंयद्यदुपपद्येततत्पिवेत् गोमूत्रेणसमायुक्तंयावकंचोपयोजयेत् ५ ॥ एकाहिनतुकृच्छ्रेणउक्तस्त्वांगिरसास्वयम् सर्वपापहरोदिव्योनाम्नायज्ञइतिस्मृतः॥ ६ ॥ एतत्पातकयुक्तानांतथाचाप्युपपातकैः महद्भिश्चापियुक्तानांप्रायश्चित्तमिदंशुभमिति ॥ ७॥ देवकृतकृच्छ्रंदर्शयति यमः॥ यवागूयावकंशाकंक्षीरंदधिघृतंतथा त्र्यहंत्र्यहंतुप्राश्नीयाद्वायुभक्ष्यः परंत्र्यहम् १ ॥ कृच्छ्रंदेवकृतंनामसर्वकल्मषनाशनम् मरुद्भिर्वसुभीरुद्रैरादित्यैश्चरितंव्रतम् व्रतस्यास्यप्रभावेनविरजस्काहितेभवन्निति २ ॥ अथ प्रसृतयावकम् ॥ तत्रहारीतः ॥ अयमात्मकृतैःकर्मकृतैर्गुरुमात्मानंपश्येत् आत्मार्थं प्रसृतयावकंश्रपयेत् ॥

एह देवकृत नामकर्के कृच्छ्र व्रत संपूर्ण पापांके नाशकरणे वालाकहाहै मरुत्देवता श्रौर वसुदेवता श्रौर रुद्र श्रौर आदित्य इनांनें पिच्छे एह व्रत करीदा भया सो इस व्रतके करणे कर्के शुद्धहोतेभये ॥ २ ॥ अथेति अब प्रसृतयावक व्रत अर्थात् एकहाथके परमाणके अन्न खाणेका व्रत कहाहै तिसविषे हारीत ऋषिकावचन है अयमिति एह व्रत करणे वाला पुरुष ब्राह्मणां कर्के कहा जो कर्म तिनांकों आपकरे श्रौर तिनां आपकीते होये कर्मां कर्के अपणे आपकों गुरु क्या पूज्यदेखे अर्थात् शुद्धदेखे श्रौर अपणे व्रतवास्ते एकमुष्टिप्रमाणयव पकावे

और तिसतें अनंतर हवन करे और तिसीककें वैश्व देव बालिकरे और पके होये यवों कों अभिमंत्रण करे वक्ष्यमाण मंत्रां करकें पूर्वोक्तहि अर्थ स्पष्टककें किहाहै अयंमिति यवोसि इत्यादि हेयव तूंयवहैं क्या पापांके नाश करणें वालाहैं और अन्नांका राजा हैं वरुण तुजका देवताहै मधुककें युक्त हाया २ संपूर्ण पांपांके दूर करणें वालाहैं और संपूर्ण ऋषियांककें तूं पवित्र कहाहै ॥१॥ घृतमिति हेयवातुसीं घृतहो और तुसींहि मधुहो और आपोहिष्ठा क्या परमशुद्धकरणें वाले हो और अमृत हो मेरेसंपूर्ण पापकों दूरकरो जो मेनें दुष्कृतकीयाहै ॥२॥ और वाणी और कर्म और मनककें दुर्विचिंतन कीयाहै और अलक्ष्मीकों और काल

ततोऽग्नौजुहुयात् तदेववलिकर्मशृतंवाभिमंत्रयेत् (अयंपुरुषः आत्म कृतैःस्वयंसंपादितैः कर्मकृतैः कर्मणा प्रयोजकद्वारा कृतैः कर्मभिरि तिशेषः आत्मानंगुरुंपूज्यंपश्येदित्यर्थः) यवोसिधान्यराजोवावा रुणोमधुसंयुतः ॥ निर्नोदःसर्वपापानांपवित्रमृषिभिःस्मृतम् ॥ १ ॥ घृतंयवामधुयवाआपोहिष्ठामृतंयवाः सर्वंपुनंतुमेपापंयन्मयादुष्कृतंकृतम् ॥ २ ॥ वाचाकृतंकर्म्मकृतंमनसादुर्विचिंतितम् अलक्ष्मींकालकर्णींच सर्वं पुनीतमेयवाः ॥ ३ ॥ मातापित्रोरशुश्रूषांयौवनेकारितंतथा श्वशूक रावलीढंच उच्छिष्टोपहतंचयत् ॥ ४ ॥ सुवर्णस्तेयंव्रात्यत्वंवालत्वा दात्मजंतथा ब्राह्मणानांपरीवादंसर्वंपुनीतमेयवाः ॥ ५ ॥ वक्ष्यमाणां रक्षां कुर्यात् ॥

कर्णीकों जो मृत्युदाराक्षसीहै इससंपूर्णीकों यवपवित्र करे ॥ ३ ॥ और मातापिताकी अशुश्रूषा रूपपाप और युवावस्थाककें जो व्यभिचारादिरूप पाप और कुत्ते ककें और शूकर ककें जो उच्छिष्ट भक्षण का पाप और उच्छिष्ट ककें युक्त के भक्षण का जो पाप ॥ ४ ॥ और सुवर्णस्तेयकापाप और संस्काररहित होणेंका जो पाप और वाल्यावस्थाककें और ब्राह्मणकी निंदा ककें उत्पन्न जो पाप तिनां संपूर्णां कों दूरकरो ॥ ५ ॥ और आगे कथन करणी जो रक्षा तिसकों करे

नमोरुद्राय इत्यादि मंत्रांकर्के पात्रविषें स्थापनकरे ॥ और यद्देवा इत्यादि मंत्रांकर्के अपणे विषें हवनकरे क्या पानकरे अन्य पुरुषांके अर्थवास्ते त्रय रात्रां पीवे और जिसने पाप कीता है सो छे६ रात्र पीवे तां शुद्ध होताहै और महापापी सप्तरात्रपर्यंतपीवें और बारां१२रात्रपर्यंत पीणेकर्के संपूर्ण पापदूर होताहै ॥ और गोमयतें क्या गोहेतें निकाले जो यव हैं तिनांको इक्की दिन पर्यंत पीणे कर्के गणांको देखताहै और गणाधिपतिका दर्शन करताहै और विद्याकों देखताहै और विद्याके पतिकों देखताहै और स्मृति कहतेहैं पूर्णायामिति जो पुरुष गोमूत्र विषे पकेहोये यवांकों वा गोमूत्र और गोमय और दधि और दुग्ध और घृतइनांकों पान कर्ताहै सो

नमोरुद्रायभूताधिपतयेद्यौःसावित्रीमानस्तोकेति पात्रेनिषिच्ययद्देवानमो यातामनोजवाः सुदक्षोदहंपितरस्तेनःपांतुतेनोबंतुतेभ्योनमस्तेभ्यः स्वाहे त्यात्मनिजुहुयात् । त्रिरात्रमेवार्थीपापकृत् षड्रात्रंपीत्वापूतोभवतिसप्तरात्रं महापातकीद्वादशरात्रंपीत्वासर्वम्पुरुषकृतंपापंनिर्दहति निःसृतानांयवाना मेकविंशतिरात्रंपीत्वागणान्पश्यति गणाधिपतिंपश्यति विद्यांपश्यतिवि द्याधिपतिंपश्यति । पूर्णायांयावकंपक्वंगोमूत्रंवासकृद्दधिक्षीरंसर्पिःप्रगेभु क्त्वामुच्यतेसोंहसःक्षणादित्याह भगवान् मैत्रावरुणिरिति । अर्थीलौकि ककार्य्यसाधकःत्रिरात्रमेवपिवेत् ॥ पापकृत्तुषड्रात्रमितिसंवन्धः ॥ ※ ॥ अथब्रह्मकूर्चव्रतमाहजावालः ॥ अहोरात्रोषितोभूत्वापौर्णमास्यांविशेष तः ॥ पंचगव्यंपिबेत्प्रातर्ब्रह्मकूर्चविधिःस्मृतः ॥ १ ॥ यथाह पराशरः ॥ गोमूत्रंगोमयंक्षीरंदधिसर्पिःकुशोदकम् ॥ निर्दिष्टंपंचगव्यंतुप्रत्येकंकाय शोधनम् । १

क्षणतें हिपापतें रहित होताहै ऐसें भगवान् मैत्रा वराणि कहते भये एह अर्थ स्पष्ट कर्कें किहाहै अर्थीति लौकिककार्य्य करणे वालेकानाम अर्थीहै ॥ ❁ ॥ इसतें अनंतर ब्रह्मकूर्च व्रतकों जावालऋषि कहताहै एक दिन रात्र उपवास करे चाहें किसे दिनहोवे परंतु पूर्णमासी विषें विशेष कर्कें कहाहै प्राताकाल विषें पंचगव्य पानकरे एहब्रह्म कूर्चकी विधि कहीहै १ ॥ जैसें पराशर कहता भया गवित्ति गोमूत्र और गोमय और दुग्ध और दधि और घृत कुशोदक एह पंच गव्य कहाहै एक एकगोमूत्र आदि देहके शुद्धकरणे वाले कहेहैं ॥ १ ॥

इसमें विशेष कहतेहैं गवितिं तांबे की न्यांई है वर्ण जिसका ऐसी गौका गोमूत्र
ग्रहण करे और श्वेत वर्ण वाली गौका गोमय ग्रहण करे और सुवर्ण की न्यांई
वर्णवाली गौका दुग्ध और नीलवर्ण गौका दधि ॥ २ ॥ और कृष्णवर्णा गौका
घृत जेकर पूर्वोक्त रंगा वालियां गौयां न प्राप्तहोवें तां कपिलागौका हि संपूर्ण ग्रहण करे
पंचगव्यविषे एहविधिहै ॥ ३ ॥ अब पंचगव्यका परिमाणहै गविति गोहतें दूणा गोमूत्र और
चारगुणा घृत और अठगुणा दुग्ध और तैसे अठगुणा दधि पंचगव्यविषे एहपरिमाणहै ॥ ४ ॥
इस जगा एह प्राचीनोंका मत किहाहै ॥ अब नवीनोंका मत दिखाइंदा है गविति गोमूत्र

गोमूत्रंताम्रवर्णायाः श्वेतायाश्चापिगोमयम् पयःकांचनवर्णायानीला
याश्चतथादधि ॥ २ ॥ घृतंचकृष्णवर्णायाःसर्वंकापिलमेववा अला
भेसर्ववर्णानांपंचगव्येष्वयंविधिः ॥ ३ ॥ पंचगव्यपरिमाणंतु ॥ गो
शकृद्द्विगुणंमूत्रंघृतंविद्याच्चतुर्गुणम् क्षीरमष्टगुणंप्रोक्तंपंचगव्येतथादधि
॥ ४ ॥ तथाष्टगुणमितिप्राचः ॥ गोमूत्रमाषकास्त्वष्टौगोमयस्यतुषोडश
क्षीरस्यद्वादशप्रोक्तादध्नस्तुदशकीर्तिताः ॥ ५ ॥ गोमूत्रवद्घृतस्याष्टौतद
र्द्धंतुकुशोदकम् अर्वाचीनैश्चऋषिभिःपरिमाणमुदाहृतम् ॥ ६ ॥
गायत्र्यादायगोमूत्रंगन्धद्वारेतिगोमयम् आप्यायस्वेतिचक्षीरंदधिक्रा
व्णेतिवैदधि ॥ ७ ॥

विषे अठ ८ मासे परिमाण और गोहा सोलां माष परिमाण और दुग्धचारां १२ मासे परिमाण
और दधिदश १० मासेपरिमाण ॥ ५ ॥ और गोमूत्रकी न्यांई घृतका भी अठ ८ मासे परि
माण और तिसतें अद्ध क्या चार४मासे कुशाका जल इहां माषकहणे कर्के मासयांका ग्रहणहै
॥ ६ ॥ अब इनके मंत्रोंकों कहते हैं गायेति गायत्री मंत्र कर्के गोमूत्रकों ग्रहणकरे और गंध
द्वारा इस मंत्र कर्के गोमयकों ग्रहणकरे और आप्यायस्व इस मंत्र कर्के दुग्धकों ग्रहण करे
और दधि क्राव्ण इस मंत्रकर्के दधिकों ग्रहण करे ७ ॥

तयिति और तेजोसिशुक्र इस मंत्र करके घृतकों ग्रहण करे और देवस्यत्वा इस मंत्र करके कुशाके जलनू ग्रहण करे इस रीतिसें ऋचां करके पवित्र जो पंचगव्य है तिसका अग्नि विषे हवन करे ॥ ८ ॥ सत्तहैं पत्र जिनांके और नहि छेदया है अग्र जिनांका और तोतेकी न्यांईहै वर्ण जिनांका ऐसीयां कुशा करके जैसे विधिहै तैसे पंचगव्यका हवन करे ॥ ९ ॥ और इरावती इदं विष्णु मानस्तोकेतिशंवती एनां चार ऋचां करके हवनकरणे योग्यहै और हवनकेशेषनू पिच्छों ब्राह्मण पीवे ॥ १० ॥ और ओंकारकरके पंचगव्यविषे अंगुष्ट और अनामिकाकों फेरे और ओंकारकों पढ़करके शुद्धकरे और ओंकार मंत्र के उच्चारण करके

तेजोसिशुक्रमित्याज्यंदेवस्यत्वाकुशोदकम् पंचगव्यमृचापूतंहोमयेदग्नि सन्निधौ ॥ ८ ॥ सप्तपत्राश्चयेदर्भाअच्छिन्नाग्राःशुकत्विषः एतैरुद्धृत्यहोतव्यंपंचगव्ययथाविधि ॥ ९ ॥ इरावतीइदंविष्णुर्मानस्तोकेतिशंवती एताभिरेवहोतव्यंहुतशेषंपिवेद्द्विजः ॥ १० ॥ प्रणवेनसमालोड्यप्रणवेनाभिमंत्र्यच प्रणवेनसमुद्धृत्यपिवेत्तत्प्रणवेनतु ॥ ११ ॥ मध्यमेनपलाशस्यपद्मपत्रेणवापिवेत् स्वर्णपात्रेणताम्रेणब्रह्मतीर्थेनवापुनः ॥ १२ ॥ यत्त्वगस्थिगतंपापंदेहेतिष्ठतिमामकम् ब्रह्मकूर्चोपवासस्तुदहत्यग्निरिवेन्धनमिति ॥ १३ ॥ इदंपंचगव्यपरिमाणादिद्वितीयतृतीयप्रकरणयोरुक्तमपिप्रसंगादत्राप्युक्तमिति न पौनरुक्त्यम्

अंगुष्ट और तर्जनीके साथ त्रयवार ऊर्द्धत्यागे अथा उप्परले पासे सुट्टे और ओंकार करके पीवे ११ ॥ पलाहके मध्यम पत्रकरके वा कमलपत्रकरके वा सुवर्णके पात्रकरके अथवा तांबेके पात्र करके वा ब्रह्मतीर्थकरके पंचगव्यकों पीवे ॥ १२ ॥ अब प्रार्थनाकरतेहैं यदिति जो पाप मेरीयां अस्थियांविषे स्थितहै और देहविषे स्थितहै तिसको एह ब्रह्म कूर्च उपवास व्रत दाह करे जैसे अग्निकाष्टकों दाहकर्ताहै १३ ॥ एह पंचगव्य परिमाणदूसरे तीसरे प्रकरणविषे कहाहोयाभीथा तथापि इस स्थान प्रसंगतें कहाहै पुनरुक्ति दोष नहि जानणा ॥

यदेति जद फेर एह पंचगव्य मिलया होया त्रय रात्रां विषे पीवें तां तिस ऋषिनें व्रत का नाम यतिसांतपन कहाहै इस शंख जीके स्मरणतेंहै ॥ जावालनेतां फेर सत्तां ७ दिनांका सांतपन व्रत कहा है गवितिं गोमूत्र और गोमय और दुग्ध और दधि और घृत और कुशोदक इनांमेंसें दिन दिन विषे क्रम करकें एक एकका पान करकें दिन रात्रउपवास करे तां इसका नाम कृच्छ्र सांतपन कहाहै एह संपूर्ण पापांके नाश करणे वालाहै ॥ १ ॥ इनां गुरु लघुकृच्छ्र व्रतोंकी व्यवस्था सामर्थ्यको देखके जानणे योग्यहै। ऐसे आगेभी व्यवस्था

यदा त्वेतदेवपंचगव्यमिश्रितंत्रिरात्रमभ्यस्यते तदा यतिसांतपनसंज्ञां ल भते एतदेवत्र्यहाभ्यस्तंयतिसांतपनंस्मृतमिति शंखस्मरणात् ॥ जावाले नतु सप्ताहसाध्यंसांतपनमुक्तम् गोमूत्रगोमयंक्षीरंदधिसर्पिःकुशोदकम् एकैकंप्रत्यहंपीत्वात्वहोरात्रमभोजनम् कृच्छ्रंसांतपनंनामसर्वपापप्रणाश नमिति १ ॥ एषांच गुरुलघुकृच्छ्राणां शक्त्याद्यपेक्षया व्यवस्था विज्ञेया एवमुत्तरत्रापिव्यवस्थावोद्धव्येति ॥ ❀ अथचान्द्रायणं वक्तुंतावत्तस्यकार्य्य विशेषोपयोगिता प्रदर्श्यते तत्र याज्ञवल्क्यः ॥ अनादिष्टेषुपापेषुशुद्धिश्चां द्रायणेनतु धर्मार्थंयश्चरेदेतच्चन्द्रस्यैतिसलोकतामिति ॥ १ ॥ तथाचषट् त्रिंशन्मतेऽभिहितम् यानिकानिचपापानिगुरोर्गुरुतराणिच कृच्छ्राति कृच्छ्रचान्द्रैस्तुशोध्यन्तेमनुरब्रवीदिति ॥ १ ॥

शते उपरंत औषधी करणेथी और विद्युत्पातकी संभावनामें तिसको अपणे पासे खिचणवाली यां लोहशलाकादि वस्तु गौआंके समीप रखणेथी एह गोस्वामीने नहिं कीता इसवास्ते तिसको दोष जानणा ॥ ३ ॥ सेति और सहित शिखाके मुंडन करबाके त्रिकाल स्नानकों करे शृंग और खुर और पूछल और कर्ण ॥ ४ ॥ एनांके साथ गिल्लाहि जोगोचर्म तिसकों उपर लैके गौआंके पीछे वनविषे जावे और रात्रिमें तिह्नांके मध्यविषें निवास करे और दिनमे तिनांके साथ जावें ॥ ५ ॥ ब्राह्मेति ब्राह्मणकों विशेष कर्के प्रायश्चित्त कहाहै और तिसी प्रकार क्षत्री और वैश्य प्रायश्चित्त कर्के ब्राह्मणांके तांई भोजन देवे ॥ ६ ॥

और वैलके साथ गौ दक्षिणा देवे ब्राह्मणके तांई इसमें (ब्राह्मणस्य विशेषेण) इस वचनतें ब्राह्मणकों विशेष कर्के प्रायश्चित्त कहाहै क्या गौआंके पीछे वन विषें जाणा मुख्यहै इसका अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं एतेनेति इस कहणे कर्के एह सिद्ध होया क्या गौआंकी पालनातें विना मृत्यु होवे तद प्राजापत्य व्रत करणे योग्यहै और ना समर्थ होवे तां एक गौ ब्राह्मणके तांईदेवे और वैलके साथ गौ दक्षिणा देणे योग्यहै ॥ यदेति ॥ पालनके होयां होयां गत्त आदि कर्के मृत्यु होवे तो तिस विषें प्रायश्चित्तकों विष्णु जी कहतेहैं पल्वलेति पल्वलौघ क्या छपडीयां और भगयाड और चित्रा और श्वापद क्या हिंसक शृंगिविशेष और गत्त और वंधन और सर्प्प

अनडुत्सहितांगांच दद्याद्विप्रायदक्षिणाम्। ब्राह्मणस्यविशेषेणेति। ब्राह्मणस्य गवानुगमनं मुख्यमित्युक्तम्॥ एतेनापालनादिकृतगोवधेप्राजापत्यं करणीयम् अशक्तौधेनुरेकादातव्या वृषभसहितागौर्दक्षिणादेया इत्यादि वोध्यं वक्ष्यमाणवचनात्। यदातु सत्येव पालने श्वभ्रादिपातादेर्मरणं स्यात्तदा प्रायश्चित्तमाह विष्णुः॥ पल्वलौघवृकव्याघ्रश्वापदादिनिपातनात् श्वभ्रोद्बंधनसर्प्पाद्यैर्मृतेपादोनमाचरेत् अपालनेतुकृच्छ्रंस्याच्छून्यागाराद्युपेक्षया ॥ १ ॥ अत्रपादोनंप्राजापत्यस्यैव उत्तरवचनेकृच्छ्रश्रवणात्। तथा पादश्चाऽप्राप्तकेदेयो वत्सस्वामिन्यपेक्षिते ॥ अप्राप्तकेऽप्राप्तदृश्यावस्थेऽस्मिन्श्वभ्रपातादिना मृते वत्सस्वामिना प्राजापत्यपादः करणीय इत्यर्थः

इन्हां निमित्तां कर्के मृत्यु होयां होयां त्रिपाद व्रतकों करे और नापालनके होयां होयां अर्थात् मनुष्यांतें रहित जो शून्यगृह तिसविषें ना रक्षा करणेतें मृत्यु होवे तां कृच्छ्र व्रतकों करे । १ । इसका स्पष्टार्थ एह है कि इस विषें पादऊन प्राजापत्यका हि जानणा क्यों कि पिछले वचन विषें कृच्छ्र व्रतका श्रवण होणेतें और वचनहै तथेति तैसेंही वच्छेके स्वामिने बच्छा ढूंडयाहै परंतु तिसकों प्राप्त नहिं होआ और ढूंढणेतें उपरंत गत्त आदि कर्के मृत्यु हो गयाहै तद वच्छेके स्वामीने प्राजापत्य व्रतका एक पाद व्रत करणे योग्यहै एह अर्थ है ॥

अब गोवध प्रायश्चित्तका अपवाद क्या किसें जगा प्रायश्चित्त नहिं करणा तिसमें पराशरजी कहतेहैं ॥ धुर्य्येष्विति गड्डे आदिमें जुगडे होए जो बैल तिनां विषे दंड कर्के ताडना कीतयां होयां और काष्ठ कर्के वा लोष्टकर्के क्या ढीम कर्के वा कोरडेकर्के वा पत्थर कर्के मारयांहोयां ॥ १ ॥ मूर्छाकों प्राप्तहोजावे वा डिगजावे वा शतावी मृत होजावे इसप्रकार मृतहोए जो बैल तिनांको विधिकोंकहताहां । २ । पूर्वोक्तनिमित्ततें मूर्छावाला होया होया फेर उठकर्के जेकर पंच ५ वा सत ७ वा दश १० पैर चले और ग्रासभी ग्रहण करे और जलभी आपपीवे ॥ ३ ॥ और पीछे पूर्वव्याधि कर्के मृत होए जो बलद तिनांका प्रायश्चित नाहिं कहाहै ॥ ४ ॥ इसी अर्थ

अथगोवधापवादः ॥ अत्रपराशरः ॥ धुर्य्येषुवहमानेषुदंडेनाभिहतेषुच ॥ काष्ठलोष्टेनग्रावणाऽपिपाषाणेनापिताडितः ॥ १ ॥ मूर्छितःपतितश्चैवम्रृतोवा सद्यएवच ॥ एवंगतानांधुर्याणांप्रवक्ष्यामियथाविधि ॥ २ ॥ उत्थितस्तुयदा गच्छेत्पंचसप्तदशापिवा । ग्रासंवायदिगृह्णाति तोयंवापिबतिस्वयम् ३ । पूर्वव्याधिविनष्टानां प्रायश्चित्तंनविद्यते ॥ ४ ॥ यदिव्याधियुक्तानां वृषभाणां हलयोजनमात्रेण दंडादिघातेन वा मूर्छया पतनं भवति तदा गमन ग्रासग्रहणतोयपानकरणेन तदानींतनमरणहेत्वभावं निश्चित्य पूर्व व्याधिनष्टत्वम् अतःप्रायश्चित्ताभावः ॥ सद्योमरणेतु प्रायश्चित्तमस्त्येव । दंडप्रमाणमाह पराशरः ॥ अंगुष्ठमात्रस्थूलस्तु वाहुमात्रःप्रमाणतः आर्द्र स्तुसपलाशश्चदंडइत्यभिधीयतइति ॥ यदिच पूर्वव्याधिरहितएव प्रहारजनितव्याधिना पश्चान् म्रियते तदा प्रायश्चित्तमस्त्येव ॥

कों स्पष्टकर्के मूलमें लिखाहै यदीति ॥ एह इसकालके दंडादिनिमित्तते मृत नहि होया किंतु इसकों कोई पिच्छे व्याधिथी तिसकर्के मृत होयाहै इसकारणतें उसका प्रायश्चित्त नहिंहै और शतावी मृत होवे तां प्रायश्चित्तहै ॥ अबदंडका प्रमाण पराशरजीकहतेहैं ॥ अंगुष्ठमात्र मोटा होवे और वाहु जितना लंबाहोवे और गिल्लाहोवे और पत्रांवाला होवे सो दंडकहाहै इसके यथायुक्ति लगाणे कर्के दोष नहि औरइसतें भिन्न होवे तां प्रायश्चित्तहै जेकर प्रथमपीडासें रहित होवे और दंडादि प्रहारतें उत्पन्न जो व्याधि तिस कर्के मृत्त होवे जो गौ तिसविषे प्रायश्चित्तहै सो प्रायश्चित्त ॥ व्रणभंगके प्रसंगविषे पिच्छे आगिआहै उसीसे जानलेणा ॥

लकुटेति और सोटे आदिके मारणें विषें इसीवास्ते प्रायश्चित्त पराशर जी कहतेहैं ॥ दंडादिति दंडमारणेतें उपरंत तिसी प्रहारतें जद गौ मृत होवे वा मरणेंके योग्य होवे तिसविषें दूणा गोघातका व्रतकरें तां शुद्धहोताहै ॥ १ ॥ अब इसीका अपवाद संवर्त्त ऋषि कहतेहैं ॥ यंत्रणइति गौको चिकित्सावास्ते अच्छीतरह बंधन कीते होयां तिसविषें और मृत जो गर्भ तिसका निकालनातिसविषें यत्नकीते होयां जद गौ मृतहोवे तां प्रायश्चित्तनहिंकरणा ॥ १ ॥ और दाह क्या रोग निवृत्तिवास्तें किसे अंगकों गुल देणा अथवा रुधिर निकालना इनांयत्नांकर्के जो द्विज गौआंके हितवास्ते उपकार करें तिनांको प्रायश्चित्त नहिंहै अथवा द्विजां किएं गौ आंके उपकार करण वालेयांकों प्रायश्चित्त नहि एह अर्थ है ॥ २ ॥ एह वाक्य शास्त्र कर्के कही जो औषधि तिसकर्के मृत होवे तिसमें जानणे योग्यहै । और इसतें भिन्न करे तां प्रायश्चि

लकुटादिपातनेऽतएवप्रायश्चित्तमाह ॥ पराशरः ॥ दंडादूर्ध्वंयदन्येन प्रहाराद्यदिपातयेत् ॥ प्रायश्चित्तंतदाप्रोक्तंद्विगुणं गोव्रतंचरेत् ॥ १ ॥ पातयेन्मारयेत् ॥ मरणयोग्यांवाकुर्यादित्यर्थः ॥ संवर्त्तः ॥ यंत्रणेगोश्चिकित्सार्थंगूढगर्भविमोचने यत्नेकृतेविपत्तिः स्यात्प्रायश्चित्तंनविद्यते ॥ १ ॥ दाहच्छेदशिराभेदप्रयोगैरुपकुर्वताम् ॥ द्विजानांगोहितार्थायप्रायश्चित्तंनविद्यते ॥ २ ॥ द्विजानांगवांहितार्थमित्यर्थः गूढगर्भोमृतगर्भः ॥ एतद्यथावदुपचारेविदितव्यम् ॥ नपुनः सन्निपाताभिभूतस्योदकपानादिनेव ॥ अतएव चिकित्सतांचसर्वेषांमिथ्याप्रहरतांदमइति मनुनोक्तम् ॥ मिथ्याचिकित्सतांमिथ्याप्रहरतांचदमोदंडइत्यर्थः ॥ एतएव काश्यपोप्यत्र प्रायश्चित्तमाह ॥ औषधंलवणंचैवस्नेहंपिण्याकमेवच अतिरिक्तंनदातव्यं कालेस्वल्पंतुदापयेत् ॥ १ ॥ अतिरिक्तेविपन्नानां कृच्छ्रपादोविधीयते ॥ औषधेतुनदोषास्तिस्वेच्छयापिवतेयदि अन्यथादीयमानेतु प्रायश्चित्तंनसंशयः ॥ २ ॥

नहै जैसें सन्निपातादि कर्के युक्त जो कोई होवे तिसकों जलपानादि करवाणा । तिस कर्के मृत होयां तिसविषें प्रायश्चित्त करणे योग्यहै ॥ इसीवास्ते मिथ्याचिकित्सा कर रहे जो पुरुष और मिथ्या प्रहारकरें जो पुरुष तिनकों दंड मनुजीनें पीछे कहाहै ॥ इसीवास्ते काश्यप जी इस विषें प्रायश्चित कहतेहैं ॥ औषधमिति औषधी और लूण और स्नेह क्या तैलादि और खल एह उपाय करणेंके समय विषें अधिक नहिं देवे किन्तु प्रथम थोडे देणे योग्यहैं ॥ १ ॥ अधिक दिते होयां जद गौ मृत होवे तां तिसविषें कृच्छ्र व्रतका एक पादव्रत करे और औषधि देणेंविषे दोष नहिहै जेकर गौ अपनी इच्छा कर्के पीवे और जेकर जोरावरी देवे तां तिसविषें प्रायश्चित्तहैं इसमें संशय नहि करणा ॥ २ ॥

अब अंगिराजी विशेष कहतेहैं । शृंगेति शृंगकाभन्नणा औरअस्थिका भन्नणा औरचर्मका उखे ड़ना इनकेविषे दशरात्र वज्र पानकरे जेकर स्वस्थ गौ होजावे ॥ १ ॥ अब वज्रका लक्षणकहते हैं गोमूत्रेति गोमूत्र कर्के युक्त जो यवोंका काडा तिसनू पीवे एह एक दिनका कृच्छ्र व्रत अंगि रानें आपकिहाहै संपूर्ण पापोंकों दूर कर्त्ता है और दिव्यहै और नाम कर्के वज्र किहाहै ॥ २ ॥ इसमें और विशेष कहतेंहै अन्यत्रेति अन्यत्र क्या औरके मत विषे अंकन और लक्ष्म और वाहन और मोचन इनां विषे दोष नहिहै और सायं काल विषे वंधन वास्ते जो रोकणा और वन्नणा इनां विषे भी दोष नहिं है क्योंकि दूसरेके क्षेत्रमे न पडणे वास्ते वंधन किहाहै ॥ ३ ॥ इसविषे जो सायं पदहै सो दूसरेके क्षेत्र विषे गौका जाणा तिसका उपलक्षण जानणा । अब श्लोककाअर्थ

अंगिराः ॥ शृंगभंगेस्थिभंगेवाचर्मनिर्मोचनेपिवा दशरात्रंपिवेद्वज्रंस्वस्थासा यदिगौर्भवेत् ॥ १ ॥ गोमूत्रेणसमायुक्तंयावकंचोपयोजयेत् एकाहेनैवकृच्छ्रो यमुक्तश्चांगिरसास्वयम् सर्वपापहरोदिव्योनाम्नावज्रइतिस्मृतः ॥ २ ॥ अ न्यत्रांकनलक्ष्मभ्यांवाहनेमोचनेपिवा सायंसंगोपनार्थंतुनदुष्येद्रोधवंधयोः ३ ॥ अत्रसायमितिपरकीयक्षेत्रपाताद्युपलक्षणार्थम् । वृषार्थमंककरणेचिन्ह करणेच वाहनादिना चर्मनिर्मोचनेच सायं रक्षार्थरोधवंधनयोः शृंगभंगा दि न दुष्येत् शृंगभंगादौ न दोष इत्यर्थः। अंकनंतप्तत्रिशूलादेर्लक्ष्म कुंकुमा देरित्यपिकेचित् । तथाचमाधवः ॥ अंकनंतप्तलोहादिना स्थिरचिन्हकरणं लक्ष्म गोमयादिनातात्कालिकचिन्हम् अत्रवाहनमोचनयोःशास्त्रविहित त्वात् सांकलक्ष्मयोर्वाहने मोचने तु दोषएव शास्त्रनिषिद्धत्वादिति

स्पष्ट कर्के कहतेहैं वृषेति वृषवास्ते अंक करणे विषें और चिन्ह करणें विषे वाहनादिकर्के चर्म्म उखेडने विषे और सायं काल रक्षा वास्ते जो रोकणा और वन्नणा इनां विषें शृंगभंगहोवे तां दोष नहिंहै ॥ अब मतांतरकहतेंहैं अंकनामिति अंकन क्या तायें होएं त्रिशूलादियोंका लगाणा एह कैयोंका मतहै इसीमें माधवजी कहतेहैं अथवा अंकन नामहै तायेहोए त्रिशूलादि कर्के स्थिर चिन्ह वनाणा और लक्ष्महै गोमयादिकर्के तात्कालिकचिहूनकरणा इह्नां वाले वैलांते होरनां वैलां विषें वाहन विषें और मोचन [क्या भारस्थापन विषें दोष नहिं क्योंकि तिनके वाहनादि विषें शास्त्रका निषेध नहिं और अंकनाचिन्ह वालेआं विषें वाहनादिविषें शास्त्रका निषेधहै इसीका स्पष्टअर्थहै

यदीति जेकर कहे जो प्रयोजनइनांतें विना वंधनादिकरणातिसतें अकाल मृत्युहोवे तां दोषहै तिस विषे दशरात्र वज्रव्रतकरे। परंतु इसविषें एहविचारहै जो तीसादिनका वज्रव्रतहै तिसविषें स्मृतियोंनें १२वारां धेनु दानका प्रत्याम्नाय किहाहै सो व्रतप्रकरणमें देखणे योंग्यहै इसकारणतें तिस व्रत विषें द्वादश १२ धेनुकर्के मिलित जो महीनेका गोमूत्रयावकव्रत तिसका तीसरा भाग होणेंतें चार ४ धेनुदेवें ॥ अब घातकों चारप्रकारकर्के पराशरजीकहतेहैं ॥ रोधेति रोकणा और बन्नणा और योक्र और घात एह चारप्रकारका वधका निमित्तहै इनके लक्षण अग्गे कहेंगे एकेति रोकणेंविषें एकपादव्रत करे और बन्नणेंविषें द्विपादव्रत करे और योक्र विषें त्रिपाद व्रत करे और घातविषें

यदितूक्तप्रयोजननिरपेक्षबंधनादिकारितोऽकालिकोमृत्युर्भवति तदा दोषोभवत्येव दशरात्रवज्रव्रते धेनुद्वादशसंकलितमासगोमूत्रयावकव्रततृतीयभागत्वाद्धेनुचतुष्टयंदेयमिति ॥ घातस्यचातुर्विध्यमाहपराशरः ॥ रोधबंधनयोक्त्राणिघातश्चेतिचतुर्विधम् वधनिमित्तमितिशेषः । एकपादंचरेद्रोधेद्वौपादौबंधनेचरेत् योक्त्रेषुचत्रिपादंस्याच्चरेत्सर्वंनिपातने ॥ १ ॥ अत्रैकपादादिव्यवस्था पराशरांगिरःसंवर्त्तापस्तंबोक्तानांप्राजापत्यमासद्वयकृच्छ्रपक्षकृच्छ्रषोडशदिनसाध्यकृच्छ्रादीनां निर्गुणवनस्थगुणवद्बालगोवालवत्सायाश्चविषयत्वेन माधवेनोक्ता ज्ञेया ॥

संपूर्ण व्रतकरे। १। इसविषें माधवजीकी वनाई होई व्यवस्था इसतरां जानणी पराशरजीनेंकहाहै कि निर्गुण पुरुषकी गौ मृतहोवे इसविषें प्राजापत्यव्रतके ही एकपादादि जानणें और अंगिरा जीने किहाहै कि वनाविषें स्थितहोणवाले जो ऋषि तिनकी गौ मृतहोवे उसमें मासद्वयकृच्छ्र व्रत के एकपादादिजानणें और संवर्त्तनीनें कहाहै कि गुणवाले पुरुषकी गौ मृत होवे तां पक्षकृच्छ्र व्रतकेपादादि जानणे और आपस्तम्बजीने कहाहै कि बालहै बच्छा जिसका ऐसी गौ मृत होवे उसमें १६ सोलां दिनां कर्के साध्य जो कृच्छ्र तिसके पादादि जानणे ॥ अब रोधादिचारोंका अर्थ कहतेहैं ॥

गाविति गौआंके वाडेविषें वा गृहविषे वा किलेविषे और उच्ची नीमी जगाविषे और नदी विषे और समुद्र विषें और किसें सोपद्रव स्थान विषे और नदी मुख विषें और दग्ध देश विषे अर्थात् जिसमें तृणादि न होण उसजगा विषें रोकणें कर्के जद गौआं मृत होवें उसकों रोध नामघात कहतेहैं ॥ १ ॥ योक्रेति योक्र और दामक और डोर एहरस्सीआंके भेदहैं इनांकर्के वा कंठके जो भूषण इनांकर्केगृहविषे वा वनविषे बन्नीहोई गौ जदमृतहोवे उसकोंबंधन नाम घात कहतेहैं तिसकों इच्छाकर्के करे वा ना इच्छाकर्केकरे एह दोप्रकारकाबंधनहै ॥ २ ॥ अब योक्रा दिशब्दका अर्थ कहतेहैं पाशइति योक्र नाम फाईकाहै और गड्डेकें युगविषे जो छिद्र तिसमें संबद्ध जो रज्जुहै उसकों दाम कहतेहैं । और डोर रज्जुमात्रकोंकहतेहैं॥ अब योक्र वध दिखाईदाहै

गोवाटेवागृहेवापिदुर्गेष्वप्यसमस्थले नदीष्वथसमुद्रेषुत्वन्येषुचनदीमुखे दग्धदेशेमृतागावःस्तंभनाद्रोधउच्यते । १ । योक्रदामकडोरैश्चकंठाभरण भूषणैःगृहेवापिवनेवापिबद्धास्याद्गौर्मृतायदि तदेवबंधनंविद्यात्कामाकामकृ तंचयत् । २ । योक्रंपाशःशकटयुगाच्छिद्रसंबद्धारज्जुर्दामकं डोरकंरज्जुमात्र म् ॥ हलेवाशकटेपंक्तौपृष्ठेवापीडितोनरैः गोपतिर्मृत्युमाप्नोतियोक्रोभवति तद्वधः ॥ ३ ॥ पंक्तिर्गलेमेढीबंधनम् ॥ मत्तःप्रमत्तउन्मत्तश्चेतनोवाप्यचे तनः कामाकामकृतक्रोधोदंडैर्हन्यादथोपलैः प्रहतोवामृतोवापितद्धिहेतुर्नि पातने । ४ ॥ मत्तोधनादिनादृप्तः प्रमत्तोमद्यपानादिना परवशः ॥ उन्म त्तोव्याध्यादिना विभ्रांतः अचेतनोमुग्धः मारयिष्यामीतिबुद्धिःकामः ॥

हलइति हलविषे वा गड्डेविषे वा पंक्ति विषे वा पृष्ठविषे पुरुषोंकर्के ताडया होया बैल मृतहोवे तां तिसवधका नामयोक्रहै ३ ॥ जो गलविषे मेढ बन्नणा उसका नाम पंक्तिहै ॥ मत्तइति मत्त और प्रमत्त और उन्मत्त और चेतन वा अचेतन इच्छाकर्के वा ना इच्छाकर्के कियाहै क्रोध जिसने ऐसे पुरुषने दंडकर्के वा पत्थर कर्के ताडया होया बैल मृत होवे सो निपातन विषे हेतु है अर्थात् इस वधका नामघात है ॥ ४ ॥ अब इसी श्लोकका अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं ॥ मत्त इति मत्त उसकों कहतेहैं जो धन कर्के अभिमानी होवे और प्रमत्त उसकों कहतेहैं जो मदिरापानादि कर्के परवश होवे और उन्मत्त उसकों कहतेहैं जो व्याधिकर्के भ्रमित होवे और अचेतन नाम मुग्धकाहै अर्थात् मूर्खकों अचेतन कहतेहैं ॥ मै मारां गा एह जो बुद्धि इसको काम कहतेहैं ॥

व्यर्थ जो चेष्टाका धारणा इसकों अकाम कहतेहैं इनांदोआं कर्के उत्पन्न होयाहै क्रोध जिसको सोकामाकामकृतक्रोधीहै होर अर्थसुगमहै ४ ॥ अवकुलविशेषदखातेहैं दहनादिति जो जोडया होया वैल दाह होणेतें मृत होवे तिस विषे पराशरजीने कहाहै कि एकपाद व्रतकरे यथाविधि कर्के परंतुइसजगाकोई (वहनात्) ऐसापाठकहतेहैं क्योंकि जुगडेहोए वैलको दाहकासंभव नहि हैं।णेतें आरै वहनकाअर्थ भारउठाणा एह होसकाहै और पादव्रत भी इहां मासत्रयका अथ वा मासद्वयका जानणा प्राजापत्यका नहिंपापके अधिकहोणेतें । १ । अव और मतकर्के वधके निमित्त कहतेहैं रोधनमिति रोकणा औरवन्नणा और भारदेणा और प्रहारकरणा और दुर्ग में फैंकणा और जोत्रणा एह छे निमित्त वधकेहैण ॥ २ ॥ पूर्वोक्त सें उौर विशेष कहतेहैं ॥ वंधेति ॥ वंध और पासकर्के युक्तहैं अंग जिस्के ऐसा गोपशु जिस्के गृह विषे मृतहोवे सो

व्यर्थचेष्टाधारणमकामः ताभ्यामुत्पादितःक्रोधोयस्यासौतथा) दहनात्तुवि पद्येतअनड्वान्योक्रयंत्रितः उक्तंपराशरेणैवह्येकपादंयथाविधि ॥ १ ॥ रो धनंवंधनंचैवभारःप्रहरणंतथा दुर्गप्रेरणयोक्त्रंचनिमित्तानिवधस्यषट् ॥ २ ॥ वंधपाशसुयुक्तांगोम्रियतेयदिगोपशुः भुवनेयस्यपापीस्यात्प्रायश्चित्तार्द्धम र्हति ॥ ३ ॥ ननारिकेलैर्नचशाणवालैर्नचापिमौंजैर्नचवल्कशृंखलैः एतैस्तु गावोननिवंधनीयावध्वातुतिष्ठेत्परशुंगृहीत्वा ॥ ४ ॥ कुशैःकाशैश्चवध्नीयाद्गो पशुंदाक्षिणामुखम् पाशलग्नाग्निदग्धेषुप्रायश्चित्तंनाविद्यते । ५ । यदितत्रभवे त्काष्ठंप्रायश्चित्तंकथंभवेत् जपित्वापावनींदेवींमुच्यतेतत्रकिल्विषात् ॥ ६ ॥

पुरुष पापीहै तिसकों प्राजापत्यादिका अर्द्ध प्रायश्चित्त करणे योग्यहै । ३ । अवगौआंकेवंधनका प्रकार कहतेहैं ॥ नेति ॥ नरेलदे रस्सेकर्के वा शणदे रस्से कर्के वा मुंजकर्के वावलूंगड़दे जो रस्से उौर संगुलजो है इनांकर्के गौआंको न वंधन करे जेकर वंधन करे तां कुहाडा लेकर पासस्थि तरहे जद गौकों कष्ट वणे तां रस्सेनूं कटदेवे । ४ । जिनांकर्के वंधनेमे दोष नहि तिनको कहतेहैं ॥ कुशैरिति कुशा और काई इनां कर्के गौकों दक्षिण पासे मुख कर्के वन्न देवे इसमे जेकर रस्से विषें लगी जो अग्नि तिसकर्के दग्ध होवे तां उसमे प्रायश्चित्त नहिंहै ॥ ५ ॥ जेकर तिसविषें काष्ठहोवे तां प्रायश्चित्त कैसें होवेगा तिसकोकहतेहैं कि तिसविषें पवित्रजो गायत्री तिनका जप करणेतें पापते शुद्धहोताहै ॥ ६ ॥

और विशेष कहतेहैं ॥ प्रेति खूआ और बाउली इनां विषे गौनू प्रेरणा करे ॥ और जिसज गाविषे वृक्षांको कटदेहोण तिसके हेठ गौनू लेजावे और कसाईके पास वेंचणे कर्के पुरुष गोबध पापको प्राप्त होताहै ॥ ७ ॥ अब पिछले श्लोकका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं ॥ पाशेति कुशादिके जो रस्से इनाको शीघ्र भस्म होणेंतें एकवेरही दुःखकोप्राप्तहोताहै और मृत नहिं होताहै इसकारणतें तिसविषें प्रायश्चित्त नहिंहै । यदीति गलविषें प्राप्त जो पाश तिसके दग्धहोयां जेकर कुशमूलादिका कुछककाष्ठ तिस रस्सेविषे स्थित होवे तां तिस चुआंतीके स्पर्शतें थोडाचर्म दाह होवे तिसविषें गायत्री जप कर्केहि शुद्ध होताहै(पावनीयं)इस पाठ विषें इसी सूक्तकाजपकरे

प्रेरयन्कूपवापीषुवृक्षच्छेदेषुपातयन् गवाशनेषुविक्रीणंस्ततःप्राप्नोतिगोवधम् ७ पाशेति कुशादिमयपाशानांशीघ्रंभस्मीभावात्सकृत्संपातमात्रंसंपद्यतेनतुप्राणांतिकउपद्रवः अतोनतत्प्रत्यवायः । यदीति गलगतेपाशेदह्यमानेयदिकुशमूलादिरूपंकिंचित्काष्ठंतस्मिन्पाशेऽवतिष्ठेत तदा तदुल्मुकसंस्पर्शादीषत्त्वग्दाहोभवेत् तत्र गायत्रीजपेनैवशुद्धिः पावनीयामितिपाठेसूक्तंजपित्वेतिव्याख्येयम् । प्रेरयन्निति यत्रचारणप्रदेशेजीर्णकूपादयः यत्रच प्रौढावृक्षाःछिद्यंतेतत्रप्रेरयन्पातयन् गवाशनेषु गोमांसभक्षकेषु विक्रीणन् गोवधप्रायश्चित्तंप्राप्नोतीतिमाधवः।आराधितस्तुयःकश्चिद्भिन्नकक्षोयदा भवेत् श्रवणं हृदयंभिन्नंमग्नोवाकूपसंकटे ॥ ८ ॥ कूपादुत्क्रमणेचैवभग्नोवाग्रीवपादयोः सएवम्रियतेतत्रत्रीन्पादांस्तुसमाचरेत् ॥ ९ ॥ उद्वृषभयज्ञादौउपघातेपादत्रयंप्रायश्चित्तमाह ॥

ऐसा व्याख्यान कियाहै । प्रेरयन्निति जहां चारणे वाले देशविषें पुराणे कूपादि होण जहां वडे वृक्ष कटे होण तहां गौआंको प्रेरणा करे और कसाई के पास गौकों वेचेतद गोवधप्रायश्चित्तको प्राप्त होताहै एह माधवजीने किहाहै । आरेति आराधित होया जो वैल जेकर उसकी वक्खी भेदी जावे वा कर्ण वा हृदय भेद्या जावे वा वडे कूपविषें डुबजावे । ८ । और कूपतें निकालदे होयां ग्रीवा वापाद टुट जावे वा तिसविषे मृतहोजावे तां तिस विषे त्रिपादव्रत करणे योग्यहै ॥ ९ ॥ अब इसश्लोकका अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं ॥ उद्वृषभेति उद्वृषभ नाम जो यज्ञहै तिस विषे हिंसा करे तिसविषे त्रिपाद व्रत कहतेहैं माधवजी ॥

आराधितइति उद्वृषभनाम जो यज्ञ है तिसविषे वैलनूं आराधन कर्के दुडातेहैं तिसविषे अति वेग कर्के दौडता जो वैल तिसकी कदाचित् कक्ष भेदी जावे वा कण वा हृदय भेदया जावे तिसविषे एह जानणे योग्यहै ॥ और विशेषहै जद तृषा कर्के युक्त गौ आपही कूपादिमें प्रवेश कर्के मृत होजावे और कूपका स्वामी एह वात नहिं जानता है इसतें तिसमें कूपके स्वामीकों दोष नाहिं है परंतु गौआंके स्वामी को दोष है ऐसे और भी जाणो ॥ इस कर्के एह श्लोक कहतेहैं कूपेति कूपखात विषे और तटावंध विषे और नदीवंध विषे और जल विषे जद पशुमृत होजावे तिसमें प्रायश्चित्त नहिं कहाहै ॥ १० ॥ अब इसी श्लोकका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं बहुतडूंगा जो खूआ तिसको कूपखात कहतेहैं। कनारे जिसमें वन्हेजावें सो तडावंध क्या तलाओ कहिये। नदीवंध नामपुलकाहै पत्थर कर्के वणाई जो पौडी सो प्रपा कहीदीहै और कूपादि

आराधितइति उद्वृषभयज्ञेहिवलीवर्द्दमाराध्यधावयंति तत्रातित्वरया धावतः कदाचित्कक्षोभिद्यते तदेदंवोध्यम्। कूपखातेतटावंधेनदीवंधेप्रपासुच पानीयेषुविपन्नानांप्रायश्चित्तंनविद्यते। १०। अगाधःकूपःकूपखातः। तटेन तीरेणआवध्यतइति तटावंधस्तटाकः॥ नदीवंधःसेतुः। पाषाणादिद्रोण्यःप्रपाःकूपखातेतटाखातेदीर्घखातेतथैवच स्वल्पेषुधर्मखातेषुप्रायश्चित्तंनविद्यते। ११ । कूपादिनिर्मातुर्गवादिमरणोद्देश्यकप्रवृत्त्यभावान्नप्रायश्चित्तमितिभावः॥ वेश्मद्वारेनिवासेषुयोनरःखातमिच्छति स्वकार्यगृहखातेषुप्रायश्चित्तंविनिर्दिशेत् ॥ १२॥

निर्माण करण वाला जो पुरुष तिसकों प्रायश्चित्त क्यों नाहिंहै इसआशंका कर्के एहश्लोक कहतेहैं कूपखातइति कूपका जो गर्त्त और तटाखात और वाउलीयां और जो धर्मवास्ते खातहैं इनांविषे पशु आपहि मृत होजावे तां जिस पुरुषनें कूपादि वणाएहैं तिसको दोष नहिंहै क्योंकि तिस खूए आदिक धर्मवास्ते वणायेहैं गौआंके मरणवास्ते नहिं वणाये इस वास्ते तिसको प्रायश्चित्त भी नहिं है और कूपखातादिकों न्याईं गृह विषे जो खात तिसमूं मृत होवे तां दोष है क्योंकि सो धर्मार्थ नाहिं है ॥ ११ ॥ इसवास्ते एह श्लोक कहतेहैं ॥ वेश्मेति घरका जो दरवाजा और गौआंके स्थान इनोंमे जो पुरुष गर्त्त करताहै और अपणे कार्य वास्ते जो घरमे गर्त्त करणा इनोंमें जो पशु मृत होवे इसमें उस पुरुषको पूर्वोक्त त्रिपाद व्रत करणे योग्यहै ॥ १२ ॥

वेश्मेत्यादि खात जो हैं सो धर्म्मवास्ते नहिंहैं इसकारणतें तिनां विषे पशु मृत होजावे तां प्राय श्चित्तहै (प्रश्ण) गृहखातादिकी न्यांई गृहविषे सर्पादि कर्के मृत होवे तिसमें भी प्रायश्चित्त होणा चाहिये इसको इस श्लोक कर्के दूर कर्त्तेहैं ॥ निशीति रात्रिविषे रक्षाकरण वास्ते बंधन कर्के रोकियां जो गौआं सो सर्पव्याघ्रादिकर्के जद मृत होजावें तद स्वामीको दोष नाहिं है और अग्निकर्के वा बिजलीकर्के मृत होजावें तां प्रायश्चित्त नाहिं है ॥ १३ ॥ विद्युत् के दाह की न्यांई ग्रामघातादि कर्के मृत होवें तां दोष नाहिं है इस अभिप्राय कर्के एह श्लोक कहतेहैं ॥ ग्रामेति ग्रामके घात विषे और बाणोंके समूहकर्के अथवा बाणांके समूह कर्के ग्रामके धा तहोयां वा घरके डिगयां होयां और बडीवर्षाहोवे इनां निमित्तांकर्के गौयां मृत होवें तांप्रायश्चित्त नहिंहै इसमे एह अभिप्रायहै कि किसेराजादिके परस्पर विरोधकर्के एकने दूसरेके ग्रामका घात

वेश्मेत्यादि खातानांधर्म्मार्थत्वाभावात्तत्रपातेभवत्येवप्रायश्चित्तम् ॥ निशि वंधनिरुद्धेषुसर्पव्याघ्रहतेषुच अग्निविद्युद्विपन्नानांप्रायश्चित्तंनविद्यते १३ । ग्रामघातेशरौघेणवेश्मभंगनिपातने ॥ अतिवृष्टिहतानांचप्रायश्चित्तंनविद्य ते ॥ १४ ॥ संग्रामेप्रहतानांचयेदग्धावेश्मकेषुच ॥ दावाग्निग्रामघातेषुप्रा यश्चित्तंनविद्यते ॥ १५ ॥ यंत्रितागौश्चिकित्सार्थंगूढगर्भविमोचने ॥ यत्ने कृतेविपद्येतप्रायश्चित्तंनविद्यते ॥ १६ ॥ व्यापन्नानांवहूनांचरोधनेवंधनेपिवा भिषङ्मिथ्योपचारेणप्रायश्चित्तंविनिर्दिशेत् ॥ १७ ॥ अयथाशास्त्रंचिकि त्सनंभिषङ्मिथ्योपचारः ॥ गोवृषाणांविपत्तौचयावंतःप्रेक्षकाजनाः अनि वारयतांतेषांसर्वेषांपातकंभवेत् ॥ १८ ॥

कीता तद उसग्राममे मृतहोइआंगौआंके स्वामिआंको दोष नहि क्योंकि उह उनकी रक्षामे स मर्थ नहिंहैं ॥ १४ ॥ और लडाई विषे मृत होवे वा घरमे दग्ध होजावे वा दावाग्निकर्के ग्राम के घातविषे गौमृत होवे तां प्रायश्चित्त नाहिं है ॥ १५ ॥ और चिकित्सा वास्ते गौ बांधी जावे तिसमें वा मृतगर्भके निकालनमें यत्नके कीत्ते होयां जेकर गौ मृत होवे तां प्रायश्चित्त नहिं है १६ ॥ इसमें भी कुछ विशेष कहतेहैं व्यापेति रोकणे विषे वा बंधन करणे विषे वहुत पुरुषोंकर्के जेकरगौ मृत होवे वा शास्त्ररहित चिकित्सा कर्के मृत होवे तिसमें प्रायश्चित्त करणे योग्य है ॥ १७ ॥ अब गो घातको देखणे वालेको भी दोष कहतेहैं गोवृषाणामिति गौआं और वृष इनांको विपत्तिके होयां जितने देखणवाले पुरुष हैं और तिस विपत्तिकोदूर नाहिं करते हैं तिन संपूर्णांको पाप प्राप्त होताहै ॥ १८ ॥

शक्काविति समर्थदे होयां उपेक्षा करण वाले पुरुषकों भी दोषहै केवल कर्त्ताकों ही नहिंइस अभिप्राय करके प्रेक्षका एह किया है ॥ एह हंता और मंता और उपदेष्टा इत्यादि जो पापी दूसरे प्रकरणमें कहेहैं उनका भी उपलक्षण जानणा ॥ अववहुकर्तृक घात विषें कहतेहैं एकेति वहुत पुरुषोंनें एक पशु मारयाहै और जिस पुरुषके प्रहारतें मृतहोयाहै सो नहिं जानयाजाता तिनां वहुत पुरुषां विर्षों दिव्य क्या सुगंदककें प्रतीत होवे सो राजाके नौकरोंनें पृथक् करणें योग्य है ॥ अव इसी श्लोकका अर्थ स्पष्ट करके कहतेहैं यस्येति जिसनें गोवृषादि मारयाहै सो हंताकिहाहै इहां कर्त्ता में क्त प्रत्यय है ॥ यद्वेति अथवा जिसपुरुषके मारणेंतें सो वृषादि मृतहोगयाहै सो पुरुष नाहिं जानया जाता एह अर्थहै । मारणतें उपरंत मारण वाले जो वहुतहैं उनांके मध्य विषे नहिं जाणया तहांसुगंदी देणेकरके राजाके जो नौकरहैं तिनोंने निवर्त्तनीय क्या

शक्तौसत्यामुपेक्षकस्यापिप्रत्यवायो न केवलं कर्त्तुरेवेत्यभिप्रेत्योक्तंप्रेक्षकाइत्यादि इदंचहंतामंतोपदेष्टेत्यादिद्वितीयप्रकरणोक्तोपलक्षणम् ॥ एकोहतो यैर्वहुभिःसमेतैर्नज्ञायतेयस्यहतोभिघातात् ॥ दिव्येनतेषामुपलभ्यहंतानिवर्त्तनीयोनृपसन्नियुक्तैः ॥ १९ ॥ यस्यगोवृषादेर्हतःकोर्थोहंताकर्त्तरिक्तःयद्वा यस्यपुरुषस्याभिघातात्सवृषादिर्हतः सपुरुषोनज्ञायतइत्यर्थः अभिघातादनंतरंमारकवाहुल्यांतः पातित्वेनचेन्मारकोनज्ञायतेतदादिव्यक्रिययानृपसन्नियुक्तैराजभृत्यैर्निवर्त्तनीयःपृथक्करणीयइत्यर्थः ॥ इदंचगोघ्नप्रायश्चित्तार्थम् ॥ तदितरप्रायश्चित्तार्थमुच्यते। एकाचेद्वहुभिःकाचिद्दैवाद्व्यापादिताक्वचित् ॥ पादंपादंतुहत्यायाश्चरेयुस्तेपृथक्पृथक् २० ॥ हतेतुरुधिरं दृश्यंव्याधिग्रस्तःकृशोभवेत् लालाभवतिदष्टेषुएवमन्वेषणंभवेत् ॥ २१ ॥ यत्र । वहुषुनिमित्तेषु संदेहस्तत्र वधनिमित्तं कथं ज्ञायेतेत्येतदर्थमिदम् ॥

तिनां वहुत पुरुषांके मध्यतें जुदा करणे योग्य है एह अर्थ है १९ ॥ एह जो प्रायश्चित्त है सो गौ मारण वाले पुरुषकों जानणा तिसतें और प्रहार वालेकों प्रायश्चित्त कहीदा है ॥ एकेति एक गौ वहुत पुरुषों नें मारी होवे तिसमें संपूर्ण पुरुष गोहत्याका जो व्रत पीछे कियाहै तिसका एक एक पाद पृथक् पृथक् करें ॥ २० ॥ जहां वहुत निमित्तों करके संदेह होवे तहां किस तरहां वध निमित्त जानणा इस आशंकाके होयां चिन्ह विशेष करके निश्चयकरणा अव तिनां चिन्हांको दिखातेहैं हतइति जहां रुधिर होवे तहां प्रहार निमित्त जानणा और जो कृश होवे सो व्याधि युक्त जानणा और जहां लाला होवे उसके विषें सर्पका दंश जानणा एह तीन प्रकारके मृत्युके चिन्ह जानणे योग्यहैं अर्थात् मृत्यु मै तीनोंचिह्न होतेहैं ॥ २१ ॥

अब इसी श्लोकका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं यत्रेति जिसके मृतहोयां रुधिर देखणेमें आवे उसमें बध निमित्त पत्थर आदिका प्रहारजानणा और कृशके उपलंभ विषे क्या लिसयाई देखणे विषे मृत्युकी हेतु व्याधि जानणी और लालाके देखणेविषे सर्पदंश निमित्त जानणा इत्यादि कहे जो चिन्ह इनों कर्के निमित्तकास्वरूप निश्चय करणे योग्यहै ॥ बाहरले अंगके चिन्होंकों कह कर्के अब अंतरवाले अंगके चिन्होंकों कथन कर्तेहैं ग्रासेति ग्रास वास्ते प्रेरित जो गौ सो ग्रास न भक्षण करे औरमार्ग में भी न चले तिस विषे एक जो मनु संपूर्ण शास्त्रके जानण वाला ॥ २१ ॥ तिसने किया है गौ मारण वाला पुरुष चांद्रायण व्रत करे तां शुद्ध होताहै ॥ केशांके

यत्र हते रुधिरंदृश्यते तत्र वधनिमित्तं पाषाणादिप्रहारः। कार्श्योपलंभेमृ तिहेतुर्व्याधिर्ज्ञेयः। लालादर्शने सर्पदंशोनिमित्तमित्याद्युचितैर्लिंगैर्निमि त्तस्वरूपंनिश्चेतव्यम् वाह्यावयवभंगचिन्हमभिधायाभ्यन्तरावयवभंग चिन्हमाह ग्रासेति ग्रासार्थंचोदितावापिअध्वानंनैवगच्छति मनुनाचैवमेके नसर्वशास्त्राणिजानता ॥ २१ ॥ प्रायश्चित्तंतुतेनोक्तंगोघ्नश्चांद्रायणंचरेत् केशानांरक्षणार्थायद्विगुणंव्रतमाचरेत् ॥ २२ ॥ द्विगुणेव्रतआदिष्टेदक्षिणा द्विगुणाभवेत् ॥ २३ ॥ यस्यनद्विगुणंदानंकेशाश्चपरिरक्षिताः तत्पापं तस्यतिष्ठतित्यक्त्वाचनरकंव्रजेत् ॥ २४ ॥ स्त्रीणामपिगोवधादौकर्त्तव्य तामाह ॥ यत्किंचित्क्रियतेपापंसर्वंकेशेषुतिष्ठति सर्वान्केशान्समुद्धृत्य

छेदयेदंगुलिद्वयम् ॥ १ ॥

रक्षणवास्ते दूणा व्रतकरे २२ और दूणेव्रतके कीतयां होयां दक्षिणा भी दूणी देणे योग्यहै २३ ॥ यस्येति जिस पुरुषने दूणी दक्षिणा नहिं दित्ती और केशोंकी रक्षा करी है तिस पुरुषका पाप स्थिर रहताहै और पछे देहकों त्यागकर्के नरककों प्राप्त होताहै ॥ २४ । अब स्त्रीयांकोंभी गोवधादि पाप विषे कर्त्तव्यता कहतेहैं यदिति जो कुछ पाप स्त्रीकर्तीहै सो संपूर्ण केशोंविषे स्थित रहताहै उन स्त्रीयांकों चाहिए कि संपूर्ण केशांकों रखकरके दो २ अंगुलि प्रमाण केश कटादेण परंतु एह विधि सधवाकों है और विधवाकों अधिक कटाणेमे भी दोष नहिंहै १

इस प्रकार स्त्रियां और कुमारीयांको शिरका मुंडन किहाहै और स्त्रियां को केश कटाणे योग्य नहिहै और ना पतितें दूरविषें शयन करणा २ और रात्रीमे गौ शाला विषें वास नाहिं करणा और दिनमे गौआंके पीछे नहिं जाणा और नदीविषें वा संगमविषें वा वनविषें नहिं जाणा ॥ ३ ॥ स्त्रीयांको चर्म का वस्त्र नाहिं लेणा इसप्रकार व्रतकों स्त्री करे अर्थात् एह संपूर्ण वार्त्ता नहिं करे ॥ जो करणा है तिसको कहतेहैं त्रीति त्रिकाल स्नानकों करे और देवतयोंका पूजन करे ४ और कृच्छ्र चांद्रायणादि जो व्रत तिसकों स्त्री वंधुओं के मध्यविषें हि करे और घरविषें सदाहि स्थित रहे पवित्र हों कर्के व्रत नूं करे ५ अव पापछपाणे वालेकी निंदाकरतेहैं इहेति इससंसार विषें जो पुरुष गोवधकर्के पीछे उसपापको छपातेहैं सो पुरुष घोर नरकविषे प्राप्तहोतेहैं कैसा

एवंनारीकुमारीणां शिरसोमुंडनंस्मृतम् नास्त्रियाःकेशवपनंनदूरेशयनासनम् २ ॥ नचगोष्ठेवसेद्रात्रौनदिवागाअनुव्रजेत् नदीपुसंगमेचैवअरण्येपुविशेषतः ३ नस्त्रीणामजिनंवासोव्रतमेवंसमाचरेत् त्रिसंध्यंस्नानमित्युक्तंसुराणामर्चनंतथा ॥ ४ ॥ वंधुमध्येव्रतंतासांकृच्छ्रंचांद्रायणादिकम् गृहेपुसततंतिष्ठेच्छुचिर्नियममाचरेत् ॥ ५ ॥ इहयोगोवधंकृत्वाप्रच्छादयितुमिच्छति सयातिनरकंघोरं कालसूत्रमसंशयम् ॥ ६ ॥ विमुक्तोनरकात्तस्मान्मर्त्यलोकेप्रजायते क्लीवोदुःखीचकुष्ठीचसप्तजन्मानिवैनरः ७ तस्मात्प्रकाशयेत्पापंस्वधर्मंसततंचरेत् स्त्रीवालभृत्यविप्रेषुअतिकोपंविवर्जयेत् ।८ ❀ इत्युपपातकप्रायश्चित्तेषुगोवधप्रायश्चित्तं प्रथमम् । १ ।❀ अथायाज्ययाजने प्रायश्चित्तमाह मनुः ॥ व्रात्यानांयाजनंकृत्वापरेषामंत्यकर्म्मच अभिचारमहीनंचत्रिभिःकृच्छ्रैर्व्यपोहति ॥ १ ॥

नरकहै कालसूत्र है नाम जिसका ६ तिस नरकतें विमुक्त होकर मनुष्यलोक विषे उत्पन्न होताहै तिसविषे भी नपुंसक और कुष्टी और दुःखी सप्त जन्मपर्य्यंत सो पुरुष रहताहै ७ तिस कारणते पुरुष अपने पापकों प्रकट कर देवे अपने धर्म्मकों सदा करता रहे स्त्री और वालक और नौकर और ब्राह्मण इनांविषें वहुत कोप न करे । ८ ❀ एह उपपातक प्रायश्चित्त विषें गोवधका प्रायश्चित्त प्रथम किहाहै ॥ ❀ अव नहिं जो यज्ञका अधिकारी तिसको यज्ञकरवाणे विषें मनुजी प्रायश्चित्त कहतेहैं व्रात्येति संस्कारते हीन जो पुरुष इनकों यज्ञ कराणा और वंधुआंतें भिन्न उरोंका अंत्यकर्म्म करणा और अहीन जो अभिचार इनके विषे जो दोषहै सो तिन्न कृच्छ्रवतों कर्के दूर होताहै ॥ १ ॥

परेषामंत्यकर्म्म एह अत्यंत अभ्यासका विषयहै अर्थात् वहुत वार करणेका विषयहै वा शूद्रके अंत्यकर्मकराणेका विषयहै प्रायश्चित्त वहुत होणेतें अहीन क्या यज्ञविशेष दो रात्रीतें लेकर बारां १२ दिन तक जो दूसरेके मारणका उपाय करणा सो अभिचार कियाहै ॥ इसमे एह अभिप्रायहै कि एह अभिचार गुरुआदिका करें तो दोषहै होरकाकरे तो दोष नहिहै इसमें वचनहै (अभिचारोऽनभिचारणीयस्येति) और वो अभिचार भी दोतीनदिनआदिकर्के साध्य जानना एक दिनसाध्य नहि जानना इसमे श्रुतिप्रमाणहै(अहीनेति)याज्ञवल्क्य जी कहतेहैं त्रीनिति संस्कार रहित पुरुषकों यज्ञ करवाणवाला और अभिचारी तीन कृच्छ्र व्रत करे और वेदभुलाणे वाला वर्ष पर्य्यंत यवभक्षण करे किसे शरणागतकों त्यागे तौंभी यवभक्षणकरे तां शुद्धहोताहै १ इसका तात्पर्य्य एहहै किप्राजापत्यप्रभृति जो तीनकृच्छ्रहैं तिनांको गुरु लघु भावहै क्या इनमें कोई गुरुहै और कोइ लघुहै तिसी तरह इनांको त्रित्वनिमित्तके गुरु लघु भाव कर्के कल्पना

परेषामंत्यकर्म्मेत्यत्यंताभ्यासविषयम् शूद्रांत्यकर्म्मविषयंवा प्रायश्चित्तस्य गुरुत्वात् अहीनोद्विरात्रादिद्वादशाहपर्य्यंतोहर्गणः।अयमभिचारोऽभिचारा नर्हस्य गुर्वादेःकृतोदोषावहोनान्यस्य अभिचारोऽनभिचारणीयस्येतिवच नात् सोप्यहीनो द्वित्रिरात्रादिसाध्यः नत्वेकदिनीयइत्यर्थः अहीनयजनम शुचिकरमितिश्रुतेः।याज्ञवल्क्यः।त्रीन्कृच्छ्रानाचरेद्व्रात्ययाजकोभिचरन्नपि वेदप्लावीयवाश्यब्दंत्यक्त्वाचशरणागतम् १ त्रीन्कृच्छ्रान्प्राजापत्यप्रभृतीन् तेषांचगुरुलघुभूतानांत्रित्वं निमित्तगुरुलघुभावेनकल्पनीयम् किंच उपपा तकशुद्धिःस्यादेवंचांद्रायणेनतु पयसावापिमासेनपराकेणाथवापुनः२ एवं गोवधोक्तव्रतप्रकारेण मासं पंचगव्याशनादिना अन्येषां व्रात्यतादीना मुपपातकानां शुद्धिर्भवेत् वा वक्ष्यमाणलक्षणेन चांद्रायणेन मासंपयोव्रते नवापराकेणवाशुद्धिर्भवेत् ॥

करणे योग्यहै अर्थात् निमित्त अधिक होवें तद इनांको गुरु करणा जेकर निमित्त लघु होवे तां लघु करदेणा जेकर निमित्त मध्यम होवे तां एक लघु दूसरा गुरु करणे योग्यहै १ कुछक और कहतेहैं उपेति एवं क्या गोवधोक्त प्रकार कर्के और चांद्रायण व्रत कर्के उपपातककी शुद्धि होतीहै वा महीने पर्य्यंत जलपान करणे कर्के अथवा पराक व्रत कर्के शुद्धि होती है २ इसी अर्थकों स्पष्ट कर्तेहैं एवमिति इसतरां गोवध विषे कहा जो व्रतप्रकार मास पंचगव्याशनादि तिस कर्के और व्रात्यतादि उपपातकोंकी शुद्धि कहीहै वा आगे कहणा है लक्षण जिसका ऐसे चान्द्रायण कर्के वा महीनेका जो पयोव्रत तिस कर्के वा पराक व्रत कर्के शुद्धि कहीहै एह चार व्रत दिखाएहैं ॥

परंतु इसी विषे अन्यत्र सिद्धका अन्यत्र समर्थनरूप जो अतिदेशवाक्य तिसतें गो चर्म का वस्त्र और गोसेवादिक गोवध विषे कितनेक असाधारण धर्म्महैं तिन्हां कर्के कुछक न्यूनता जानणें योग्यहै ॥ अर्थात् गोचर्म्मधारणादि इसमें नहि करणे योग्य ॥ एह व्रत चतुष्टय कामनाके विना करणे वाला जो पुरुष तिस विषे शक्तिकी अपेक्षा कर्के विकल्पकरणे योग्यहै अर्थात् जैसी शक्ति होवे तैसा करणें योग्यहैं और कामना कर्के करणे वालाजो पुरुष तिसविषें कहतेहै ॥ एतदिति ॥ उपपातकी जो द्विज हैं सो अवकीर्णिकों त्याग कर्के अपणी शुद्धि वास्ते चांद्रायण व्रतकों करें इसकों स्पष्टकर्त्तेहैंकि जिसका स्वप्नादिविषें वीर्य्यादि स्खलन होवे उसका नाम अवकीर्णीहै एह जो मनुका कथनकिया होया तीनमहीनेका व्रत एहि देख णे योग्यहै ॥ इसी वचनतें एह प्रायश्चित्तका अतिदेश है सो सब उपपातक गणों विषे पठित जो पाप हैं सो कैसेहैं कि कियाहै प्रायश्चित्त जिनांकावा नहि कियाहै प्रायश्चित्त जिनांका

अत्रातिदेशसामर्थ्याद्गोचर्मवसनगोपरिचर्यादिभिर्गोवधासाधारणैः कतिपयैर्न्यूनत्वमवगम्यते एतच्चव्रतचतुष्टयमकामकारेशक्त्यपेक्षयाविकल्पितं द्रष्टव्यम् ॥ कामकारेतु ॥ एतदेवव्रतंकुर्युरुपपातकिनोद्विजाः अवकीर्णिवर्जं शुद्ध्यर्थंचांद्रायणमथापिवेति मनूक्तंत्रैमासिकंद्रष्टव्यम् अतएववचनादयं प्रायश्चित्तादेशःसर्वेषामुपपातकगणपठितानामुक्तप्रायश्चित्तानामनुक्तप्रायश्चित्तानांचावकीर्णिवर्जितानामविशेषेणवेदितव्यः अवकीर्णिनस्तुप्रतिपदोक्तमेव अतोव्रात्यतादिषु अस्मिन् शास्त्रे शास्त्रांतरे वा दृष्टैः प्रायश्चित्तैःसहोपपातकशुद्धिःस्यादेवमित्यादिना प्रतिपादितव्रतचतुष्टयस्य समविषमताकल्पनेन विकल्पोविषयविभागोवाश्रयणीयइतिमिताक्षरा ॥ प्रायश्चित्तेन्दुशेखरेपीत्थमेवव्याख्यातम् । तद्यथा अयाज्ययाजकोव्रात्ययाजको व्रात्योपनेता व्रात्याध्यापकः ॥

और अवकीर्णि कर्के रहित जोहैं तिनांका अविशेष कर्के जानणे योग्यहै अर्थात् एह प्रायश्चित्त सभना उपपातकोंदा सांझाहै २ और अवकीर्णि का पृथक् प्रायश्चित्त किया है इस कारण तें व्रात्यतादियोंको इस शास्त्र विषे वा शास्त्रांतर विषें देखे होए जो प्रायश्चित्त तिनांके साथहि-(उपपातकशुद्धिःस्यात्) इत्यादि वचन कर्के प्रतिपादन कीते जो चारव्रत तिनांको सम और विषमताके कल्पना करणें कर्के विकल्प वा विषयविभाग आश्रय करणे योग्यहै एह मिताक्षरामें कहाहै और प्रायश्चित्तेन्दु शेखरविषेंभी इसी प्रकार व्याख्यान कियाहै सो जैसें हैंतेसै कथन करतेहैं अयाज्येति नहिं जिसको यज्ञका अधिकार तिसको यज्ञ करवाणवाला १ और संस्कारतें हीन जोपुरुषतिसको यज्ञ करवाण वाला २ और व्रात्यपुरुषको यज्ञोपवीत करवाण वाला ३ और व्रात्य कोंपढाणवाला ४

और अपवित्र पुरुषकों यज्ञ करवाण वाला ५ और शूद्रका जो कर्म्म क्रियादि करवाणवाला ६ और वेद भुलाण वाला ७ और चोरतें विना जो शरणागत पुरुष तिसको त्यागण वाला ८ और जो पुरुष चोरकी रक्षा करण वाला ९ और वशीकरण उच्चाटनादि करके जो अभिचार कर्त्ताहै १० एह संपूर्ण न जाणकरके करें तां कृच्छ्र और सांतपन और अतिकृच्छ्र इनांको यथा योग्यकरें परंतु एह व्यवस्थाहै कि कितेक तीन इकठे करणे कितेक इक करणा अर्थात् जैसा पाप होवे तैसाही व्रतकरणा ॥ अब प्रायश्चित्तविवेकविषें मनुजी कहतेहैं असदिति खोटे दानके लयणेवाला उभयमुखीगौ और तिलधेनु आदिदानका जो प्रतिग्रहीता सोहै असत्प्रति ग्रहीताहै और नांहि यज्ञका जो अधिकारी तिसको यज्ञ करवाणवाला और नक्षत्रोंकरके जीवकाकरण

अहीनयाजकः शूद्रांत्येष्टिकर्म्मयाजको वेदविप्लावी तस्करेतरशरणागत त्यागी तस्कररक्षकः वशीकरणोच्चाटनादिरूपाभिचारकर्त्ताचाऽमत्या कृच्छ्रसांतपनातिकृच्छ्रेषु त्रिषु यथायोग्यंक्वचित्समुदितंक्वचिदेकंकुर्य्यादिति प्रायश्चित्तविवेकेमनुः। असत्प्रतिग्रहीतारस्तथैवायाज्ययाजकाः नक्षत्रैर्जीवंतेयश्चसेंधकारंप्रपद्यते वसिष्ठः ॥ श्रद्दधानस्यभोक्तव्यंचौरस्यापिविशेषतः नत्वेववहुयाज्यस्ययश्चोपनयतेवहून् १ प्रायश्चित्तेत्रवौधायनः। वहुप्रतिग्राह्यस्यवाप्रतिगृह्य अयाज्यान्याजयित्वाअप्रातिग्राह्यस्य वा प्रतिगृह्य अनाश्यस्यवाअन्नमशित्वातरत्समंदीयंजपेत् इत्ययाज्ययाजकप्रायश्चित्तं द्वितीयम् ॥ २ ॥ ❀

वाला पुरुष एह सभ अंधकार नरकविषें प्राप्तहोतेहैं १ अब वसिष्ठजीकहतेहैं श्रदिति श्रद्धावाला चोरभी होवे तिसका अन्न भक्षण करलैणा और वहुत यज्ञ करवाणवाले पुरुषका और वहुतयोंकोयज्ञोपवीत करवाण वालेका अन्न भक्षण नहिं करणा ॥ इस प्रायश्चित्तविषें वौधायनजी कहतेहैं ॥ वहुत दान लयण वाले पुरुषका दान लयणा। और अयाज्यपुरुषकों यज्ञकरवाणा और जिसका अन्न नहिं खाणा होवें तिसका भी खाई लयणा इनां सभनां विषे तरत्समंदीय नाम जो ऋचा तिसका जप करणें योग्यहै ॥ एह नांहि यज्ञका जो अधिकारी तिसको यज्ञ करवाण वाले पुरुषका प्रायश्चित्त कियाहै एह उपपातक गणनामें दूसरा है ॥ २ ॥ ❀

अब परस्त्री गमनका प्रायश्चित्त कहतेहैं पारदार्य्यमिति इसविषे जो पारदार्य्यपापहै सो गुरुतल्प और तत्सम और तदतिदेशिक इनांतें भिन्न विषयजानणा तिनांविषे उपपातकका जो सामान्य प्रायश्चित्तहै तिसका गुरुदारादिविषे अपवाद पिच्छे कियाहै तैसें अपवादान्तर गौतमजी कहतेहैं वार्षिकमिति वर्ष ब्रह्मचर्यके प्रसंगमें कियाहै कि ऐसें एक वर्षहि ब्रह्मचर्य्य उपपातक विषे जानणा दोवर्ष परस्त्रीगमनविषे ब्रह्मचर्यजानणा और त्रयवर्ष ब्रह्मचर्य्यवेदपाठीकी स्त्रीविषे जानणा इसविषे इसप्रकार व्यवस्था कहतेहैं ॥ ऋत्विति ऋतुकालविषे कामना करके जातिमात्र ब्राह्मणीके गमन विषे दोवर्ष ब्रह्मचर्य धारणातिसीविषे वेदपाठीकी स्त्रीविषे गमनकरे तां तीनवर्ष ब्रह्मचर्य धारणकरे

* अथपारदार्य्यम् पारदार्य्यंचात्र गुरुतल्पतत्समतदातिदेशिकव्यतिरिक्तविषयम् तत्रोपपातकसामान्यप्रायश्चित्तस्य गुरुदारादावपवादउक्तएव। तथाऽपवादान्तरमाह गौत्तमः। वार्षिकंब्रह्मचर्यंप्रस्तुत्योपपातकेषुचैवमिति द्वेपरदारे त्रीणिश्रोत्रियस्येति अत्रेत्थंव्यवस्थामाहुः। ऋतुकाले कामतोजातिमात्रब्राह्मणीगमने वार्षिकं ब्रह्मचर्यम् तस्मिन्नेवकाले कर्मशालित्वादिगुणयोगिन्या ब्राह्मण्यागमने द्वे वर्षे तत्रैव श्रोत्रियभार्यागमने त्रैवार्षिकमिति यद्वा ब्राह्मणीक्षत्रियावैश्यापरत्वेन त्रैवार्षिकद्वैवार्षिकैकवार्षिकाणां व्यवस्थेति ऋतुकालादन्यत्रगमनेतूपपातकेष्वौत्सर्गिकतयोक्तंवोध्यमितिदिक्
॥ अत्रोशनाः ॥ गमनेतुव्रतंयत्स्याद्गर्भेतद्द्विगुणंचरेत् ॥ १ ॥

इसी विषे और पक्ष कहतेहैं ब्राह्मणीति ब्राह्मणी और क्षत्रियाणी और वैश्यकी स्त्री इनांकों गमनकाविषय रक्ष करके तीनवर्ष वा दो वर्ष वा एकवर्ष इनकी व्यवस्था जानणी अर्थात् ब्राह्मणी विषे गमन करणेंतें तीनवर्ष ब्रह्मचर्य करणा और क्षत्रियाणी विषे गमन करणेतें दो वर्ष ब्रह्मचर्य धारणा और वैश्यकी स्त्री विषे गमन करणेंतें एकवर्ष ब्रह्मचर्य धारणा ऐसी व्यवस्थाहै और ऋतुकालतें अन्यत्र गमन विषे उपपातक विषे उपपातकशुद्धिःस्यादित्यादि वाक्य करके जो सामान्य प्रायश्चित्त कियाहै सो जानणे योग्यहै ॥ इसीविषे शुक्रजी कहतेहैं गमनइति गमन विषे जो व्रत कियाहै जेकर गमनकरणेंतें गर्भ होवे तां दूणा व्रत करे १ ॥

संवर्त जी कहतेहैं कथमिति क्षत्री वा वैश्य ब्राह्मणीविषें गमनकरे तद कृच्छ्र वा सांतपन व्रतकों पापकी शुद्धि वास्ते करे १ और शूद्र कामके वश होया होया ब्राह्मणी विषें गमन करे तद गोमूत्र युक्त जो यव तिनांको पापकी शुद्धि वास्ते एक महीना भक्षण करे २ परंतु एह प्रायश्चित्त अत्यंत व्यभिचारिणी ब्राह्मणीके गमन विषें जानणा ॥ होरनां विषें कहतेहैं प्रातिलोम्येति प्रातिलोम्यविषें पुरुषका वध करणा वा नासा कर्णादिका कट देणा अर्थात् शूद्र वैश्यादि स्त्री मेंगमन करे वैश्य क्षत्रियादिस्त्री विषें गमन करे क्षत्री ब्राह्मणी विषें गमन करे तद इसमें ऐसी व्यवस्थाहै परंतु इसका ऐसा अभि प्रायहै कि (प्रातिलोम्ये)इत्यादि वचन दंडपारुष्यके दंडविषेहै तिस जगादंडवहुत श्रवण करणेंकर्के प्रायश्चित्तभी वहुत जानणा ॥ अव नीचजातिकी स्त्रीविषे आपस्तंवजी कहतेहैं म्लेच्छीति म्लेच्छकी स्त्री अर्थात् मुसलमानकी स्त्री म्लेच्छ शब्दका अर्थआगे

संवर्त्तः कथंचिद्ब्राह्मणींगच्छेत्क्षत्रियोवैश्यएवच कृच्छ्रंसांतपनंवास्यात् प्रायश्चित्तंविशुद्धये १ शूद्रस्तुब्राह्मणींगच्छेत्कथंचित्काममोहितः गोमूत्रयावकाहारोमासेनैकेनशुद्ध्यति २ इदंचात्यंतव्यभिचारितब्राह्मणीगमनविषयम् अन्यत्रतु। प्रातिलोम्येवधःपुंसोनासाकर्णादिकर्त्तनमितिदंडगौरवस्मरणात्प्रायश्चित्तमपिगुरुतरं कल्प्यम् आपस्तंवः। म्लेच्छीनटीचर्मकारीरजकीवरटीतथा एतासुगमनंकृत्वाचरेच्चान्द्रायणद्वयमिति १ रजकश्चर्मकारश्च नटोवरटएवच कैवर्त्तमेदभिल्लाश्चसप्तैतेह्यंत्यजाःस्मृताः २ एतासांचांत्यजस्त्रीणांमध्येयदेकस्याव्यवायेप्रायश्चित्तमभिहितंतत्सर्वासुभवति सर्वासां सदृशत्वात् ॥ तथाहोशनाः॥ वहूनामेकधर्म्माणामेकस्यापियदुच्यते सर्वेषांतद्भवेत्कार्य्यमेकरूपाहितेस्मृताइति १ ॥

आवेगा जो गोमांसकाभक्षक है और सदाचारतेहीनइत्यादि और नट्टुए की स्त्री और चमयारी और धोवण और डूमणी इनांविषे गमनकर्के दो चांद्रायण व्रत करे तां शुद्ध होताहै १ चर्म्मकार पदसें औरकाभी स्मरण आयाहै इसकर्के तिनकी गणना करतेहैं रजक इति धोवी और चमयार और नटुआ और डूम और मलाह और मेद इनकाहि भेदहै जिनकोंदडई कहतेहैं और भिल्ल बेलदार अथवा वनमें रहण वाले किरातलोक एह सत्त अत्यजजाति कही है २ एह जो अंत्यज इनांकी स्त्रियांके मध्यविषें जो इकके गमनविषें प्रायश्चित्त है सो सभनां विषें जानणा क्योंकि सभनांकी तुल्य होणेते ॥ तैसेंहि शुक्रजी कहतेहैं वहूनामिति एकधर्म्मवाले जो वहुत होण तिनांविषें एकका जो कार्य कहीदाहै सो कार्य सभनां को होताहै जिसकर्के सो सम्पूर्ण एक रूप कहेहैं ॥ १ ॥

बृहत्संवर्त्तनेंभी एही कियाहै ॥ रजकेति रजककी स्त्री और फंदकीकी स्त्री और नटुए की स्त्री और वंज वा चर्म्म इनां कर्के जो उपजीविका करण वाले तिनांकी जो स्त्री इनांविषें ब्राह्मणादि गमनकरे तां दो चान्द्रायण व्रत करणें कर्के शुद्ध होताहै १ ॥ शुक्रजी कहतेहैं चांडाल्यामिति चांडालीविषें गर्भको स्थापनकरे तां गुरुतल्प व्रत करें अर्थात् गुरुतल्प तुल्य पाप होताहै ॥ जो आपस्तंवजीका वचनहै कि अंत्यजायामिति पीछे कथन कीचे जो अन्त्यज तिनांकी स्त्री विषें जद ब्राह्मणादिकी प्रसूतिहोवे तां तिसविषें प्रायश्चित नहि होताहै तिसपुरुषको विदेशमें निकाल देणा इसमें संशय नहि करणा एह इच्छा कर्के करण वाले पुरुष विषे जानणा ॥ १ ॥ इसका स्पष्टार्थ कहतेहैं ॥ इसका एह अर्थहै अन्त्यजाके साथ गमन करण वाला कृतागस्य क्या किया है अपराध जिसनें कृतांक

बृहत्संवर्त्तः ॥ रजकव्याधशैलूषवेणुचर्मोपजीविनीः एतास्तुब्राह्मणोगत्वा चरेच्चांद्रायणद्वयम् ॥ १ उशनाः ॥ चांडाल्यांगर्भमारोप्य गुरुतल्पव्रतंचरेत् यत्त्वापस्तंववचनम् । अंत्यजायांप्रसूतस्यनिष्कृतिर्नविधीयते निर्वासनंकृताग स्यतस्यकार्य्यमसंशयमिति १ तत्कामकारविषयमिति अंत्यजायांप्रसूतस्य अं त्यजागामिनः कृतागस्यकृतापराधस्य कृतांकस्येतिवापाठः अत्रसर्वत्रमत्या भ्यासेप्रतिनिमित्तनैमित्तिकानुवृत्तौप्रसक्तायांविशेषमाह लौगाक्षिः । अभ्या सेऽहर्गुणाद्वृद्धिर्मासादर्वाग्विधीयते ततोमासगुणाद्वृद्धिर्यावत्संवत्सरंभवेत् १ अमतिपूर्वावृत्तौविशेषमाह । सकृत्कृतेषुयत्प्रोक्तंत्रिगुणंतत्त्रिभिर्दिनैः मासा त्पंचगुणंप्रोक्तंषण्मासाद्दशधाभवेत् २ संवत्सरात्पंचदशद्यब्दाद्विंशगुणंभवेत्

स्य इसपाठमें एह अर्थ है क्या कीताहै अंक क्या चिन्हभगका अथवा लिंगकाजिसको ऐसा कर्के निकाल देणा ॥ इन्हां सभना विषे जाण कर्के बहुत अभ्यासदे होयां २ जितने निमित्त होवें उतने ही नैमित्तक होनेचाहिए अर्थात् जितने पाप होवें उतनेहीं प्रायश्चित्त होनेचाहिए इस न्या यके प्रसंग के होयां विशेष कहतेहैं लौगाक्षिजी अभ्यासइति महीनेके उरें अभ्यासदें होयां एकादिन प्रायश्चित्त की वृद्धि करणी जैसें अठ दिनके प्रायश्चित्तमें नव ९ दिन होण और वर्ष तक अभ्यासदे होयां महीनेकी वृद्धिकरणी १ अज्ञान पूर्वक अभ्यास विषे विशेष कहतेहैं सकृदिति एकवेर पापविषे जो प्रायश्चित्त कियाहै सोप्रायश्चित्त तीन दिन पाप करणेंमें त्रिगुणकरणा और महीनें तक पाप करणेंमें पंचगुणा करणा और छे ६ महीनें तक पाप करणेंमें दश गुणा करणा औरवर्ष तक पाप करणे में पंद्रां १५ गुणाकरणा दोवर्ष पाप करणे में वीस गुणा करणा

इसप्रकार कल्पना करणे योग्यहै और इसके आगे होवे तां अपनी कल्पना करणी चाहिए जैसें एकवार करणेमें जो कियाहै सो दोवर्षउप्पर जद तीनदिन होण तां वीस गुणांकर्के पीछे एकवारकरणे वालेकों त्रिगुणकरणा इसके आगे मासादिविषें ऐसेंहि कलपनाकरलयणी चारव र्ष तक तिसके आगे छेवर्ष तक फेर ऐसेहि जाणो इसमें कोईं ऐसा अर्थकरतेहैं कि दोवर्षतें आगे तीसरेवर्षविषे पंचगुणा वृद्धिके हसावसें २५ गुणाकरणे चाहिए परंतु इसमें एहवातध्यान करणी चाहिए कि दोवर्षतें जद एकमहीनाअधिकहै वा ४ अथवा १०तांभी पंजहिवधेंगे और चौथे वर्ष विषे३० व्रत पांचमें ३५ ऐसेहि जाणो यह शातातपजीका वचन यथार्थहै ३ अब दूसरे व्रतकी व्यवस्थाकहतेहैं विधेरिति एहजो पहलीविधिहै इसतें दूसरी विधिविषे दूणा करणा एहजो आवृत्ति विधानहै सो महापातकके विषयमे जानणे योग्यहै अब औरकहतेहैं पुषेति किसेपुरुषकें

अतोप्येवंप्रकल्प्यंस्याच्छातातपवचोयथा ३ यत्तु विधेःप्राथमिकादस्माद् द्वितीयेद्विगुणंभवेत् इत्यावृत्तिविधानम् तत्तुमहापातकविषयमितिदिगिति पुरुषांतराव्यभिचारितां जातिमात्रविप्रास्तौ विप्रोगत्वापूर्वोक्तंवार्षिकंब्र ह्मचर्य्यंव्रतम् धर्मादिकर्म्मशीलत्वादिगुणशालिनीं तादृशींगंतुर्विप्रस्यद्वि वार्षिकंप्रायश्चित्तम् श्रोत्रियपत्न्यांतादृश्यांत्रिवार्षिकंतत् ताभिर्यदिद्रव्यं दत्तंभवेत्तर्हितत्संत्यज्यप्रायश्चित्तम् द्वित्रिचतुर्वारगमने क्रमेण द्वित्रिचतुर्गु णम् अग्रेचपातित्यम् एवंद्वितीयतृतीयादिगमनेपि

साथजिसने व्य भिचार नाहीं किया ऐसी जो जातिमात्र ब्राह्मणीतिसके साथ ऋतुकालविषे ब्राह्मण गमनकरे तां विषे पूर्वोक्तवर्षतक ब्रह्मचर्य्य व्रतकरे तदशुद्धहोताहै और धर्मादि कर्म्म और शील त्वादिगुणों कर्के युक्त ब्राह्मणी गमन करण वाले ब्राह्मणकों दोवर्षका प्रायश्चितहै और ॥ वेदपा ठीकी धर्मादि कर्के युक्तस्त्रीविषे गमन करे तां तीन वर्ष प्रायश्चित्तकरणा तिनां स्त्रियांने जो कुछ द्रव्य दित्ताहै तिसको त्याग कर्के प्रायश्चित्तकरणा परंतु दोवार अथवा तीनवार अथवा चारवार उसीस्त्रीविषे गमन करणेमें दूणा त्रीणा चौगुणा व्रत करणा चाहिए और इसतें अधिक गमन करे तां पतितहोताहै अर्थात् तिसका प्रायश्चित्त नहिहै एह किसेका मतहै ॥ और कलियुगमें पतितकाभी प्रायश्चित्तहै एह आगे महापातकि प्रकरण विषे आवेगा एवमिति इसी तरह दो त्रय और चार स्त्री विषे गमनकरणेमे प्रायश्चित्त जानणा

और इससें विलक्षण शूलपाणि मिताक्षरादिकारोंने कियाहैं ॥ एकेति एकस्त्री विषे दो त्रय वार गमनदे होयां पूर्वोक्त ही द्वि त्रि चतुर्गुण व्रतका एकपादन्यून करणा और क्षत्रियादि अपणे वर्णकीस्त्रीविषें गमन करें तां पूर्वोक्त व्रतका एक पाद ऊन व्रत करे और ब्राह्मणको गुणवाली जो क्षत्रियादियोंकी स्त्री तिसाविषें गमन करणेतें दो वर्ष इकवर्ष छे ६ महीने तक क्रमतें व्रत करणा चाहिए अर्थात् क्षत्रीकी स्त्री विषें दो वर्ष और वैश्यकी स्त्रीमें एक वर्ष शूद्रकी स्त्रीमें छे महीनें इस तरांव्यवस्थाजानणी पराई जो गुणवालीहै शूद्री तिसाविषें शूद्र गमन करे तां छे ६ महीनेका व्रत करे इसमें अज्ञान करके करे तां सबजगा अर्द्ध व्रत जानणा अपणे भर्त्ता से अतिरिक्त समान वर्णके एक पुरुष साथ गमन करण वाली स्त्री के साथ गमन करण वालेकों पूर्वोक्तहि व्रत क्या द्वेपरदारे इसीका इक पाद न्यून व्रत करणा उचित है ॥ दो पुरुष साथ गमन करण

शूलपाणिमिताक्षराकारादयस्तु एकस्यामेवद्वित्रिवारगमने पूर्वोक्तमेवपाद हान्येतिप्रोचुः। क्षत्रियादीनांच स्वस्ववर्णासु गमनेपादहानिः विप्रस्यगुण वतीषुक्षत्रियादिस्त्रीषु द्विवार्षिकैकवार्षिकषण्मासिकानीति शूद्रस्यपरकी यायांगुणवत्यांशूद्रयांगंतुः पाण्मासिकम् अकामतःसर्वत्रैतदर्धम् । स्वभ र्तृव्यतिरिक्तसवर्णैकपुरुषगामिन्यां गंतुः पूर्वोक्तमेव पादहान्याकार्यम् पुरु षद्वयगामिन्यांद्विपादहानिः पुरुषत्रयगामिन्यांत्रिपादहानिः पुरुषचतुष्ट यगामिन्यां स्वैरिणीसंज्ञायां विप्रायां गंतुस्त्र्यहोपवासपूर्वकं घृतपात्रदानम् तादृश्यां क्षत्रियायामुपवासपूर्वकमाढकयवदानम् ॥ वैश्यायांगंताचतु र्थकालाहारोविप्रान्भोजयेदिति शूद्रायांगंतुः सचैलस्नानपूर्वकमुदकुंभदा नम्। पंचमादिगामिन्यांबंधकीसंज्ञायां अष्टमुष्टियवदानम् तादृश्यांशूद्रायां विप्रस्योदकुंभदानम्

वाली के साथ गमन करण वालेकों दो पाद न्यून व्रत करणा त्रय पुरुष साथ गमन करण वालीके साथ गमन करण वाले कों त्रय पाद न्यून व्रत करणा ॥ चार पुरुषके साथ गमन करण वालीको स्वैरिणी संज्ञाहै ऐसी ब्राह्मणी विषें गमन करण वाला त्रय उपवास पूर्वक घृतपात्र दान करे ॥ तैसीहि क्षत्रियाणी विषें गमन करणेतें उपवासपूर्वक एक आढकयवदान करे ॥ तैसेहि वैश्यकीस्त्रीके साथ गमन करण वाला चौथे काल भोजन करे और ब्राह्मणांकों भोजन देवे ॥ तैसी शूद्री विषे गमन करण वाला सचैल स्नान पूर्वक जलपूर्णघटका दान करे ॥ पंचमादि पुरुष साथ गमन करण वाली की बंधकी संज्ञाहै इस विषे गमन करण वालेकों अष्ठ मुष्ठी यवदान करणा योग्यहै बंधकी संज्ञावाली शूद्रीविषे गमन कर णेतें ब्राह्मणको जलपूरितघटका दान देणा उचितहै

क्षत्रीति वंधकीक्षत्रियाणीविषे गमनकरणेतें गोदानकरणा और वैश्याविषे गमन करणेतें वस्त्र दानकरणा ॥ जेकर बहुत वेर गमन करे तां प्रायश्चित्त भी बहुत वेर करे । इससे विशेष वंधकी गमन विषे षड्त्रिंशन्मतमें भी कियाहै ब्राह्मणीमिति वंधकी ब्राह्मणी विषे गमन करे तां अष्ट मुष्टि अन्न ब्राह्मणके ताईं देवे और वंधकी राजाकी स्त्री विषे गमन करे तां धनुष देवे परंतु राजा इसजगा जातिमात्र जानणा पृथिवीपति नहि पृथ्वीपतिकी स्त्रीकों औसाहोणा संभावना विषे नहि आउताहै और वैश्याविषें गमन करे तां वस्त्र दान करे १ शूद्री विषें गमन करें तां जलका घट ब्राह्मणके ताईं देवे वा एक दिन उपवास करे और ब्राह्मणकों भोजन देवे २ किंचित् नाम अष्टमुष्टि धान्यका है ॥ अव प्रचेताजी और प्रायश्चित्त कहतेहैं शूद्री वंधकीके साथ गमनदेहोयां आचमन करके प्राणायाम करे ॥ ब्राह्मण वंधकी साथ गमन करे तां गडवी दान करे

क्षत्रियायांधेनुदानम् वैश्यायांवस्त्रदानम् । अभ्यासेप्रायश्चित्तावृत्तिः वंधकी गमनेषड्त्रिंशन्मतेपि । ब्राह्मणींवंधकींगत्वाकिंचिद्दद्याद्द्विजातये राजन्यां चधनुर्दद्याद्वैश्यांगत्वातुचैलकम् १ शूद्रांगत्वातुवैविप्रउदकुंभंद्विजातये दिवसोपोषितोवास्याद्दद्याद्विप्रायभोजनमिति २ किंचिदष्टमुष्ट्यात्मकंधान्यम् प्रायश्चित्तांतरमाह प्रचेताः । वंधकीगमने उपस्पृश्य प्राणायामं । ब्राह्मण वंधकींगत्वाकमंडलुंदद्यात् क्षत्रियवंधकीमायुधम् वैश्यवंधकींप्रतोदमिति अत्र त्रिषु वर्णत्रयोपादानात्प्रथमंशूद्रवंधकीपरम् स्वैरिणीवंधक्योर्लक्षणं स्मृत्यंतरे । चतुर्थेस्वैरिणीप्रोक्तापंचमेवंधकीमतेति १ गौडास्तु ॥ विप्रादेः क्षत्रियादिगमनस्यैवार्धार्धादिहानिमाहुः ॥

क्षत्रिय वंधकी विषे गमन करे तां धनुष दान करे ॥ और वैश्यवंधकी विषे गमन करें तां प्रतोद नाम कोरडा दान करे परंतु इसके विषे तिन्नां वर्णांकि ग्रहण होणेतें पहिला जो है सो शूद्रवंध की पर लगाणा ॥ अव स्वैरिणी और वंधकीकालक्षण और स्मृतिसें कहतेहैं ॥ चतुर्थ इति चारपुरुषसाथ गमनकरणे वाली स्वैरिणी कही है ॥ पंच पुरुषोंके साथ गमन करण वाली वंधकी कहीहै १ अव गौडों का मत कहतेहैं विप्रेति विप्रादियों को क्षत्रियादि गमन विषे अर्द्ध अर्द्ध प्रायश्चित्त कयाहै अर्थात् विप्रको क्षत्रियाणीके गमनविषे जो ब्राह्मणी के गमनमें प्रयाश्चित्तकिहाहै तिसका अर्द्ध करणा और वैश्याणी विषे जो क्षत्रियाणी में प्रायश्चित्तहै तिसका अर्द्ध करणा और शूद्री विषे जो वैश्याणी में प्रायश्चित्त है तिसका अर्द्ध करणा ॥ एसें ही क्षत्री को क्षत्रियाणी में जो प्रायश्चित्तहै तिसका अर्द्ध वैश्याणी विषे करणा एसेंअग्गे भी जानणा

अनृताविति ऋतुतें विना जातिमात्र ब्राह्मणी विषे ब्राह्मण गमन करे तां मनुने कहा जो तीन महीनेंका व्रत सो करे ॥ ऐसेंहि क्षत्रियादि स्त्रियां विषे गमन करणेंतें क्रम कर्के दो महीनें वा चांद्रायण वा महीना व्रत करे अर्थात् क्षत्रियाणीमें दो महीने और वैश्यामें चांद्रायण और शूद्रीमें एक महीना व्रत करे तां शुद्धहुंदाहै और क्षत्रियादि अपणे अपणे वर्णकी स्त्रीविषे ऋतुतें विना गमन करेतां दो महीनेका व्रत करे और इनांविषे जेकर गर्भ होवे तां तिस तिस विषयमें सभ जगा व्यभिचारी पुरुष दूणा व्रत करे शूद्रीविषे गर्भ होवे तां त्रय वर्ष पर्यंत चौथे काल एक वेर भोजन करे तद शुद्धहोताहै जेकर ब्राह्मण नहिं इच्छाकरती जो विप्रादि योंकी स्त्री तिसविषे गमन करे तां क्रमकर्के गोघ्नको अर्थात् गोघातीकों किहा जो प्रायश्चित्त

अनृतौ जातिमात्रविप्रांविप्रोगत्वामानवं त्रैमासिकं कुर्यात् ईदृशक्षत्रियादि स्त्रीषुक्रमेण द्वैमासिकचांद्रायणमासिकानि क्षत्रियादीनांस्वस्ववर्णास्वनृतौग मनेद्वैमासिकान्येव आसुगर्भोत्पत्तौतु तत्तद्विषये सर्वत्रोक्तमेवद्विगुणंकार्यम् शूद्रायांगर्भोत्पत्तौतु त्रीणिवर्षाणि चतुर्थकालेनक्तं भुंजीत। विप्रस्यानिच्छन्ती षुविप्रादिस्त्रीषुगंतुरनुक्रमेणगोघ्नत्रैमासिकद्वैमासिकचांद्रायणानि। अत्रवासि ष्ठंस्मरणम्। शूद्रश्चेद्ब्राह्मणीमभिगच्छेद्वीरुद्भिर्वेष्टयित्वेत्यादिरूपंगुरुतल्पप्रक रणेद्रष्टव्यम् ॥ प्रायश्चित्तमयूखेचतुर्विंशतिमताद्यदाभिहितम् ॥ वृषल्यामभि जातस्तु त्रीणिवर्षाणिचतुर्थकालसमये नक्तंभुंजीतेति एतच्च कामतोऽत्यंताभ्या सेन गर्भोत्पत्तौवेदितव्यम्। अभिजातइत्याहितगर्भः यत्तुहारीतः॥ ब्राह्मणो वृषलींगत्वात्र्यहंभवतिसूतकी अथास्यगर्भमाधत्तेब्राह्मण्यादेवहीयत इति १

त्रय महीनें का वा दो महीनेंका वा चांद्रायण व्रत तिसको करे ॥ इसमें वसिष्ठ जीकी स्मृति है शूद्रइति जेकर शूद्र ब्राह्मणीके साथ गमन करे तां तिस शूद्रकों घाससें लपेट कर्के फूक देवे इत्यादि रूप गुरुतल्प प्रकरण विषे देखणें योग्यहै ॥ प्रायश्चित्त मयूख विषे चतुर्विंशति मतसें कहतेहैं वृषल्यामिति। वृषलीविषे जद गर्भ धारण करे तां तीन वर्ष तक चतुर्थकाल विषे एक वेर भोजन करे। सो एह कामनातें वहुत अभ्यासकर्के गर्भकी उत्पत्तिविषे जानणा और जो हारीत जीनें कियाहै सो कहतेहैं ब्राह्मणइति ब्राह्मण वृषली विषे गमन करे तां त्रय दिन सूतक वाला रहता है जेकर वृषली विषे गर्भ करे तां ब्राह्मण्यतें अर्थात् ब्राह्मणजातिसें दूरहुंदाहै ॥ १ ॥

तैसेंहि और कहतेहैं ब्राह्मणइति ब्राह्मण वृषली विषे गमन कर्के शीघ्रहि अधोगतिकों प्राप्तहो ताहै जेकर इसीविषे गर्भ करे तां पतित होताहै इसमें संशयनहिं करणा २ सो एह सभ वचन पापके गौरवपर व्याख्यानकीतेहैं ॥ अब कण्वऋषिजी कहतेहैं प्रसूतइति जो ब्राह्मण वैश्याविषे जन्मे क्या वैश्याणी विषे गर्भ धारण करे सो भिक्षा कर्के अन्न खावे और इन्द्रियांकों रोकरखे एक लक्ष गायत्रीजपकरे तो शुद्ध होताहै १ इसीविषे मलाह की स्त्री और धोबीकी स्त्री और वैश्यकी स्त्री इनां विषे पुरुष गमन करे तां प्राजापत्य व्रत कों करे तां शुद्ध होताहै ॥ २ ॥ इस शाततपके वाक्यविषे वैश्यापदके साथ कथन करणें कर्के कैवर्त्त्यादियोंके गर्भोत्पादन विषे भी एह प्रायश्चित्त करणा वेश्याविषे गमनका हीनयोनि सेवना के प्रसंग विषें प्रायश्चित्त कहांगे

तथा ब्राह्मणोवृषलींगत्वासद्योगच्छेदधोगतिम् अथास्यगर्भमाधत्ते पतत्या शुनसंशय इति २ तान्येतानिपापगौरवव्याख्यानपराणि कण्वः । प्रसूताय स्तुवैश्यायांभैक्षभुङ्नियतेन्द्रियः शतंसहस्रमभ्यस्यगायत्रीमितिशुद्धतामि ति १ शतंसहस्रंलक्षमित्यर्थः लक्षगायत्रीजपपर्य्यन्तंभैक्षभुक्स्यादितिया वत् अत्रकैवर्त्तीरजकींचैववैश्यांवापिगतोनरः प्राजापत्यविधानेन कृच्छ्रेणै केनशुद्ध्यतीति २ शातातपवाक्ये वैश्यासममितिव्याहृतकैवर्त्त्यादिषु गर्भो त्पादनेपीदमेवप्रायश्चित्तमिति वारस्त्रीगमनेहीनयोनिनिषेवणप्रसंगे प्राय श्चित्तंवक्ष्यते ॥ किंच । याज्ञवल्क्यः अनियुक्तोभ्रातृजायांगच्छंश्चांद्रायणं चरेत् त्रिरात्रांतेघृतंप्राश्यगत्वोदक्यांविशुद्ध्यति १ ॥ शास्त्रीयविनियोगंवि नायोज्येष्ठस्यकनिष्ठस्यवाभ्रातुर्जायांकामुकतयागच्छति सचांद्रायणंकु र्य्यात् सकृदमतिपूर्वविषयमेतत्

कुच्छ और भी याज्ञवल्क्यजी कहतेहैं अनियुक्तइति किसे कर्के नहिं प्रेरयाहोया भरजाईके साथ गमन करे तां चांद्रायण व्रत करे तद शुद्ध होताहै और रजस्वलाविषें गमन करे तां त्रयरात्रि घृतप्राशन कर्के शुद्ध होताहै १ शास्त्रकी विधि तें विना जो पुरुष ज्येष्ठकी वा कनिष्टभ्रा ताकी स्त्री विषे इच्छा कर्के गमन करे तां सो पुरुष चांद्रायण व्रतकरे तां शुद्ध होताहै ॥ एहअ ज्ञान कर्के एकवेरकरणे विषे जानणे योग्यहै इसमे एहअभिप्रायहै कि देवरतें पुत्रकी उत्पत्ति शास्त्रनें कहीहै तिसविषें जेकर आज्ञाहै तदभरजाई विषें गमनका दोष नहि और तिसवि नादोषहै इसकर्केकिहाहैकि (अनियुक्तः) इसमेभी ऐसा जानणा कि उहपुरुष कामुकहै परंतु भरजाईकों नहि जानदा

इच्छा कर्के करणे विषे शंख ऋषिजी कहतेहैं परिविचिरिति वडे भ्राताके विना छोटेका विवाह होवे सो परिवेत्ता है और वडेका नाम परिवित्तिहै सो दोनों प्रायश्चित्तके अधिकारी हैं सो अपने पापके दूर करणे वास्ते एकवर्ष ब्राह्मणके गृह से भिक्षाका अन्न लेकर भोजन करते रहें और ज्येष्ठ भ्राताकी भार्याविषे नहि किसेकर्के प्रेरयाहोया गमन करे तां उसमे जो प्रायश्चित्तहै सोही छोटे भ्राताकीभार्य्याके गमन विषे करे ॥ इसमेभी जाणकर्के किया जो अभ्यास तिसके विषे गुरुतल्पका अतिदेश जानणा अर्थात् गुरुतल्प मे जो प्रायश्चित्तहै सोकरणा ॥ रजस्वलाके गमन विषे त्रयरात्रि उपवासतें पीछे घृतका भक्षण शुद्धि का कारण है परंतु रजस्वला इसविषे अपणी स्त्री जानणी और गमन अज्ञान पूर्वक एकवार कीता होवेसो जानणा ॥ शातातप जी भी कहतेहैं अनुदकेति जलके विना मूत्र और विष्टाके

प्राणायामशतमात्रिरात्रात् ॥ उपवासःस्यादाविंशतिरात्रात् अत ऊर्ध्वमाषष्टिरात्रात्तिस्त्रोरात्रीरुपवसेत् अतऊर्ध्वमासंवत्सरात्प्राजापत्यंच रेत् अतऊर्ध्वंकालबहुत्वेदोषबहुत्वमिति इदमेवकामतोगृह्याग्नित्यागइत्य परार्के अत्रैवविषयेस्कांदे ॥ हुताशनंतुयोविप्रः प्रमादात्त्यजतिप्रभो प्राणा यामशतंकुर्याद्रुपवासमथापिवेति १ कामतस्त्यागितुतत्रैव। द्वादशाहातिक्र मेत्र्यहमुपवासः मासातिक्रमेद्वादशाहमुपवासः संवत्सरातिक्रमेमासोपवा सःपयोभक्षणं वा कूष्मांडीभिर्होमः क्रमेणोभयंवेति उपवासाशक्तौमासं पयोभक्षणम् संवत्सरानंतरमधिककालाभिक्रमउभयमिति मदनपारि जाते। इदमेवचालस्येनश्रौताग्नित्यागेष्विति तथास्मृत्यंतरे आलस्येनयदा वह्निंद्वादशाहेत्यजेत्प्रभो त्रिरात्रमुपवासंचचरेत्पापविशुद्धय इति १ इत्य ग्नित्यागेप्रायश्चित्तम् ॥ ९ ॥

र एक महीना त्याग करे तां बारां १२ दिनका उपवास व्रत करे और एक वर्ष त्याग करे तां एक महीना उपवास व्रत करें वा जल भक्षण करे और यद्देवा देवहेडनमित्यादयः कूष्मांडमंत्राः इनां मंत्रों कर्के हवन करे अथवा क्रम कर्के दोनो करे॥ जेकर उपवास करणे की सामर्थ्य न होवे तां महीनारोज जलभक्षण करे॥ एक वर्षते उपरंत जो जो अधिक कालका प्रथम क्रम ति स विषे एह दोवो जानणे॥ मदन पारिजात विषे कहतेहैं इदमिति जो कयाहै सो एह आ लस कर्के श्रौत अग्निके त्याग विषे जानणा॥ तैसे हि और स्मृति मे कहतेहैं आलस्येनेति जेकर आलस कर्के अग्निका बारां दिन त्याग करे तां अपणे पापकी शुद्धि वास्ते त्रय ३ रात्रि उपवास व्रत करे॥ एह अग्निके त्यागका प्रायश्चित्त समाप्तहोया ॥ ९ ॥

अथेति अग्नित्यागतें अनंतर सुत त्यागका प्रायश्चित्त कहतेहैं अत्रेति इसविषे उपपातकशुद्धिःस्या तू इत्यादि सामान्य उपपातक का प्रायश्चित्त कल्पनाके योग्य है ॥ तैसें हिनागेश जी कहतेहैं संस्कारेति संस्कारादियोंका न करणा वा ऐश्वर्य के होयां रक्षा नहि करणी ऐसा जो सुत त्याग तिस विषें पूर्वोक्त चांद्रादिका एक व्रत करणा ॥ और एभी कियाहै कि सुत त्याग विषें और बंधु त्याग विषें त्रय महीने का गोवध व्रत करे तथापि एह इच्छा तें करण वाले विषें जानणा जेकर इच्छातें न करे तां तिसविषें योगीश्वरजीके कहे होए चार व्रत सो शक्त्यादिकी अपेक्षा कर्के जो इने योग्यहैं एह मिताक्षरामे कयाहै एह पुत्रत्यागका प्रायश्चित्त समाप्तहोया १० ❀ अव परिवित्तिता और परिवेदनादि के प्रायश्चित्त विषें वासिष्ठ का कया होया विशेष कहतेहै परीति

अथसुतत्यागप्रायश्चित्तम् अत्रोपपातकशुद्धिःस्यादित्यादिसामान्योपपातकप्रायश्चित्तंकल्प्यम् तथाचनागेशः । संस्काराद्यकरणरूपेविभवेसत्यरक्षणरूपेचसुतत्यागेचांद्रादिष्वेकमिति ॥ सुतत्यागेबंधुत्यागेचत्रैमासिकंगोवधव्रतंकामतएतत् अकामतस्तुयोगीश्वरोक्तव्रतचतुष्टयंशक्त्याद्यपेक्षयायोज्यमितिमिताक्षरा इतिसुतत्यागेप्रायश्चित्तम् १० ❀ अथपरिवित्तितापरिवेदनादिप्रायश्चित्तेवसिष्ठाभिहितोविशेषः परिविविदानःकृच्छ्रातिकृच्छ्रौचरित्वातांतस्मैदत्वापुनर्निविशेत् तांचैवोपयच्छेतेति ॥ परिविविदानःपरिवेत्तोच्यते तत्स्वरूपंपरिगणनायांप्रागुक्तमेव असौकृच्छ्रातिकृच्छ्रौचरित्वा तस्मैज्येष्ठाय तां स्वोढांदत्वा ब्रह्मचर्याहृतभैक्ष्यवद्गुरुपरिभवपरिहारार्थंनिवेद्यपुनरुद्वहेदिति

परिविविदान कृच्छ्र और अतिकृच्छ्र व्रत कर्के तिस स्त्री कों वडे भ्राता कों दे कर फेर विवाह करे वा विवाह ते पहले भ्राताकी आज्ञा ले कर्के तिसो नूं विवाहे ॥ अव इसीका अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं परिविविदान नाम परिवेता का है तिसका स्वरूप परिगणना विषे पिच्छे कया ॥ है एह कृच्छ्र और अतिकृच्छ्र व्रतकर्के वडे भ्राताके तांई तिस विवाहितास्त्रीकों देकर्के फेर विवाह करे इसमे दृष्टांत है जैसे ब्रह्मचर्यमे इकठा कीता होया जो भिक्षाका अन्न तिसको गुरुके अनादर कें दूर करण वास्ते निवेदन करे गुरु आज्ञा देवे तां अन्न खावे न आज्ञा देवे तां नाहिं खावे तिसकी न्यांइ एह जानणा

कामिति किसनूं विवाहे इस अपेक्षाविषे कहतेहैं तामेवोपयच्छेत ज्येष्ठभ्राताके तांई निवेदनकी होई स्त्री जोहै तिसीत्रिवाहिता नूं भ्राताकी आज्ञा लेकर्के विवाह लेवे ॥ अपरार्कके आरंभविषे तो एह वसिष्टजीका कथन है ॥ परिवित्तिरिति परिवित्ति जो है वडाभ्राता सो बारां १२ रात्रिका कृच्छ्र व्रत कर्के विवाह करे ॥ नहिं कीता है विवाह जिसनें ऐसा जो वडा भ्राता सो प्रथम कीता है विवाह जिसने ऐसे छोटे भ्राताकर्के उल्लंघित हुंदाहै सो परिवित्ति कयाहै ॥ सो जेडी छोटे भ्रातानें प्रथम विवाही होवे तिसनूं तिस कर्के दित्ती होई नूं स्वीकार करे इसकर्के वढे भाईके पास दो २ स्त्री होईं इसमे इतना विचार मनमै रक्षणा चाहिए कि वढेकों जो प्राय श्चित्त दित्ताहै सो इसने छोटेके विवाह समे तिसके हटाणेमे यत्न नहि कीता एहि अपराधहै

कामित्यपेक्षायामुक्तं तामेवोपयच्छेतेति तामेवस्वोढंज्येष्ठायानिवेदितां ते नचानुज्ञातामुद्वहेत्। अपरार्केतूपक्रमेवासिष्ठमिदम्। परिवित्तिःकृच्छ्रंद्वादश रात्रंचरित्वानिर्विशेततांचैवोपयच्छेत अकृतविवाहोऽग्रजोऽनुजेनप्रागात्म नोविवाहंकुर्वताऽतिक्रांतःसपरिवित्तिः सच कृच्छ्रंद्वादशरात्रंप्राजापत्यंचरि त्वा निर्विशेतोद्वहेत तांच कनीयसापूर्वपरिणीतांतेनदत्तामुपयच्छेत स्वीकु र्य्यादितियावत् तस्यैव सा भार्य्या नानुजस्याशास्त्रीयत्वात्तद्विवाहस्य भा र्य्यात्वंच शास्त्रीयविवाहजन्यत्वमिति यदत्रहारीतेनोक्तम् ज्येष्ठेनिर्विष्टेकनी यान् निर्विशमानः परिवेत्ता भवति परिवित्तिर्ज्येष्ठः परिवेदनीकन्या परि दायीदाता परियष्टायाजकः तेसर्वेपतिताःसंवत्सरंप्राजापत्येनकृच्छ्रेणपा वयेयुरिति

और जेकर यत्न कीताहै परंतु तिसको औरने नहि मन्नया तद ज्येष्ठकों वचनते थोडाहि प्रायश्चित्त होणाचाहिए एह निश्चित अर्थ है ॥ सो स्त्री तिसीकी है छोटे भ्राताकी नहिं है तिसके विवाहकों शास्त्र रहित होणेतें ॥ भार्य्यात्व क्या है जो शास्त्रीय विवाहतें उत्पन्न होवे इससें कुछविलक्षण जो हारीत जी नें कया है सो कहतेहैं ज्येष्ठ इति वडे भ्राता के स्थित होयां छोटा भ्राता विवाह कर लेवे तां सो परिवेत्ता कया है १ और परिवित्ति नाम वडे भ्राताका है २ और परिवेदनी नाम कन्याका है ३ और परिदायी नाम दाताका है ४ और परियष्टा नाम विवाह करवाणे वालेका है ५ एह संपूर्ण पतितहैं इनकी शुद्धि एक वर्षके प्राजापत्य व्रत कर्के होतीहै

अत्रेति जेकर वर्षरोज प्राजापत्यव्रत न करसके तां तीस ३० धेनुकादानकरे एहइसका प्रत्याम्नायहै परंतु एइ प्रायश्चित्त ज्येष्ठभ्राताके उद्देशकर्के कन्या त्यागतें अनंतर जानणा अर्थात् ज्येष्टभ्राताके तांई तिसकन्याकोदेके प्रायश्चित्तकरणा एह प्रायश्चित्तकदंवमें कयाहै ॥ इसतें विलक्षण जो शंखनें कयाहै सो कहतेहैं ॥ परिवित्तिरिति और परिवेत्ता एक वर्ष ब्राह्मणके घरविषे भिक्षा करें हारीत और शंखके वचन दोनो भी इच्छा कर्के कन्या के पित्रादिकी आज्ञा विना कीता जो विवाह तिसविषे जानणा क्योंकि प्रायश्चित्तको वहुत होणेतें ॥ जेकर गुणवालें ज्येष्ठभ्राता कर्के वारंवार हटाया होय कनिष्ठभ्राता विवाह करें तिसविषे जानणा एह अपरार्कमें कयाहै अव इसीमे और दूसरामतकहतेहैं कन्येति कन्याके पित्रादिके नाहिं जाणतेहोयां और इसीकर्के पित्रादियोंने नाहिं दित्तीहोईनूं वालात्कारादिकर्के इच्छाते जाण कर्के विवाह करे तां विवाह

अत्रत्रिंशद्धेनवः प्रत्याम्नायः।इदंतुज्येष्ठमुद्दिश्यकन्यात्यागानंतरमितिप्रायश्चित्तकदंबे यदपिशंखेनोक्तम् । परिवित्तिः परिवेत्ताचसंवत्सरंब्राह्मणगृहेषुभैक्ष्यं चरेयातामिति तदुभयमपिकामकारेण कन्यापित्राद्यननुज्ञातोद्वाहविषयम् प्रायश्चित्तस्यगुरुत्वात् ॥ यदागुणवताज्येष्ठेनवार्य्यमाणःकनिष्ठःकरोति तद्विषयमित्यपरार्कः ॥ कन्यापित्राद्यपरिज्ञानेतत्पित्रादिभिरदत्तां वलात्कारादिनाकामतोज्ञात्वाचोद्वोढुरब्दंप्राजापत्यपूर्वकंपूर्वोक्तमितिनागेशः । यदापुनः कामतःकन्यांपित्रादिदत्तामेवपरिणयति तदा मानवंत्रैमासिकम् पूर्वोक्तौकृच्छ्रातिकृच्छ्रौ याज्ञवल्क्यीयव्रतचतुष्टयंचाज्ञातविषयम् ॥ यमेनाप्यत्रविशेषउक्तः ॥ कृच्छ्रौद्वयोःपारिवेद्यकन्यायाःकृच्छ्रएवच ॥ अतिकृच्छ्रंचरेद्दाता होताचांद्रायणंचरेदिति ॥ १ ॥ एतच्च पर्याहिताग्न्यादीनामपिसमानम् । एकयोगनिर्देशात् ॥

करणवाला वर्ष रोजके प्राजापत्य पूर्वक पूर्वोक्त व्रत करे एह नागेशका मतहै ॥ जेकर फेर इच्छा तें पित्रादियोंने दित्तीहोई कन्या नूं विवाहे तां मनुजीका कथन कीता होया त्रैमासिक व्रत करे और पिच्छले कहे होए जो कृच्छ्र और अतिकृच्छ्र व्रत और याज्ञवल्क्यके कहे होए चार व्रतसो एह नहिं जाण कर्के विवाह करणे विषे जानणे ॥ यमजीनेभी इस विषे विशेषकयाहै कृच्छ्राविति परिवित्ति और परिवेत्ता दोए कृच्छ्र व्रत करें क्रम कर्के और कन्या एक कृच्छ्र व्रत करे और दाता अतिकृच्छ्र व्रतकरे और होताचांद्रायण व्रत करे १ एह अग्निहोत्रादियोंके विषे भी तुल्य जानणा अर्थात् वडे भ्राता विना छोटा भ्राता प्रथम अग्न्याधान करे इसमेंभी पूर्वोक्त प्रायश्चित्त करणा एकयोगका निर्देश होणेतें

गौत्तम जी कहतेहैं परीति परिवित्ति परिवेत्ता और पर्याहित और पर्याधाता अग्रेदिधिषू वडी भगिनीके न विवाहित होयां छोटीजो विवाहित है तिसका पति और वडीका पति एह संपूर्ण तीनसौ ३६० सठ दिनका जो वर्ष तिसतक ब्रह्मचर्य धारण करें पर्य्याहित नाम उसकाहै जिस ज्येष्ठने पीछेते अग्न्याधान कीता है और पर्य्याधाता नाम उसकाहै कि जिसकानिष्ठने पहले अग्न्याधान कीता है इसी कारणतें वसिष्ठ जीनें अग्रेदीधिषूकेपत्यादियों विषे एहि प्रायश्चित कया है अग्रेदिधिषूका पति बारां १२ रात्रीका कृच्छ्र व्रत करकें फेर विवाह करे चपुनः तिसीनूं विवाह लेवे और दिधिषूका पति कृच्छ्र और अति कृच्छ्र व्रत करकें और छोटी भगिनीके पतिके तांई तिसस्त्रीनूं देकरकें फेर अपणा विवाह करें अग्रेदिधिष्वादियोंका लक्षण और स्मृतिसें कहतेहैं ज्येष्ठायामिति जेकर वडी कन्या विवाहित न

यथाहगौतमः। परिवित्तिपरिवेत्तृपर्याहितपर्याधात्रग्रेदिधिषूदिधिषूपतीनां संवत्सरंप्राकृतंब्रह्मचर्यमिति पर्य्याहितः येनज्येष्ठेनपश्चादग्न्याधानंकृतं पर्य्याधातायेनकनिष्ठेनप्रथममग्न्याधानंकृतंसः अतएववसिष्ठेनाग्रेदिधिषूपत्यादाविदमेवप्रायश्चित्तमुक्तम् अग्रेदिधिषूपतिः कृच्छ्रंद्वादशरात्रंचरित्वानिर्विशेत्तांचैवोपयच्छेत दिधिषूपतिःकृच्छ्रातिकृच्छ्रौचारित्वातस्मैदत्वापुनर्निर्विशेतेतिअग्रेदिधिष्वादेर्लक्षणंस्मृत्यंतरेऽभिहितम् ज्येष्ठायांयद्यनूढायांकन्यायामूह्यतेनुजा यासाग्रेदिधिषूर्ज्ञेयापूर्वातुदिधिषूःस्मृतेति॥ १ तत्राग्रेदिधिषूपतिःप्राजापत्यं कृत्वा तामिवज्येष्ठांपश्चादन्येनोढामुद्वहेत् दिधिषूपतिस्तुकृच्छ्रातिकृच्छ्रौकृत्वा स्वोढांज्येष्ठांकनीयस्याःपूर्वविवोढ्रेदत्वान्यामुद्वहेदिति अत्रापरार्कः॥ यत्तुशंखेनोक्तम् परिवित्तिःपरिवेत्तायययाचपरिविद्यते व्रतंसंवत्सरंकुर्य्युर्दातृयाजकपंचमाइति तत्पंचानांमिथःकृतसंकेतानांसम्मत्यापरिणयेसतिद्रष्टव्यम् ॥

होवे और छोटीका प्रथम विवाहहोवे सो अग्रेदिधिषू कहीदीहै और वडी कन्याका नाम दिधिषूहै॥ १॥ अवसंज्ञादिखाकरपूर्वोक्त वसिष्ठ स्मृतिका अर्थ कहतेहैं तत्रेति तिसकेविषे अग्रेदिधिषूका पति प्राजापत्य व्रत करकें दूसरे करकें विवाही होई जो वडी कन्या तिसीनूं फेर विवाहे और दिधिषूका पति कृच्छ्र और अतिकृच्छ्र व्रत करकें विवाही होई जो ज्येष्ठा तिसनूं छोटी कन्याका जो प्रथम विवाहण वालाहै तिसके तांई देकरकें और कन्या नूं विवाहे इसविषे अपरार्क में जो शंख जी नें कयाहै सो कहतेहैं परीति परिवित्ति और परिवेत्ता और जिसकरकें परिवित्तिदोष होयाहै और दाता और विवाह करणे वाला और याजक एह संपूर्ण एकवर्ष का व्रत करें परंतु एह आपसमें कीताहै संकेत जिनोंनें ऐसे पंचोंकें विवाह विषे देखण योग्यहै

जो सुमंतुजीनेकयाहे सो कहतेहैं परिवित्ति श्रौर परिवेत्ता श्रोर कन्या श्रौर दाता श्रौर याजक एह संपूर्ण वारां १२ रात्रि सत्तु पानकरें श्रौर ब्राह्मणोंकी तृप्ति करवावें तद शुद्धहोतेहैं श्रौर तिसकन्या नू पुनर्भू कहतेहैं फेर इसनू विवाह लेवे एह क्षत्रियादियोंके असमर्थ वालक विषे जानणा क्यों कि थोडाप्रायश्चित्त होणेतें ॥ अब इसतें अधिक प्रायश्चित्त प्रचेताजीकहतेहैं परिवित्तीति परिवित्ति परिवेत्ता श्रौर पर्य्याहित पर्याधाता अग्रेदिधिषूपति दिधिषूपति एह संपूर्ण प्राकृत वर्ष तकब्रह्मचर्य धारण करें श्रौर ब्रह्महत्याका व्रत करें प्राकृत नाम सठ ६० उपर त्रय सौ ३० दिनकर्के युक्त श्रौर स्वाधीनहै आरंभ जिसका ऐसें वर्षकाहे श्रौर स्वाधीनारंभ उसकोंकहतेहैं कि जिसदिन जिसकी इच्छा होवे उसी दिनसे प्रारंभकरणा श्रौर विशेषकहतेहैं कि दत्तकादिपुत्रोंको एह परिवित्ति परिवेत्तादोष नहिं है इसमेंवचनहै भीति मात्रयांका पुत्र श्रौर दत्तपुत्र श्रौर पितृव्यतनय इनांको दार

यत्तुसुमंतुनोक्तम् । परिवित्तिपरिवेत्तृकन्यादातृयाजकानांद्वादशरात्रंसक्तुपानं ब्राह्मणतर्पणंच तांपुनर्भुवमित्याचक्षतेभूयश्चैनामभिगच्छेदिति तत्क्षत्रियाद्यसमर्थवालकविषयम् ॥ प्रचेताः ॥ परिवित्तिपरिवेत्तृपर्याहितपर्याधात्रग्रेदिधिषूदिधिषूपतीनां प्राकृतंसंवत्सरंब्रह्मचर्यंब्रह्महव्रतम् । प्राकृतंषष्ठ्युत्तरशतत्रयदिनमितंस्वाधीनारंभकंवत्सरमित्यर्थः ।दत्तकादीनांतुनायंदोषः ॥ भिन्नोदरेचदत्तेचपितृव्यतनयेतथा दाराग्निहोत्रसंयोगेनदोषः परिवेदने १ इतिगौतमस्मरणात् । भिन्नोदरइतिसापत्नभ्रातृविषयम् दत्तेचेति जनककुलेज्येष्ठभ्रातृसत्त्वेनदत्तकस्यविवाहादौपरिवेत्तृत्वं नापिज्येष्ठस्य परिवित्तित्वमित्यर्थः पितृव्यतनयइति देवरेणोत्पादितस्यभ्रातुःक्षेत्रजपुत्रस्यविवाहादौ देवरपुत्रादेः परिवेत्तृत्वादिकंनेत्यर्थः ॥ अत्रपराशरः ॥

कया स्त्री श्रौर अग्निसंयोगविषें परिवित्ति परिवेत्तादोषनहिंहै ॥ १ ॥ एह गौतमस्मृतिमेंकयाहै श्रौर दत्तक आदि पुत्रोंकेलक्षण ग्रंथांतरसें जानणें इसमेभी भिन्नोदर एह सापत्न भ्रातृकेविषें जानणा श्रौर सापत्नभ्राता उसको कहतेहैं कि जिनकापिता एकहै श्रौर माता दोहैं ॥ अब जिसप्रकार दत्तकोदोष आउता है इसका उद्घाटन कर्के दूर कर्तेहैं दत्तेचेति एह पिताके कुल विषें वडे भ्राताके होयां दत्तक पुत्रको विवाहादि विषें परिवेत्तृत्व नहिं है श्रौर ज्येष्ठ भ्राताको परिवित्तित्व नहिंहै पितृव्यतनय इति देवर कर्के उत्पन्न जो भ्राताका क्षेत्रज पुत्र तिसके विवाहादि विषें देवरपुत्रादियोंको परिवेत्तृत्वादि दोष नहिं है एह अर्थ भया है इसजगा पितृव्यतनय चाचेके पुत्रकानाम नहि इसीवास्ते इसशब्दका अर्थ कीताहै इसी विषें पराशर ऋषि जी कहतेहैं

परिविचिरिति परिवित्ति और परिवेत्ता और जिसकर्के परिविचि दोषहोयाहै अर्थात् कन्या और दाता दानकरणेवाला और यज्ञकरवाणेवाला एह पञ्चजनरकको प्राप्तहोतेहैं १ एक कृच्छ्रव्रत परिवेत्ता करे और एककृच्छ्र परिवित्ति करे और एक कृच्छ्र कन्याकरे कृच्छ्र और अतिकृच्छ्रव्रत दाता करे और हवनकरवाणेवालेको चांद्रायणव्रतकरणेयोग्यहै २ इसमे विशेषकहतेहैं कि कुब्ज और वामना और नपुंसक और स्खलितवाणीवाला और जडजन्मांध बोला मूक इनांको परिवित्ति परिवेत्ता दोष नाहिं है ३ पितृव्येति पितृव्यपुत्र जो पिच्छे किहाहै और मात्रयांका पुत्र और परस्त्री का सुत इनांको दारसंयोगमे वा अग्निहोत्र विषे परिवित्ति परिवेत्ता दोष नहिंहै ४ जेकर ज्येष्ठ भ्राता स्थितहोवे तां अग्न्याधान न करे वा आज्ञालैकर्के करलेवे तां दोषनहिं है एह शंख जी का

परिवित्तिः परिवेत्ता ययाचपरिविद्यते सर्वेतेनरकंयांतिदातृयाजकपंचमाः १ द्वौकृच्छ्रौपरिवेत्रोस्तुकन्यायाःकृच्छ्रएवच कृच्छ्रातिकृच्छ्रौदातुस्तुहोता चांद्रायणंचरेत् २ कुब्जवामनषंडेषुगद्गदेषुजडेषुच जात्यंधेवधिरेमूकेनदोषःपरिविंदतः ३ पितृव्यपुत्रःसापत्नःपरनारीसुतस्तथा॥ दाराग्निहोत्रसंयोगेनदोषः परिवेदने ४ ज्येष्ठोभ्रातायदातिष्ठेदाधानंनैवकारयेत् अनुज्ञातस्तुकुर्वीतशंखस्यवचनंयथा ५ अत्रेदमपिविचार्य्यम् परिवेत्ताऽनुजोऽनूढे ज्येष्ठइत्यत्र ज्येष्ठपदं स्वजन्मतःपूर्वजन्मपरं नतुप्रथमोत्पन्नपरम् तेनभ्रातृत्रये प्रथमोत्पन्ने कृतविवाहे मध्यमेऽकृतविवाहेतत्कनिष्ठेन विवाहे कर्त्तव्ये परिवेदनंभवति पूर्वजन्मनोऽकृतविवाहत्वात् यदातुप्रथमोत्पन्नोऽकृतविवाहोमध्यमस्तुकृतविवाहस्तदापितत्कनिष्ठेन विवाहे कर्त्तव्येत्रयाणांदोषः एवंभ्रातृचतुष्टयादावपिज्ञेयम् इतिपरिवेदनादिप्रायश्चित्तम् ॥

वाक्यहै ५ इसविषें एहभी विचारणेयोग्यहै कि(परिवेत्ताऽनुजोऽनूढेज्येष्ठे दारपरिग्रहात) इस श्लोक विषे ज्येष्ट पद अपणे जन्मतें पूर्वजन्मपरजानणा प्रथमकी उत्पत्ति पर नहिं जानणा ॥ तिस कर्के त्रय भ्राताविषे प्रथमोत्पन्नने विवाह कीताहै और मध्यम भ्राताने विवाह नहिं कीता और तिसके छोटे भ्राताके विवाह करणे विषे परिवित्ति परिवेत्ता दोषहै किसतें वडे भ्राताको विवाह नहिं करणेतें जेकर प्रथमोत्पन्नने विवाह नहिं कीता है और मध्यम भ्राताने विवाह कीता है तां भी तिसके छोटे भ्राताके विवाह करणेविषे तिन्नां भ्रातांको दोषहै इसी प्रकार चार भ्रातादिके विषे भी जानणे योग्य है एह परिवेदनआदि प्रायश्चित्त समाप्तहोया

अब कन्या दूषण विषे प्रायश्चित्त कहतेहैं तदिति तिसका स्वरूप पिछे उपपातकोंकी गणना विषे कहाहै तिसमें शंखजी कहतेहैं कन्येति कन्या दूषण करण वाला और अमृतवल्लीका रस वेचनवाला वर्ष रोजका कृच्छ्र व्रत करे परंतु तिसविषे समान वर्णकी कन्या दूषणमें चांद्रायण वा त्रय महीनेकाव्रतकरे और आनुलोम्यकर्के असवर्ण कन्याके दूषणमें अर्थात् ब्राह्मणक्षत्रियादिकी कन्या दूषणमे और क्षत्रियादिक वैश्यादिकी कन्यादूषणमे और वैश्य शूद्रादिकीकन्या दूषणमें महीनारोज जल पान करे वा प्राजापत्य करे और क्षत्रीको ब्राह्मणकी कन्या दूषणमें वैश्यको ब्राह्मणक्षत्रीकी कन्या दूषणमें वर्ष रोज कृच्छ्र व्रत करणाचाहिए अवइसीमें अपने धर्म्म शास्त्रके

अथकन्यादूषणेप्रायश्चित्तम् तत्स्वरूपमुपपातकपरिगणनायामभिहितम् तत्रशंखः ॥ कन्यादूषीसोमविक्रयीचकृच्छ्रमब्दंचरेयातामिति तत्रसवर्ण कन्यादूषणे चांद्रं त्रैमासिकं वा आनुलोम्येनासवर्णकन्यादूषणे मासंपयः पानं कार्यंवा ॥ प्रातिलोम्येतुक्षत्रियवैश्ययोःकृच्छ्राब्दम् ॥ हारीतोपि ॥ कन्यादूषीत्याद्युपक्रम्य एते ग्रीष्मवर्षाहेमंतेषु क्रमेण पंचतपोऽभ्रावकाशजल शयनपूर्वकंमासंगोमूत्रयावकपानंकुर्युः शूद्रस्यतु विप्रादिकन्यादूषणे वध एव अत्यंताभ्यासे सवर्णस्यापिकृच्छ्राब्दम् सोमविक्रयी ॥ वृषलीपतिः कौमारदारत्यागी शूद्रयाजकः ॥

द्वारा हारितजीभीकहतेहैं कन्यादूषी इसते प्रारंभ कर्के वचनहै एह कन्यादूषण करणवालेतें आदि कर्के जो लोकहैं सो संपूर्ण ग्रीष्म वर्षा हेमंत ऋतुविषे क्रमकर्के पंचतप अभ्रावकाश जलशयन पूर्वक महीनारोज गोमूत्र युक्त जवोंका पानकरें अर्थात् ग्रीष्ममें पंचाग्नि तपें वर्षाऋतुमे नग्नहोके वर्षामें स्थित रहें और हेमंत मे जलशय्या करें तद शुद्धहोतेहैं शूद्रको विप्रादिकी कन्या दूषण में मारदेणाहि योग्यहै और वहुत अभ्यास विषे समानवर्णवालेकोंभी वर्ष रोजका कृच्छ्र व्रत करणा उचितहै और अमृतवल्लीका रस वेचण वाला और वृषलीकापति और कौमार अवस्थामे स्त्री त्यागण वाला और शूद्रकों यज्ञ करवाण वाला ॥

गुरोरिति और गुरुके मारण वाला और पेष्टी मदिरातें भिन्न मदिराका पान करण वाला और ब्राह्मण वृत्तिके दूर करणवाला झूठा व्यवहार करणवाला मित्रसे द्रोहकरणवाला और शर णागत पुरुषको मारणवाला और वहु रूपिया एह संपूर्ण अज्ञानतें प्रवृत्त होंण तां त्रय महीनेंका व्रतकरें ॥ और जेकर जाण कर्के करें तां छे ६ महीनेका व्रतकरें॥ वहुतअभ्यासविषें वर्ष रोज का कृच्छ्रव्रत करें तद शुद्ध होतेंहैं ॥ अव हारीत स्मृतिमें कहतेहैं कन्येति कन्याकोंदूषण करण वाला अमृतवल्लीका रस वेचण वाला वृषलीका पति और कौमार अवस्थामे स्त्री त्यागण वाला पेष्टी मदिराते भिन्न मदिराका पान करण वाला शूद्रको यज्ञ करवाणवाला गुरुको मारण वाला नास्तिकवृत्तिवाला कीतें होए उपकारकों दूरकरण वाला झूठा व्यवहार करण वाला मित्र

गुरोःप्रतिहंतासुराभिन्नमद्यपोब्राह्मणवृत्तिघ्नः कूटव्यवहारी मित्रध्रुक् शर णागतघाती प्रतिरूपवृत्तिश्चैतेऽमत्या प्रवृत्तास्त्रैमासिकंव्रतंकुर्युः मत्याषा ण्मासिकम् अभ्यासेकृच्छ्राब्दम् ॥ हारीतस्मृतिश्च ॥ कन्यादूषीसोमविक्र यीवृषलीपतिः कौमारदारत्यागीसुराभिन्नमद्यपः शूद्रयाजको गुरोःप्रति हंतानास्तिकवृत्तिःकृतघ्नःकूटव्यवहारी मित्रध्रुक् शरणागतघातीप्रतिरूप कवृत्तिरित्येतेपंचतपोभ्रावकाशजलशयनान्यनुतिष्ठेयुर्ग्रीष्मवर्षाहेमंतेषुमा संगोमूत्रयावकमश्नीयुरिति ॥ प्रतिरूपकवृत्तिः ॥ अन्यरूपानुकर णेनजीविकासंपादकः ॥

साथ द्रोह करण वाला शरणागत पुरुषको मारण वाला प्रतिरूपक वृत्ति वाला एह संपूर्ण पंच तप अभ्रावकाश जलशयन करें अर्थात् ग्रीष्मवर्षा हेमंतऋतुमें महीनारोज गोमूत्रयुक्त जवोंका भक्ष णकरें ग्रीष्मऋतुमें पंचाग्नितपें वर्षाऋतुमें नग्नहोके वर्षामे स्थितरहें हेमंतमे जलशय्याकरें ॥ प्रति रूपकवृत्ति नाम और रूपकर्के जीविकाकरणवालेका है इसको भाषामे वहुरूपिया कहतेहैं सो अनेकरूपोंकों वनाकर लोकोंकोंप्रसन्नकर्के जीविकाकरदाहै अथवा जो सुंदर स्वरूपवा लीस्त्रीको देखकर तिसमेंवर्त्ते सोभी प्रतिरूपकवृत्ति कहिदाहै इसका प्रायश्चित्त पारदार्य्ये मे हिहेविगा

एह शंख हारित कीयां जो पीछे दो स्मृतियां हैं सो क्षत्रिय वैश्यके प्रातिलोम्य कर्के जो दूषण तिसविषें जोडनेयोग्यहैं एह मिताक्षरामेंकयाहै। एह कन्या दूषणादिका प्रायश्चित्तसमाप्त होया १६ ❁ अब वार्द्धुष्य और लवण क्रियाका प्रायश्चित्त कहतेहैं इसकाविवरण पीछे उपपातकोंकी गणना विषें होचुकाहै तिस विषें (उपपातकशुद्धिःस्यादेवंचांद्रायणेनतु) इत्यादि याज्ञवल्क्यके कथन कीत्ते होए जो वृषभैकादशकागाश्च ॥ वा एतदेवव्रतं कुर्युरित्यादि दो श्लोककर्के मनुजीने कथन कीत्ता होया जो त्रय महीनेका व्रत है तिसको करे एह जाति शक्ति गुणादियोंकी अपेक्षा कर्के जोडने योग्यहै अतिदेशवाक्यतें ॥ और जगा कहे होएकों दूसरी जगामें कथन करणासो अतिदेश किहाहै ॥ तिसविषें लवणक्रिया क्या लवणके उत्पत्तिकरणेकी रीति जानणी तिसविषें भी एहि प्रायश्चित्त विधि जानणी ॥ मिताक्षराकार तो कुछ इस विषें विलक्षण कहतेहैं वार्द्धुष्येति वार्द्धुष्य और लवण क्रिया विषें मनु और याज्ञवल्क्यके कथन कीत्ते होए जो सामान्य उपपातक

शंखहारीतस्मरणद्वयंक्षत्रियवैश्ययोःप्रातिलोम्येन दूषणे योज्यमितिमिताक्षरा इतिकन्यादूषणादिप्रायश्चित्तम् ❁ १६ अथवार्द्धुष्यलवणक्रियाप्रायश्चित्तम् तच्चोपपातकगणनायांविवृतंप्राक् तत्रचांद्रादिष्वेकं त्रैमासिकंवा जातिशक्तिगुणाद्यपेक्षयायोज्यम् अतिदेशवाक्यात् लवणक्रिया लवणोत्पादनं तत्राप्येवं ध्येयम् मिताक्षरायांतु वार्द्धुष्यलवणक्रिययोर्मनुयोगीश्वरोक्तसामान्योपपातकप्रायश्चित्तानि जातिशक्तिगुणाद्यपेक्षयायोज्यानीति इतिवार्द्धुष्यादिप्रायश्चित्तम् १७ ❁ अथब्रह्मचारिणोव्रतलोपेप्रायश्चित्तम् ॥ तत्रमनुः अवकीर्णीतुकाणेनगर्दभेनचतुष्पथे पाकयज्ञविधाने नयजेतनिर्ऋतिंनिशि १

के प्रायश्चित्त सो जाति शक्ति गुणादियोंकी अपेक्षा कर्के जोडने योग्यहैं अर्थात् जैसी जाति और जैसी शक्ति और जैसा गुण होवे तिनांको तैसाही प्रायश्चित्त करवाणा योग्य है जैसे ब्राह्मणको अधिक क्षत्रियादिको न्यून और समर्थको अधिक असमर्थको न्यून गुणवान्को अधिक निर्गुणको न्यून सोभी प्राजापत्यसें चांद्रायण अधिक और चांद्रायणसे पराक इत्यादिजाण लेणे एह व्याजले कर्के और लूण बनाकरजीविका करणी इनका प्रायश्चित्त पूराहोया ❁ ॥ १७ ॥ इसमें एभी जानणे योग्य है कि लवण क्रिया मनुजीके मतमें नहि किंतु याज्ञवल्क्यके मतमें है ॥ अब ब्रह्म चारिके व्रत लोप विषे प्रायश्चित्त कहतेहैं तिस विषे मनुजीका वाक्यहै अवकीर्णीति अवकीर्णी पुरुष काणे गधे कर्के चुरस्ते विषे पाकयज्ञके विधान कर्के रात्रि विषें निर्ऋति देवताका पूजन करे ॥ १ ॥

अब इसीका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं अग्गे कहणाहै लक्षण जिसका ऐसा जो अवकीर्णी ब्रह्मचारी सो रात्रिको चुरस्ते विषें पाकयज्ञ तंत्र कर्के निर्ऋति नाम देवताका यज्ञ करे और पशुके अभावविषें चरु कर्के यज्ञ करे अथवा निर्ऋतिनूं वणाकर्के चरुसें पूज्ये फेर तिसका हवनकरे इनां नामां कर्के कामायस्वाहा कामकामायस्वाहा निर्ऋत्यैस्वाहा रक्षोदेवताभ्यःस्वाहा एह वसिष्ठस्मृतिमें कहाहै परंतु एह अशक्त विषयविषे जानणा और समर्थ पुरुषको ऐसाकरणाचाहिए कि अवकीर्णी गर्दभ कर्के निर्ऋतिका चुरस्ते विषे यज्ञ करे तिस गर्दभका चर्म सहित वालोंके धारण करे फेर लोहेके पात्रविषे सत्तां ७ घरांते भिक्षा करे कर्म्म नूं कथन करता होया कि मैं अवकीर्णी हां ऐसाकथन करता होया अमे तद वर्ष कर्के शुद्धहोताहै ॥ एह पूर्वोक्त गौतम जी

अवकीर्णीवक्ष्यमाणोब्रह्मचारी रात्रौ चतुष्पथे पाकयज्ञेन तंत्रेणनिर्ऋतिसंज्ञितांदेवतांयजेत पशोरभावेचरुणायष्टव्यम् निर्ऋतिंवाचरुंनिर्वपेत् तस्य जुहुयात् कामायस्वाहा कामकामायस्वाहा निर्ऋत्यैस्वाहा रक्षोदेवताभ्यःस्वाहेतिवसिष्ठस्मरणात् एतच्चाशक्तविषयम् । शक्तस्यतुगर्दभेनावकीर्णीनिर्ऋतिंचतुष्पथेयजेत् तस्याजिनमूर्ध्ववालंपरिधायलोहितपात्रेसप्तगृहान् भैक्ष्यं चरेत्कर्म्माचक्षाणः संवत्सरेणशुद्ध्यतीतिगौतमोक्तोवार्षिक तपः समुचितः पशुयागश्चरुर्वाद्रष्टव्यः । अपरार्के ॥ रात्रिपदेनकालः सचामावास्यायाः । उक्तंहितैत्तिरीयके । योब्रह्मचार्य्यवकिरेदमावास्यायांराज्यामग्निंप्रणीयोपसमाधायेत्यदि ब्रह्मचार्य्यत्रोपकुर्वाणोनैष्ठिकश्चसचयोपितंगत्वाऽवकीर्णीभवति । तथाचयाज्ञवल्क्यः । अवकीर्णीभवेद्गत्वाब्रह्मचारीतुयोषितम् गर्दभंपशुमालभ्यनैर्ऋतंसविशुद्ध्यतीति अत्रव्याख्या चरमधातोर्विसर्गोऽवकीर्णम् तद्यस्यास्तीतिसोऽवकीर्णी सनिर्ऋतिदैवत्येन गर्दभपशुना यागंकृत्वाविशुद्ध्यति ॥

का कथन कीताहोया वर्ष रोजका तपके उचित पशुयाग कयाहै वा चरु देखणें योग्यहै ॥ अपरार्कमें कयाहै कि रात्रि पदकर्के काल जानणा सो अमावास्याका है इसमे सम्मति देतेहैं तैत्तिरियकइति सोई तैत्तिरीय उपनिषद्में कहाहै कि जो ब्रह्मचारी भ्रष्टहोजावे सो अमावास्याकी रात्रिविषें अग्निमें हवनकरे इत्यादि जानणा ॥ परंतु ब्रह्मचारी चारप्रकारकेहैं सो इसविषे उपकुर्वाण और नैष्ठिकका ग्रहणहै सो एह स्त्री साथगमनकरे तां अवकीर्णी होतेहैं ॥ तैसेंहि याज्ञवल्क्य जीनें कयाहै ॥ अवकीर्णीति ब्रह्मचारी स्त्री साथ गमन करे तां अवकीर्णी होताहै और निर्ऋतिहै देवता जिसका ऐसे गर्दभ पशुका आलंभन करे तां शुद्ध होताहै अर्थात् निर्ऋति देवता के निमित्त गर्दभ पशूनूं मार कर्के शुद्ध होता है इस विषें इसकी एह व्याख्या है कि अंत धातुके त्यागणेको अवकीर्ण कयाहै सो विद्यमान है जिसविषें सो अवकीर्णीहै सो निर्ऋति देवताके निमित्त गर्दभ पशु कर्के यज्ञ करे तां शुद्धहोताहै ॥

अव इसमे शास्त्रार्थ कर्त्तेहैं गर्द्दभेति कि गर्द्दभको पशुत्वके सिद्ध होयांभी अर्थात् गर्द्दभको आलभ करे इस वचनतें भी पशुका अर्थ प्रतीत होताहै फेर पशु ग्रहण जो कीयाहै सो अथपशु कल्प इत्यादि आश्वलायन के कहे होये गृह्य सूत्रमें जो पशु धर्म्म तिसकी प्राप्ति वास्तेहै सो पंद्रां सूत्र उती जगाते देखणेयोग्यहैं अवकीर्णिकालक्षणमनुजीनेंभी कयाहै कामतइति व्रत विषे स्थित जो ब्राह्मण अर्थात् ब्रह्मचरी तिसका इच्छातें वीर्य्य स्खलित होवे तां व्रतका उल्लंघन कयाहै धर्म्म के जानणें वाले ब्राह्मवादियोंनें १ ब्रह्मचर्य्यका अतिक्रम अवकीर्ण रूप हि जानणा इसमें हवनका विधान भी मनु जी नें कयाहै हुत्वेति (अंतत और समेति) इस ऋचा करके विधिनें होमा नू अग्निविषे हवन करे और वात इंद्र गुरु वन्हि इनांको घृत करके आहुतियां देणे योग्यहैं। १ अव इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहतेहैं तिसतें अनंतर निर्ऋति देवताके तांई गर्द्दभ

गर्द्दभस्य पशुत्वेसिद्धेपिपुनः पशुग्रहणमथपशुकल्पइत्याश्वलायनादिगृह्यो क्तपशुधर्म्मप्राप्त्यर्थम् तत्रोत्तरतोऽग्नेरित्यादिपूर्वेणसहपंचदशसूत्रीततएवा नुसंधेया। अवकीर्णिलक्षणंमनुनापिदर्शितम् कामतोरेतसःसेकंव्रतस्थस्यद्वि जन्मनः अतिक्रमंव्रतस्याहुर्धर्म्मज्ञाब्रह्मवादिनइति व्रतस्यब्रह्मचर्य्यस्याति क्रममवकीर्णरूपम् हवनविधानमपितेनैवोक्तम् हुत्वाग्नौविधिवद्धोमानंतत श्चसमेत्यृचा वातेंद्रगुरुवह्नीनांजुहुयात्सर्पिषाहुतीः १ अस्यार्थः ततोनि र्ऋत्यै गर्द्दभवपादिहोमान्यथावच्चतुष्पथे कृत्वा तदंतेसमासिंचंतुमरुतइत्ये तयाऋचा मारुतेंद्रवृहस्पत्यग्नीनांघृतेनाहुतीर्जुहुयादिति ॥ एतद्धोमेहे तुमाहसएव मारुतंपुरुहूतंचगुरुंपावकमेवच चतुरोव्रतिनोऽभ्येतिब्राह्मं तेजोऽवकीर्णिनः ॥ १॥ अस्यार्थः ॥ व्रतचारिणोवेदाध्ययननियमानुष्ठा नजं तेजः तदवकीर्णिनःसतो मरुदिंद्रवृहस्पतिपावकांश्चतुरः संक्रामति अतस्तेभ्यआहुतीर्जुहुयादितित्याज्याहुतेरयमनुवादः अत्रत्रिषवणस्नानमे ककालभोजनमपियावद्व्रतसमाप्ति

की मिंज का हवन चुरस्तें विषे विधितें करके तिसतें उपरंत समासिंचंतुमरुत इस ऋचाकरके वायु और इंद्र और वृहस्पति और अग्नि इनांका घृतकी आहुतीतें अच्छी तरह हवनकरणेयोग्यहै इसी हवनविषें मनुजी हेतु कहतेहैं मरुतइति वायु इन्द्र वृहस्पति अग्नि एह जोचार हैं इनांको व्रति अवकीर्णिका जो ब्राह्म तेजहै सो प्राप्त होताहै १ अव इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहतेहैं व्रतचारि पुरुषका वेदका पडना और नियम और अनुष्ठान इनांते उत्पन्न होया जो तेज सो अवकीर्णिका मरुत् इंद्र वृहस्पति अग्नि इनां चारों को प्राप्त होताहै इस कारणतें तिनांके तांई आहुतियांदेवे एह त्याज्य आहुतीका अर्थात् देणे योग्य जो आहुतियांहैं तिनका अनुवादहै इसविषें त्रयकाल स्नान करे और एक काल भोजन करे जवतक व्रत की समाप्ति नहिंहै

तैसेंहि मनुजी कहतेहैं एतस्मिन्निति इस अवकीर्णरूप पापके प्राप्तहोयां गर्द्दभके चर्म को उपर लयकर्के सत्तां ७ घरांते भिक्षाकरे अपणे कर्म नूं कथन करदा होया अर्थात् मैं अवकीर्णी हां इसतरां कथन करे १ तिनां घरां ते प्राप्त होया जो भिक्षाकाअन्न तिस कर्के एककाल भोजन करे और त्रय काल स्नान करता रहे इसी प्रकार एक वर्ष करदा रहे तां शुद्ध होताहै २ एह जो वर्षका व्रतहै सो वेदपाठ रहित ब्राह्मणकी स्त्री विषें अवकीर्णी होवे और वेदपाठीकी वैश्या विषें अवकीर्णी होवे तिस विषें जानणा जेकर सो दोए वेदपाठीकीयां स्त्रियां होण अथवा ब्राह्मणी और क्षत्रियाणी आपही गुणवालीयां होण तिनांविषे अवकीर्णीहोवे तां त्रयवर्ष और दोवर्षका व्रत क्रमकर्के करे अर्थात् ब्राह्मणी मे त्रयवर्ष का व्रत क्षत्रियाणीमे दोवर्षका व्रत

तथाचमनुः ॥ एतस्मिन्नेनसिप्राप्तेवसित्वागर्द्दभाजिनं सप्तागारांश्चरेद्भैक्ष्यं स्वकर्मपरिकीर्त्तयन् ॥ १ ॥ तेभ्योलब्धेनभैक्ष्येणवर्त्तयन्नेककालिकम् ॥ उपस्पृशंस्त्रिषवणंत्वब्देनसविशुद्ध्यति २ एतस्मिन्नवकीर्णरूपे एनसि पापे वार्षिकव्रतमिदमश्रोत्रियब्राह्मणपत्न्यां श्रोत्रियपत्न्यांवैश्यायांचज्ञेयम् यदातु तेश्रोत्रियपत्न्यौब्राह्मणक्षत्रियेस्वयमपिगुणवत्यौ तत्रावकीर्णीचेत्तदा द्विवार्षिकत्रिवार्षिकेक्रमेणद्रष्टव्ये । इदमेवाहतुःशंखलिखितौ । गुप्तायांवैश्याया मवकीर्णःसंवत्सरं त्रिषवणमनुतिष्ठेत् क्षत्रियायांद्वेवर्षेब्राह्मण्यांत्रीणिवर्षाणीति । अवकीर्णनिमित्तंतुब्रह्महत्याव्रतंचरेत् चीरवासास्तुषण्मासांस्तथा मुच्येतकिल्बिषादित्यंगिरोवचनमकामतोऽवकीर्णे ईषद्व्यभिचारिण्यामवकीर्णेवाद्रष्टव्यम् अत्रसार्द्धसप्तधेनवः प्रत्याम्नाय इति शूलपाणिःएतद्विषय एवाभ्यासेशातातपवचः ॥

करणा और इसीको शंख लिखितजी अपनीस्मृतिमें कहतेहैं गुप्तायामिति तीसरे वर्णकी वैश्या विषें अवकीर्णीहोवे तां एकवर्ष पर्य्यंत त्रिकाल स्नान कर्के अनुष्ठान करे और क्षत्रियाणी विषें दो वर्षका व्रतकरे और ब्राह्मणी विषें त्रय वर्षका व्रत करे तां शुद्ध होताहै ॥ अब और कहतेहैं अवेति अवकीर्णीके प्रायश्चित्त करणवाला ब्रह्महत्याका व्रतकरे । ताडपत्रदे वस्त्र लगा कर छे ६ महीने का व्रतकरे तां पापते मुक्त होताहै १ एह अंगिरा जीका जो वचनहै सो नहिं इच्छातें अवकीर्णीविषें वा थोडीव्यभिचारिणी स्त्री विषें अवकीर्णी होवे तिसविषें जानणा जेकर एह व्रत न होसके तां साढियां सत्त गौयां दान करे अर्थात् तिनांका मुल्लदें देवे एह शूलपाणि नें कयाहै इसी विषयमें वहुत अभ्यास होवें तां तिसविषें शातातपजो वचनहै सो तिसीस्मृतिसें जानणा

अब और मतककेंभी इसविषयकों कहतेहैं अथेति इसतें उपरंत अवकीर्णिका प्रायश्चित्त कहतेहैं ब्रह्मचारी जेकर अवकीर्णीहोवे तां चौथेपहर अष्ठवर्ष तक भिक्षाका अन्न खावे इसप्रकार करे तां पविताहोताहै तैसेंही पैठीनसिजीकहतेहैं अवकीर्णी गर्दभकेचर्मकों धारणकरें और वर्ष तक प्राजापत्य व्रतकरे तिसके प्रायश्चित्तविषे ओंकार पूर्वक महाव्याहृतियोंकर्के अर्थात् ओंभूः ओंभुवः ओंस्वः इनांकर्के हवनकरे १ अथवा वर्षतकएककाल भिक्षाकाअन्न खावे २ वा चतुर्थकाल नियत कर्केंभोजन करें और गायत्रीका जप करे ३ गायत्री जप भी वर्षरोज तक करणा विशेषकहतेहैं स्वैरिणीति स्वैरिणी जो वृषल्यादि स्त्री तिसविषें अवकीर्णीहोवेतां सचैल स्नानकर्के जलदा घट ब्राह्मणके तांई देवे और वैश्याविषें अवकीर्णीहोवे तां चौथे काल भोजन करे और ब्राह्मणोंको भोजन देवे और घासका भार गौआंके तांई देवे और क्षत्रियाणीविषें अवकीर्णी होवे तां त्रिरात्रि

अथातोऽवकीर्णिप्रायश्चित्तंव्याख्यास्यामः । ब्रह्मचारियदाऽवकीर्येत चतुर्थकालमष्टसंवत्सरान्भैक्ष्यंचरेदेवंपूतोभवतीति तथापैठीनसिरपि अवकीर्णी गर्दभाजिनंसंवसेत्संवत्सरंप्राजापत्यंचरेदिति तत्रप्रायश्चित्तम् महाव्याहृतिभिर्जुहुयादोंपूर्वकाभिःसंवत्सरं वानक्तंभैक्ष्यंचरेच्चतुर्थकालेनियतभुग्गायत्रींवाजपेदिति गायत्रीजपेपिसंवत्सरमितिसंवन्धः॥ स्वैरिणीवृषल्यादाववकीर्णश्चेत्तदासचैलस्नानमुदकुंभंदद्याद्ब्राह्मणाय वैश्यायांचतुर्थकालाहारोब्राह्मणान्भोजयेत् यवसभारंचगोभ्योदद्यात् क्षत्रियायांत्रिरात्रमुपोषितोघृतपात्रंदद्यात् ॥ ब्राह्मण्यांषड्रात्रमुपोषितोगांचदद्यात् गोष्ववकीर्णःप्राजापत्यंचरेत् षंडायामवकीर्णः पलालभारंसीसमापकंचदद्यादितिशंखलिखितोदितं कुर्यात् षंडावंध्या । वंध्यातुवृषलीज्ञेयावृषलीतुमृतप्रजा अपरावृषलीज्ञेया कुमारीयारजस्वलेति ॥ उशनाः ॥ एतच्चावकीर्णिप्रायाश्चित्तंत्रैवर्णिकस्यापि ब्रह्मचारिणः ॥समानम् ॥ अवकीर्णीद्विजोराजावैश्यश्चापिखरेणतु इच्छाभैक्ष्याशिनोनित्यंशुद्ध्यंत्यब्दात्समाहिताइतिशांडिल्यस्मरणात्

उपवास व्रत कर्के घृत पात्रका दान करे तां शुद्ध होताहै ॥ ब्राह्मणीविषें अवकीर्णी होवे तां छे ६ रात्रि उपवासकर्के फेर गौ दान करे तद शुद्ध होताहै । और गौआंविषें अवकीर्णी होवें तां प्राजापत्यव्रत करे ॥ और षंडा विषें अवकीर्णीहोवे तां परालीका भार और एक मासासिक्का दान करे तां शुद्ध होताहै एह शंख लिखित स्मृतिमें कयाहोया प्रायश्चित्तकरणे योग्यहै ॥ षंडा नाम वंध्या स्त्री का है इसकोस्पष्टकरतेहैं वंध्या नाम वृषलीकाहै औरजिसकी संतान मृत होजावें उसका नाम वृषली है जो कुमारी हि रजस्वला होवे उसका नाम भी वृषलीहै उशनानें कया है और व्यवस्था कहतेहैं एह अवकीर्णि का प्रायश्चित्त त्रयवर्णके ब्रह्मचारिके तुल्य है अवकीर्णी द्विजक्या ब्राह्मण और राजा और वैश्य होवें तद गर्द्दभ कर्के यज्ञ करे और भिक्षाका अन्न नित्यखावे तद वर्ष कर्के शुद्ध होताहै एह शांडिल्य जीका स्मरणहै

यदेति जदस्त्री संभोगके विना ब्रह्मचारि अपनीइच्छातें वीर्य स्खलितकरे और दिनविषे वा स्वप्न विषे करे तां तिसविषे नैर्ऋत यज्ञमात्र देखणे योग्यहै ॥ इसीको कहतेहैं कि वीर्य्यका प्रयत्नतें त्याग दिन विषे वा स्वप्नविषे होवे तां नैर्ऋत यागमात्रकरे इसवासिष्टकर्के यज्ञ मात्रका अतिदेशहोणेतें अतिदेश कियाहै ब्रह्मचर्य्यका जिनां विषे ऐसे जो कृच्छ्र चांद्रायणादि व्रतांतर तिनां विषे भीजेकर अवकीर्णिहोवे तिसविषे पूर्वोक्तहि यज्ञमात्रकरणा अर्थात् गर्दभकाआलंभननहि करणा इसमै वचन कहतेहैं व्रतेति व्रतांतरों विषे भी एही करणा एहतिसी वसिष्टकर्के अतिदेश होणेंते अव स्वप्न विषे वीर्य्य स्खलितहोने मे मनुजी कहतेहैं ॥ स्वप्न इति द्विज ब्रह्मचारी वीर्य्यकों इच्छाते विना स्वप्न विषे स्खलित करे तां स्नान कर्के सूर्य्यका पूजन करे और त्रयवार पुनर्मा)

यदा स्त्रीसंभोगमंतरेण कामतश्चरमधातुंविसृजति दिवाचस्वप्नेवाविसृजति तदानैर्ऋतयागमात्रंद्रष्टव्यम् ॥ एतदेवरेतसः प्रयत्नोत्सर्गे दिवास्वप्नेचे तिवासिष्ठेनयागमात्रस्यातिदिष्टत्वात् ॥ व्रतांतरेषुचकृच्छ्रचांद्रायणादिष्वति दिष्टब्रह्मचर्येषुच स्कंदने सत्येतदेव यागमात्रम् ॥ व्रतांतरेषुचैवमितितेनै वातिदिष्टत्वात् ॥ स्वप्नस्कंदनेतुमनुः ॥ स्वप्नेसिक्त्वाब्रह्मचारीद्विजःशुक्र मकामतः स्नात्वार्कमर्चयित्वात्रिः पुनर्मामित्यृचंजपेदिति १ यमोपि ॥ प्रकीर्यरेतःस्वप्नेतुब्रह्मचार्यप्यकामतः स्नात्वार्कमीक्ष्यप्रयतोगायत्र्यष्टशतं जपेत् १ तथा ब्रह्मचारीतुयोगच्छेत्स्त्रियंकामप्रपीडितः प्राजापत्यंचरेत्कृ च्छ्रमब्दमेकंसुयंत्रितः १ भूयोऽभ्यासविषयमेतत् ॥ वानप्रस्थादीनांचेदमे वब्रह्मचर्यखंडने अवकीर्णिव्रतंकृच्छ्रत्रयाधिकंभवति ॥ वानप्रस्थोयतिश्चै वस्कंदनेसतिकामतः पराकत्रयसंयुक्तमवकीर्णिव्रतंचरेदितिशांडिल्यस्मर णात् ॥ यस्तुसंन्यासीभूत्वागार्हस्थमिच्छतिचेत्तत्रसंवर्त्तोक्तंप्रायश्चितम्

इस ऋचाका जपकरे १ ॥ यम भी कहताहै प्रकीर्येति ब्रह्मचारी इच्छाते विना स्वप्नविषे वीर्य्य स्खालित कर्के सूर्य्यकों देखे फेर प्रयत्नते अष्टोत्तर शत गायत्रीका जपकरे १ तैसें हि और कहतेहैं ब्रह्मचारीति जो ब्रह्मचारी कामकर्के पीडितहोया २ स्त्री साथगमन करे तां समाधानहोकर्के वर्षरोजका कृच्छ्र प्राजापत्य व्रत करे तां शुद्धहोताहै १ एहबहुत अभ्यास विषय विषे जानणा वानप्रस्थादियांको एही ब्रह्मचर्यखंडनविषें कृच्छ्रत्रय हैं अधिक जिसविषें ऐसा अवकीर्णिका व्रत करणाउचितहै वचनकहतेहैं वेति और वानप्रस्थ और यतिइनांकोंइच्छातें वीर्य्यदेस्खलित होयां त्रयपराकव्रतकर्के युक्तजो अवकीर्णिकाव्रतहै सो करणा उचितहै एह शांडिल्यस्मृतिमें कयाहै १ जोसंन्यासीहोकर्के फेर गृहस्थकी इच्छा करे तिसविषे संवर्तजीका कया होआ प्रायश्चित्तकहतेहैं

संन्यस्येति कोईक दुर्म्मतिपुरुष संन्यासी हो करके जेकर गृहस्थाश्रम स्वीकार करे सो श्रश्रांत होया २ छे ६ महीने का कृच्छ्र व्रतकरे १ इसीमें वासिष्ठजी कहतेहैं यस्त्विति जो संन्यासीहोकर्के फेर मैथुन करे सो सठ ६०००० हजार वर्ष विष्टाविषें कीडा होताहै १ पराशरजी भी कहतेहैं य इति जो प्रत्यवसित होया ब्राह्मण संन्यासतें दूर हो जावे और अनाशक होकर्के फेर हटजावे फेर गृहस्थकी इच्छाकरे १ सो पुरुष त्रयकृच्छ्र और त्रय चांद्रायण व्रत करे और संपूर्ण जातकर्म्मादि संस्कारोंकर्के शुद्धिको प्राप्त होताहै २ अब पिच्छले श्लोकका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं यइति जो प्रत्यवसित क्या संन्यासादि धर्म वाला होया और जो अनाशक क्या महीने आदिकी अवधिकर्के अर्थात् महीनापर्य्यंत अन्न नहिंखाणा ऐसी प्रतिज्ञाकर्के फेर तिसनूं न करे एह अर्थहै ॥ तिसविषें ब्राह्मण को छे ६ महीनेका कृच्छ्रहै फेर संन्यास लयणा उचितहै ॥ और

संन्यस्यदुर्म्मतिःकश्चित्प्रत्यापत्तिंचरेद्यदि सकुर्यात्कृच्छ्रमश्रांतःषण्मासान्प्रत्यनंतरामिति १ प्रत्यापत्तिर्गृहस्थाश्रमस्वीकारः ॥ अतएववासिष्ठः ॥ यस्तुप्रव्रजितोभूत्वापुनःसेवेतमैथुनम् षष्टिवर्षसहस्राणिविष्टायांजायतेकृमिरिति १ पराशरोपि यःप्रत्यवसितोविप्रोप्रव्रज्यातोविनिर्गतः अनाशकोनिवृत्तश्चगार्हस्थ्यंचेच्चिकीर्षति १ सचरेत्त्रीणिकृच्छ्राणित्रीणिचांद्रायणानिच जातकर्मादिभिःसर्वैःसंस्कृतःशुद्धिमाप्नुयात् २ यःप्रत्यवसितःस्वीकृतसंन्यासादिव्रतइत्यर्थः । यश्चाऽनाशकोभूत्वामासाद्यवधिंकृत्वाऽनशनीभूत्वापुनर्निवृत्त इत्यर्थः ॥ तत्रब्राह्मणस्यषाण्मासिकःकृच्छ्रः पुनःसंन्यासः ॥ क्षत्रियस्यचांद्रायणत्रयम् ॥ वैश्यस्यकृच्छ्रत्रयमितिव्यवस्था ॥ वाविप्रस्यैवशक्तिसकृदभ्यासाद्यपेक्षया व्यवस्थितं प्रायश्चित्तत्रयंद्रष्टव्यम् तथातुरसंन्यासिनामपि ॥ यमेनापि ॥ प्रायश्चित्तमुक्तम् ॥ जलाग्न्युद्बंधनभ्रष्टाः प्रव्रज्यानाशकच्युताः विषप्रपतनप्रायःशस्त्रघातच्युताश्चये १

क्षत्रीको त्रय चांद्रायण हैं ॥ और वैश्यको त्रय कृच्छ्र हैं ॥ इसमे ऐसी व्यवस्था जानणी अथवा ब्राह्मणको हि शक्ति और सकृत् क्या एकवार परावृत्ति और अभ्यासादिकी अपेक्षा कर्के व्यवस्थित जो पिछले त्रय प्रायश्चित्तहैं सो देखणे योग्यहैं ॥ शक्ति में छे ६ महीनेका कृच्छ्र व्रतकरणा ॥ और सकृतमें त्रयकृच्छ्र व्रत करणे ॥ और अभ्यासमें क्या वहुतवारमें त्रय चांद्रायण व्रत करणे ॥ तैसेंही जिसने आतुर समयमें संन्यास लेआ फेर राजीहोकर गृहस्थी होगया तिसविषें यमनेंभी प्रायश्चित्तकयाहै ॥ जलेति प्रायश्चित्तवास्ते जलविषें पडे वाअग्निविषें वा फाह लयणा इनांते भ्रष्ट होजावे और प्रायश्चित्तके अर्थ संन्यास लयणा और अनाशक क्या इतनें दिन अन्न नहिं खाणा ऐसा कह कर व्रती होवे और पीछे इनांते भ्रष्ट होवे वा प्रायश्चित्तके अर्थ विष पान करणा वा किसे जगाते डिगणा और शस्त्र सें मरणा इनांते भ्रष्ट होवे १

नेति एह संपूर्ण प्रत्यवसितनहिंहैं अर्थात् संन्यासादि व्रतोंसेंरहितहैं और संपूर्ण लोकोतें वाहरहैं चांद्रायणकर्केवा दो २ तप्तकृच्छ्रव्रतकर्केशुद्धहोतेहैं २ इसमें ऐसाजानणा कि जो एह चांद्रायण व्रतकृच्छ्रात्मक दो प्रायश्चित्तहैं सो शक्त्यादिकी अपेक्षा कर्के व्यवस्थित जानणेंयोग्यहैं ॥ अव इसीमे विशेष कहतेहैं ॥ जीवन्निति प्रायश्चित्तके अर्थ अपणे आपनूं त्यागे फेर जीउंदा होजावे तिसमें वारां रात्रिका कृच्छ्र व्रत करे और त्रय रात्रि उपवास व्रत करे एह वसिष्ठकाकथा होया जोवचनहै सो स्वीकार कीत्ता जो शास्त्रीय मरण जिसने तिसके मुड़ने विषे जानणा ॥ इसमे व्यवस्थाकरतेहैं॥ तादिति जिसने व्रतके उद्यममे संकल्पकीत्ताहै सो तिसकेहटणेविषे त्रयरात्रि व्रत करे ॥ और प्रवृत्तितेउपरंत हटणेविषे वारां १२ रात्रिका व्रतकरे एह व्यवस्था जानणी ॥ इसमें ऐसा विचारहै गुरुकी स्त्री साथ गमनकरणा और तिसके तुल्य जो अगम्यागमनहै तिस विषे प्रायश्चित्तको वहुत होणेते एह जो अव कीर्णीका व्रत है सो इनांते पृथक् स्त्रियां मे अवकीर्णी

नैवैतेप्रत्यवसिताःसर्वलोकवहिष्कृताः चांद्रायणेनशुद्ध्यंतितप्तकृच्छ्रद्वयेनचे ति २ इदंचचांद्रायणतप्तकृच्छद्वयात्मकं प्रायश्चित्तद्वयं शक्त्याद्यपेक्षयाव्यव स्थितंविज्ञेयम् जीवन्नात्मत्यागीकृच्छ्रंद्वादशरात्रंचरेत्त्रिरात्रंचोपवसेदितिवा सिष्ठंतु स्वीकृतशास्त्रीयमरणस्यप्रत्यावृत्तौवोध्यम् । तदुद्योगसंकल्पमात्रात्प रावृत्तौत्रिरात्रम् प्रवृत्त्यनंतरपरावृत्तौद्वादशरात्रमितिव्यवस्था ॥ गुरुदार तत्समागम्यागमनेप्रायश्चित्तस्य गुरुतरत्वादिदमवकीर्णिव्रतंतद्यातिरिक्ताव कीर्णिद्रष्टव्यम॥ नचलघुनाऽवकीर्णिव्रतेन गुरुदारादिगमनमहापातकोचि तप्रायश्चित्तवाधोविशेषविधानादितिवाच्यम् ॥ ब्रह्महननप्रकरणे ब्रह्मचा र्य्यादीनांद्वैगुण्यादेर्विधानात् ॥ अत्रागम्यागमननिमित्तंप्रायश्चित्तंनपृथका र्य्यांस्त्रियांब्रह्मचारिणोब्रह्मस्खलनस्यागम्यागमनेनांतरीयकत्वात् ॥ यत्र निमित्तेनिमित्तांतरंसमं न्यूनंवाऽवश्यंभावि तत्रनपृथङ्नैमित्तिकंप्रयुज्यते॥

होवे तिसमे जानणा(प्रश्न)करतेहैं नचेति छोटा जो अवकीर्णिका व्रत है तिसने गुरुदारादि गमनका जो महापातको के उचित प्रायश्चित्त सो वाधयाहै क्योंकि विशेषविधान होणेतें (उत्तर) ऐसा मत कहो किसते ब्रह्महत्याके प्रकरण विषे ब्रह्मचार्य्यादियोंको द्विगुण प्रायश्चित्तके विधान होणेतें ॥ अर्थात् ब्रह्मचारीको हि अवकीर्णि व्रत है और इसीको महापातकोमे दूणा व्रत है इसतें प्रतीत होया कि महापातकों वाला व्रत जुदाचाहिए॥ अव इसीमे और विचार करतेहैं इसमे अगम्यागमनका प्रायश्चित्त भी होणा चाहिए इसवास्ते कहतेहैं ॥ अत्रेति इस विषे अ गम्यागमन निमित्तप्रायश्चित्त पृथक् नाहिं करणा स्त्रीविषे ब्रह्मचारिके ब्रह्मस्खलन को अगम्यागमन कर्के अंतरीयक होणेंतें अर्थात् अवकीर्णि व्रत विषे हि अगम्यागमनकाभी व्रतहै जिस निमित्त विषे और निमित्त वरावर वा थोडा अवश्य होवेगा तिसके विषे पृथक् नैमित्तिक नाहिं होताहै

अव इसांमें दृष्टांतकहतेहैं यथेति जैसें गौकेताईं लाठीगूरें तां कृच्छ्रव्रतकरे और लाठी आदिके प्रहारविषें अति कृच्छ्रव्रत करे और रुधिर निकालनेंविषें कृच्छ्रातिकृच्छ्र व्रत करे और जिसप्रहार तें अंदररुधिर होजावे तिसमें कृच्छ्रव्रत करे १ ऐसीआज्ञाहै तथापि इसरुधिर निकालनें निमित्त विषें गूरणादि जो निमित्त हैं सो अंतर स्थितहैं परंतु कृच्छ्र और अतिकृच्छ्र पृथक् नहिं करी दें किन्तु कृच्छ्रातिकृच्छ्रहि करीदा है ऐसें हि और जगा भी जानणा ॥ जिसविषें अंतर्भाव का नियम नहिं है जैसा पर्वकालमें रजस्वला जो परस्त्री तिससाथ गमन करे इसमें ऐसाअभि प्रायहै कि एह नियम नहिंहै कि पर्व कालमेंहि रजस्वलाहोतीहै किंतु तिसविनाभी हुंदीहै और परस्त्री विना भी पर्वमें गमन हुंदाहै तिसतें तद वडा दोषहै इत्यादियोंविषें निमित्त पृथक् जो

यथा अवगूर्य्यचरेत्कृच्छ्रमतिकृच्छ्रंनिपातने कृच्छ्रातिकृच्छ्रोऽसृक्पातेकृच्छ्रो भ्यंतरशोणितइत्यत्र शोणितोत्पादननिमित्तेऽवगूरणादिनिमित्तद्वयमवश्य मंतःस्थितं परन्तु कृच्छ्रमतिकृच्छ्रंचनपृथक्क्रियते अन्यत्राप्येवमेवोह्य म् यत्रांतर्भावनियमोनास्ति पर्व्वणि परस्त्रींरजस्वलांगच्छतीत्यादौ तत्र निमित्तानि पृथक्प्रयुज्यंते अत्रपूर्वपक्षसिद्धांतौमिताक्षरायांद्रष्टव्यौ व्रतां तरलोपेप्यवकीर्णिव्रतमतिदिशति मनुः अकृत्वाभैक्ष्यचरणमसमिध्यचपा वकम् अनातुरःसप्तरात्रमवकीर्णिव्रतंचरेदिति ॥ १ अथब्रह्मचारिव्रतलो पप्रायश्चित्तप्रसंगादन्यदनुपपातकपापस्याऽपिप्रायश्चित्तमाह याज्ञव ल्क्यः भैक्ष्याग्निकार्येत्यक्त्वातुसप्तरात्रमनातुरः कामावकीर्णइत्याभ्यांजु हुयादाहुतिद्वयम् ॥ १ ॥

डी दे हयण अर्थात् त्रयप्रायश्चित्त पृथक् २ करणे ॥ इस विषें पूर्व पक्ष और सिद्धांत मि ताक्षरा विषें देखणेयोग्यहैं ॥ अव और व्रतके लोपविषें अवकीर्णीका व्रत दिखाईदाहै ॥ इस में मनु जी कहतेहैं ॥ अकृत्वेति अग्नि होत्र करण वाला पुरुष अनातुर क्या स्वस्थ चित्त वाला होया २ भिक्षा न करे और अग्नि नूं न जगावे तां तिस को सप्त ७ रात्रि पर्य्यन्त अवकी र्णीका व्रत करणे योग्यहै १ अव ब्रह्मचारिके व्रत लोपके प्रायश्चित्तप्रसंगतें और अनुपपातक पापकाभी प्रायश्चित्त याज्ञवल्क्यजी कहते हैं । भैक्षेति भिक्षा और अग्नि कार्य जेकर सप्तरा त्रि त्यागे तां (कामावकीर्ण) इनमंत्रों करके दो २ आहुतियांका हवन करे ॥ १ ॥

अब इसी श्लोक का अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं यस्त्विति जो ब्रह्मचारी सावधान होया २ निरं तर सत्तरात्रि भिक्षाअथवा अग्निकार्य त्याग देवे तां॥ कामावकीर्णोऽस्म्यवकीर्णोऽस्मिकामकामाय स्वाहा ॥ इस मंत्र कर्के एक आहुती देवे और कामावपन्नोऽस्म्यवपन्नोऽस्मि कामकामायस्वाहा इसमंत्रकर्के दूसरी आहुतीदेवे तां शुद्ध होताहै इस तें उपरंत फेर समासिंचतुमरुतः समिंद्रःसं वृहस्पतिः संमायमग्निः सिंचंतांयशसाब्रह्मवर्चसेन इसमंत्रकर्के अग्निका उपस्थानकरे क्याउठकर्के इसमंत्रके अर्थका स्मरणकरे सो अर्थऐसाहै कि मरुतःक्या ४९ देवता और इंद्रऔर वृहस्प ति और यम अग्नि एह सभ यशकर्के और ब्रह्म तेंज कर्के मेरेविषे सिंचनकरण अर्थात् जो मेरा यश और ब्रह्म तेज नष्ट होगयाथा उसको पुनः स्थापन करण ॥ इसको स्पष्ट कर्के कहतेहैं कि भिक्षाकर्के गुरु सेवा होनीथी सो नहिहोई इसतें गुरुजीका अपराध होणेतें प्रायश्चित्त दिखाया है परंतु एह गुरु सेवादि जो कोई गृह निर्माणादि वड़ा कार्य तिस विषे खचित होणे कर्के भि

अस्यार्थः यस्त्वनातुरएव ब्रह्मचारी निरंतरंसप्तरात्रंभैक्ष्यमग्निकार्यंवात्यज तिअसौकामावकीर्णोऽस्म्यवकीर्णोऽस्मिकामकामायस्वाहा कामावपन्नोऽस्म्य वपन्नोऽस्मिकामकामायस्वाहा इत्येताभ्यांमंत्राभ्यामाहुतीर्हुत्वा समासिंचंतु मरुतः समिंद्रः संवृहस्पतिःसंमायमग्निःसिंचंतांयशसाब्रह्मवर्चसेनेत्यनेन मंत्रेणाग्निमुपतिष्ठेत इदंचगुरुपरिचर्यादिगुरुतरकार्यव्यग्रतयाअकरणेद्रष्ट व्यम् ॥ यदात्वव्यग्रएवभैक्ष्याग्निकार्ये त्यजति तदा अकृत्वाभैक्ष्यचरणम समिध्य चपावकम् अनातुरःसप्तरात्रमवकीर्णिव्रतंचरेदितिमानवंद्रष्टव्यम् अत्रैववृहस्पतिः संध्यामुपास्योपस्थितःसावित्र्याः सहस्रेणादित्यमुपति ष्ठेत उत्क्रमाग्निकार्यंव्रतपत्याहुत्यातीतंसंपाद्योपस्थितंकुर्यात् ॥ यज्ञोपवी तादिनाशेतु हारीतेनप्रायश्चित्तमुक्तम् मनोव्रतपतीभिश्चतस्रआज्याहु तीर्हुत्वापुनर्यथार्थंप्रतीयात् असकृद्भैक्ष्यभोजनेभ्युदितेऽभिनिर्मुक्तेवांते

क्षादिके न करणे विषे देखणे योग्य है ॥ जेकर तिसमे नहिं खचित होवे और भिक्षा और अग्नि कार्य त्याग देवे तां एह मनुजीका कथन कीता होया प्रायश्चित्त देखणे योग्य है । इस श्लोक का अर्थ पिछे कहा है इसी विषे वृहस्पति जी कहते हैं संध्यामिति प्रातःकालकी संध्या कर्के फेर उठ कर्के एक हजार गायत्री कर्के सूर्यकी स्तुति करे और उल्लंघन होया जो अग्नि कार्य तिसनूं ॥ व्रतपति ॥ इस मंत्र कर्के पिछलीयां आहुतियां दे कर्के फेर उपस्थान करे और यज्ञोपवीता दिके नाश विषे हारीतजीनें प्रायश्चित्त कया है मन इति (मनोव्रतपतीभिः) इस मंत्र कर्के चार आहुतियां घृतकीयां दे कर्के फेर यथार्थ कर्के यज्ञोपवीत पावे भिक्षासें प्राप्त होया जो अन्न तिसके वहुत वार भक्षण विषे प्रायश्चित्तहै और सुत्ते होयां सूर्य उदय होवे वा अस्त होवे और वमन होवे तांभी प्रायश्चित्त करे

दिवेति दिनविषे शयनकरे और नग्नस्त्रीके देखणेंविषे और नग्न होकरशयन करे और श्मशानकों उल्लंघन करकें घोडे उप्पर चड कर चले और पूज्य जो हैं गुर्वादि उनको प्रणामादि न करे एह जो संपूर्ण पूर्वोक्तहैं इनां विषे इनांहि पूर्वोक्त मंत्रां करकें घृतकीयां आहुतियां देवे ॥ और अग्निके प्रज्वलित करदें होयां वृक्ष वा सर्पादियोंके मारणे विषें (यद्देवादेवहेडनम्) इत्यादि जो कूष्मांड मंत्र हैं इनांकरकें त्र्यरात्रि घृतकरकें हवन करे ॥ मणि और वस्त्र और गवादि इनांके दान लैणें में अठ सैंअधिक १००० हजार गायत्रीका जपकरे इतनीहिस्मृति हारीतजीकी है ॥ अब इसका अर्थ स्पष्टकरकें कहतेहैं (मनोव्रतपतीभिः) मनोज्योतिः इत्यादिजो मंत्रा हैं मनहै चिन्ह जिनांका और ; त्वमग्ने व्रतपाअसि ! व्रतहै चिन्ह जिसविषे इनांकरकें हवनकरे ॥ यथार्थ प्रती

दिवास्वप्ने नग्नस्त्रीदर्शने नग्नस्वापे श्मशानमाक्रम्य हयादीनारुह्य पूज्याति क्रमेचैताभिरेवाज्याहुतिभिर्जुहुयात् । अग्निसमिंधनेस्थावरसरीसृपादीनांवधे यद्देवादेवहेडनमितिकूष्मांडीभिस्त्रिरात्रमाज्यंजुहुयात् मणिवासोगवादीनां प्रतिग्रहेसावित्र्यष्टसहस्रंजपेदितिमनोव्रतपतीभिरिति मनोज्योतिरित्यादि ॥ मनोलिंगाभिस्त्वमग्नेव्रतपाअसीत्यादिव्रतलिंगाभिरित्यर्थः यथार्थंप्रतीयादिति उपनयनोक्तमार्गेणसमंत्रकंगृह्णीयादित्यर्थः । अपरार्केपैठीनसिः नष्टेदंडकाष्ठेभैक्ष्यंदत्वाब्राह्मणायतदहरेवोपवसेत्कमंडलावप्येवमेव नष्टायांमेखलायांद्वेऋचावुद्धरेत्। इयंदुरुक्तेति । संवर्त्तः । भिक्षाटनमकृत्वाचः स्वस्थएकोन्नमश्नुते अस्नात्वाचैवयोभुंक्तेगायत्र्यष्टशतंजपेत् १ उपासीतन चेत्संध्यामग्निकार्यंनचेत्कृतम् स्नात्वासूर्यंसमभ्यर्च्यप्राणायामेनशुध्यति २

यात् इसकाअर्थ कहतेहैं यज्ञोपवीतमें कहा जो मार्ग तिसकरकें समंत्राक ग्रहणकरे ॥ अपरार्कमे पैठीनसिजी कहतेहैं नष्टइति ब्रह्मचारी दंड काष्ठके नाशहोयांभिक्षाकाअन्न ब्राह्मणांको देदेवे और उसदिन उपवासकरे और कमंडलुके नाशमेंभी ऐसेंहि करे ॥ ब्रह्मचारी तडागीके नाश होयां दो २ ऋचा का पाठ करे इयंदुरुक्ता इत्यादि ॥ संवर्त्त जी कहतेहैं भिक्षेति स्वस्थचित्त होया २ जो ब्रह्मचारी भिक्षाटन करकें इकल्लाहि अन्न खावे और स्नान तें विना जो भोजन करताहै सो अठसे अधिक १०८ सौ गायत्री का जपकरे तां शुद्धहोताहै १ जो संध्या नकरे और अग्नि कार्य्य न करे तां स्नान करकें सूर्यका पूजन करकें और प्राणायाम करणेंतें शुद्ध होताहै २

दिवेति स्वस्थ चित्तवाला ब्रह्मचारी जेकर दिनविषें शयन करें तद स्नानकर्कें सूर्यका पूजन करे और गायत्रीका अठसे अधिक सौ जप करे तदशुद्ध होताहै ३ जिस पुरुषनें यज्ञोपवीत विना संध्याकी तोहैसो ब्रह्मचारी स्नान कर्के समाधान होया २ अठसें अधिक हजार १००८ गायत्री का जप करे तदशुद्ध होताहै ४ जोपुरुष यज्ञोपवीत विना भोजन करदाहै सो अठसे अधिक १०० सौ गायत्रीका जप करे और एक प्राणायाम करे तद शुद्ध होताहै ५ यम जीकहतेहैं सूर्य इति जो पुरुष सूर्यकेउदय तक शयन करदाहै उसकानाम सूर्योदितहै और जो सूर्यके अस्ततक शयन करदाहै उसका नाम सूर्यनिर्मुक्तहै १ सो दोए ब्रह्मस्तेन कहेहैं अर्थात् वेदके चुराणे वालेहैं दिन रात्रिके उपवास करणेंतंशुद्धहोतेहैं दशतें अधिक गायत्रिका पृथक् २ जपकरें २ अवइसीका अर्थ

दिवास्वपितिचेत्स्वस्थोब्रह्मचारीकथंचन स्नात्वासूर्यंसमभ्यर्च्यगायत्र्यष्टश तंजपेत् ३ ब्रह्मसूत्रंविनायेनसन्ध्योपास्तिर्यदाकृता गायत्र्यष्टसहस्त्रंतुजपे त्स्नात्वासमाहितः ४ ब्रह्मसूत्रंविनायस्तुभोजनंकुरुतेजनः गायत्र्यष्टशतेनैव प्राणायामेनशुध्यति५। यमः। सूर्योदयेतुयःशेतेससूर्योदितउच्यते अस्तंगते तुयःशेतेसूर्यनिर्मुक्तएवसः १ ब्रह्मस्तेनावुभौसम्यगहोरात्रोपितौशुची गाय त्र्यादशसाहस्त्रंकुर्यातामाह्निकंपृथक् २ सूर्योदितोहरुपोषितःसूर्यनिर्मुक्तो रात्रिमुपोषितःएवमुभावहोरात्रोषितौगायत्र्यादशाधिकंसहस्त्रजपमहानिकु र्याताम् वसिष्ठः। सूर्याभ्युदितःसन्नहास्तिष्ठेत्सावित्रींजपेत् ॥ एवंसूर्याभिनि र्मुक्तोरात्रावासीत। विष्णुः। सूर्याभ्युदितोनिर्मुक्तःसचैलस्नातःसावित्र्यष्ट शतमावर्त्तयेत् ॥ संध्याधिकारेबौधायनः॥ तत्रसायमतिक्रमेरात्र्युपवासः प्रातरुपक्रमेहरुपवासः ॥

स्पष्टकर्के कहतेहैं सूर्येति सूर्योदित पुरुष दिनमें उपवास करे और सूर्यनिर्मुक्त पुरुष रात्रिमें उपवास करे इसप्रकार दोनों दिनरात्रिके उपवास वालें गायत्रीका दश १० तें अधिक हजार जपदिन विषेंकरें ॥ वसिष्ट जी कहतेहैं ॥ सूर्येति सूर्योदित पुरुष दिनविषें स्थितहोकर्के गायत्रीकाजपकरे ॥ ऐसेंही सूर्यनिर्मुक्त पुरुष रात्रिमें स्थित होकर्के रहपरंतु दिनविषे जप करे विष्णुजी कहतेहैं सूर्येति सूर्योदित वा सूर्यनिर्मुक्त पुरुष सचैल स्नान कर्के गायत्रीका अठ से अधिक १०० सौ जपकरे अबसंध्याके अधिकारमें बौधायनजी कहतेहैं तत्रेति जेकर सायंकालकी संध्या न करे तद रात्रि उपवास करणा और प्रातःकालकी संध्या न करणेमे एकदिनका उपवास करणे योग्यहै

आपस्तंवजीकहतेहैं स्वपन्निति जिसको सुत्तेहोयां सूर्य अस्तहोवे सो भोजन न करे और वाणी रोकरक्खे रात्रिमें स्थितरहे और दूसरे दिन जलकास्पर्शकर्के वाणीनूंखोलदेवे और जेकर सुत्तेहोयां सूर्य उदय होजावे तदभीभोजन न करे और वाणीनूं रोकरक्खे और दिनमें स्थितरहे और नम्र होया २ प्राणायामकरे एहकिसीका मतहै । आत्निमितः! इसपाठविषे अस्तपर्य्यंत स्थितरहे एह अर्थहै ॥ कुछक और कहतेहैं मध्विति ब्रह्मचारीको मखीरमांसकेभक्षणविषे कृच्छ्रव्रतकरणेयोग्यहै फेर शेष व्रतांनूं करे ब्रह्मचारीनें मखीरभक्षण विषे और शिष्ट पुरुषोंके भोजन योग्य जोमांसति सकेभक्षणविषे प्राजापत्यव्रतकरणेयोग्यहै ॥ तिसतेंउपरंत प्रारंभकीता होया जो ब्रह्मचर्य वा वेद व्रतइनांविच्चों शेषरिहा जो व्रत सो करे ॥ तिसतेउपरंत अग्गेकरणे जो व्रत तिनांनूं समाप्तकरे

आपस्तंवः स्वपन्नभिनिर्मुक्तोनश्नन्वाग्यतोरात्रिमासीत । श्वोभूतेउदकमुपस्पृश्यवाचंविसृजेत् । स्वपन्नभ्युदितोनश्नन्वाग्यतोहस्तिष्ठेदान्मितः प्राणान्नियच्छेदित्येके ॥ अनश्नन्नभुंजानः किंच मधुमांसाशनेकार्यःकृच्छ्रःशेषोव्रतानिच ब्रह्मचारिणामधुभक्षणेशिष्टभोजनीयमांसभक्षणेचप्राजापत्यंकार्यम् ॥ तदनंतरमुपक्रांतस्यब्रह्मचर्यस्यवेदव्रतानांवान्यतमस्यशेषःकार्यःतदनंतरंक्रियमाणानिव्रतानिसमापनीयानि मधुमांसाशनेकार्य्यःकृच्छ्रःशेषव्रतानिच प्रतिकूलंगुरोःकृत्वाप्रसाद्यैवविशुध्यतीतिमिताक्षरास्थःपाठःनपुनर्ब्रह्मचर्यारम्भशंकानिवृत्त्यर्थायाविधिः तदाशंकायांच पुनरुपनयनविधानात् । तथाचसंवर्त्तः ॥ ब्रह्मचारीतुयोश्नीयान्मधुमांसेकथंचन सकृत्वाप्राकृतंकृच्छ्रंमौंजीहोमेनशुध्यतीति मांसस्यचशिष्टभोजनीयस्यभक्षणेएतत्

इसमें विशेषकहतेहैं मध्विति ब्रह्मचारी मखीरमांसके भक्षणविषे कृच्छ्रव्रतकरे फेर शेष व्रतकरे औरगुरुका अनादराकरेतां गुरुकीप्रसन्नताकर्के शुद्धहोताहै एहमिताक्षरामेकहाहै १ परंतुएह फेर ब्रह्मचर्यके आरंभकी शंकको निवृत्तिवास्ते विधि नहिंहै अर्थात्इसीकृत्यकर्के एहशंका निवृत्तहो गई पुनर्ब्रह्मचर्यकी आशंका विषे फेर यज्ञोपवीतका विधान होणेतें सो इसमें नहिंहै । तैसेहि संवर्त्तजीकहतेहैं ब्रह्म चारीति जो ब्रह्मचारी मखीर और मांसका भक्षण करे सो प्राकृत कृच्छ्रव्रत कर्के और मौंजीहोम कर्के शुद्धहोताहै १ प्राकृतकृच्छ्र नाम सामान्यकृच्छ्र जो द्वादशाहसाध्य है तिसकाहै यज्ञोपवीतविषे प्रतिपादन कीत्ता जो होम तिसकर्के शुद्ध होताहै परंतु शिष्टोंके भोजन योग्य जो मांस तिसके भक्षण विषे एहजानणा ॥

जोवसिष्टजीनें कहाहै सो कहतेहैं ब्रह्मचारीति ब्रह्मचारी जेकर शिष्टोंके योग्य जो मांस तिसनूं खावे तद बारां १२ रात्रीका कृच्छ्र व्रत कर्के शेषव्रतनूं समाप्त करे सोभी एह व्याधिरहितकोजानणा श्रौर व्याधियुक्तकों मधु मांस भक्षणमें दोष नहिंहै सोई वसिष्ट एह कहताहै कि सो जेकर व्याधियुक्तहोवे तद गुरुका जूठांमांस औषधीवास्ते सागाही खालेवे क्योंकि मधुमांसादि जो हैं सो रोगिपुरुषको स्वीकार करणेयोग्यहैं इसमे जो सर्वग्रहणहै सो मांसलशुनादि जो अभक्ष्य तिसके ग्रहण वास्तेहै गुरुकाजूठा भोजनकर्के वा वचनकर्के जानणाहै ॥ इच्छातें विना प्राप्तहोया जो मधु तिसके भक्षणमें दोष नहिंहै एह वसिष्टजीने कहाहै सो कहीदाहै अकामेति इच्छातें विना प्राप्तहोयाक्या भक्षण कीताजो मखीर वाजसनेयीशाखावाले ब्रह्मचारीकों तिसके भक्षणमें दोष नहिंहै एहजाणीदाहै ॥ इसकों स्पष्टकरतेहैं कि वाजसनेयी यजुः शाखाका भेदहै ॥ अब ब्रह्मचर्यके अधिकारविषे पैठीनसिजीकहतेहैं मध्विति ब्रह्मचारी मधुमांसके भक्षण विषे त्रयरात्रि

यदाहवसिष्ठः ब्रह्मचारीचेन्मांसमश्नीयाच्छिष्टभोजनीयंकृच्छ्रंद्वादशरात्रंचरित्वाव्रतशेषंसमापयेदिति एतच्चाव्याधितस्य व्याधितस्यतुमधुमांसभक्षणेपि नदोष इत्याह सएव सचेद्व्याधीयीतकामंगुरोरुच्छिष्टंभेषजार्थंसर्वंप्राश्नीयादिति मधुमांसाद्यप्रतिषिद्धम् सर्वग्रहणंमांसलशुनाद्यभक्ष्यमात्रग्रहणार्थम् गुरोरुच्छिष्टमपिभोजनेनवचनेनवाज्ञेयम् अकामोपनतंमधुभक्षणे नदोष इत्याहसएव अकामोपपन्नंमधुवाजसनेयकेनदुष्यतीतिविज्ञायते । वाजसनेयंयजुःशाखान्तरम् ॥ ब्रह्मचर्याधिकारेपैठीनसिः मधुमांसप्राशने त्रिरात्रंपुनरुपनयनंच प्राजापत्यासमर्थविषयमेतत् ॥ मनुः ॥ मासिकान्नंतुयोश्नीयादसमावृत्तकोद्विजः सत्रीण्यहान्युपवसेदेकाहंचोदकेवसेत् १ ॥ मासिकमत्रप्रतिमासंस्मृताहनियद्विहितंतच्छ्राद्धम् नपुनरमानवस्याम् सूतिकान्नंनवश्राद्धंमासिकान्नंतथैवच ब्रह्मचारीतुयोश्नीयात्त्रिरात्रेणसशुद्ध्यतीति संवर्त्तवाक्येन नवश्राद्धसाहचर्यात् ॥ बौधायनः ॥ सचेद्व्याधीयीत

कामंगुरोरुच्छिष्टंभेषजार्थंसर्वमश्नीयात्

उपवासकरे फेर यज्ञोपवीतपावे ॥ एह प्राजापत्य व्रत के असमर्थ विषयविषे जानणा अर्थात् जिससे प्राजापत्यनाहि होसक्ता सो इसव्रतको करे ॥ मनुजीकहतेहैं मासिकेति जो ब्राह्मण ब्रह्मचारी मासिकान्न भक्षणकरे सो त्रयदिन उपवासकरे श्रौर एकदिनजलविषे वास करे तां शुद्धहोताहै १ इस विषे मासिक शब्दका अर्थ कहतेहैं महीनें महीनें मृत होए पुरुषके दिन विषे जो विधान किया है सो ग्रहण करणा योग्यहै ॥ अवइसीमेंहेतु कहतेहैं नेति फेर अमावास्या नवमीविषे जो श्राद्ध है तिसकोभी मासिक कहतेहैं परंतुसो नाहिं ग्रहण करणा क्योंकि सूतिकान्न श्रौर नवश्राद्ध श्रौर मासिकान्न इनांको जो ब्रह्मचारीभक्षण करे सोत्रयरात्रि कर्के शुद्धहोताहै एह संवर्त्तके वाक्य कर्के नव श्राद्धकी साहचर्यताहोणेतें बौधायनजीकहतेहैं सइति सोब्रह्मचारी जेकर पाडी कर्के युक्तहोवे तद अतिशय कर्के गुरुकाजूठा औषधीवास्ते संपूर्ण खालेवे

येनेति जिसककें इच्छाहोवेतिसकिकें चिकित्सा करे सो जद रोगरहित होवे तद उठ कर्के सूर्य का उपस्थान करे हंसः शुचिषत् इस ऋचाकर्के ॥ इसीमें वृद्धयाज्ञवल्क्य जी कहतेहैं ब्रह्मचारीति ब्रह्मचारी व्रती और विधवा ब्राह्मणी एह मधु मांस भक्षण करें तद त्रयरात्रिके व्रत कर्के शुद्ध होतेहैं ॥ यमजीभी कहतेहैं मध्विति जो ब्रह्मचारी मधु मांस भक्षण करे और श्राद्धका वा सूतक का अन्न खावे तद प्राजापत्य कृच्छ्र व्रत कर्के शेष व्रतनूं समाप्तकरे १ एह जेकर उलटी न होवे तिसमें जानणा और उलटीविषे लघुकृच्छ्र व्रतकरे १ शातातपजीकहतेहैं सूतकइतिजेकर सूतक

आक्रोशेति दुर्वचन कहणेंमें और झूठ बोलणें विषें एक रात्र वा त्रय रात्रि उपवास व्रत करे अर्थात् दुर्वचन में एक रात्र उपवास करे और झूठ बोलणेंमें त्रय रात्रि उपवास व्रत करे ॥ और जो वसिष्ठ जीने कहाहै सो कहतेहैं आचार्यइति आचार्य माता पिता इनांको जो दुःख देणे वाला है सो इनांकों प्रसन्नकरे तो पापतें रहित होताहै सो एह अज्ञानतें दुःखदेण वाले विषें जानणा और इहां हंतार इसपदसें अल्प दुखदेणे वालेका ग्रहणकरणा ॥ जो आपस्तंब जीनेंकिहाहै सो कहतेहैं अनेति नाहिं जो दुर्वचनके योग्य माता पिता गुरु इत्यादि इनांको दुर्वचन कहण वाला त्रय रात्रि अक्षार लूणका भोजन करे और शूद्र अथवा स्त्री दुर्वचन कहे तो

आक्रोशानृतवादे एकरात्रं त्रिरात्रं चोपवास इति । यत्तु वसिष्ठः । आचार्यमातृपितृहंतारस्तत्प्रसादादस्तपापा इति तदप्यज्ञानतः हंतारोऽल्पतरदुःखकराः । यत्त्वापस्तंबः । अनाक्रोश्यमाक्रोश्य त्रिरात्रमक्षारलवणभोजनम् शूद्रस्य सप्तरात्रमभोजनं स्त्रीणां च तदपि ज्ञानतः । इति कौशील्यप्रा- ४१ ❀ एतदग्रे धान्य कुप्य पशुस्तेयमिति पठितं विवृतं च तत्प्रायश्चित्तं पूर्वोक्तस्तेयप्रकरण एव प्रसंगतः प्रोक्तम् अयंभावः स्तेयं हि स्वर्णमनुष्यधनादिस्वल्पधान्यादिरूपैरुत्तममध्यमाधमोपाधिभिस्त्रिधा विभक्तं त्रिधा प्रायश्चित्तयोग्यम् तत्राधमोऽप्यवांतरोपाधिभिस्त्रिधा ज्ञेयः ४२ ॥ ४३ ॥ ४४ इति धान्यादिस्तेयप्रा ❀

सप्त ७ रात्रि भोजन ना करे सो एह ज्ञानतें करण विषें जानणा ॥ एह कौशील्यका प्रायश्चित्त समातभया ४१ ❀ इसके अग्गे धान्य कुप्य पशु इनांका चुराणा एह पढयाहै और विवरण भी इसका कीत्ताहै तिनांका प्रायश्चित्त पूर्वोक्त स्तेय प्रकरण विषें हि प्रसंगतें किहाहै इसमें ऐसा विचारहै कि स्तेय जो है सो स्वर्ण १ मनुष्य धनादि २ स्वल्पधान्यादि ३ रूप कर्के उत्तम मध्यम अधम उपाधि कर्के त्रय प्रकारका विभाग कीत्ताहै सो एह त्रय प्रकारका हि प्रायश्चित्त करणें योग्यहै तिनां विषें भी अधम जो है सो अवांतर उपाधि कर्के त्रय प्रकारका जानणा ४२ ॥ ४३ ॥ ४४ एहधान्यादिककीचोरीका प्रायश्चित्त समाप्त भया ॥ ❀ ॥

इसतें उपरंत मद्यपस्त्रीनिषेवणं एह किहाहै तिस विषे उपपातकशुद्धिः स्यात् इत्यादि जो सामा न्य प्रायश्चित्तहै सो जाति शक्ति गुणादियोंकी अपेक्षा करके जानणे योग्यहै। ४५ ❀ इसतें उपरंत पीछे गणना विषे स्त्री शूद्र विट् क्षत्र वध एह किहाहै तिसका प्रायश्चित्त मनुजी कहतेहैं तुरीय इति क्षत्रीके मारणें विषें ब्रह्महत्याका चौथा हेसा प्रायश्चित्त करे ॥ और वैश्यके मारणें विषे अष्ठमा हेसा ब्रह्महत्याका प्रायश्चित्त करे। और शूद्रके मारणेंविषें सोलवां १६ हेसा जानणा १ ॥ अत्र इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहतेहैं तुरीय इति ब्रह्महत्याका बारां १२ वर्षका प्रायश्चित्त है तिसका चतुर्थ हेसा त्रय वर्षका प्रायश्चित्त जानणा इस प्रायश्चित्तको वडा होणेतें अपणी

अनंतरंमद्यपस्त्रीनिषेवणमित्युक्तम्। तत्रोपपातकशुद्धिःस्यादित्यादिसामा न्यप्रायश्चित्तंजातिशक्तिगुणाद्यपेक्षया व्यवस्थापनीयम्॥ ४५ ❀ एतदनं तरंगणनायां स्त्रीशूद्रविट्क्षत्रवध इतिपठितं तत्प्रायश्चित्तमाह मनुः॥ तुरी योब्रह्महत्यायाः क्षत्रियस्यवधेस्मृतः वैश्येऽष्टमांशोवृत्तस्थेशूद्रेज्ञेयस्तुषो डशः १ तुरीयोद्वादशवार्षिकस्य चतुर्थांशस्त्रिवर्षात्मकः॥ इदंगुरुत्वाद्वृत्त स्थक्षत्रियस्यकामतोवधेबोध्यम्॥ एवमेतादृशवैश्यवधेसार्धवर्षम् तादृक्श द्रवधेनवमासिकम् ॥ १ ॥ अकामतस्तुराजन्यंविनिपात्यद्विजोत्तमः वृष भैकसहस्रागादद्यात्सुचरितव्रतः ॥ १ ॥ वृषभेणाधिकंसहस्त्रयासांगवांता आत्मशुद्ध्यर्थंब्राह्मणेभ्योदद्यात् ॥ १ ॥

वृत्तिमें स्थित जो क्षत्री तिसके इच्छाते मारण विषे जानणा ॥ ऐसा ही जो अपणी वृत्तिमें स्थित वैश्य तिसके मारण विषे डेढ वर्षका प्रायश्चित्त करे॥ और ऐसेहि शूद्रके मारण विषे न व ९ महीनेंका प्रायश्चित्त करे १ ॥ और जो ब्राह्मण अज्ञानतें क्षत्री कों मारे सो एक वैल हजार गौका १००० दान करे पर प्रथम तिस मारणका पूर्वोक्त जो प्रायश्चित्त है तिसकों करके ॥ १ ॥ अब इसी श्लोकका अर्थ स्पष्टकरके लिखतेहैं वृषेति वृष क्या वैल करके अधिकहै हजार १००० जिनां गौआंका तिनां गौआंकों अपणी शुद्धि करणे वास्तें सो ब्राह्मण- ब्राह्मणांके तांई दे देवे १ ॥

त्र्यब्दमिति त्रय वर्ष नियत होया २ और ग्रामतें दूर बृक्ष मूल विषें वास करदा होया और जटा धारणकर्के ब्रह्महत्याकाव्रतकरे ॥ २ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं यद्वेति इंद्रियों को रोक कर्के जटा वाला होया २ ग्रामतें दूर वृक्षके मूलविषे निवास करे ब्रह्महत्या वाले कों जो किहाहै कि ब्रह्महत्या करण वाला पुरुष बारां १२ वर्ष व्रत करे इत्यादि कर्के सोई व्रत त्रय वर्ष करे परंतु इसमें ऐसा (प्रश्ण) है कि इस पूर्वोक्त श्लोककर्के पूर्वार्द्ध मेंहि किहाहै ब्रह्महत्याका व्रत करे इसी वास्ते ब्रह्महत्याकरण वालेको ग्रामतें दूर रहणा इत्यादि प्रकार सिद्धहो गया क्यों पीछे किहाहै कि (वसन्दूरतरे ग्रामाद्वृक्षमूलनिकेतनः) ॥ इसके कहणेतें पुनरुक्ति दोषहै(उत्तर) ब्रह्महत्या वालेको शव शिरके ध्वजादि धारण भी कहेहैं इसके निषेध वास्ते एह वचनहै इसतें पुनरुक्ति दोष नहिं है ॥ २ ॥ एतदिति इसीव्रतकों वर्षरोजतक ब्राह्मण करे जेकर

त्र्यब्दंचरेद्वानियतोजटीब्रह्महणोव्रतम् वसन्दूरतरेग्रामाद्वृक्षमूलनिकेतनः २ त्र्यब्दमिति यद्वा संयतोजटावान् ग्रामाद्विप्रकृष्टवृक्षमूले कृतनिवासो ब्रह्महणि यदुक्तं ब्रह्महाद्वादशसमा इत्यादि तद्वर्षत्रयंकुर्यात् ॥ अस्य शवशिरोध्वजधारणादिधर्मनिवृत्त्यर्थत्वान्नपुनरुक्तिः ॥ २ ॥ एतदेवचरेदब्दंप्रायश्चित्तंद्विजोत्तमैः ॥ प्रमाप्यवैश्यंवृत्तस्थंदद्याच्चैकशतंगवाम् ३ एतदेवद्वादशवार्षिकव्रतमकामतःसाध्वाचारंवैश्यं निहत्य वर्षमेकं ब्राह्मणादिः कुर्यात् ॥ एकाधिकं वा गोशतंदद्यात् ॥ ३ ॥ एतदेवव्रतंकृत्स्नंषण्मासान्शूद्रहाचरेत् वृषभैकादशावापिदद्याद्विप्रायगाः सिताः ॥ ४ ॥ एतदप्यकामतः । इदमेवव्रतंशूद्रहाषण्मासांश्चरेत् ॥ वृषभएकादशोयासां गवां ताःशुक्लवर्णाब्राह्मणायदद्यात् ॥ ४ ॥

वृत्तस्थ वैश्य कों अर्थात् अपने धर्म्म विषे स्थितहोए वैश्यकों मारे अथवा एक कर्केअधिक सौ गौ दान करे ॥ ३ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं एतदिति इसी बारां १२ वर्ष के व्रत कों अज्ञानतें सुंदर आचार वाले वैश्य कों मार कर्के एक वर्ष व्रत ब्राह्मणादि करे अथवा एकतें अधिक सौ गौका दान करे ॥ ३ ॥ एतदिति इसी व्रतकों छेः महीनें करे जो शूद्रकी हत्या करे अथवा वृषभ क्या बैलहै ग्यारवां जिनांविषे ऐसी चिट्टेवत गौआं ब्राह्मणके तांई दानकर्के देदेवे ॥ ४ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं इस व्रतको भी अज्ञानतें शूद्र हत्या करण विषे जानणा ॥ इदमिति इसीपूर्वोक्त व्रत को शूद्र हत्या करण वाला पुरुष छेः महीने तक करे अथवा बैलहै ग्यारवां ११ जिनां विषे ऐसीयां चिट्टीयां दश गौआं ब्राह्मण के तांई देवे तो शुद्ध होताहै ४

अब इसमें याज्ञवल्क्य जी भी कहतेहैं ऋषभेति जो पुरुष क्षत्रिको मारता है सो एक बैल और हजार गौका दान करे अथवा ब्रह्महत्याका व्रत जो बारां १२ वर्षका है तिसको त्रय वर्ष तककरे ॥ १ ॥ और वैश्यको हत करणवाला पुरुष एकसौ गोका दानकरे और इसी प्रकार शूद्रके हत करण वाला छे६ महीनेका व्रतकरे अथवा दश १० गोआंका दान करे ॥ २ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहतेहैं एकमिति एक है अधिक जिस हजार विषे सो एक सहस्र किहाहै और वैलहै एक जिनां गोआं के हजार विषे अधिक तिहां गोआंको क्षत्रिके हत करणे विषे देवे अर्थात् १ हजार गौ देवे और एक साथ बैल देवे अथवा ब्रह्महत्याका व्रत त्रय वर्ष करे ॥ और वैश्यको हत करण वाला बालक ब्रह्महत्याका

याज्ञवल्क्योपि ॥ ऋषभैकसहस्रागादद्यात्क्षत्रवधेपुमान् ब्रह्महत्याव्रतंवा पिवत्सरत्रितयंचरेत् १ वैश्यहाऽब्दंचरेदेतद्दद्याद्वैकशतंगवाम् षण्मासा नूशूद्रहाप्येतद्धेनूर्दद्याद्दशाथवा २ एकमधिकंयस्मिन्सहस्रेतदेकसहस्रम् तस्यपूरणे एकसहस्रः। ऋषभः एकसहस्रायासांगवांता ऋषभैकसहस्रा। क्षत्रवधेदद्यात्। अथवा ब्रह्महत्याव्रतंवर्षत्रयंचरेत्। वैश्यहात्वेतद्ब्रह्महत्या व्रतमेकमब्दंचरेत्। गवांऋषभैकशतंवादद्यात् ॥ शूद्रघातीतु ब्रह्महत्याव्र तंषण्मासांश्चरेत्॥ यद्वा दशधेनूरचिरप्रसूताः सवत्सादद्यात्। इदमकाम तो जातिमात्रक्षत्रियादिवधविषयम् ॥ किंचास्मिन्नेवविषयेस्मृत्यन्तरम् ॥ क्षत्रियस्यवधंकृत्वाचरेच्चान्द्रायणत्रयम् ॥ वैश्यस्यतुद्वयंकुर्य्याच्छूद्रस्यै न्दवमेवत्विति १ ॥

और शूद्रको मारण वाला व्रत एक वर्ष तक करे अथवा एक बैल सौ १०० गौका दान करे ॥ और शूद्रको मारण वाला पुरुष ब्रह्महत्याका व्रत जो बारां १२ वर्षका है तिसका छे ६ महीनेका व्रत करे अथवा थोडे दिनका सूई होई बछे सहित दश १० गोआं दान करे तो शुद्ध होताहै ॥ एह प्रायश्चि त्त अज्ञानतें जातिमात्र क्षत्रिय वैश्य शूद्रके मारण विषे जानणा योग्यहै ॥ कुछक और भी इसी विषय विषे किसी स्मृति से कहतेहैं क्षत्रियस्येति जो पुरुष क्षत्रिको मारताहै सो त्रय चांद्रायण व्रत करे और वैश्यको मारण वाला दो२ चांद्रायण व्रत करे और शूद्रको मारण वाला एक चांद्रायण व्रत करे तो शुद्ध होताहै १ ॥

अब इसमें मिताक्षराकार भी लिखतेहैं वृत्तस्थइति वृत्तस्थ क्षत्रिकें वध करणें विषें साडे ४ चार वर्षका व्रत करें ॥ इस जगा वृत्तशब्द करकें आत्मगुणादि जानणे ? अब और वृत्तशब्द का अर्थ कहते हैं गुर्वेति गुरुकी पूजा करणी और लज्जा करणी और पवित्रता सत्य कहणा और इन्द्रियोंको रोकणा और हितोंकों प्रेरणा एह संपूर्ण वृत्त कहे हैं १ जो वृद्धहारीत जीका वचन है सो कहतेहैं ब्राह्मणइति ब्राह्मण क्षत्रिकों हत करे तो छे ६ वर्षका प्रायश्चित्त करें ॥ और वैश्यका वध करें तो इसी प्रकार त्रय वर्षका व्रत करे और ब्राह्मण शूद्रका वध करे तो एकवर्षका व्रत करे और एक बैल दश १० गौआंका दान करे तो शुद्ध होताहै १ परंतु सो इह प्रायश्चित्त इच्छातें वधकरणेंविषें जानणा ॥ और वेदपाठी क्षत्रिया दि के वध विषें कहते हैं

अत्रमिताक्षरा वृत्तस्थेक्षत्रियेतुसार्धचातुर्वार्षिकंकल्प्यम् । वृत्तशब्देनचात्म गुणादिकमुच्यते । गुरुपूजाघृणाशौचंसत्यमिन्द्रियनिग्रहः प्रवर्त्तनंहितानां चतत्सर्वंवृत्तमुच्यते इतिस्मरणात् ॥ यत्तु वृद्धहारीतवचनम् ब्राह्मणःक्षत्रि यंहत्वाषड्वर्षाणिव्रतंचरेत् वैश्यंहत्वाचरेदेवंव्रतंत्रैवार्षिकंद्विजः ॥ शूद्रंहत्वा चरेद्वर्षमृषभैकादशाश्चगा इति १ तत्कामकारविषयम् श्रोत्रियक्षत्रादिव धेतु तुरीयोनंक्षत्रियस्यवधेब्रह्महणिव्रतम् अर्धंवैश्यवधेकुर्यात्तुरीयंवृषल स्याविल्पपि वृद्धहारीतेनोक्तंद्रष्टव्यम् । यत्तु वासिष्ठवचनम् ब्राह्मणोराजन्यं हत्वाऽष्टौवर्षाणिव्रतंचरेत् ॥ षड्वैश्यम् ॥ त्रीणिशूद्रमिति ॥ तदपिहारीतीये नसमानविषयम् ॥

तुरीति क्षत्रिके वध करणें विषें ब्रह्महत्याके व्रतका चतुर्थ पाद न्यून करे अर्थात् ९ नव वर्षका व्रत करे और वैश्यके वध विषें अर्द्धव्रतकरे और शूद्रके वध विषें चौथा हेसा व्रत करे १ एहभी वृद्ध हारीतका कथन कीता होया जानणा ॥ अब जो वासिष्ठ जी का बचन है सो कहते हैं ब्राह्मणइति ब्राह्मण क्षत्रिका वध करे तो अठ ८ वर्षका व्रत करे ॥ और वैश्यके हत करणें में छे ६ वर्षका व्रत करे ॥ और शूद्रके वध करणें विषें त्रय वर्षका व्रतकरे तो शुद्ध होता है ॥ सो एह भी प्रायश्चित्त वासिष्टका कथन कीता होया हारीतके कथन कीते होएके तुल्य विषय विषे जानणा अर्थात् कामनाकर्के वधविषें हि है और इसमे अधिकताका विषय अग्गे है ॥

और हारीतके वचन मे जो क्षत्रि पदहै तिस विषे किंचित् गुण ऊन इतना हि विशेष है ॥ और जेकर वेदपाठी है और अपणी वृत्तिमें स्थितहै तद पूर्व जो वर्ण ब्राह्मणादि कहे हैं तिनमे जो बेद पडनें वाला होवे तिसके वध करणें विषे आपस्तंवजी का कथन कीता होया बारां १२ वर्ष काव्रतजानणें योग्यहै ॥ और जेकर आरंभ कीताहै यज्ञका जिसनें ऐसाक्षत्रियादि और वेदरहित होवे तिसके मारणविषे वचनहै यागेति यज्ञविषें स्थित जो क्षत्रिवैश्य तिनके मारणविषे ब्रह्महत्या का ब्रत करणा योग्यहै ॥ और जेकर फेर यज्ञविषें स्थित क्षत्रियादि वेदपाठीहोवे तिसके मारण विषें गौतम जी कहते हैं ब्राह्मणेति ब्राह्मणको राजा के मारण विषें छे ६ वर्षका प्राकृत ब्रह्मच

क्षत्रियेत्वीषदगुणन्यूनइत्येतावान्विशेषः॥ यदातुश्रोत्रियोवृत्तस्थश्चभवति तदापूर्ववर्णयोर्वेदाध्यायिनंहत्वेत्यापस्तंवोक्तंद्वादशवार्षिकंद्रष्टव्यम् ॥ यदा प्रारब्धयागःक्षत्रियादिरश्रोत्रियोभवेत्तस्मिन्व्यापादिते यागस्थक्षत्रविड् घातीचरेद्ब्रह्महणिव्रतमितिद्रष्टव्यम् ॥ यदा पुनर्यागस्थक्षत्रियादिःश्रोत्रि योभवेत् तत्र व्यापादिते गौतमः ॥ ब्राह्मणस्यराजवधेषड्वार्षिकंप्राकृत ब्रह्मचर्य्यमृषभैकसहस्राश्चगादद्याद्वैश्यवधेत्रैवार्षिकमृषभैकशताश्चगादद्या च्छूद्रवधेसांवत्सरिकमृषभैकादशाश्चगादद्यादितिदानतपसोःसमुच्चयमाह एतच्चामतिपूर्वविषयम् ॥

र्यं करें और एक वैल हजार १००० गौ दानकरे ॥ और वैश्यके मारण विषें त्रय वर्षका ब्रतकरे और एक वैल सौ १०० गौ दानकरे ॥ और शूद्रके मारण विषें एक वर्षका ब्रह्मचर्य्य धारण करें और एक वैल दश १० गौ दानकरे एह दान और तपका समुच्चय कथा ब्रतके साथ अधिकदान तपभी किहाहै क्यों किदोषकी आधिकतासे प्रायश्चित्तकी अधिकता केलिये॥ इहां प्राकृत ब्रह्मचर्य्यकाअर्थ पिच्छोकिहाहै प्रथम जो गुरुकुलमै वासादिनियमसाथ जो ब्रह्मचर्य्यहै सो प्राकृत ब्रह्मचर्य्यहै और एह प्रायश्चित्त अज्ञान पूर्वक जो मारणहै तिसविषें जानणा योग्य है

अथ गौत्तम स्मृति सें विशेष कहते हैं पूर्वोक्त पिछलेकी न्याईं अज्ञान पूर्वक चार वर्णोंके मारण विषें बारां १२ छे ६ त्रय ३ एक १ वर्ष व्रत करणें योग्यहै ॥ तिनांके अंत विषें हजार गौ तिसतें अर्द्ध और तिसतें अर्द्ध और तिसतें अर्द्ध गौ दान करे अर्थात् ब्राह्मणको मारे तो बारां वर्षका व्रतकर्के हजार १००० गौ दान करे ब्राह्मण क्षत्री को मारे तो छे ६ वर्षका व्रत कर्के पंच ५०० सौ गौ दान करे और वैश्यके मारण विषें त्रय ३ वर्षका व्रतकर्के ढाई २५० सौ गौ दान करे और शूद्रके मारण विषें एक वर्षका व्रतकर्के १२५ सवा सौ गौ दानकरे सबनां विषें क्रमतें यथा अनुलोम क्रमकर्के जानणा आगेभी क्षत्रिको मारे तो ६ वर्षका और वैश्यको मारे तो त्रयवर्ष इत्यादि जानणा ॥ और प्रातिलोम्य क्रम ब्रह्महत्या प्रकरण विषें जानणा एह शंखस्मृति में किहा है एह बारां १२ वर्षका व्रत गौतम विषय का ही है अर्थात् अज्ञात विषय है

पूर्ववदमतिपूर्वं चतुर्षु वर्णेषु प्रमाप्य द्वादश षट् त्रीन्संवत्सरंच व्रतान्यादिशेत् तेषामंते गोसहस्रंततोर्धं तस्यार्धमर्धंच दद्यात् ॥ सर्वेषामानुपूर्व्येणेति शंखस्मरणात् ॥ इदंचद्वादशवार्षिकंगौत्तमीयविषयमेव ॥ किंचिन्न्यूनगुणे क्षत्रिये गुणाधिकयोर्वैश्यशूद्रयोश्चद्रष्टव्यम् ॥ स्त्रीशूद्रविट्क्षत्रवध इत्युपपातकमध्येविशेषतएवपठितत्वेनोत्सर्गापवादन्यायगोचरत्वाभावादुपपातकसामान्यप्राप्तान्यपिप्रायश्चित्तान्यत्र योजनीयानि ॥ तत्र दुर्वृत्तक्षत्रियादौ कामतोव्यापादिते मानवंत्रैमासिकंद्वैमासिक चांद्रायणंच वर्णक्रमेण योज्यम् ॥

और थोड गुण वाला क्षत्री अधिक गुण वाला जो वैश्य शूद्र तिनांको मारे तां भी बारां १२ वर्षका व्रत करे परंतु इसमे (स्त्रीशूद्रविट्क्षत्रवधः) इह उपपातकोंके मध्य विषें विशेषतेहि पढनें कर्के उत्सर्गापवाद न्यायके अभाव होणेते अर्थात् उत्सर्ग विधितें अपवाद विधि बलवान् होतीहै इस वास्ते इसमें अपवाद विधि कोई नहिंहै इसकर्के उपपातकोंके सामान्य प्रायश्चित्त उपपातकशुद्धिः स्यात् इत्यादि मनु याज्ञवल्क्य जीके कथन कीते होए भी जोडनें योग्यहैं तिस विषें खोटी वृत्ति करण वाले जो क्षत्रियादि तिनांके इच्छाते मारण विषें मनु जी का कथन कीता होया त्रय महीनेंका व्रत करे और वैश्यके मारणविषें दो २ महीनेंका व्रत करे और शूद्रके मारण विषें चांद्रायण व्रत कर्के शुद्धहोताहै इसी प्रकार वर्ण क्रम कर्के जोडने योग्यहै

अब इसीमें पराशर जी कहतेहैं वैश्यमिति विकर्ममें स्थित और शूद्र के कर्म करणे वाले वैश्य को ब्राह्मण मार कर्के चांद्रायण व्रतकरे और त्री ३० गौआं दक्षिणा देवें इस विषे ब्राह्मण अपतित जानणा अथवा क्षत्रियादि भी जानणें एह माधव जीका मतहै ॥ एह कामना कर्के कीते होए पाप विषे जानणा और अकाम तें वध करणें विषें याज्ञवल्क्य जी के कथन कीत्ते होए त्रय ३ रात्रि उपवास व्रत के सहित एक वैल दश गौं दान करे ॥ और महीना रोज पंचगव्य भक्षण करे ॥ अथवा महीना रोज जल पान करे ॥ एह यथा क्रम कर्के जोडने योग्य है ॥ एह जो पीछें किहाहै व्रतों का समूह सो ब्राह्मणहै कर्ता जिसका ऐसे क्षत्रियादिके वध विषें देखणें योग्यहै इसमे वचन त्रय दिखातेहैं अकेति ब्राह्मणस्येति ब्राह्मणइति और अज्ञानतें ब्राह्मण क्षत्रि को मार कर्के और तैसे ही ब्राह्मण

पराशरः । वैश्यंशूद्रक्रियायुक्तं विकर्मस्थंद्विजोत्तमः हत्वाचांद्रायणंत स्यत्रिंशद्गाश्चैवदक्षिणेति ॥ द्विजोत्तमोऽत्रापतितोविप्रःक्षत्रियादिश्चेतिमाध वः इदंकामतःकृतेबोध्यम् ॥ अकामतस्तुयोगीश्वरेणोक्तं त्रिरात्रोपवाससहि तमृषभैकादशगोदानंमासंपंचगव्याशनंमासिकं चपयोव्रतंयथाक्रमेणयो ज्यम् ॥ एतच्च प्रागुक्तंव्रतजातंब्राह्मणकर्तृकेक्षत्रियादिवधेद्रष्टव्यम् ॥ अका मतस्तुराजन्यंविनिपात्यद्विजोत्तमः॥ तथा ब्राह्मणस्यराजन्यवधेषड्वार्षिकं तथा ब्राह्मणः क्षत्रियंहत्वेत्यादिषु मनुगौतमहारीतवाक्येषु ब्राह्मणग्रहणा त्क्षत्रियादिकर्तृकेतुक्षत्रियादिवधेपादन्यूनंद्रष्टव्यम् ॥ विप्रेतुसकलंदेयंपा दोनंक्षत्रियेस्मृतम् ॥ वैश्येर्धमेकपादस्तुशूद्रजातिषुशस्यत इतिवृद्ध विष्णुस्मरणात् ॥

कों क्षत्री के मारण विषें छे ६ वर्ष का प्रायश्चित है ॥ तैसें ही और कहतेहैं ब्राह्मण जो है सो क्षत्री को मार कर्के इत्यादि जो मनु गौतम हारीतके वाक्य तिनां विषें ब्राह्मण का ग्रहणहोणें तें ॥ क्षत्रियादिहै कर्ता जिसके ऐसे क्षत्रियादि वध विषें पाद पाद न्यून जानणा अर्थात् क्षत्रीतें वैश्यमें एक पाद न्यून करणा और वैश्य तें शूद्र विषें एक पाद न्यून व्रतकरणा इत्यादि जानणे इनमे वचनहै विप्रेति ब्राह्मणके तांई संपूर्ण व्रत देवे और क्षत्रि को ब्राह्मण तें पाद ऊन व्रतदेवे और वैश्य को अर्द्ध व्रत देवें और एक पाद व्रत शूद्र जाति विषें कथन कीताहै एह वृद्ध विणु जी के वचन ते एह अर्थ पिच्छे आचुका है परंतु प्रसंगतें किहाहै

इस बिषें जो सभा ब्राह्मणोंके प्रायश्चित्त विषें कहीहै सो सभा गर्णोंकी दूणी जानणी इत्यादि व्यवस्था ब्रह्महत्या प्रकरण विषें कहीहै सो इस जगाभी जानणी तिस विषे मूर्द्धावसिक्त जो ब्राह्मणतें क्षत्रियाणी विषे उत्पन्न होवें तिनांको जसा दंड अधिक है तैसेहि प्रायश्चित्त भी अधिक जानणा सो (दंडप्रणयनकार्य्यंवर्णजात्युत्तराधरम्) इसयाज्ञवल्क्यजीके वचनसे जानणा ॥ इस पूर्वोक्तका अतिदेशभी है धनेति धन हरण वालेको प्रेतक्रियाके न करण विषे शंख जी कहतेहैं प्रेतस्येति प्रेतके जो प्रेतकार्य हैं तिनांको तिसका धन हरण बाला न करे तो जिसवर्णके वधविषे जो प्रायश्चित्त किहाहै सो पुरुष तिस व्रत नूं यत्नतें करे ॥ और अज्ञान तें खोटी वृत्तिवाले क्षत्रिके वध विषे भी शंखजी कहतेहैं निहत्येति मोहतें क्षत्रिको मारकर्के

अत्र पर्षद्याब्राह्मणानामित्यादिव्यवस्था ब्रह्महप्रकरणे प्रोक्ता सात्राप्य नुसंधेया तत्र मूर्द्धावसिक्तादीनांदंडवत्प्रायश्चित्तमुक्तम् ॥ एतस्यातिदेशो पि ॥ धनहर्त्तुः प्रेतक्रियाधाऽकरणे शंखः ॥ प्रेतस्यप्रेतकार्य्याणिअकृत्वाधनहारकःवर्णानांयद्वधेप्रोक्तंतद्व्रतंप्रयतश्चरेदिति १ अज्ञानादुर्वृत्तक्षत्रियवधेतु शंखः निहत्यक्षत्रियंमोहात्त्रिभिः कृच्छ्रैर्विशुध्यति तथा कृच्छ्रातिकृच्छ्रौकुर्वीतसनरोवैश्यघातकः कुर्याच्छूद्रवधेविप्रःकृच्छ्रंसांतपनंतथेति पराशरः। शिल्पिनंकारुकंशूद्रंस्त्रियंवायस्तुघातयेत् प्राजापत्यद्वयंकृत्वावृषैकादशदक्षिणेति १ व्यभिचारोत्पन्नवधेतुयाज्ञवल्क्यः ॥ चांद्रायणंचरेत्सर्वानवकृष्टान्निहत्यतु १ अवकृष्टाव्यभिचारजाः ॥

त्रय ३ कृच्छ्र व्रत कर्के शुद्ध होताहै ॥ तैसेहि बैश्यको मारण वाला पुरुष कृच्छ्रातिकृच्छ्र व्रत करे और तैसेहि शूद्रके मारण विषे ब्राह्मण कृच्छ्र सांतपन व्रतकरे १ अब और विशेष पराशर जी कथन करतेहैं शिल्पिनमिति चित्रकारी करण वाला और कारुक क्या कटको बनाण वाला और शूद्र स्त्री इनमेंसे एककोभी जो पुरुष मारताहै सो दो २ प्राजापत्य व्रत कर्के एक बैल और दश १० गौआं दक्षिणा देवे १ अब व्यभिचार तें उत्पन्नका जो वध तिस विषें याज्ञवल्क्य,जी कहतेहैं चांद्रायणमिति संपूर्ण अवकृष्ट क्या व्यभिचारी तें उत्पन्न होए जो पुरुष तिनांका वध करे तो चांद्रायण व्रत कर्के शुद्ध होताहै १ ॥ अव कृष्ट नाम व्यभिचारोत्पन्नका है ॥

अब इसीमें और विशेष हारीतजी कहतेहैं चांडालेति चांडाल बध की प्राप्ति जेकर ब्राह्मणको होवे तद सो बारां १२ दिनका कृच्छ्र ब्रतकरे तिसतें उपरंत तप्तकृच्छ्र करे॥ १ ॥ अब अंगिरा जी कहतेहैं सर्वेति संपूर्ण अंत्यज जो नीच तिनांके साथ गमन विषें अथवा भोजन विषें अथ वा तिनांके मारणविषें पराक ब्रतकर्के शुद्धिहोतीहै ॥ १ ॥ एह अंगिराका किहाहोया अज्ञानतें बधविषें जानणा ॥ और ज्ञानतें बधविषे चांद्रायण व्रत करे एहविज्ञानेश्वरका मतहै ॥ और मा धवजीनें किहाहै कि एह विपरीत जानणा अर्थात् ज्ञानते वधविषें पराक और अज्ञानतेबधविषे चान्द्रायण॥ सोई लौगाक्षिजीकहतेहैं हननइति शूद्रतें उत्पन्नहोए जो ब्राह्मणी क्षत्रियाणी वैश्या विषें तिनांके ज्ञान पूर्वक मारणविषें पराक ब्रत करे और अज्ञानपूर्वक वधमें चांद्रायण ब्रतकरे१

हारीतः ॥ चांडालवधसंप्राप्तिर्ब्राह्मणस्यभवेद्यदि ॥ कारयेद्द्वादशंकृच्छ्रंतप्तकृच्छ्रंततोभवेदिति १ अंगिराः ॥ सर्वांत्यजानांगमनेभोजनेचप्रमापणे पराकेणविशुद्धिःस्यादित्यांगिरसभाषितमिति १ एतदज्ञानतोवधे। ज्ञानतस्तुचांद्रायणमितिविज्ञानेश्वरः ॥ विपरीतमितितुमाधवः ॥ तदाहलौगाक्षिः ॥ हननेप्रतिलोमानांशूद्रजानांकथंभवेत् ज्ञानपूर्वंपराकःस्यादज्ञानादैंदवंतथेति १ ॥ चांद्रायणंद्विविधमष्टधेनुकंत्रिधेनुकंच ॥ पराकोपिद्विविधःपंचधेनुकोद्विधेनुकश्चेति ॥ तत्रज्ञानतोमहतोश्चांद्रायणपराकयोर्निवेशः ॥ अज्ञानतस्त्वल्पयोरितिग्रंथयोरविरोधः ॥ यत्तु मासा इत्यनुवृत्तौब्रह्मगर्भआह ॥ अंतरप्रभवाणांतुसूतादीनांचतुर्द्विषडिति ॥ तत्कामतोभ्यासविषयम् ॥ तत्रसूतस्यवधाभ्यासेषण्मासाः॥ वैदेहिकस्य चत्वारः ॥ चांडालस्यद्वौ ॥ मागधस्यचत्वारः ॥

चांद्रायण दो प्रकारकाहै एक अष्ठ ८ गौआं वाला और दूसरा त्रय गौआं वाला ॥ और पराक व्रतभी दो प्रकारकाहै पंच५गौआंवाला और दो गौआंवाला ॥ इसी अर्थका स्पष्टकर्के कहतेहैं तत्रेति तिसविषें ज्ञानतें वध विषें वडे चांद्रायणपराकका निवेशहै। और अज्ञानतें बधविषे अल्प योःक्या छोटे योंकानिवेशहै इसकर्के दोनोंग्रंथोंका अविरोधहै ॥ और जो मासा क्या महीनेंकी अनुवृत्तिविषें ब्रह्मगर्भजी कहतेहैं अंतर इति अंतरकर्केहै जन्म जिनांका ऐसे सूतादियोंके वधविषें चार४ दो२ छे६ महीनें व्रत करें॥ सो एह इच्छातें बहुत अभ्यास विषें जानणा ॥ तिसमें सूत बधकें अभ्यास विषे छे६ महीनेका व्रत करे और वैदेहिककें वध विषे चार ४ महीनेंका व्रत करे और चांडालके वधविषे दो२ महीनेका ब्रत करे और मागधके वधविषे चार४ महीनेका व्रत करे

क्षत्तुरिति क्षत्ता और आयोगवको दो महीनेंका व्रतहै और श्वपाक चांडाल चोर होवें तो इनके व धविषे देवलजीकहतेहैं ॥ चौरइति श्वपाक और चांडाल चोरहोवें तो इनको जेकर ब्राह्मण मारे तद एकदिन रात्रके उपवास व्रतकरके पंचगव्य पान करे तां शुद्धहोताहै। १। इनमें सूतादियोंकी उत्पत्ति इसक्रमसें जानणीक्षत्रिसें ब्राह्मणी कन्यामें सूतजातिवाला होताहै ॥ वैश्यसें क्षत्रिया कन्या में मागध और ब्राह्मणी कन्यामें वैदेह जाति वाला होताहै ॥ और शूद्रसें वैश्य क्षत्रिय ब्राह्मण की कन्यामे क्रमसें आयोगव क्षत्ता अधम चांडाल जातिवाले होतेहैं ॥ अव स्त्रीके वधविषें हारी तजीकहतेहैं षडिति छे ६ वर्ष राजन्यके वधविषें व्रतकरे और प्राकृतब्रह्मचर्य करे प्राकृतब्रह्मचर्य उसको कहतेहै प्रथम जिस प्रकार ब्रह्मचर्य कीताहै तैसाहि करे इसमे एह अभि प्रायहै कि प्रथम ब्रह्मचर्यमे गुरुकुलबास गुरुसेवादि साथ होता है केबल स्त्रीसंभोगका परित्यागमात्र नहीं पीछे व्रतादि विषे जो ब्रह्मचर्यहै सो स्त्रीसंभोगका त्यागमात्र हि है ॥ ॥ और त्रय वर्ष वैश्यके वध- विषें व्रतकरे और डेढ १॥ वर्ष शूद्रके वधविषें व्रत करे ऐसा प्रतिपादन कियाहै ॥ ऐसेहि जो क्ष

क्षत्तुरायोगवस्यचद्वाविति ॥ श्वपाकचांडालयोश्चोरयोर्वधेतु ॥ देवलकः ॥ चौरःश्वपाकश्चांडालोविप्रेणनिहतोयदि अहोरात्रोषितोभूत्वाघृतंप्राश्यवि शुध्यतीति १ अथ स्त्रीवधे हारीतः। षड्वर्षाणिराजन्येप्राकृतंब्रह्मचर्य्यम् त्रीणिवैश्ये सार्द्धंशूद्रे इतिप्रतिपाद्योक्तम्। क्षत्रियवद्ब्राह्मणीषु॥ वैश्यवत् क्षत्रियासु॥ शूद्रवद्वैश्यासु॥ शूद्रार्धमितरासु। शूद्रार्धंनवमासिकम् ॥ इतरासु शूद्रासु॥ एतच्चश्रोत्रियपत्न्यागुणवत्याः कामतोवधविषयम्। मनुः। जीनकार्मुकवस्तावीन्पृथग्दद्याद्विशुद्धये। चतुर्णामपिवर्णानांनारीर्हत्वाऽनवस्थिताः १ अस्यार्थः॥ ब्राह्मणादिवर्णस्त्रियोलोभादुत्कृष्टापकृष्टपुरुषव्य भिचारिणीर्हत्वाब्राह्मणादिःक्रमेणचर्मपुटधनुःछागमेषान् शुद्ध्यर्थंदद्यात् ॥

त्रिके वधविषें प्रायश्चित्त है सो ब्राह्मणीके वध विषे जानणा ॥ और जो वैश्यके वधविषें त्रय वर्ष का व्रतहै सो क्षत्रियाणी के वध विषें जानणा॥ और शूद्रके वधविषें जो व्रत है सो वैश्याणीके वध विषें जानणा॥ और इतरा जो शूद्रा तिसके वध विषें जो शूद्रवधमे प्रायश्चित्त है तिसका अर्द्ध अर्थात् नव ९ महीनेका व्रतकरे ॥ एह चारवर्णकी स्त्रीयोंका प्रायश्चित्तभी वेदपाठीकी जो गुण वाली स्त्री तिसके इच्छाते वध विषें जानणा ॥ जेकर वेदपाठीतें और जगा व्यभिचारवालि आं होण तां मनुजीकहतेहैं ॥ जीनेति जीन कार्मुक वस्त अवी इनांनू पृथक् २ शुद्धिवास्तेचारों वर्णकी व्यभिचारिणी स्त्रीको वधकरके देवे। १। अव इसका अर्थस्पष्टकरके कहतेहैं ब्राह्मणेति ब्राह्मणादि वर्ण की स्त्री लोभवें उच्चनीचपुरुष साथव्यभिचार करणवालि जो हैं तिसको मारकरके ब्राह्मणादि क्रमकरके चर्मपुट धनुष छागमेष अपनी शुद्धि वास्तेदेवे अर्थात् ब्राह्मण चर्मपुट क्या बोका देवे और क्षत्रि धनुषदेवे और वैश्य छागक्या वकरा देवे और शूद्र मेष क्या भेडा दान करे

अब इसमे याज्ञवल्क्य जीभी कहतेहैं दुर्वृत्ताइति खोटीवृत्ति वालियां जो ब्राह्मण वैश्य क्षत्रि शूद्र की स्त्रियांतिनांका वधकर्के दृतिधनुष वस्तअवि अपनी शुद्धिवास्तेक्रमसेदेवे। १। इसीका अर्थस्पष्ट कर्के कहते हैं ब्राह्मणादियोंकी स्त्री अपनी इच्छासेविचरणवालीहोवे तिसका वधकर्के क्रमतेंदृति क्या जलका आधारचर्मकोश अर्थात् वोका धनुषवकरा मेषइनको शुद्धिवास्ते देवे इसविषें द. क्षिणामे तों सुवर्ण देणा चाहिए तिसका परिमाण अनुबंधादिकी अपेक्षाकर्के कल्पना करणा और अनुवंध नाम हठकर्के कीता जो अपराध तिसकाहै एह प्रातिलोम्यकर्के नीचके वर जो ब्राह्मणादि रहे तिसतें उत्पन्न जो स्त्री तिसके न इच्छातें वधविषें जानणा थोडाप्रायश्चित्त होणेते और इच्छाते वध विषे ब्रह्मगर्भजी कहतेहैं प्रतिलोमेति प्रतिलोम क्या शूद्रादितें उत्पन्न

याज्ञवल्क्योपि ॥ दुर्वृत्ताब्रह्मविट्क्षत्रशूद्रयोषाःप्रमाप्यतु ॥ दृतिधनुर्व स्तमविंक्रमाद्दद्याद्विशुद्धये १ ब्राह्मणादिभार्यादुर्वृत्ताःस्वैरिणीःप्रमाप्य क्रमे णदृतिंजलाधारंचर्मकोशं धनुःकार्मुकं वस्तंछागंअविंमेषंचविशुद्धयेदद्यात् ॥ अत्र दक्षिणात्वेन सुवर्णमपिदेयम् ॥ तत्परिमाणंचानुवन्धाद्यपेक्षयाकल्प्य म्। अनुवंधश्चहठकृतापराधे। इदंचप्रातिलोम्येनांत्यजातिप्रसूतानां ब्राह्म ण्यादीनामकामतोवधविषयम् ॥ कामतस्तुब्रह्मगर्भआह ॥ प्रतिलोमप्र सूतानांस्त्रीणांमासावधिःस्मृतः अंतरप्रभवाणांचसूतादीनांचतुर्द्विषडिति ब्राह्मण्यावधेषण्मासाः ॥ क्षत्रियायाश्चत्वारोवैश्यायाद्वावित्येवं यथार्हतया न्वयः ॥ यदातु वैश्यकर्मणाजीवंतीं व्यापादयति तदा किंचिद्देयं वैश्यके नाकिंचिदितिगौतमस्मरणात् ॥ वैश्यकेन वैश्यकर्मणाजीवंत्यांव्यापादिता यां किंचिदेवदेयम् ॥

करण वालिआं स्त्रीयोंको मासाऽवधि कहीहै अंतर है प्रभव जिनांका अर्थात् प्रतिलोमतासें है जन्म जिनांका ऐसे सूतादियोंकोचार ४ दो २ छे ६ महीनेका व्रत करे ॥ ब्राह्मणीके वध विषें छे ६ महीनेका व्रत करे ॥ और क्षत्रियाणीके वध विषें चार ४ महीनें व्रत करे वैश्याके वध विषें दो २ महीनेंका व्रत करे इस प्रकार यथायोग्यता कर्के अन्वय जानणा ॥ और जेकर ब्राह्मणी वैश्यके कर्म कर्के जीविका करणे वालीहै तिसकों वधकर्के कुछक वस्तु देदेवे एह गौतमका वाक्य है एहि अर्थ स्पष्ट कीताहै वैश्यकेनेति ॥

सो कहतेहैं जलेति जेकर ब्राह्मणीका वध करे तो जलकोश क्या चर्मपात्र तिसकों खूएपर रक्खे और क्षत्रियाणीके वध विषे धनुष देवे और वैश्यकी स्त्रीके वध विषें बकरा देवे १ और शूद्र की स्त्रीके वधविषें भेडा देवे और वेश्या जो गणिका तिसके वधविषें पुरुष जल देवे एह अंगिराका वाक्यहै ।१। अब इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहतेहैं ब्राह्मणीके वध विषे चर्मका ज लपात्र खूए विषे परोपकार वास्ते देवे अथवा ब्राह्मणको देवे और वेश्या अर्थात् कंजरीके वध विषे कुछभी न देवे किंतु जलकी प्रपा करे अर्थात् धर्म्मशालाबनाए और जेकर फेर क्षत्रि यादि प्रातिलोम्य क्या शूद्रादिके साथ व्यभिचारवाली ब्राह्मण्यादिस्त्री मारीहै तद गोव ध प्रायश्चित्त यथायोग्य जोडनें योग्यहै ॥ और थोडा व्यभिचार करणें वाली ब्रह्मण्यादिके वध

तद्य ॥ जलकोशंचकूपेचब्राह्मण्याःप्रतिपादयेत् वधेधनुःक्षत्रियायावस्तो वैश्यावधेस्मृतः ॥ १ ॥ शूद्रायामाविकंवेश्यांहत्वादद्याज्जलंनरइत्यंगिरः स्मरणात् ॥ अस्यार्थः । ब्राह्मण्यावधे कोशं चर्म्ममयंजलपात्रं कूपे परोप काराय ब्राह्मणायवादद्यात् वेश्यायांवारयोषायांहतायांनकिंचिद्दद्यात् ॥ यदापुनःक्षत्रियादिःप्रातिलोम्येन व्यभिचारिता ब्राह्मण्याद्या व्यापाद यति तदा गोवधप्रायश्चित्तानि यथार्हंयोज्यानि ॥ ईषद्व्यभिचरितब्राह्म ण्यादिवधे विशेषमाह ॥ यदात्वप्रकर्षेणदुष्टामीषद्व्यभिचारिणीं ब्राह्मण्या दिकां व्यापादयति तदा शूद्रहत्याव्रतंषाण्मासिकंकुर्यात् ॥ यद्वा द्वादशधे नूर्दद्यात् ॥ इदंचषाण्मासिकमकामतोब्राह्मण्याव्यापादने ॥ क्षत्रियावधेतु कामकृते द्रष्टव्यम् ॥ कामतोवैश्यावधेदशधेनूर्दद्यात् ॥ कामतःशूद्रावधेतू पपातकसाधारणप्राप्तंमासंपंचगव्याशनंकार्यम् ॥

विषें विशेष कहतेहैं यदेति जेकर न अतिशय करके दुष्ट अर्थात् थोडा व्यभिचार करणें वाली ब्राह्मणी क्षत्रियाणी वैश्या शूद्रीहै इनांका वध करे तद जो शूद्र मारणका प्रायश्चित्त छे ६ मही नेंका है सो करे अथवा बारां १२ गौआं दानकरे ॥ एह जो छे ६ महीनेंका व्रत है सो अज्ञानतें ब्राह्मणीके वधविषें जानणा ॥ और क्षत्रियाणी विषे इच्छातें कीता जो वध तिस विषे जानणा ॥ और इच्छाते वैश्याके वध बिषे दश १० गौआं दानकरे ॥ और इच्छातें शूद्रकी स्त्री के वधविषे उपपातकोंके साधारण प्रायश्चित्त (उपपातकशुद्धिःस्यात्) इत्यादिते प्राप्त होया जो महीना दिन पंचगव्य भक्षण करणा तिसकों करे तौ शीघ्रहि शुद्ध होताहै ॥

यदेति जेकर इच्छातें ब्राह्मणीका वध करे तद बारां १२ महीनेका व्रत करे ॥ और क्षत्रियादि की स्त्रीके अज्ञानतें वध करणें विषें त्रय ३ महीनें डेढ १॥ महीना साढें बाई २२॥ दिनका व्रत करे अर्थात् क्षत्रियाणीके वधविषें त्रय ३ महीनेंका व्रत करे ॥ और वैश्यकी स्त्रीके वध विषें डेढ १॥ महीना व्रत करे ॥ और शूद्रकी स्त्रीके वध विषे २२॥ साढे बाई दिनका व्रत करे ॥ जैसे प्रचेता जी कहतेहैं रजस्वला नहि जो ब्राह्मणी तिसके वध करणे विषे वर्षभर का कृच्छ्र व्रत करे अथवा छे ६ महीनेंका व्रत करे ॥ और क्षत्रियाणीके वधविषे छे ६ महीनें अथवा त्रय महीनेंका व्रत करे ॥ और वैश्याणीकावधकरे वो त्रय ३ महीने अथवा डेढ

यदा कामतोब्राह्मणींव्यापादयति तदा द्वादशमासिकम्॥ क्षत्रियादीनांत्व कामतोऽव्यापादने त्रैमासिकं सार्द्धमासं सार्द्धद्वाविंशत्यहानि ॥ यथाहप्र चेताः ॥ अनृतुमतींब्राह्मणींहत्वा कृच्छ्राब्दंषण्मासान्वेति ॥ क्षत्रियांह त्वाषण्मासान्मासत्रयंवेति ॥ वैश्यांहत्वामासत्रयंसार्द्धमासंवेति ॥ शूद्रां हत्वासार्द्धमासंसार्द्धद्वाविंशत्यहानिवेति कामाकामकृतोविकल्पः॥ अका मतस्तुसर्वत्रार्द्धकल्प्यम् ॥ विषयविशेषेव्रतातिरेकमाहांगिराः ॥ आ हिताग्नेर्द्विजाग्र्यस्यहत्वापत्नीमनिन्दिताम् ॥ ब्रह्महत्याव्रतंकुर्य्यादात्रे यीघ्नस्तथैवचेति ॥ १ ॥

१॥ महीना व्रत करे ॥ और शूद्रकी स्त्रीके वध करणें विषें डेढ १॥ महीना अथवा साढे २२॥ बाई दिनका व्रत करे तो शुद्ध होताहै ॥ इस जगा इच्छा और न इच्छातें करणे विषे विकल्प जानणा ॥ और जेकर अज्ञानते इनका वध करे तो सब जगा अद्धा व्रत कल्पना करणा योग्यहै ॥ और बिषय विशेष विषे व्रतकी अधिकताको अंगिराजी कहतेहैं आहितेति श्रेष्ठ अग्निहोत्री ब्राह्मणकी पतिव्रता स्त्रीका वध करके ब्रह्महत्याका व्रत करे और तैसेंहि अत्रिगोत्र वाली स्त्री अथवा आत्रेयी नाम रजस्वला स्त्रीका है तिसके वध करके भी ब्रह्महत्याके उचित जो व्रत तिसको करे ॥ १ ॥

उपेति उपपातकोंके प्रायश्चित्त विषयविषे स्त्रीके वधविशेषमे अंगिराजी कहतेहैं अनाहितेति नहीं जो अग्निहोत्री तिनांकी स्त्री तैसेंहि वैश्य शूद्रकी जो स्त्री और शूद्र जातिकी स्त्री इनांके वध· करणें विषें जो गोवधमे व्रत किहाहै सो करे तो शुद्ध होताहै १ अब इसी में पैठीनसीजी विशेष कहतेहैं त्रिवर्षमिति त्रय३वर्ष स्थानासन क्या दिनमें खडा रहे रात्रिमे स्थित होकर्के और रात्रिमे भोजन करे तो स्त्रीवधकरणवाला पुरुष शुद्ध होताहै ॥ अथवा वर्षरोजके प्राजापत्य व्रतकरे ॥ अब शातातपजी और विशेष कहतेहैं षडिति छे ६ महीने स्त्रीके वधविषे प्राजापत्य व्रत करे और अज्ञान पूर्वक करे तो चांद्रायण व्रतकर्के शुद्ध होताहै ॥ अब व्यास जी और प्र कार कहतेहैं अकामतइति अज्ञानतें ब्राह्मणीका वध कर्के जो वैश्य वधमें प्रायश्चित्त है सो

उपपातकप्रायाश्चित्तविषयेस्त्रीवधविशेषेसएवह ॥ अनाहिताग्निपत्नीनां तथाविट्शूद्रयोषितां गोघातकव्रतंकुर्य्याच्छूद्रायांचैवनित्यशः १ पैठीनसिः त्रिवर्षंस्थानासनाभ्यांनक्तमश्नीयात् स्त्रीघातकःशुध्यतिसंवत्सरंप्राजापत्ये नवा । शातातपः ॥ षण्मासान्स्त्रीघातीप्राजापत्यंचरेत् ॥ अमतिपूर्वकेतुचां द्रायणम् ॥ व्यासः ॥ अकामतःस्त्रियंहत्वाब्राह्मणींवैश्यवच्चरेत् ॥ कामतो द्विगुणंप्रोक्तंप्रदुष्टायांनकिंचन १ ॥ पुण्यांल्लोकानवाप्नोतिशूद्रगांयस्तुपात पातयेत् ॥ पतिघ्नींमथगर्भघ्नींताहिसंकरकारिकाः २ ॥ उपपातकप्रकरणे स्त्रीहत्याप्रायश्चित्तंवहुधाप्रपंचितं तत्र कन्याहत्यायाअनिर्वार्य्यत्वं महा पातकांतर्गतत्वंवा वुध्वा नोक्तमतस्तत्स्वरूपाद्युच्यते ॥

करे और इच्छातें वध करे तो एही व्रत दूणा करणा योग्य है और व्यभिचारिणी स्त्रीके वध विषें कुछ दोष नहीं जानणा १ इसी अर्थको पुष्ट करतेहैं पुण्यानिति और ब्राह्मणी क्षत्रियाणी वैश्या एह शूद्र साथ गमन करण वालियां होण तां इनांका वध करणेंविषें पुरुष पवित्र जो स्वर्गादि लोक तिनको प्राप्त होताहै और पतिके हत करणें वाली स्त्री तैसेंहि गर्भके नाश करणें वाली स्त्री एह वर्णसंकरके उत्पन्न करण वालियां हैं इनांके वधकरणें विषें भी दोष नहीं है ॥ २ ॥ ॥ और उपपातक प्रकरणविषें स्त्रीहत्याका प्रायश्चित्त वहुत प्रकारकर्के कथन कीताहै तिसविषें कन्याहत्याके पापको अनिवार्य्य जाण कर्के अथवा महापातकोंके मध्य विषें जान कर्के नहीं कथन कीता है इसकारणतें अब तिसके स्वरूपादि कथन करिदे हैं

स्त्रीकों दश १० वर्ष तक कन्या जानणा तिसतें एह निश्चित होया कि कुमारियोंकों (अठ ८ वर्ष तक गौरी कहा है) इत्यादि वचनतें देवीके तुल्य होने कर्के तिसके वध विषें स्त्रीवधतें भी अधिक प्रायश्चित्त कल्पना करणा योग्यहै ॥ और जन्म समय विषें ही कन्याके वध विषें ऐसा विचारहै कि पांचवर्ष तक जो बालक है सो गर्भके तुल्य जानणा व्यक्तिमात्र दिखाया है इत्यादि वचन कर्के तिस कन्याकों गर्भ के तुल्य होणेंते तो इसके वध विषें गर्भहत्यातें अधिक प्रायश्चित्त कल्पना करणा चाहिए ॥ क्योंकि तिस को प्रगट होणेतें ॥ इसी प्रकार पुरुष क्या बालकविषें भी व्यवस्था जानणी ॥ और नासिकेत ग्रंथ विषे स्त्री घात करणवाला और गर्भ घात करण वाला पुरुष तैल यंत्र कर्के पीडित होताहै और बालक वृद्ध दुःखी इनके वध करणे वाला पुरुष तैलपाक नरक

स्त्रियादशवर्षावधि कन्यात्वं ततश्च कुमारीणामष्टवर्षाभवेद्गौरीत्यादिवच नाद्देवीतुल्यत्वेन तद्वधे स्त्रीवधतोऽधिकंप्रायश्चित्तंकल्प्यम् ॥ जन्मसमनंत रमेवकन्यावधे सहिगर्भसमोज्ञेयोव्यक्तिमात्रप्रदर्शित इत्यादिना तस्याग र्भसमत्वेपि भ्रूणहत्यातोऽधिकंकल्प्यं व्यक्तीभूतत्वात् ॥ पुरुषेष्वेवंव्यव स्था नासिकेतोपाख्याने स्त्रीघातीगर्भघातीचतैलयंत्रेणपीडयते बालवृद्धा र्तघातीतुतैलपाकेषुपच्यते १ अत्र स्त्रीपदंकुमारीविवाहितासाधारणम् ॥ मासःषष्ठोऽष्टमःपुंसांस्त्रीणांमासश्चपंचमइत्याद्यन्नप्राशनमुहूर्तादौ स्त्रीपदे न कन्याग्रहणत् ॥ मनुः ॥ चतुर्णामपिवर्णानांनारीर्हत्वाऽनवस्थिताः निक्षेपंचापहृत्याथविश्वासात्प्रतिहृत्यच १ अंधतामिस्त्रंयातीतिसंबंधः

विषे पकाईदाहै ॥ १ ॥ इसविषे स्त्रीपद जो है सो कुमारी और विवाहिताका साधारण जानणा इसमे संमति कहतेहैं मासइति छे ६ और अठ ८ मे महीनें विषे पुरुषको और स्त्रियोंकों पंचमे ५ महीनेमे अन्न प्राशन किहाहै इत्यादि जो अन्न प्राशनके मुहूर्तादि तिसविषे स्त्री पद कर्के कन्याका ग्रहण करणे तें ॥ अब इसीमे और प्रकार कर्के मनुजी कहते हैं चतु र्णामिति चारवर्णकी ब्राह्मण क्षत्रि वैश्य शूद्रकी व्यभिचारिणी स्त्रीका वध कर्के और निक्षे प क्या अमानत द्रव्यको हर कर्के अथवा विश्वासतें धनकों हर कर्के अंधतामिस्त्र नाम नरक को प्राप्त होताहै ॥ १ ॥

तैसेंहि बालकोंके हत करण वाले अंधतामिस्र नाम नरककों जितनें रोम देह पर हैं तिनने वर्ष प्राप्त होतेहैं ॥ इसविषें बालक और कन्याकों हत करणवाला बालघ्न होताहै एह अर्थ जानणा क्योंकि लिंग जो पुल्लिंग स्त्रीलिंग तिसको अविवक्षित होणेतें ॥ अब इसी प्रकार काशीखण्ड विषे कहतेहैं स्त्रीघ्नमिति स्त्रीके हत करण वाला गौके हत करण वाला मित्रके हत करण वाला इनको कूटशाल्मलिवृक्ष विषे चिरकाल ऊपर पाद करके हेठ मुख करके हेदूतो लमका औं एह धर्मराजनें किहाहै १ इसविषें भी स्त्रीपद कन्यापर प्रतीत होताहै क्योंकि चिरं इस पद करके तिस पापके फलकी अधिकताके प्रतिपादन करणेतें ॥ कुछक और भी स्त्रीवध प्रायश्चित्त विषें कहते हैं गुणेति गुणवाली में अधिक प्रायश्चित्त है और निर्गुण में थोडा प्रायश्चित्त और प्रसूत स्त्री में अधिक अप्रसूत मे थोडा और गर्भवाली मे अधिक गर्भ

तथा बालघ्नाश्चांधतामिस्रंयावल्लोमानिदेहिनइति अत्रबालान्बालाश्चघ्नंतीतिबालघ्नाइत्यर्थोऽवसेयः। लिंगस्याविवक्षितत्वात्॥ काशीखण्डे ॥ स्त्रीघ्नंगोघ्नंचमित्रघ्नंकूटशाल्मलिपादपे उल्लंबयचिरंकालमूर्द्धपादमधोमुखम् १ अत्रापि स्त्रीपदंकन्यापरमेव प्रतिभाति चिरमित्यादिना तत्पापफलस्याधिक्यप्रतिपादनात् ॥ किंच ॥ स्त्रीवधप्रायश्चित्ते गुणागुणप्रसूताप्रसूतस गर्भागर्भसजातीयविजातीयब्राह्मण्यादिभिःतारतम्यमुक्तं नत्ववस्थया ॥ तत्र पूर्वोक्तमेवव्यवस्थापकंज्ञायते येतु कन्यादानेकुलधर्म्मोचितद्रव्यव्ययबाहुल्यापेक्षया कन्याबाहुल्यं पापफलमितिलोकोक्त्या दुःखजनकबुद्ध्या स्वकीयदारिद्र्यबुद्ध्या वा कन्यांघातयंति तेषां प्रायश्चित्तशतेनापि निष्कृतिर्नोद्भावनीया

रहित वाली मे थोडा और सजाति स्त्री मे अधिक विजातिमे थोडा और ब्राह्मणी मे अधिक क्षत्रियाणी मे थोडा इनांकर्के न्यूनाधिकता कथन कीतीहै परंतु अवस्था जो बाल वृद्धादि तिस कर्के नहिं किहाहै तिस विषे पूर्वोक्ताहि व्यवस्था जाणीदीहै ॥ और जो पुरुष कन्या दान विषें कुल धर्म्मके उचित द्रव्य खरचके बाहुल्यताकी अपेक्षा कर्के अर्थात् इसमें धन बहुत खरच होताहै और कन्या बहुत होणीयां पापोंकाफल है इस लोकोक्तिकर्के भी दुःख जनक बुद्धि कर्के अथवा अपनी दारिद्र्य बुद्धि कर्के अर्थात् असीं दरिद्री होजावेंगे इस कारणते कन्याका वध करतेहैं तिनां पुरुषों को सो १०० प्रायश्चित्त करणें कर्के भी निष्कृति नाम प्रायश्चित कर्के पापते रहित होणा सो नहिं होसकताहै ॥

क्योंकि तिसको इच्छातें करणेंतें ॥ तिसके अनिवारणत्वको (प्रायश्चित्तैरपैत्येनः) इत्यादि वचन कर्के प्रतिपादन होणेंतें ॥ इस स्मृतिका अर्थ दूसरे प्रकरण विषे वहुत हो चुकाहै उसी जगा ते देखलयणा उससे प्रतीत होवेगा कि एह पापदूरहोणवाला नहि ॥ एह वड़ा आश्चर्यहै कि कन्या घात करण वालेयों में दुर्बुद्धिहै श्येन क्या बाज व्याघ्रादि हिंसा करण वाले भी हैं परंतु अपणी संततिकी रक्षा करतेहैं औरोंका हि वध करतेहैं एह लोक विषे देखीदाहै ॥ इस लोकके और परलोकके वृत्तांत जानण वाले पुरुषोंने इस प्रकारके कुकर्म क्या खोटे कर्म विषे किस वास्ते परिचय करीदाहै । इसी कारणते कन्या घात करण वाले पुरुषोंने प्रायश्चित्त कीताभी है

कामकृतत्वात् तस्याऽनिवार्य्यत्वस्य प्रायश्चित्तैरपैत्येनोयदज्ञानकृतंभवे त् कामतोऽव्यवहार्य्यस्तुवचनादिहजायत इत्यादिनाप्रतिपादितत्वात् अहोकन्याघातकानांदौर्ज्जन्यम् श्येनव्याघ्रादयोहिंस्राअपि स्वापत्यरक्षका लोकेदृष्टाः ऐहिकामुष्मिकज्ञानिभिः पुरुषैरेवंभूते कुकर्म्मणि किमर्थंपरि चीयते ॥ अतएवकन्याघातकैः कृतप्रायश्चित्तैरपि व्यवहारोयाज्ञवल्क्येन निषिद्धः । शरणागतवालस्त्रीहिंसकान्संविशेन्नतु चीर्णव्रतानपिसतः कृ तघ्नसहितानिमान् ॥ १ ॥ इमान् शरणागतादिव्यापादनकारिणः कृत घ्नसहितान् प्रायश्चित्तेन क्षीणपापानपि नसंव्यवहरेदिति वाचनिकोयं प्रतिषेधइति

तथापि तिनके साथ व्यवहार याज्ञवल्क्यजीने निषिद्धकीताहै सो बचन दिखाईदा है शरणेति शरणागत पुरुषकी और वालक और स्त्रीकी हिंसाकरण वालेने प्रायश्चित्त कीताभीहै तोभी इनके साथ व्यवहार न करे और कृतघ्न जो हैं किसेका उपकारनहि मन्नणे वाले तिनके साथभी व्यवहार न करे ॥ १ ॥ इसीका अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं एह शरणागतादियोंके वध करणे वाला कृतघ्नके साथ सो एह प्रायश्चित्त कर्के पापतें रहित भी है तद भी इनके साथ व्यवहार न करे इस वचन कर्के प्रतिषेध जानणा ॥

अब इसीमें मनु जीभी कहते हैं वालेति वालकों को हत करण वाला और कृतघ्न पुरुष एह धर्म्मतः क्या प्रायश्चित्तादिककें शुद्ध भीहै और इसी प्रकार शरणागत पुरुषको हत करण वाला और स्त्रीके हतकरण वाला जो है इनके साथ व्यवहार न करे एह पूर्वोक्त ही अर्थ जानणा ॥ और एह महापातक प्रकरणके उचितभीहै परंतु स्त्रीहत्या प्रसंगतें इसी जगा स्थापन कीताहै ॥ और हिंसाके प्रायश्चित्त प्रकरण विषे प्रसंगतें प्रकीर्णक पदाभिधेय अनुपपातक प्राणिके वध विषे भी प्रायश्चित्त कहतेहै मनुजी मार्जारेति विल्ला नौल इनको हत करके और पिपीहा डड्डू कुत्ता गोह उल्लू काक इनांको हतकरके जो शूद्र वध करणेनें प्रायश्चित्तहै सो करणायोग्यहै ॥ १ ॥ (स्त्रीशूद्र

मनुरपि वालघ्नांश्चकृतघ्नांश्चविशुद्धानपिधर्म्मतः शरणागतहंतॄंश्चस्त्रीहंतॄंश्चनसंवसेदिति पूर्वोक्तएवार्थःइदंचमहापातकप्रकरणोचितमपिस्त्रीहत्याप्रसंगादत्रैवनिहितम् ॥ हिंसाप्रायश्चित्तप्रकरणे प्रसंगात्प्रकीर्णकपदाभिधेयानुपपातकप्राणिवधेपिप्रायश्चित्तमाह मनुः ॥ मार्जारनकुलौहत्वाचाषंमंडूकमेवच ॥ श्वगोधोलूककाकांश्चशूद्रहत्याव्रतंचरेत् १ स्त्रीशूद्रविट्क्षत्रवधइत्युपपातकप्रायश्चित्तं गोवधव्रतंचांद्रायणंचरेत् नतुशूद्रघ्नेयस्तुषोडशेत्यादिप्रायश्चित्तं पापस्यलघुत्वात् चांद्रायणमप्येतत् कामतोऽभ्यासादिविषयेद्रष्टव्यम् ॥ १ ॥ पयःपिवेत्त्रिरात्रंवायोजनंवाऽध्वनोव्रजेत उपस्पृशेत् स्रवंत्यांवासूक्तंवाब्दैवतंजपेत् ॥ २ ॥

विट्क्षत्रवध) एह उपपातकोंके प्राश्चित्त वास्ते जो पिच्छे गोवधका व्रतचांद्रायण दिखायाहै तिसको करे और शूद्र विषे वारां १२ वर्ष के व्रत का सोलवां १६ हेस्सा प्रायश्चित्त किहाहै सो इसमें नहिकरे क्यों कि पापके थोडा होणेतें ॥ और एह चांद्रायण व्रतभी इछातें अभ्यासादि के विषय विषे जानणा योग्यहै १ इतीकर्के और प्रायश्चित्तकहतेहै पयइति अथवा त्रयरात्रि दुग्ध पान करे अथवा योजन क्या चार ४ कोश मार्ग चले अथवा स्रवंत्यां क्या नदी विषे जल का स्पर्श करे क्या स्नान करे अथवा अपहै देवता जिस सूक्त का तिसका जप करणा योग्यहै ॥ २ ॥ सो सूक्त मंत्र संग्रह प्रकरण विषे देखलैणा ॥

अब इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहते हैं मार्जारेति विडालादियोंको अज्ञान पूर्वक वध करणे विषे त्रय रात्रि दुग्ध पान करे अथवा मंदाग्नि करके इसमें समर्थ ना होवे तो त्रय ३ रात्रि तक योजन क्या चार ४ कोस मार्ग चले और इसमें समर्थ ना होवे तो त्रय ३ रात्रि नदी में स्नान करे जेकर इसके करणे में भी समर्थ ना होवे तो त्रय ३ रात्रि आपोहिष्ठामयं भुव इत्यादि सूक्तका पाठ करे परंतु इसको और यथाक्रम लघु होणे ते एक ते दूसरे के करणे मे ना समर्थ होवे तो उत्तरोत्तर क्या उसके आगे का ग्रहण करे और इसमें विकल्प नाहि जानणा अभ्रिमिति जेकर ब्राह्मण सर्पको हत करे तो एह पूर्वोक्त व्रत करे और लोह दंड दान करे और

अर्थः ॥ मार्जारादीनामबुद्धिपूर्वकवधेत्रिरात्रंदुग्धंपिवेत् ॥ अथमं दानलत्वादिना न समर्थः त्रिरात्रंप्रतियोजनमध्वनोव्रजेत् ॥ अत्राशक्त स्त्रिरात्रंनद्यांस्नायात् ॥ तत्राप्यक्षमस्त्रिरात्रमापोहिष्ठेत्यादिसूक्तंजपेत् ॥ यथोत्तरंलघुत्वात्पूर्वपूर्वासंभवे उत्तरोत्तरपरिग्रहः । नतुवैकल्पिकः ॥ अभ्रिंकार्ष्णायसींदद्यात्सर्पंहत्वाद्विजोत्तमः ॥ पलालभारकर्दंडसैसकं चैकमाषकम् ॥ ३ ॥ अर्थः ॥ सर्पंहत्वाब्राह्मणाय ताक्ष्णाग्रंलोहदंडंदद्यात् नपुंसकंचहत्वा पलालभारंसीसकंचमाषकंब्राह्मणायदद्यात् ३ ॥ घृतकुं भंवराहेतुतिलद्रोणंतुतित्तिरौ शुकेद्विहायनंवत्संक्रौंचेहत्वात्रिहायनम् ४ ॥

नपुंसक को हतकर्के पराली का भार और एकमासा सिक्का दानकरे ॥ ३ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्टकर्के कहते हैं सर्पमिति सर्प को हतकर्के प्रथम प्रायश्चित्त करे और ब्राह्मणके तांई ती क्ष्ण अग्र वाला दक्षिणा वास्ते लोहदंड देवे और नपुंसक पुरुषको हत कर्के प्रथम प्रायश्चित्त कर लेवे फेर पराली का भार मासा सिक्का दान करे ब्राह्मणके तांई देवे ॥ ३ ॥ घृत इति सूकर के हत करणे मेघृतका घट दान करे और तित्तिरके हत करणेमें तिलोंका द्रोणदान करे और तोतेके हत करणेमे दो २ वर्षका वछादेवे और क्रौंच नाम पक्षिको हतकर्के त्रय ३ वर्षका वछा दान करे ॥ ४ ॥

अब इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहते हैं सूकर इति सूकरके हत कीत्ते होआं घृतका घट दान करे ॥ और तित्तिरि नाम पक्षिके हत कीत्ते होआंचार४ आढक परिमाण तिलदान करे ॥ और तोतेके हत कीत्ते होआं दो २ वर्षका बच्छा दान करे ॥ और क्रौंच नामा पक्षिको हत करके त्रय ३ वर्षका वच्छा दान करे एह एक एकके वध विषयविषे जानणा ॥ और सां इनां सभनांके इकठे वधविषे मार्जार इत्यादि कथन कीत्ताहै सो जानणा ॥ और इच्छातें वा वार वध करणे विषे वसिष्ठ जी कहतेहैं श्वेति कुत्ता विडाल नौल डहूडू सर्प दहर नाम छोटा चूआ अथवा छुछुं

अर्थः सूकरे हते घृतकुंभं तित्तिरिसंज्ञिनि पक्षिणि हते चतुराढकपरिमाणं तिलंदद्यात ॥ शुकेहतेद्विवर्षंवत्सं क्रौंचाख्यंपक्षिणंहत्वात्रिवत्संब्राह्मणायदद्यात् प्रत्येकवधाविषयमिदम्। समुदितवधेतु मार्जारित्याद्युक्तम्। कामतोत्यंताभ्यासेवसिष्ठः।श्वमार्जारनकुलमंडूकसर्प्पदहरमूषकान् हत्वाकृच्छ्रंद्वादशरात्रंचरेत् किंचिद्दद्यादिति । दहरोऽल्पमूषकः छुछुन्दरीवा । हत्वाहंसंवलाकांचवकंवर्हिणमेवच वानरंश्येनभासौचस्पर्शयेद्ब्राह्मणायगाम् ५ स्पर्शयेद्दद्यात् ५ वासोदद्याद्धयंहत्वापंचनीलान्वृषानूगजम् अजमेषावनड्वाहंखरंहत्वैकहायनम् ६

दर चूआ इनांका वध करके बारां १२ रात्रिका कृच्छ्र व्रत करे और कुछक दान करे तो शुद्ध होताहै दान इसजगा पूर्वोक्तहि जानणा ॥ और हंस वगुली वगुला मोर वानर वाज भास पक्षि विशेष इनांका वध करके ब्राह्मणके तांई गौदान देवे तो शुद्ध होताहै ५ वास इति घोडे का वध करके वस्त्रदान करे और हस्तिका वध करके पांच ॥ ५ ॥ नीले वैलों का दान करे और वकरा भेडा वैल गर्दभ इनां का वध करके एक वर्ष के वच्छेका दान करे तो शुद्ध होताहै ॥ ६ ॥

और क्रव्याद नाम मृगोंके वधकर्के दुग्धदेणे वाली गौका दान करे और अक्रव्यादोंके वध विषे बच्छी देवे और उष्ट्रका वध कर्के कृष्णल दान करे ॥ ७ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्टकर्के कहतेहैं क्रव्याद नाम कच्चे मांसको भक्षण करणवाले व्याघ्रादि जानणे और अक्रव्याद नाम हरिणादियों का जानणा और कृष्णल नाम सुवर्णकी रत्ति दान करे ॥ ७ ॥ और पीछे कहा जो पंच ५ नीलवृषादिओंका दान तिसमे सामर्थ्य न होणेविषें प्रायश्चित्त मनुजी कहतेहैं दानेनेति सर्प्पादियोंके वधका पाप दान कर्के दूर करणेकों समर्थ न होवे तो एक एकके वध विषे ब्राह्मण पापके

क्रव्यादांस्तुमृगाहत्वाधेनुंदद्यात्पयस्विनीम् अक्रव्यादान्वत्सतरीमुष्ट्रंहत्वातुकृष्णलम् ७ क्रव्यादान् आममांसभक्षकान् व्याघ्रादीन् ॥ अक्रव्यादान्हरिणादीन् ॥ कृष्णलंसुवर्णरक्तिकाम् ७ नीलवृषपंचकादिदानाशक्तौप्रायश्चित्तमाहसएव वधंदानेननिर्णेक्तुंसर्प्पादीनामशक्नुवन् एकैकशश्चरेत्कृच्छ्रंद्विजःपापापनुत्तये ८ अर्थः अस्थिप्रभृतीनामभावाद्दानेन सर्वपापानिर्हरणंकर्त्तुमसमर्थोब्राह्मणादिःप्रत्येकवधे कृच्छ्रंप्राथम्यात् प्राजापत्यंद्विजः पापनिर्हरणार्थं चरेत् ॥ सर्प्पादयश्चास्थिकार्ष्णायसींदद्यादित्येवमारभ्यैतत्पर्यंतागृह्यंते ॥ ८ ॥

दूर करणे वास्ते कृच्छ्र व्रत करे तो शुद्ध होताहै ॥ ८ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्ट कर्के कहते हैं अस्थीति अस्थि आदियों का अभाव होणेते दान कर्के संपूर्ण पापके दूर करणेको समर्थ न होवे तो ब्राह्मण क्षत्री वैश्य शूद्र एक एकके वध विषे प्रथम तें कृच्छ्र व्रत करे इसीका अर्थ एहहै कि प्रजापत्यव्रतकों ब्राह्मण पाप दूर करणे वास्ते करे ॥ और सर्प्पादियोंके ग्रहण करणे वास्ते अर्थात् कितनें उह सर्प्पादिहैं इसगणना वास्ते (अस्थिकार्ष्णायसींदद्यात्) इनांते आद लेकर इस पर्य्यंत ग्रहण करणा योग्यहै ॥ ८ ॥

अस्थीति अस्थिवाले हजार जीवोंके मारण विषें और अस्थि विना एक गड्डा भर पूर्णके वध विषें शूद्र हत्याका व्रत करे ॥ १ ॥ अब इसीका अर्थ स्पष्ट करके कहतेहैं अस्थीति अस्थियां वाले जो जीव किरले तों आदलेकर हजार १००० के वध विषें शूद्र वधका प्रायश्चित्त औपदेशिक करे अर्थात् जो शूद्र वधमें प्रायश्चित्त किहाहै सो करे ॥ और अस्थि रहित जो गड्डा भर जीव हैं तिनांके वधविषें भी एही प्रायश्चित करे ॥ ९ ॥ तैसेंहि इसीमें याज्ञवल्क्य जी कहते हैं अस्थीति अस्थिवाले जीवोंके हजार के वध विषें और अस्थि रहितों के गड्डा भरके वध विषे पूर्वोक्त व्रत करे। अस्थि रहित जो जूआं मत् कुणादि इनमे एक

अस्थिमतांतुसत्त्वानांसहस्रस्यप्रमापणे ॥ पूर्णेचानस्यनस्थ्नांतुशूद्रहत्या व्रतंचरेत् ॥ ९ ॥ अस्थिमतांप्राणिनांकृकलासादीनांसहस्रस्यवधेशूद्र वधप्रायाश्चित्तमौपदेशिकंकुर्यात् ॥ अस्थिरहितानांच शकटपरिमितानां वधे तदेवप्रायश्चित्तंकुर्यात् ॥ ९ ॥ तथाचयाज्ञवल्क्यः ॥ अस्थिमतांसहस्रंतुतथानस्थिमतामनइति ॥ अस्थिरहितानांयूकामत्कुणादीनांप्रातिप्राणि प्रायश्चित्तस्यानंत्यात्सामान्येनप्रायश्चित्तमाह ॥ मनुः ॥ किंचिदेवतुविप्रायदद्यादस्थिमतांवधे अनस्थ्नांचैवहिंसायांप्राणायामेनशुद्ध्यति ॥ १ ॥ किंचिदिति स्वल्पंधान्यहिरण्यादि ॥ तत्रयदाहिरण्यंदीयतेतदापणमात्रम् ॥ अनस्थिवधेत्वेकःप्राणायामः ॥

२ प्राणि वध के प्रायश्चित्त कों वहुत होणेतें सामान्य करके प्राणियों का प्रायश्चित्त मनुजीभी कहते हैं किंचिदिति अस्थि वाले जीवों के वध विषें ब्राह्मणके तांई किंचित् देवें और अस्थि रहित जीवों के मारण विषें एक प्राणायाम करके शुद्ध होताहैं ॥ १ ॥ किंचित् नाम थोडे धान्य सुवर्णादि का जानणा अथवा अष्ट ८ मुठी धान्य का नाम किसीनें किहाहै। तिस विषें जो सुवर्ण दान किहाहै सो पण मात्र जानणा पणाका परिमाण व्रत प्रकरणकी मान परिभाषा विषें देख लेणा ॥ और अस्थि रहित जीवों का वध करे तो एक प्राणायाम करणे करके शुद्ध होताहै ॥

अब प्राणायामका लक्षण कहते हैं सइति व्याहृतियां ओंकार और शिर के साथ गायत्रीका प्राणों को रोक करके त्रय ३ वार पाठ करे सो प्राणायाम किहाहै एह बसिष्ट जी का किहा होया लक्षण ग्रहण करणा ॥ १ ॥ एह छोटे जीवोंके वध बिषें जानणा । और अस्थिरहित वडे जीवोंके वध विषें (कृमिकीटवयोहत्वा) इत्यादि मलिनीकरण पापों विषें (तपया होया ज वोंके काडेका त्रय ३ दिन पान करे) एह मनुजीका कथन कीत्ता होया प्रायश्चित्त देखणे योग्यहै । अब अपरार्क विषे कहतेहैं शूद्रेति शूद्रहत्याका व्रत ब्रह्महत्याके व्रतकी विधि करके छ ६ महीनेका व्रत करे अथवा दश १० दुग्धदेण वाली गौआं दान करे तो शुद्ध होताहै । और

सच ॥ सव्याहृतिकांसप्रणवांसावित्रींशिरसासह त्रिःपठेदायतप्राणः प्राणायामःसउच्यते इतिवसिष्ठप्रोक्तलक्षणोग्राह्यः ॥ १ ॥ क्षोदिष्ठज न्तुवधएतत् ॥ स्थविष्ठानस्थिजन्तुवधेतु कृमिकीटवयोहत्वेत्यादिमलिनी करणीयेषु तप्तःस्याद्यावकस्त्र्यहमितिमनूक्तंद्रष्टव्यम् । अपरार्के शूद्रहत्या व्रतंषाण्मासिकंब्रह्महव्रतं दशधेनुदानंवा ॥ अनास्थिकानांचकेषांचित्सह स्रसंख्याकानांवधे शूद्रवधप्रायश्चित्तमाहयमः॥ अतऊर्ध्वंक्रिमिकीटपतंग भ्रमरदंशनबकमाक्षिकाणांसहस्रं हत्वा तथा कोकिलशुककपोतकपिंजल कुक्कुटटिट्टिभखर्जूरखंजरीटानां पुरुषभारवधेशूद्रवधप्रायश्चित्तमिति ॥

अस्थिरहित कोईक जो हजारां १००० जीव तिनांके वध करणे विषें शूद्रवधका जो प्रायश्चित्त है तिसको यम जी कथन करते हैं अतइति इसते उपरंत क्रिमि क्या छोटे कीडे और वडे कीडे पतंग भ्रमर वनमाक्षि मच्छर मक्षिआं इनांके हजारोंका वध करके और कोकिला तोता कबूतर कपिंजल क्या चिडा कुकुड टिट्टिभ क्या टिटोहरी खजूर पाक्षि विशेष खंजरीट क्या ममोला इनां के पुरुष भार वध विषें शूद्र हत्या का व्रत करे तो शुद्ध होताहै अर्थात् एह संपूर्ण जीव पुरुष के भार तुल्य होजावें तां इनके वध विषे एह प्रायश्चित्त करे ॥

फल पुष्पादि तें उत्पन्न जो प्राणी तिनों के वध विषे मनुजी कहतेहैं अन्नेति अन्नादितें उत्पन्न जो जीव और रसतें उत्पन्न जो जीव और फल पुष्पतें उत्पन्न जो जीव इनां संपूर्णांके वध विषें घृत प्राशन करे तो शुद्ध होताहै ॥ १ ॥ और इसी विषय विषें याज्ञवल्क्यजी कहतेहैं ॥ फलेति फल पुष्प अन्न रस तें उत्पन्न जो जीव तिनां के वध विषे घृत प्राशन करे ॥ और अस्थि वाले जीवोंके वध विषें कुञ्चक देवे अर्थात् अठ ८ मुठी अन्न देवे और अस्थिर हित जीवों के वध विषें प्राणायाम करे ॥ अब इसी का अर्थ स्पष्ट कर्के कहतेहैं उंबला दिके फल विषें और महु आदि के पुष्पों विषें और चिरकालके स्थित जो भक्त सत्तु

फलपुष्पादिजातानांप्राणिनांवधे ॥ मनुः ॥ अन्नाद्यजानांसत्त्वानांरसजा नांचसर्वशः फलपुष्पोद्भवानांचघृतप्राशो विशोधनम् १ अस्मिन्विष येच याज्ञवल्क्यः ॥ फलपुष्पान्नरसजसत्त्वघातेघृतप्राशनम् ॥ किंचि त्सास्थिमतांदेयंप्राणायामस्तुनास्थिकेइति ॥ औदुंबरादौफले मधूका दौच कुसुमे चिरस्थितभक्तसक्त्वाद्यन्नेच रसेचगुडादौ यानिसत्त्वानि प्राणि नोजायंते तेषांघातेघृतप्राशनं शुद्धिसाधनम् ॥ इदंचघृतप्राशनंभोजन कार्यएवविधीयते नतु भोजनमपि ॥ प्रायश्चित्तानांतपोरूपत्वात् ॥ तदुक्तमंगिरसा ॥ प्रायोनामतपःप्रोक्तंचित्तंनिश्चयउच्यते ॥ तपोनिश्चय संयुक्तंप्रायश्चित्तंतदुच्यते १ एतच्चानुक्तनिष्कृतिप्राणिवधविषयम् ॥

आदि अन्न और रस गुडादि इनां विषें जो जीव उत्पन्न होतेहैं तिनांके मारण विषें घृतका प्राशन शुद्धि का साधनहै एह जो घृत प्राशन है सो भोजन कार्य विषें हि जानना और कुछ भोजन न करे अर्थात् घृतको भोजनका स्थान जाणें और भोजन भी साथ करे असा नाहि क्योंकि प्रायश्चित्तो कों तप रूप होणें तें ॥ सोई कहाहै अंगिरा जीनें प्रायइति प्राय नाम तपका है और चित्तनाम निश्चयका है तप निश्चय कर्के युक्त प्रायश्चित्त किहाहै ॥ १ ॥ एह प्रायश्चित्त नहिं कथन कीती निष्कृति जिनां जीवां की तिनांके वध विषें जानणा अर्थात् नहिं किहे प्रायश्चित्तवास्ते जो ततुएआदि जीव तिनांके वध विषें जानणा ॥

और जिस विषे प्रायश्चित्त विशेष श्रवण करीदाहै तिस विषे सोइ प्रायश्चित्त होताहै एह मिताक्षरा में किहाहै ॥ जैसे पराशर जी और विशेष कहते हैं हंसेति हंस सारस चक्र क्रौंच कुकुट इनांके वध करण वाला और मोर भेडा इनांका वध कर्के एकभक्त व्रत करे तो शुद्ध होताहै ॥ १ ॥ और मद्गु टिटीहरी तोता कबूतर आडी बगुला इनाके वध कर्के नक्त भोजन करे तो शुद्ध होताहै ॥ २ ॥ एकभक्त और नक्तका अर्थ व्रत प्रकरणविषे जानणा ॥ और पिपीहा काक कबूतर सारो तित्तिर इनाके वध करण वाला जलविषे डुब कर्के प्रात काल और सायंकाल मे प्राणायाम कर्के शुद्ध होताहै ॥ ३ ॥ और गिरज बाज पक्षि उल्लू इनांके वध करणेवाला दिनमे फला

